| 8. | 2015 | - | 9 | - | - |
| 9. | 2016 | 3 | 12 | - | - |
| 10. | 2017 | 3 | 3 | 18 | 6 |
| 11. | 2018 | 9 | 6 | 19 | - |
| 12. | 2019 | 11 | 13 | 14 | 3 |
| 13. | 2020 | 12 | 6 | 4 | 2 |
| 14. | 2021 | 6 | 6 | 5 | 3 |
| 15. | 2022 | 3 | 2 | 9 | 2 |

The Report no. 14 of 2021 of Comptroller and Auditor General of India (C&AG) on Compliance Audit Observation includes important audit findings noticed as a result of test check of accounts and records of Central Government owned companies and corporations conducted by the officers of the C&AG under Section 143(6) of the Companies Act 2013 or the statutes governing various corporations.

### Undue enrichment through recovery of turnover tax from consumers

Indian Oil Corporation Limited collected ₹ 262.60 crore of Turnover Tax from consumers in Andhra Pradesh in violation of legal provisions of Andhra Pradesh General Sales Tax Act, 1957 and afterwards settled the legal case with Government of Telangana by making payment of ₹ 65.65 crore (25 per cent) against total imposed penalty of ₹ 262.60 crore, thus resulting in undue enrichment to Indian Oil Corporation Limited by ₹ 196.95 crore.

**(Para 2.1)**

### Non-adherence to statutory requirement of pollution clearance resulted in infructuous expenditure

To replace two old and less efficient oil fired boilers, Indian Oil Corporation Limited decided (June 2015) to install a Petcoke fired Boiler (Boiler) for its Guwahati Refinery (Refinery) at an estimated cost of ₹ 132.58 crore (revised to ₹ 163.09 crore in March 2018). The new Boiler was expected to reduce the power generation and steam cost of the Refinery by ₹ 79.40 crore per year. 'Consent to Establish/No Objection Certificate' was required to be obtained from the concerned State

Pollution Control Board before construction of the Boiler. Indian Oil Corporation Limited, however, applied for 'Consent to Establish/ No Objection Certificate' to the Pollution Control Board, Assam in April 2018 when the project was already completed to the extent of 70-80 per cent. Thereafter, Pollution Control Board, Assam issued (August 2018) a show cause notice to the Indian Oil Corporation Limited with instruction to stop all activities regarding the Boiler project with immediate effect. Thus, non-compliance with the statutory requirement by the Indian Oil Corporation Limited resulted in entire expenditure of ₹ 120.38 crore incurred on the project till then becoming infructuous while forgoing the cost benefits of ₹ 79.40 crore per year due to non-commissioning of the Boiler.

**(Para 2.2)**

## Loss due to flaring of High Pressure gas

High pressure gas evolved in the process of separation of oil, water and gas in offshore process system of Mumbai High offshore fields is further compressed in the process gas compressors and fed to the wells for gas lift purpose. In this process, balance gas is transported to gas processing plant of Oil and Natural Gas Corporation Limited at Uran for further processing and sale to consumers. Any disruption in compression leads to flaring of valuable high pressure gas which also has an adverse impact on environment. During the period of 2012-13 to 2019-20, high pressure gas valuing ₹ 816.08 crore was flared in Mumbai High field due to non-availability of standby process gas compressors, power shut down and frequent tripping of process gas compressors.

**(Para 2.4)**

## Avoidable expenditure due to delay in procurement of regular casing pipes

Mumbai High Asset and Bassein & Satellite Assets of Oil and Natural Gas Corporation Limited sent indents for procurement of casing pipes for the year 2015-16 & 2016-17 to Corporate Material Management group. Corporate Material Management clubbed the indents for both the years and floated a tender and took more than 782 days to finalise the tender as against the specified time of 176 days. The delay in placement of purchase order and receipt of material resulted in usage of costlier (2 to 2.5 times) casing pipes due to which, company incurred an avoidable expenditure of ₹ 21.56 crore.

**(Para 2.6)**

## Avoidable expenditure due to idling of departmental rig at Mahanadi-Bengal-Andaman Basin, Kolkata and hiring of another rig at Tripura Asset

Mahanadi-Bengal-Andaman Basin of Oil and Natural Gas Corporation Limited at Kolkata carried out drilling activities by using type-I departmental rig (drilling depth capacity upto 3,050 meters). To complete the Minimum Work Programme at Barrackpore well, which was a deep well and beyond the capacity of available type-I departmental rig, it was decided to deploy type-III rig (drilling depth capacity upto 6,100 meters) from Agartala to Kolkata. Therefore, the type-III rig was released in May 2020 from Tripura Asset and commissioned in January 2020. As the ready location was not available at Mahanadi-Bengal-Andaman Basin, Kolkata the rig remained idle for 213 days. Moreover, to continue its operations at Tripura Asset, Oil and Natural Gas Corporation Limited hired another rig. Thus due to improper planning, Oil and Natural Gas Corporation Limited incurred an avoidable expenditure of ₹ 29.69 crore.

**(Para 2.7)**

## Non-creation of adequate facilities resulted in avoidable flaring of Low Pressure gas

Mehsana Asset of Oil and Natural Gas Corporation Limited produces associated and free gas which is either consumed for internal use, sold to consumers or flared. Delay and non-creation of adequate facilities at Mehsana Asset resulted in avoidable flaring of 193 lakh standard cubic meter gas due to which Oil and Natural Gas Corporation Limited incurred an avoidable loss of revenue of ₹ 15.13 crore during the period from April 2016 to March 2020.

**(Para 2.8)**

### Avoidable payment of penal interest due to non-maintenance of debt-equity ratio stipulated by the State Bank of India

ONGC Petro additions Limited (OPaL), a joint venture company of Oil and Natural Gas Corporation Limited, started a project with an estimated cost of ₹ 21,396 crore and signed Rupee Loan Agreement (January 2013) with consortium of banks led by State Bank of India (SBI) and later (July 2014) revised the project cost to ₹ 27,011 crore. OPaL, accordingly signed an amendatory agreement with SBI & consortium banks and fixed the scheduled Commercial Operation Date as 30 June 2015 and agreed that overall project cost would be funded with debt-equity ratio of 66:34 till 31 December 2015 and thereafter as 58:42, failing which additional interest of 1 per cent per annum would be charged by the banks with effect from 01 June 2015. OPAL could not tie up the required equity portion even within the extended time period and incurred an avoidable penal interest of ₹ 25.81 crore.

**(Para 2.9)**

### Undue benefit extended to private parties by awarding work in violation of CVC guidelines

ONGC Videsh Limited awarded the work of auditing of its oil and gas reserves valuing ₹ 10.60 crore to the private parties on nomination basis disregarding Central Vigilance Commission guidelines, thereby, extending undue benefit to the private parties.

**(Para 2.10)**



India's First ever Floating CNG Terminal of GAIL at Namo Ghat, Varanasi to feed tourists boats converted to run on CNG

## Appendix-XI

### List of Assets acquired by Indian PSU's Abroad

| Sr. No. | Country | Name of Asset | Company Name | Participating Companies & P.I. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Russia | Imperial Energy | OVL | ONGC Videsh-100% |
| 2 | | Sakhalin -1 | OVL | ONGC Videsh: 20%,<br>ENL(O): 30%, Sodeco: 30%,<br>Rosneft subsidiaries:20%<br>(SMNG-11.5 and RN Astra-8.5) |
| 3 | | | Vankorneft | ONGC Videsh : 26%<br>Consortium of OIL,IOCL & BPRL : 23.9%<br>OVLVostok Oil LLC *: 50.1%<br>Operator: RN Vankor (an affiliate of Rosneft)<br>* wef December 2020 |
| 4 | South Sudan | GPOC | OVL | ONGC Videsh: 25%,<br>CNPC: 40%<br>Petronas: 30%, Nilepet: 5% |
| 5 | | SPOC | OVL | ONGC Videsh: 24.125%<br>Petronas: 67.875%, Nilepet: 8% |
| 6 | Syria | AFPC | OVL | SSPD(O): 62.5-66.67% (Shell:CNPC- 65:35)<br>HESBV: 37.5-33.3% (ONGBV:CNPC-50:50) |
| 7 | | Block 24 | OVL | ONGC Videsh: 60%<br>IPRMEL(O): 25%, TOM: 15% |
| 8 | UAE | Lower Zakum Concession | OVL | Indian Consortium: 10%<br>(ONGC Videsh 4%,<br>IOC-3%,<br>BPRL %,<br>ADNOC (O): 60%,<br>INPEX: 10%<br>CNPC: 10%, ENI: 5%,<br>TOTAL: 5% |
| 9 | | ACG | OVL | ONGC Videsh: 2.31%,<br>BP(O): 30.374551%,<br>AzACG: 25%, MOL: 9.569102%,<br>INPEX: 9.307229%,<br>Equinor Apsheron AS: 7.269034%,<br>ExxonMobil: 6.791381%,<br>TPAO: 5.729798%,<br>Itochu: 3.648905% |

| Sr. No | Country | Name of Asset | Company Name | Participating Companies & P.I. |
|---|---|---|---|---|
| 10 | Azerbaijan | BTC Pipeline | OVL | ONGC BTC Ltd: 2.36%,<br>BP (O): 30.1%,<br>AzBTC: 25%, MoL: 8.9%,<br>INPEX: 2.5%,<br>Equinor Apsheron AS: 8.71%<br>TPAO: 6.53%,<br>Itochu: 3.4%,<br>TOTAL: 5%, ENI: 5%,<br>Exxon: 2.5% |
| 11 | Libya | Block 43 | OVL | ONGC Videsh: 100% |
| 12 | Colombia | MECL | OVL | ONGC Videsh: 50%, SIPC: 50% |
| 13 | | Block RC-10 | OVL | ONGC Videsh: 50% (Operator),<br>Ecopetrol: 50% |
| 14 | | Block CPO-5 | OVL | ONGC Videsh: 70% (Operator),<br>Geopark: 30% |
| 15 | | Block SSJN-7 | OVL | ONGC Videsh: 50%<br>Canacol Energy Ltd (Operator): 50% |
| 16 | Venezuela | San Cristobal | OVL | ONGC Videsh: 40%,<br>CVP-PDVSA: 56%<br>PDVSA Social: 4% |
| 17 | | Carabobo-1 | OVL | PDVSA: 71%, Repsol: 11%<br>ONGC Videsh: 11%,<br>IOC: 3.5%, OIL: 3.5% |
| 18 | Brazil | BC-10 | OVL | ONGC Videsh: 27%,<br>Shell(O): 50%<br>QatarEnergy: 23% |
| 19 | | Block BM-SEAL-4 | OVL | ONGC Videsh: 25%,<br>Petrobras (Operator): 75% |
| 20 | Iran | Block Farzad-B | OVL | ONGC Videsh(O): 40%<br>IOC: 40%, OIL: 20% |
| 21 | Vietnam | Block 06.1 | OVL | ONGC Videsh: 45%,<br>Zarubezhneft EP Vietnam B.V: 35%,<br>Petro Vietnam: 20% |
| 22 | | Block 128 | OVL | ONGC Videsh: 100% |

| Sr. No | Country | Name of Asset | Company Name | Participating Companies & P.I. |
|---|---|---|---|---|
| 23 | Myanmar | Block A1 | OVL | ONGC Videsh: 17%,<br>MOGE: 15% |
| 24 | | Block A3 | OVL | Posco International(O): 51%,<br>Kogas: 8.5%, GAIL: 8.5% |
| 25 | | Block B-2 | OVL | ONGC Videsh 97% (Operator),<br>M&S 3% (Carried) |
| 26 | | Block EP-3 | OVL | ONGC Videsh 97% (Operator),<br>M&S 3% (Carried) |
| 27 | | Pipeco 1 | OVL | ONGC Videsh: 17%,<br>MOGE: 15%<br>POSCO International (O): 51%,<br>Kogas: 8.5%, GAIL: 8.5% |
| 28 | | Pipeco 2 | OVL | ONGC Videsh: 8.347%,<br>CNUOC(O)-50.9%,<br>MOGE: 7.365%,<br>POSCO International: 25.041%,<br>GAIL: 4.1735%,<br>KG-SEAGP: 4.1735% |
| 29 | Bangladesh | SS-04 | OVL | ONGC Videsh -45% (Operator),<br>Oil India Limited (OIL) – 45%,<br>BAPEX-10% (Carried) |
| 30 | | SS-09 | OVL | ONGC Videsh -45% (Operator),<br>Oil India Limited (OIL) – 45%,<br>BAPEX-10% (Carried) |
| 31 | Iraq | Block 20 | OVL | ONGC Videsh: 100% |
| 32 | Mozambique | Rovuma Area-1 | OVL | TotalEnergies (O): 26.5%<br>ONGC Videsh Rovuma Limited: 10%<br>BREML: 10%<br>(ONGC Videsh: 6%<br>& OIL: 4%),<br>ENH: 15%,<br>Mitsui: 20%,<br>BPRL: 10%,<br>PTTEP: 8.5% |



# 19 Social Media Outreach




Celebrating Good Governance Day (Sh. Atal Bihari Vajpayee's Birthday)




MoPNG pays tribute on Veer Baal Diwas



Hon'ble Minister, MoS & Secy, MoPNG launched 58th edition of the Indian Petroleum and Natural Gas Statistics 2021-22




Over 3000 appointment letters issued in PSUs under MoPNG during two tranches of Rozgar Mela



Hon'ble Minister Sh. Hardeep Singh Puri handing over Swachhata Pakhwada Awards



Hon'ble Minister Sh. Hardeep Singh Puri at LPG Week, Greater Noida



Dance to Decarbonise, A run up event to India Energy Week



IEW Curtain Raiser Event in Bengaluru



MoU signed between MoPNG & ONGC for fiscal 2022-23




Press Conference at India Energy Week Curtain Raiser



Secy. Sh. Pankaj Jain inaugurated Ujjwala pavillion & exhibition at LPG Week, Greater Noida



Hon'ble PM Sh. Narendra Modi inaugurates various Oil & Gas Projects in Andhra Pradesh & Telangana



Hon'ble Minister Sh. Hardeep Singh Puri funding Ace Athlete Anju Bobby George's sports academy



Secy. Sh. Pankaj Jain at ADIPEC-2022



Secy. MoPNG Sh. Pankaj Jain having productive discussions in Brazil



Launch of indigenously developed AVGAS 100 LL by Sh. Hardeep Singh Puri



Secy. MoPNG Sh. Pankaj Jain visited UNICA office in Brasilia



Hon'ble PM Sh. Narendra Modi releases Cheetahs in Kuno National Park



Hon'ble Minister Sh. Hardeep Singh Puri inaugurated India Pavilion in ADIPEC UAE



Hon'ble Minister Sh. Hardeep Singh Puri inaugurated Asia's largest Agri-Residue based Biogas plant in Sangrur




MoPNG observed Cyber Jagrookta Diwas



Sh. Hardeep Singh Puri in Houston, Participating in the Industry Roundtable India-US Strategic Partnership




Hon'ble MoS Sh. Rameswar Teli distributed Ujjwala connections under PMUY 2.0 in Sikkim




Hon'ble Minister Sh. Hardeep Singh Puri attends Gastech event in Milan, Italy



PM Sh. Narendra Modi Inaugurates projects in Mangalore




Independence Day Celebration



Har Ghar Tiranga



PM Sh. Narendra Modi dedicates 2nd Generation Ethanol Plant in Panipat, Haryana to the nation.




MoPNG congratulates Indian Contingent for their performance at CWG 2022




MoU signed between IOCL and NTCA for transcontinental relocation of African Cheetahs




Celebrating 'Har Ghar Tiranga' at foreign properties (EIL Abu Dhabi)




Celebrating 'Har Ghar Tiranga' at IOC Filling Station, Leh Ladakh



Hon'ble Minister Sh. Hardeep Singh Puri addresses on the occasion of World Biofuel Day



Hon'ble Minister Sh. Hardeep Singh Puri celebrates 'Har Ghar Tiranga' with Cabin Crew, New York



Hon'ble Minister Sh. Hardeep Singh Puri virtually inaugurated 166 CNG stations in 14 States



Hon'ble PM Sh. Narendra Modi inaugurated Energy Infrastructure projects in Jharkhand



Swachhata Pakhwada with BSF at Attari-Wagah border



Dy. Secy. Sh. Arvind Nath Jha addressed Swachhata Pakhwada at Govt. School Ernakulam



Launch of BPCL's Swachhata Pakhwada by Secy. MoPNG Sh. Pankaj Jain



MoPNG Observed Swachhata Pakhwada



Reduction of 'No Go' area



Capacity of Digboi Refinery augmented




Secy. MoPNG Sh. Pankaj Jain's address at London Investor Meet



Flag off of Swachhata Pakhawada Rath by MoS Sh. Rameswar Teli



Flood Relief donation to Assam



Swachhata Kit distribution & Pledge taken



Launch of Surya Nutan Solar Cooking System



Yoga Day Celebrations



Ministry of Petroleum
and Natural Gas
Government of India

IEW | G20

आज़ादी का अमृत महोत्सव

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय

भारत सरकार



# वार्षिक रिपोर्ट
# 2022-23




भारत 2023 INDIA

# वसुधैव कुटुम्बकम्

**ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE**

भारत की G20 अध्यक्षता–"वसुधैव कुटुम्बकम" अर्थात् "एक पृथ्वी • एक परिवार • एक भविष्य" – महा उपनिषद के प्राचीन संस्कृत ग्रंथ से लिया गया है। निश्चित रूप से यह विषय वाक्य सभी के जीवन–मानव, पशु, पौधे और सूक्ष्मजीव–के मूल्यों और पृथ्वी ग्रह पर तथा व्यापक रूप से ब्रह्मांड में उनकी परस्पर संबद्धता की पुष्टि करता है।






गैस आधारित अर्थव्यवस्था बनने से संबंधित प्रयासों में तीव्रता लाना
जैव ईंधन को परिचालित रखने के प्रयोजनार्थ घरेलू स्रोतों पर अधिक निर्भरता
जीवाश्म ईंधन विशेषकर पेट्रोलियम और कोयले का स्वच्छ उपयोग
गतिशीलता को डी–कार्बोनाइज करने के लिए विद्युत के योगदान को बढ़ाना
भारत की ऊर्जा कार्यनीति के सात प्रमुख कारक
2030 तक 450 जीडब्ल्यू के नवीकरणीय लक्ष्य की प्राप्ति
सभी प्रकार की ऊर्जा प्रणालियों में डिजिटल नवाचार
हाइड्रोजन सहित उभरते ईंधनों की ओर अग्रसर


LNG

# विषय–वस्तु


| | |
|---|---|
| अध्याय 1: परिचय | 3 |
| अध्याय 2: अन्वेषण और उत्पादन | 29 |
| अध्याय 3: पाइपलाइन और प्राकृतिक गैस | 55 |
| अध्याय 4: रिफाइनरी | 61 |
| अध्याय 5: विपणन और वितरण | 73 |
| अध्याय 6: अंतरराष्ट्रीय सहयोग और संबंध | 79 |
| अध्याय 7: पूर्वोत्तर–क्षेत्र का विकास | 91 |
| अध्याय 8: अनुसंधान एवं विकास और नई प्रौद्योगिकी | 103 |
| अध्याय 9: जैव इंधन | 121 |
| अध्याय 10: संरक्षण | 127 |
| अध्याय 11: संवेदनशील पेट्रोलियम उत्पादों के संबंध में मूल्य निर्धारण नीति | 133 |
| अध्याय 12: अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और दिव्यांगजन का कल्याण | 137 |
| अध्याय 13: महिलाओं का कल्याण, विकास और सशक्तिकरण | 141 |
| अध्याय 14: उपक्रम/संगठन | 145 |
| अध्याय 15: एकीकृत वित्त प्रभाग | 241 |
| अध्याय 16: सामान्य | 249 |
| अध्याय 17: आजादी का अमृत महोत्सव | 255 |
| अध्याय 18: परिशिष्ट | 267 |
| अध्याय 19: सोशल मीडिया आउटरीच | 284 |





अध्याय 1

# परिचय

## पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस क्षेत्र का अवलोकन–कुछ प्रमुख वृहत्–आर्थिक रुझान

# 1 परिचय

**1.1.** श्री हरदीप सिंह पुरी दिनांक 08 जुलाई, 2021 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री का कार्यभार संभाल रहे हैं।

**1.2.** श्री रामेश्वर तेली दिनांक 08 जुलाई, 2021 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री का कार्यभार संभाल रहे है।

**1.3.** श्री पंकज जैन, आईएएस (एएमः 1990) ने 30 दिसबर, 2021 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में सचिव का पदभार ग्रहण किया है।

**1.4.** श्री प्रवीण मल खानूजा, आईए और एएसः1994 ने 12 अगस्त, 2022 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में अपर सचिव का कार्यभार ग्रहण किया।

**1.5.** सुश्री कामिनी चौहान रतन, आईएएस (यूपीः 1997), ने 22 नवंबर, 2022 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार का कार्यभार ग्रहण किया।

**1.6.** श्री सुनील कुमार, आईआरएएसः1995, 1 मई, 2019 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव का पदभार संभाल रहे हैं।

**1.7.** डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, आईएएस (एमपीः 2001), 12 मार्च, 2020 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव का पदभार संभाल रहे हैं।

**1.8.** सुश्री ईशा श्रीवास्तव, आईएफएसः 2004, 2 मार्च, 2022 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में विशेष कार्य अधिकारी का कार्यभार संभाल रही हैं।

**1.9.** सुश्री सुजाता शर्मा, आईएएस (एपीः 2006), ने 12 दिसंबर, 2022 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव का कार्यभार ग्रहण किया।

**1.10.** श्री रोहित माथुर, सीएसएस, दिनांक 17 जनवरी, 2020 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव (स्वस्थाने) का कार्यभार संभाल रहे हैं।

**1.11.** सुश्री पेरिन देवी, सीएसएस, दिनांक 31 अगस्त, 2021 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव (स्वस्थाने) का कार्यभार संभाल रही हैं।


**1.12.** श्री धीरज कुमार ओझा, आईएसएसः 1999, दिनांक 10 दिसंबर, 2021 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में उप महानिदेशक का कार्यभार संभाल रहे हैं।

**1.13.** श्री राजिदर कुमार, आईईएसः 2003, 11 मार्च, 2022 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार के पद पर हैं।



विजयपुर, उत्तर प्रदेश में गेल की गैस प्रसंस्करण इकाई का दृश्य

# पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय का संगठन चार्ट



# पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस क्षेत्र का प्रदर्शन– कुछ प्रमुख वृहत्–आर्थिक रुझान

## 1.1. प्रस्तावना

भारत में निरंतर जारी औद्योगीकरण और शहरीकरण से ऊर्जा क्षेत्र और इसके नीति निर्माताओं की माँग अत्यधिक बढ़ी है। आईईए के इंडिया एनर्जी आउटलुक 2021 के अनुसार, प्रति व्यक्ति ऊर्जा का उपयोग वैश्विक औसत के आधे से भी कम है और राज्यों में और ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के बीच ऊर्जा के उपयोग और सेवा की गुणवत्ता में व्यापक अंतर है। बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं आबादी, शहरीकरण और औद्योगीकरण का अर्थ है भारत 2040 तक सभी परिदृश्यों में किसी भी देश की तुलना में सबसे अधिक ऊर्जा मांग की वृद्धि देखेगा।

आईईए के इंडिया एनर्जी आउटलुक 2021 के अनुसार, भारत की तेल की मांग लगभग 4 मिलियन बैरल प्रति दिन (एमबी/डी) बढ़कर 2040 में 8.7 एमबी/डी तक पहुंच जाएगा, जो किसी भी देश की सबसे अधिक वृद्धि है। इसके विपरीत, सतत विकास परिदृश्य में विद्युतीकरण, दक्षता और वैकल्पिक इंधन पर बल दिया जा रहा है जो तेल की बढ़ती मांग को 1 एमबी/डी तक सीमित करता है। सरकार ने 2030 तक ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 15% तक करने का लक्ष्य रखा है। वर्तमान में (2021 में) प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी 6.3% है।

हाइड्रोकार्बन ईंधन की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अन्य बातों के साथ–साथ अपनाई गई प्रमुख कार्यनीतियों में घरेलू तेल और गैस उत्पादन को बढ़ाने के लिए अन्वेषण और उत्पादन में निवेश को आकर्षित करना, गैस आधारित अर्थव्यवस्था अपनाना, रिफाइनरी प्रक्रियाओं में सुधार के लिए तकनीकी उन्नयन, ऊर्जा दक्षता और उत्पादन, जैव–ईंधन अर्थव्यवस्था में तेजी लाना, विदेशी तेल और गैस पोर्टफोलियो का विस्तार करना, तेल और गैस आपूर्ति स्रोतों में विविधता लाना आदि शामिल है। सरकार ने स्वच्छ और हरित ईंधन उपलब्ध कराने के लिए देश भर के प्रमुख मांग केंद्रों को कवर करने हेतु राष्ट्रीय गैस ग्रिड, नगर गैस वितरण नेटवर्क का विकास किया है।




भारत में एचपीसीएल का पहला एथेनॉल लोडेड रेक

## 1.2. तेल, गैस और पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन

वर्ष 2020–21 में 30.49 मीट्रिक टन (एमएमटी) की तुलना में वर्ष 2021–22 के दौरान कच्चे तेल का उत्पादन 29.69 मिलियन एमएमटी था, जिसने 2.6% की गिरावट दर्शाई है। वर्ष 2021–22 के दौरान ओएनजीसी के पश्चिमी अपतट से स्वदेशी कच्चे तेल का अधिकतम उत्पादन हुआ जो कच्चे तेल के कुल उत्पादन का लगभग 45.8% है। 2021–22 में 29.69 एमएमटी के कुल कच्चे तेल और घनीभूत उत्पादन में 65.5% (19.45 एमएमटी) ओएनजीसी (नामांकित क्षेत्रों) से, 10.1% (2.99 एमएमटी) ओआईएल (नामांकित क्षेत्रों) से और 24.4% (7.25 एमएमटी) पीएससी/आरएससी व्यवस्था का योगदान रहा।

वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान प्राकृतिक गैस का उत्पादन 34.02 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) रहा, जो 2020–21 में 28.67 बीसीएम के उत्पादन से 18.7% अधिक है। वर्ष 2021–22 के दौरान ओएनजीसी के पश्चिमी अपतट से प्राकृतिक गैस का अधिकतम उत्पादन हुआ जो कुल प्राकृतिक गैस उत्पादन का लगभग 46.1% है। वर्ष 2021–22 में 34.02 बीसीएम के कुल प्राकृतिक गैस उत्पादन में से 60.6% (20.63 बीसीएम) ओएनजीसी (नामांकित क्षेत्र), 8.5% (2.89 बीसीएम) ओआईएल (नामांकित क्षेत्र) और 30.9% (10.50 बीसीएम) पीएससी/आरएससी/सीबीएम व्यवस्था का योगदान रहा।

वर्तमान वित्त वर्ष 2022–23 (अप्रैल–दिसंबर, 2022) के दौरान कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन क्रमशः 22.08 एमएमटी और 25.87 बीसीएम रहा।



ओएनजीसी के एमएचएन प्लेटफॉर्म का दृश्य

वित्त वर्ष 2020.21 (233.51 एमएमटी) की तुलना में वित्त वर्ष 2021.22 में पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन 8.9% बढ़कर 254.31 एमएमटी हो गया। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, डीजल (एचएसडी+एलडीओ) का उत्पादन हिस्सा उच्चतम रहा (42.5%) इसके बाद पेट्रोल/मोटर स्पिरिट (15.8%), नाफ्था (7.9%), पेट्रोलियम कोक (6.1%), एलपीजी (4.8%), एटीएफ (4%), ईंधन तेल (3.3%), बिटुमेन (2.0%), मिट्टी का तेल (0.8%) और ल्यूब और ग्रीस (0.5%) का स्थान रहा।


कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पादों के उत्पादन के रुझान निम्नानुसार दर्शाए गए हैं:

तालिका 1: कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पादों में उत्पादन के रुझान

| वर्ष | कच्चे तेल का उत्पादन (एमएमटी) | कच्चे तेल के उत्पादन में % वृद्धि | प्राकृतिक गैस उत्पादन (बीसीएम) | प्राकृतिक गैस उत्पादन में % वृद्धि | पेट्रो-उत्पादों का उत्पादन (एमएमटी) | पेट्रो-उत्पादों के उत्पादन में % वृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2011-12 | 38.09 | 1.08 | 47.56 | -8.92 | 203.20 | 4.30 |
| 2012-13 | 37.86 | -0.60 | 40.68 | -14.47 | 217.74 | 7.15 |
| 2013-14 | 37.79 | -0.19 | 35.41 | -12.96 | 220.76 | 1.39 |
| 2014-15 | 37.46 | -0.87 | 33.66 | -4.94 | 221.14 | 0.17 |
| 2015-16 | 36.94 | -1.39 | 32.25 | -4.18 | 231.92 | 4.88 |
| 2016-17 | 36.01 | -2.53 | 31.90 | -1.09 | 243.55 | 5.01 |
| 2017-18 | 35.68 | -0.90 | 32.65 | 2.36 | 254.40 | 4.46 |
| 2018-19 | 34.20 | -4.15 | 32.87 | 0.69 | 262.36 | 3.13 |
| 2019-20 | 32.17 | -5.95 | 31.18 | -5.14 | 262.94 | 0.22 |
| 2020-21 | 30.49 | -5.21 | 28.67 | -8.05 | 233.51 | -11.19 |
| **2021-22** | **29.69** | **-2.63** | **34.02** | **18.66** | **254.31** | **8.90** |
| 2021-22 (अप्रैल–दिस.) | 22.38 | - | 25.67 | - | 186.01 | - |
| 2022-23 (अप्रैल–दिस.) | 22.08 | -1.35 | 25.87 | 0.76 | 196.14 | 5.44 |

पी: अनंतिम

ग्राफ 1: कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पादों में उत्पादन के रुझान




## 1.3. रिफाइनिंग क्षमता और रिफाइनरी क्रूड थ्रूपुट

भारतीय रिफाइनिंग उद्योग ने स्वयं को विश्व स्तर पर एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने के संदर्भ में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। भारत, जो विश्व का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर है और चीन के बाद एशिया में दूसरा सबसे बड़ा रिफाइनर है, एक रिफाइनिंग हब के रूप में उभर रहा है, जिसकी रिफाइनिंग क्षमता मांग से अधिक है। दिनांक 01.04.2022 तक देश की रिफाइनरी क्षमता बढ़कर 251.22 एमपीटीए हो गई है। वर्ष 2021–22 के लिए रिफाइनरी क्षमता उपयोग 97.0% था। वित्त वर्ष 2020–21 के लिए 221.77 एमएमटी की तुलना में वित्त वर्ष 2021–22 के लिए कच्चे तेल का प्रसंस्करण 241.70 एमएमटी था, जो लगभग 8.99% की वृद्धि दर्शाता है। वर्तमान वित्त वर्ष 2022–23 (अप्रैल–दिसंबर, 2022) के दौरान कच्चे तेल का प्रसंस्करण 188.57 एमएमटी था। रिफाइनिंग क्षमता और क्रूड थ्रूपुट से संबंधित रुझान नीचे दर्शाया गया है: (परिशिष्ट–IV में विवरण दिया गया है)




आईओसीएल बोंगाईगांव रिफाइनरी में इको पार्क का दृश्य

तालिका 1.2: रिफाइनरी क्षमता और रिफाइनरी क्रूड थ्रूपुट के रुझान (प्रसंस्कृत कच्चे तेल के रूप में)

| वर्ष | रिफाइनिंग क्षमता (एमएमटीपीए)@ | रिफाइनिंग क्षमता में % वृद्धि | प्रसंस्कृत कच्चा तेल (एमएमटी) | प्रसंस्कृत कच्चे तेल में % वृद्धि | रिफाइनिंग क्षमता की उपयोगिता |
|---|---|---|---|---|---|
| 2011-12 | 187.39 | 2.18 | 204.12 | 3.62 | 108.93 |
| 2012-13 | 213.07 | 13.70 | 219.21 | 7.39 | 102.88 |
| 2013-14 | 215.07 | 0.94 | 222.50 | 1.50 | 103.46 |
| 2014-15 | 215.07 | 0.00 | 223.24 | 0.33 | 103.80 |
| 2015-16 | 215.07 | 0.00 | 232.86 | 4.31 | 108.28 |
| 2016-17 | 230.07 | 6.97 | 245.36 | 5.37 | 106.65 |
| 2017-18 | 233.97 | 1.70 | 251.93 | 2.68 | 107.68 |
| 2018-19 | 247.57 | 5.81 | 257.20 | 2.09 | 103.89 |
| 2019-20 | 249.37 | 0.73 | 254.39 | -1.10 | 102.01 |
| 2020-21 | 249.87 | 0.20 | 221.77 | -12.82 | 88.76 |
| **2021-22** | **249.22** | **-0.26** | **241.70** | **8.99** | **96.99** |
| 2021-22 (अप्रैल–दिस.) | 249.22 | - | 177.21 | - | 93.48 |
| 2022-23 (अप्रैल–दिस.) | 251.22 | 0.80 | 188.57 | 6.41 | 99.01 |

पी: अनंतिम @: प्रारंभिक वर्ष के 1 अप्रैल के अनुसार #: एमएमटी का सीपीसीएल–सीबीआर 1 अप्रैल, 2019 से बंद हो गया।

ग्राफ 2 : रिफाइनरी क्षमता और रिफाइनरी क्रूड थ्रूपुट




## 1.4. पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस की खपत

लोगों द्वारा वाहन खरीदने में वृद्धि और सड़क परिवहन के उपयोग के कारण तेल की खपत और आयात में तेजी से वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के माध्यम से गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों को एलपीजी कनेक्शन प्रदान किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी के बढ़ते उपयोग के साथ–साथ शहरी क्षेत्रों में पाइप से प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के उपयोग में भी वृद्धि हुई है। भारत में प्राकृतिक गैस का बाजार तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन इसकी भूमिका क्षेत्र, परिदृश्य और समय के साथ बदलती रहती है। भारत के वर्तमान ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की 6.3% की हिस्सेदारी दुनिया में सबसे कम है। आईईए के वर्ल्ड एनर्जी आउटलुक 2021 के अनुसार, सड़क परिवहन के लिए ऊर्जा की मांग अगले दो दशकों में दोगुनी से अधिक होने का अनुमान है। हाल के वर्षों में परिवहन सबसे तेजी से बढ़ने वाला अंत्य उपयोग क्षेत्र रहा है, और भारत राजमार्ग, रेलवे और मेट्रो लाइनों से लेकर हवाई अड्डों और पत्तनों तक परिवहन अवसंरचना के वृहद विस्तार के लिए तैयार है।

वर्ष 2021.22 में प्राकृतिक गैस की कुल खपत 63.91 बीसीएम है जो वर्ष 2020.21 (60.82 बीसीएम) के खपत से 5.1% अधिक है। फीडस्टॉक के रूप में गैर–ऊर्जा उद्देश्य के लिए 35.9% उपयोग की तुलना में ईंधन के रूप में ऊर्जा उद्देश्य के लिए प्राकृतिक गैस की खपत 64.1% है। वर्ष 2021–22 के दौरान, प्राकृतिक गैस की उच्चतम खपत उर्वरक उद्योग में हुआ है जो 29.4% था, इसके बाद शहर और स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क (सड़क परिवहन सहित) में 19.8%, बिजली क्षेत्र में 16.5% और रिफाइनरी में 8.6% खपत था। अप्रैल–दिसंबर, 2022 के दौरान गैस की खपत 45.66 बीसीएम रही।




वित्त वर्ष 2021.22 के दौरान देश में पेट्रोलियम उत्पादों की कुल खपत 204.72 एमएमटी थी, जो वित्त वर्ष 2020.21 (194.295 एमएमटी) की तुलना में 5.4% की वृद्धि दर दर्शाता है जिसका कारण कोविड–19 के रोक के हटने के बाद पेट्रोलियम उत्पादों की अत्यधिक मांग है। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, डीजल (एचएसडी + एलडीओ) की खपत में सबसे अधिक हिस्सेदारी (38%) रही, इसके बाद पेट्रोल / मोटर स्प्रिट (15.1%), एलपीजी (13.8%), पेट्रोलियम कोक (7.7%), नेफ्था (7%), बिटुमेन (3.8%), ईंधन तेल (3.1%), एटीएफ (2.4%), ल्यूब और ग्रीस (2.2%) और मिट्टी तेल (0.7%) की हिस्सेदारी है। वर्तमान वित्तीय वर्ष (अप्रैल–दिसंबर, 2022) के दौरान पेट्रोल की खपत 164.87 एमएमटी थी। गैस और पेट्रोलियम उत्पादों की खपत में रुझान नीचे दर्शाया गया है: (**विवरण परिशिष्ट VI पर है**)।

**तालिका 3: पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस के उपयोग का रुझान**

| वर्ष | पेट्रो–उत्पादों की खपत (एमएमटी) | पेट्रो–उत्पादों की खपत में % वृद्धि | प्राकृतिक गैस की खपत (बीसीएम) | पेट्रो–उत्पादों की खपत में % वृद्धि |
|---|---|---|---|---|
| 2011-12 | 148.13 | 5.03 | 64.45 | - |
| 2012-13 | 157.06 | 6.02 | 57.37 | -10.99 |
| 2013-14 | 158.41 | 0.86 | 52.37 | -8.70 |
| 2014-15 | 165.52 | 4.49 | 51.30 | -2.05 |
| 2015-16 | 184.67 | 11.57 | 52.52 | 2.37 |
| 2016-17 | 194.60 | 5.37 | 55.70 | 6.05 |
| 2017-18 | 206.17 | 5.95 | 59.17 | 6.24 |
| 2018-19 | 213.22 | 3.42 | 60.80 | 2.75 |
| 2019-20 | 214.13 | 0.43 | 64.14 | 5.51 |
| 2020-21 | 194.30 | -9.26 | 60.82 | -5.19 |
| **2021-22** | **204.72** | **5.37** | **63.91** | **5.08** |
| 2021-22 (अप्रैल–दिस.) | 149.16 | - | 49.07 | - |
| 2022-23 (अप्रैल–दिस.) | 164.87 | 10.53 | 45.66 | -6.95 |

पी: अनंतिम

**ग्राफ 3: पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस के उपयोग का रुझान**




## 1.5. संवेदनशील पेट्रोलियम उत्पादों और कच्चे तेल पर मूल्य निर्धारण नीति

पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य निर्धारण को जुलाई 1975 से प्रशासित मूल्य तंत्र (एपीएम) के अधीन लाया गया था जब पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य निर्धारण को आयात समता सिद्धांतों से लागत प्लस सिद्धांतों में अंतरित किया गया था। एपीएम (1975 से 2002) के तहत निम्न उद्देश्य के साथ विभिन्न तेल पूल खातों को बनाए रखा जाता है: i) बिक्री मूल्य में स्थिरता सुनिश्चित करना; ii) उपभोक्ताओं को अंतरराष्ट्रीय कीमतों की उतार–चढ़ाव से बचाना; और iii) सार्वजनिक वितरण के लिए मिट्टी के तेल और घरेलू एलपीजी जैसे कुछ उत्पादों के उपभोक्ता मूल्य में राजसहायता और अन्य उत्पादों जैसे कि पेट्रोल, विमानन टर्बाइन इंधन (एटीएफ) आदि में क्रॉस सब्सिडी। एपीएम 01.04.2002 से निष्प्रभावित हो गया था और सरकार ने पीडीएस मिट्टी के तेल और घरेलू एलपीजी की बिक्री पर निर्दिष्ट फ्लैट दरों पर राजसहायता प्रदान करने का निर्णय लिया। इन बजटीय राजसहायता को प्रशासित करने के लिए, सरकार ने 'पीडीएस मिट्टी के तेल और घरेलू एलपीजी राजसहायता योजना 2002' तैयार की। इस योजना के तहत, यह निर्णय लिया गया कि इन राजसहायता को 3–5 वर्षों में क्रमबद्ध तरीके से समाप्त कर दिया जाएगा।

वर्ष 2004 से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में हुई तेज वृद्धि और अस्थिरता वैश्विक चिंता का विषय बन गई है। कच्चा तेल का भारतीय बास्केट, जो मार्च 2002 में एपीएम के निष्प्रभाव होने के समय लगभग $ 23/बीबीएल था और मई 2004 में $36/बीबीएल था, 2010–11 के दौरान औसत $ 85.09 प्रति बैरल हो गया था। 2011–12 के दौरान कच्चे तेल के भारतीय बास्केट की औसत कीमत और बढ़कर 111.89 डॉलर प्रति बैरल हो गई।

तीन वर्षों से लगातार $ 100/बीबीएल से ऊपर रहने के बाद, वर्ष 2014 की दूसरी छमाही के दौरान कच्चे तेल की कीमतें तेजी से गिरने लगीं। परिणामस्वरूप, 2015–16, 2016–17 और 2017–18 के दौरान कच्चे तेल के भारतीय बास्केट की औसत कीमत क्रमशः $ 46.17/बीबीएल, $ 47.56/बीबीएल और $ 56.43/ बीबीएल दर्ज की गई। 2018–19 के दौरान कीमत बढ़कर $ 69.88 डॉलर/बीबीएल हो गई और 2019–20 में गिरकर $ 60.47 डॉलर/बीबीएल हो गई और कोविड–19 के प्रभाव के कारण 2020.21 के दौरान यह और गिरकर $ 44.82 डॉलर/बीबीएल हो गई। कोविड–19 के प्रभाव से कीमतों को उबरने के बाद 2021.22 में ये बढ़कर $ 79.18 डॉलर/बीबीएल हो गई।

ग्राफ 4: कच्चे तेल का रुझान: भारतीय बास्केट अमरीकी $/बीबीएल में




## 1.6. कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का आयात

2020–21 में 4,59,779 करोड़ रुपये के मूल्य के 196.461 एमएमटी आयात की तुलना में 2021–22 (पी) के दौरान कच्चे तेल का आयात 212.4 एमएमटी रहा, जिसका मूल्य 9,01,262 करोड़ रुपये था, जो कि 2020–21 की तुलना में मात्रा की संदर्भ से 8.1% और मूल्य की संदर्भ से 96.02% अधिक है। अप्रैल–दिसंबर 2022 के दौरान कच्चे तेल का आयात 9,93,713 करोड़ रुपये मूल्य पर 172.39 एमएमटी था, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में मात्रा और मूल्य के संदर्भ में क्रमशः 0.16% और 61.87% अधिक है।



पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड दाहेज एलएनजी टर्मिनल का दृश्य

वर्ष 2021–22 के दौरान प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का आयात 23.2 एमएमटी था, जिसका मूल्य ₹ 1,00,011 करोड़ था, जबकि 2020–21 में ₹ 58,129 करोड़ के 24.9 एमएमटी का आयात हुआ था, जो 2020–21 की तुलना में मात्रा के संदर्भ में 6.83% और मूल्य के संदर्भ में 72.05% कम है। अप्रैल–दिसंबर, 2022 के दौरान एलएनजी का आयात 15.39 एमएमटी था, जिसका मूल्य ₹ 1,13,525 करोड़ था।


कच्चे तेल के आयात और कच्चे तेल के अंतरराष्ट्रीय (भारतीय बास्केट) मूल्यों में वृद्धि के रुझानों को तालिका–4 और ग्राफ–5 में दिखाया गया है।

**तालिका 4 : कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात के रुझान**

| वर्ष | कच्चे तेल का आयात (एमएमटी) | कच्चे तेल के आयात में % वृद्धि | कच्चे तेल का आयात (₹ करोड़) | कच्चे तेल के आयात के मूल्य में % वृद्धि | एलएनजी (एमएमटी) का आयात | एलएनजी के आयात में % वृद्धि | एलएनजी का आयात (₹ करोड़) | एलएनजी के आयात के मूल्य में % वृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2011-12 | 171.73 | 4.97 | 672220 | 47.65 | 13.58 | - | 31718 | - |
| 2012-13 | 184.80 | 7.61 | 784652 | 16.73 | 13.29 | -2.13 | 41902 | 32.11 |
| 2013-14 | 189.24 | 2.40 | 864875 | 10.22 | 13.43 | 1.06 | 53123 | 26.78 |
| 2014-15 | 189.43 | 0.10 | 687416 | -20.52 | 14.04 | 4.53 | 58359 | 9.85 |
| 2015-16 | 202.85 | 7.08 | 416579 | -39.40 | 16.14 | 14.95 | 45039 | -22.82 |
| 2016-17 | 213.93 | 5.46 | 470159 | 12.86 | 18.75 | 16.18 | 41084 | -8.78 |
| 2017-18 | 220.43 | 3.04 | 566450 | 20.48 | 20.71 | 10.42 | 52122 | 26.87 |
| 2018-19 | 226.50 | 2.75 | 783183 | 38.26 | 21.69 | 4.74 | 71867 | 37.88 |
| 2019-20 | 226.95 | 0.20 | 717001 | -8.45 | 25.57 | 17.91 | 67383 | -6.24 |
| 2020-21 | 196.46 | -13.44 | 459779 | -35.87 | 24.93 | -2.52 | 58129 | -13.73 |
| **2021-22** | **212.38** | **8.10** | **9,01,262** | **96.02** | **23.20** | **-6.68** | **1,00,011** | **72.05** |
| 2021-22 (अप्रैल–दिस.) | 156.51 | - | 613899 | - | 18.14 | - | 67566 | - |
| 2022-23 (अप्रैल–दिस.) | 172.39 | 10.15 | 993713 | 61.87 | 15.39 | -15.14 | 113525 | 68.02 |

पी: अनंतिम

ग्राफ 5: कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का आयात




## 1.7. पेट्रोलियम उत्पादों का आयात और निर्यात


2021–22 (पी) के दौरान पेट्रोलियम उत्पादों का आयात 42.06 एमएमटी था, जिसका मूल्य ₹ 1,88,636 करोड़ था, जबकि 2020–21 में ₹ 1,09,430 करोड़ पर 43.25 एमएमटी का आयात किया गया था, जो 2020–21 की तुलना में मात्रा के संदर्भ में 2.74% कम और मूल्य के संदर्भ में 72.38% अधिक है। इसके अलावा, हालांकि 2021–22 (पी) के दौरान पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात 62.75 एमएमटी रहा, जिसका मूल्य ₹ 3,31,801 करोड़ था, जो 2020–21 के दौरान ₹ 1,57,168 करोड़ के मूल्य के 56.77 एमएमटी निर्यात की तुलना में मात्रा संदर्भ में 10.54% और मूल्य के संदर्भ में 111.11% की वृद्धि दर्शाता है। अप्रैल–दिसंबर 2022 (पी) के दौरान आयातित पेट्रोलियम उत्पादों की मात्रा 1,63,353 करोड़ रुपये मूल्य की 32.87 एमएमटी थी और 3,60,089 करोड़ रुपये मूल्य की 45.73 एमएमटी पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात किया गया था। पेट्रोलियम उत्पादों के आयात और निर्यात की प्रवृत्ति को मात्रा और मूल्य नीचे दर्शाया गया है: (**विवरण परिशिष्ट–VII पर है**):

तालिका 5: पेट्रोलियम उत्पादों और एलएनजी का आयात और निर्यात

| वर्ष | पेट्रोलियम उत्पादों का आयात (एमएमटी) | पेट्रोलियम उत्पादों के आयात में % वृद्धि | पेट्रोलियम उत्पादों का आयात (करोड़ ₹) | पेट्रोलियम उत्पादों के आयात में % वृद्धि | पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात (एमएमटी) | पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में % वृद्धि | पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात (करोड़ ₹) | पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में % वृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2011-12 | 15.85 | -8.80 | 68091 | 21.59 | 60.84 | 2.98 | 284644 | 44.59 |
| 2012-13 | 16.35 | 3.18 | 68852 | 1.12 | 63.41 | 4.23 | 320090 | 12.45 |
| 2013-14 | 16.70 | 2.10 | 75896 | 10.23 | 67.86 | 7.03 | 368279 | 15.05 |
| 2014-15 | 21.30 | 27.57 | 74644 | -1.65 | 63.93 | -5.79 | 288580 | -21.64 |
| 2015-16 | 29.46 | 38.28 | 65361 | -12.44 | 60.54 | -5.31 | 176780 | -38.74 |
| 2016-17 | 36.29 | 23.19 | 71566 | 9.49 | 65.51 | 8.22 | 194893 | 10.25 |
| 2017-18 | 35.46 | -2.28 | 88374 | 23.49 | 66.83 | 2.01 | 225388 | 15.65 |
| 2018-19 | 33.35 | -5.96 | 113665 | 28.62 | 61.10 | -8.58 | 267697 | 18.77 |
| 2019-20 | 43.79 | 31.30 | 125742 | 10.62 | 65.69 | 7.51 | 254018 | -5.11 |
| 2020-21 | 43.25 | -1.23 | 109430 | -12.97 | 56.77 | -13.57 | 157168 | -38.13 |
| **2021-22** | **42.06** | **-2.75** | **188636** | **72.38** | **62.75** | **10.54** | **331801** | **111.11** |
| 2021-22 (अप्रैल–दिस.) | 30.85 | - | 134329 | - | 46.09 | - | 219304 | - |
| 2022-23 (अप्रैल–दिस.) | 32.87 | 6.55 | 163353 | 21.61 | 45.73 | -0.77 | 360089 | 64.20 |

*: प्राक्कलित पी: अनंतिम

ग्राफ 6 : पेट्रोलियम उत्पादों का आयात और निर्यात (मात्रा में)




## 1.8. इक्विटी तेल और विदेश से गैस

वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, भारत ने अपनी मांग की पूर्ति के लिए कच्चे तेल का 86% (220 एमएमटी) और प्राकृतिक गैस का 48% (23.4 एमएमटी) आयात किया।

किसी एक भौगोलिक क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता से हमारी ऊर्जा सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। भारत में अधिकांश हाइड्रोकार्बन आयात मध्य–पूर्वी क्षेत्र से होता है, जहां पर होर्मुज जलडमरूमध्य एक चोक प्वाइंट के साथ–साथ एक भू–राजनीतिक फ्लैशप्वाइंट दोनों बन जाता है।

हाल ही में, ईरान और वेनेजुएला पर अमेरिकी प्रतिबंधों और रूस–यूक्रेन युद्ध के परिणामस्वरूप हमने आपूर्ति में व्यवधान और कीमतों में उतार–चढ़ाव देखा है।

कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के खतरों से खुद को बचाने और ओपीईसी पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए, सरकार तेल और गैस के आपूर्ति स्रोतों के विविधीकरण पर जोर दे रही है। पिछले कुछ वर्षों में, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, अंगोला और गुयाना जैसे कच्चे तेल के नए आपूर्तिकर्ताओं को शामिल किया गया है और साथ ही रूस जैसे मौजूदा आपूर्तिकर्ताओं से कच्चे तेल के आयात में वृद्धि की गई है। इसी तरह से एलएनजी के आयात को भी कतर के अलावा ऑस्ट्रेलिया, यूएसए और रूस जैसे नए स्रोतों को जोड़कर विविधीकृत किया गया है।

विदेशी संपत्तियों के अधिग्रहण पर अपने रुख में एक प्रमुख बदलाव करते हुए भारत धीरे–धीरे शुद्ध लाभांश–आधारित निवेश मॉडल से इक्विटी ऑयल मॉडल की हकदारी की ओर बढ़ रहा है। इससे हमें ऊर्जा की बढ़ती जरूरतों के लिए जरूरी तेल हासिल करने में मदद मिलेगी।

1 अप्रैल 2022 तक भारतीय पीएसयू ने विभिन्न ईएंडएस विदेशी संपत्तियों में लगभग $ 37.94 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, इन परिसंपत्तियों से भारतीय पीएसयू के इक्विटी तेल और गैस की हिस्सेदारी लगभग 21.7 एमएमटीओई थी, जो भारत के घरेलू उत्पादन के 34.1% के बराबर है।

## 1.9. अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति में सुधार

सरकार ने अन्वेषण गतिविधियों को तेज करने, विदेशी और घरेलू निवेश आकर्षित करने और घरेलू उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न नीतिगत पहलें की हैं। सरकार द्वारा तेल और गैस के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने और आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए की गई प्रमुख नीतिगत पहलें निम्नानुसार हैं:

**दीर्घकालिक पहलें:**

i. हाइड्रोकार्बन खोजों के शीघ्र मौद्रीकरण के लिए उत्पादन हिस्सेदारी संविदा (पीएससी) व्यवस्था में छूट, विस्तार और स्पष्टीकरण से संबंधित नीति, 2014।

ii. लघु क्षेत्र संबंधी नीति, 2015 तैयार की गई।

iii. हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति, 2016। ओपन एकरेज लाइसेंसिंग नीति (ओएएलपी): हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और लाइसेंस नीति (एचईएलपी), 2017 को लागू करने की कार्य पद्धति।

iv. उत्पादन हिस्सेदारी संविदा के विस्तार की नीति, 2016 और 2017।

v. कोल बेड मीथेन के शीघ्र मौद्रीकरण की नीति, 2017।

vi. राष्ट्रीय डेटा कोष, 2017 की स्थापना।

vii. तलछटीय बेसिन 2017 में गैर मूल्यांकित क्षेत्रों का मूल्यांकन, हाइड्रोकार्बन संसाधनों 2017 का पुनर्मूल्यांकन।

viii. पेट्रोलियम संचालन 2017 के लिए स्थल पुनःस्थान और परित्याग संबंधी दिशानिर्देश।

ix. प्री–एनईएलपी और एनईएलपी ब्लॉक 2018 में प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट्स के कामकाज को कारगर बनाने का ढांचा।

x. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियम 2018 के नियम–3 के खंड (के) के तहत 'पेट्रोलियम' की परिभाषा में संशोधन।

xi. तेल और गैस के लिए उन्नत पुनर्प्राप्ति विधियों को बढ़ावा देने और प्रोत्साहन देने की नीति, 2018।

xii. मौजूदा प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट्स, कोल बेड मीथेन कॉन्ट्रैक्ट्स और नामांकित क्षेत्रों के तहत अपरंपरागत हाइड्रोकार्बन के अनुप्रयोग और अन्वेषण के लिए नीतिगत ढांचा, 2018।

xiii. कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और उसकी सहायक कंपनियों को आवंटित कोयला खनन पट्टे के तहत क्षेत्रों के लिए कोल बेड मीथेन (सीबीएम) के अनुप्रयोग और अन्वेषण के लिए नीतिगत ढांचा, 2018।

xiv. प्री–एनईएलपी और एनईएलपी ब्लॉक के संबंध में प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट्स के कार्यान्वयन को सुव्यवस्थित करने के लिए नीतिगत ढांचा, 2018।

xv. तेल और गैस के घरेलू अन्वेषण और उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति में सुधार, 2019।

xvi. विवाद समाधान समिति, 2019।

xvii. प्राकृतिक गैस विपणन सुधार, 2020।

xviii. ई–बिडिंग के माध्यम से घरेलू उत्पादित प्राकृतिक गैस के लिए बाजार मूल्य की खोज, 2020।

xix. घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल की बिक्री पर नियंत्रण, 2022।

xx. विपणन और मूल्य निर्धारण स्वतंत्रता के साथ डीपवाटर, अल्ट्रा डीपवाटर और उच्च दबाव–उच्च तापमान क्षेत्रों में की गई खोजों से उत्पादित गैस का बाजार मूल्य और बिक्री और पुनर्विक्रय का पता लगाना, 13 जनवरी, 2023।

xxi. भारतीय नौसेना के साथ विशेष व्यवस्था के तहत, लगभग 99% गैर–गमनीय क्षेत्रों को अन्वेषण और उत्पादन गतिविधियों के लिए खोल दिया गया है।

**अल्पकालिक पहलें:**

i. मौजूदा खोजों का शीघ्र मौद्रीकरण।

ii. आईओआर और ईओआर तकनीकों के कार्यान्वयन के माध्यम से रिकवरी फैक्टर में सुधार।

iii. सूखे कुओं का पुनरुद्धार।

iv. कुओं की इन्फिल ड्रिलिंग।

v. सुविधाओं और अन्य बुनियादी ढांचे का नवीनीकरण।

vi. सेवा संविदों और आउटसोर्सिंग के माध्यम से ऑनशोर छोटी और सीमांत खोजों का मौद्रीकरण।

vii. मौजूदा परिपक्व क्षेत्रों का पुनर्विकास और नए क्षेत्रों / सीमांत क्षेत्रों का विकास।

viii. चयनित क्षेत्रों में उपयुक्त प्रौद्योगिकियों का प्रवेश।

ix. प्रोडक्शन इनहैंसमेंट कॉन्ट्रैक्ट्स का कार्यान्वयन।

## 1.10. अन्वेषण और लाइसेंसिंग पॉलिसी में नीतिगत सुधारों का कार्यान्वयन, फरवरी, 2019

सरकार ने 28 फरवरी, 2019 को 'तेल और गैस के घरेलू अन्वेषण और उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए अन्वेषण और लाइसेंसिंग पॉलिसी में सुधार' को अधिसूचित किया, जिसका उद्देश्य अन्वेषण गतिविधियों को तेज करना, विदेशी और घरेलू निवेश को आकर्षित करना और घरेलू उत्पादन में वृद्धि करना है। नीतिगत सुधारों का प्रमुख कार्यान्वयन निम्नानुसार है:

i. 'राजस्व' के स्थान पर 'उत्पादन' की अधिकता पर ध्यान केन्द्रित करना–आगे से ओएलएपी–IV बोली प्रक्रिया को लागू करना

क. संभाव्यता के आधार पर भारतीय तलछटी घाटियों का वर्गीकरण।

ख. अन्वेषण कार्यों से संबंधित कार्यक्रमों को अधिक महत्व देकर अन्वेषण गतिविधियों को बढ़ावा देना।

क. श्रेणी–II और III बेसिन: सरकार को राजस्व का कोई हिस्सा नहीं देना। कार्य–कार्यक्रम के आधार को 100% वेटेज देकर क्षेत्र पुरस्कार देना।

ख. श्रेणी–I बेसिन:

1. कार्य कार्यक्रम–70% वेटेज
2. राजस्व अंश–30% वेटेज
3. एचआरपी पर राजस्व अंश की कैपिंग–50%

ग. प्रारंभिक विकास के लिए अन्वेषण हेतु कम अवधि।

घ. प्रारंभिक मौद्रीकरण और वाणिज्यिक उत्पादन के लिए वित्तीय रियायतें।

ii. 28.02.2019 के बाद स्वीकृत क्षेत्र विकास योजना (एफडीपी) के लिए प्राकृतिक गैस के विपणन और मूल्य निर्धारण की स्वतंत्रता।

iii. राष्ट्रीय तेल कंपनियों (एनओसी) द्वारा संचालित 66 छोटे और सीमांत उत्पादक नामांकन क्षेत्रों में से बोली लगाना। ओएनजीसी ने 17 तटवर्ती संविदा क्षेत्रों के तहत 64 क्षेत्रों के लिए बोलियां आमंत्रित कीं, 15 संविदा क्षेत्रों के तहत 60 क्षेत्रों को सफलता प्रक्रिया के बाद बोली लगाने वालों को सौंप दिया गया है। 2 संविदा क्षेत्रों के तहत प्रस्तावित 4 क्षेत्रों के लिए कोई बोली प्राप्त नहीं हुई। ओआईएल ने 2 क्षेत्रों के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं और 1 क्षेत्र से संबंधित कार्य चल रहा है।

iv. गैर–अन्वेषित/गैर–आवंटित क्षेत्रों में अन्वेषण में वृद्धि: बोली चक्र की आवृत्ति को वर्ष में दो बार से बढ़ाकर तीन बार करने सहित सरलीकृत और निवेशक अनुकूलित आदर्श बोली दस्तावेज।

v. अनुमोदन और मंजूरी में तेजी लाने के लिए अधिकार प्राप्त समन्वय समिति (ईसीसी) का गठन। समिति का गठन मई 2019 में किया गया था।

vi. संविदात्मक प्रशासन के तहत ठेकेदारों के साथ उभरे विवादों को हल करने के लिए विवाद समाधान हेतु विवाद समाधान समिति का गठन। समिति का गठन दिसंबर 2019 में किया गया था।

**ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देना**

i. डीजीएच की भूमिका को पुनर्परिभाषित करना: अनुपालन/नियामक, विकास संबंधी और समन्वय की भूमिका निभाने के लिए डीजीएच की भूमिका को सुदृढ़ करने के लिए अतिरिक्त शक्तियों और कार्यों का प्रत्यायोजन अक्टूबर, 2019 को किया गया।

ii. सरकार/डीजीएच/प्रबंधन समिति के अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया को कम करना और अनुमोदनों को शीघ्र प्रदान करने पर जोर देने के साथ सरलीकृत संविदात्मक शर्तें।

iii. निम्न के लिए आईटी वर्कफ्लो के आधार पर अनुमोदन प्रदान करने के लिए डीजीएच में इलेक्ट्रॉनिक सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम बनाया गया है:

क. पीईएल/पीएमएल आवेदन प्रणाली

ख. पीएससी प्रबंधन प्रणाली

ग. ईसीएमएस आवेदन

घ. वेसल क्लीयरेंस प्रबंधन प्रणाली (वीसीएमएस)

ङ. एक्सपैट क्लीयरेंस प्रणाली

च. पर्यावरणीय मंजूरी

iv. 37 पीएससी प्रक्रियाओं के लिए स्व–प्रमाणन आधार पर दस्तावेज जमा करने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) सहित अन्य प्रक्रियाओं और पद्धतियों का सरलीकरण।

## 1.11. हाइड्रोकार्बन अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एचईएलपी)

सरकार द्वारा 30 मार्च, 2016 को हाइड्रोकार्बन अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एचईएलपी) को अधिसूचित किया गया था और दिनांक 1 जुलाई, 2017 को ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी) की अधिसूचना के साथ इसे औपचारिक रूप से शुरू किया था। हाइड्रोकार्बन अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एचईएलपी) प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट (पीएससी) व्यवस्था से रेवेन्यू शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट (आरएससी) व्यवस्था में एक आदर्श बदलाव है, जो 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के सिद्धांत के आधार पर नियामक बोझ को कम करके भविष्य में अन्वेषण और उत्पादन (ई एंड पी) गतिविधियों के लिए नियामक व्यवस्था को पूरी तरह से खत्म कर करता है। यह नीति अन्य बातों के साथ–साथ ईएंडपी प्रचालकों को एक समान लाइसेंसिंग के माध्यम से तेल क्षेत्र विनियमन और विकास (ओआरडी) अधिनियम, 1948 और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस (पीएनजी) नियम, 1959 के तहत कवर किए गए सभी हाइड्रोकार्बन संसाधनों (पारंपरिक और अपारंपरिक) का पता लगाने और उनके दोहन के लिए उन्हें सक्षम बनाती है। एकरेज क्षेत्रों को अन्वेषण और विकास के लिए प्रदान करने हेतु एचईएलपी/ओपन एकरेज लाइसेंसिंग नीति (ओएएलपी) के तहत निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

i. **ओएएलपी बोली प्रक्रिया के सात राउंड** के माध्यम से सभी बेसिन श्रेणियों में 2,07,691 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले कुल **134 अन्वेषण ब्लॉक** सफल बोलीदाताओं को सौंपे गए हैं।

ii. इसके अलावा, 7 जुलाई, 2022 को शुरू की गई ओएएलपी बोली राउंड–VIII के तहत अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से 10 ओपन एकरेज वाले ब्लॉक सौंपे गए हैं, जिसमें कुल 36,316 वर्ग किलोमीटर का एकरेज क्षेत्र शामिल है। बोली बंद होने की तारीख 16.05.2023 है।

iii. अन्वेषण और विकास के तहत एकरेज को और बढ़ाने के लिए, सरकार ने 10 अक्टूबर 2022 को **मेगा ओएएलपी बोली (राउंड–IX)** शुरू किया है, जिसमें लगभग 2.23 लाख वर्ग किमी के क्षेत्र को कवर करने वाले **26 ओपन एकरेज वाले ब्लॉक** अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से अन्वेषण और विकास के लिए पेश किए गए हैं। पेश किए गए ब्लॉकों में 15 अल्ट्रा डीप–वाटर ब्लॉक, 8 शैलो वॉटर और 3 ऑनलैंड ब्लॉक शामिल हैं।

iv. **ओएएलपी (एससीबीएम–2021) के तहत विशेष सीबीएम बोली दौर 2021:** भारत सरकार ने 22 सितंबर 2021 को ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी) के तहत विशेष सीबीएम बोली दौर–2021 आरंभ किया है, जिसमें ~700 बीसीएम पूर्वानुमानित सीबीएम संसाधन के साथ 8,458 वर्ग किलोमीटर को कवर करने वाले 15 सीबीएम ब्लॉक की पेशकश की गई है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) और प्राप्त बोलियों के बाद के मूल्यांकन के आधार पर, 3,862 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले 4 ब्लॉक जिनमें लगभग 120 बीसीएम सीबीएम संसाधन हैं तीन कंपनियों को सौंपे गए हैं जिसमें एक एनओसी (ओएनजीसी) और 02 निजी कंपनियां (वेदांत और इनवेनियर पेट्रोडाइन एनर्जी) शामिल है और इसके लिए 9 सितंबर 2022 को भारत सरकार के साथ राजस्व शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट (आरएससी) हस्ताक्षर किया गया था।

v. **ओएएलपी (एससीबीएम–2022) के तहत विशेष सीबीएम बोली दौरा 2022:** सरकार ने 10 अक्टूबर 2022 को विशेष सीबीएम बोली दौर का दूसरा दौर शुरू किया, जिसमें 17 मार्च 2023 तक अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) के माध्यम से लगभग 5,860 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करने वाले 16 सीबीएम ब्लॉकों की पेशकश की गई है। प्रस्तावित सभी 16 ब्लॉक श्रेणी–III बेसिन में हैं। बोली जमा करने की प्रक्रिया 1 मई, 2023 से शुरू होगा और 31 मई, 2023 को बंद होगा।

## 1.12. खोजे गए लघु क्षेत्र संबंधी नीति (डीएसएफ)

दिनांक 14.10.2015 के राजपत्र संकल्प द्वारा अधिसूचित सीमांत क्षेत्र नीति (एमएफपी) और जिसे बाद में दिनांक 05.04.2018 की अधिसूचना के माध्यम से खोजे गए लघु क्षेत्र संबंधी नीति (डीएसएफ) के रूप में पुनर्नामित किया गया था, जिसका उद्देश्य तेल और गैस के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए समयबद्ध चरणों में वर्षों से बंद हाइड्रोकार्बन संसाधनों का मौद्रीकरण करना है। डीएसएफ बोली दौर–I (2016) और डीएसएफ बोली दौर–II (2018) और डीएसएफ बोली दौर–III (2022) के तीन संपन्न डीएसएफ बोली दौर के तहत, सफल बोलीदाताओं को कुल 85 राजस्व शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट्स (आरएससी) जिसमें 175 डिस्कवरी/फील्ड शामिल हैं सौंपे गए थे।

## 1.13. प्राकृतिक गैस विपणन सुधार

i. गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ते हुए एक अन्य महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सरकार ने हेनरी हब (यूएसए), अल्बर्टा (कनाडा), एनबीपी (यूके), रूस आदि जैसे प्रमुख अंतरराष्ट्रीय केंद्रों में प्रचलित कीमतों के आधार पर अक्टूबर, 2014 में 'नए घरेलू प्राकृतिक गैस मूल्य निर्धारण दिशानिर्देशों' को मंजूरी दी ताकि उत्पादक और उपभोक्ता दोनों की आवश्यकताओं के बीच संतुलन रखा जा सके। प्राकृतिक गैस की कीमतों का हर छह महीने में संशोधन किया जाता है जिसे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण सेल (पीपीएसी) द्वारा अधिसूचित किया जाता है। इस नीति ने सरकारी हस्तक्षेप के बिना पारदर्शी तरीके से पूर्व परिभाषित मापदंडों पर निर्धारित घरेलू प्राकृतिक गैस की कीमतों को मानकीकृत करने में मदद की है। ये दिशानिर्देश नामांकित क्षेत्रों और एनईएलपी, पूर्व–एनईएलपी ब्लॉकों/क्षेत्रों से उत्पादित प्राकृतिक गैस पर लागू होते हैं, जहां सरकार द्वारा उत्पादन साझेदारी संविदा (पीएससी) के अनुसार मूल्य निर्धारण अनुमोदित किया जाता है।

ii. तदनुसार, 2015 के बाद से सरकार ने डीएसएफ, ओएएलपी, सीबीएम व्यवस्थाओं के तहत गैस के लिए तथा 28.02.2019 के बाद उत्तर–पूर्वी क्षेत्र (एनईआर) से उत्पादित गैस और नई गैस खोजों के लिए सभी व्यवस्थाओं के तहत विपणन और मूल्य निर्धारण स्वतंत्रता प्रदान की।

iii. उच्च दबाव–उच्च तापमान (एचपी–एचटी) जलाशयों और गहरे पानी और अत्यधिक गहरे पानी वाले क्षेत्रों जैसे दुर्गम क्षेत्रों में गैस उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने 23 मार्च, 2016 को प्राकृतिक गैस उत्पादन पर मूल्य निर्धारण स्वतंत्रता सहित विपणन करने की छूट प्रदान की जिसमें पेट्रोलियम आयोजन और विश्लेषण सेल (पीपीएसी) द्वारा घोषित अर्धवार्षिक आधार की मूल्य सीमा लागू है।

iv. इसके अलावा, दिनांक 15.10.2020 के अधिसूचना के माध्यम से एक पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के माध्यम से गैस के बाजार मूल्य की खोज करने और सहयोगी कंपनियों को बोली में भाग लेने की अनुमति देने के लिए मानक प्रक्रिया तैयार की गई। गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने के एक अन्य महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिनांक 15.10.2020 की अधिसूचना के माध्यम से 'प्राकृतिक गैस विपणन सुधार' की घोषणा की गई ताकि पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया से गैस उत्पादकों द्वारा बाजार में बेची जाने वाली गैस के बाजार मूल्य का पता लगाने के लिए मानक प्रक्रिया निर्धारित की जा सके; गैस की बिक्री के लिए सहयोगी कंपनियों को बोली प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी जा सके और कुछ क्षेत्र विकास योजना (एफडीपी) के लिए विपणन स्वतंत्रता की अनुमति दी जा सके जहां उत्पादन साझाकरण संविदा पहले से ही मूल्य निर्धारण स्वतंत्रता प्रदान करते हों।

इसके बाद, दिनांक 03.12.2020 की अधिसूचना के द्वारा ई–बिडिंग के माध्यम से घरेलू रूप से उत्पादित प्राकृतिक गैस के लिए बाजार मूल्य की खोज के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए गए थे। ई–बिडिंग करने के लिए डीजीएच द्वारा सूचीबद्ध एजेंसियों को भी अधिसूचित किया गया है।

ग) **एनईएलपी पूर्व अन्वेषण ब्लॉक:** वर्ष 1990 के बीच और एनईएलपी के कार्यान्वयन से पूर्व 28 अन्वेषण ब्लॉक निजी कंपनियों को प्रदान किए गए थे जहां ओएनजीसी और ओआईएल के पास हाइड्रोकार्बन खोजों के पश्चात ब्लॉक में भागीदारी के अधिकार प्राप्त हैं। दिसंबर, 2022 की स्थिति के अनुसार 9 कार्यशील एनईएलपी पूर्व अन्वेषण ब्लॉक हैं। भारत सरकार की विस्तारण नीति दिनांकित 07.04.2017 के तहत 2 पूर्व–एनईएलपी अन्वेषण ब्लॉकों के पीएससी का विस्तार किया गया है।

घ) **नई अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी)–1999 के पश्चात की स्थिति:** एनईएलपी के तहत, अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से भारतीय निजी और विदेशी कंपनियों को अन्वेषण ब्लॉक प्रदान किए गए थे, जहां राष्ट्रीय तेल कंपनियों अर्थात ओएनजीसी और ओआईएल द्वारा भी समान स्तर पर प्रतिस्पर्धा की। दिसंबर 2022 तक 33 एनईएलपी ब्लॉकों में परिचालन हो रहा है।

ङ) **खोजे गए लघु क्षेत्र (डीएसएफ) से संबंधित नीति:** खोजे गए लघु क्षेत्र नीति के तहत, सरकार द्वारा राजस्व भागीदारी मॉडल के आधार पर 85 संविदा क्षेत्र, डीएसएफ–I, डीएसएफ–II और डीएसएफ–III बोली दौर प्रदान किए गए हैं। दिसंबर 2022 तक, खोजे गए लघु क्षेत्र (डीएसएफ) बोली दौर के तहत 85 संविदा क्षेत्रों के लिए राजस्व भागीदारी संविदाओं (आरएससी) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। प्रदान किए गए पीएमएल के आधार पर 48 डीएसएफ संविदाएं कार्यशील हैं।

च) **हाइड्रोकार्बन अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एचईएलपी):** इस नीति के तहत, सरकार द्वारा ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी) के तहत सात बोली दौरों में राजस्व भागीदारी के आधार पर 134 अन्वेषी ब्लॉक आवंटित किए गए हैं।

## 2.7. पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस (पीईएल) और पेट्रोलियम खनन पट्टा (पीएमएल)

**2.7.1.** नामांकन व्यवस्था के तहत, ओएनजीसी द्वारा 5 पीईएल (2,995.00 वर्ग किलोमीटर) और 310 लंबी अवधि के पीएमएल ब्लॉकों का प्रचालन किया जा रहा है, जो लगभग 28,440.83 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को कवर करता है। इसके अलावा, ओएनजीसी द्वारा लगभग 18,611.75 वर्ग किमी क्षेत्र को कवर करने वाले विभिन्न बेसिनों में 7 वर्षीय लघु अवधि के 18 पीएमएल ब्लॉकों में भी प्रचालन कर रहा है। इसके अतिरिक्त, ओआईएल 4,946.73 वर्ग किमी क्षेत्र को कवर करते हुए नामांकन व्यवस्था के तहत 2 पीईएल और 25 पीएमएल क्षेत्रों का संचालन कर रहा है। ओएनजीसी और ओआईएल द्वारा संचालित पीईएल/पीएमएल का बेसिन-वार विवरण इस प्रकार है:

**तालिका 2.7 क. दिनांक 31.12.2022 की स्थिति के अनुसार नामांकन व्यवस्था के तहत ओएनजीसी द्वारा बेसिन-वार पीएल ऑपरेटिव और पीएमएल**

| कंपनी/ ऑपरेटर | बेसिन/राज्य | | पीईएल | | पीएमएल | | | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | दीर्घ कालिक | | लघु कालिक (7 वर्ष) | | | |
| | | | सं. | क्षेत्रफल (किमी2) | सं. | क्षेत्रफल (किमी2) | सं. | क्षेत्रफल (किमी2) | सं. | क्षेत्रफल (किमी2) |
| ओएनजीसी | असम-अराकान | असम | - | - | 42 | 1446.08 | 4 | 858.43 | 46 | 2304.51 |
| | | नगालैंड | 3 | 1590.00 | 1 | 12.00 | - | - | 4 | 1602.00 |
| | | त्रिपुरा | - | - | 16 | 1682.07 | 2 | 1363.05 | 18 | 3045.12 |
| | कॉम्बे | गुजरात | - | - | 156 | 5565.49 | 3 | 111.25 | 159 | 5676.74 |
| | कावेरी | तमिलनाडु-जमीनी | - | - | 24 | 644.68 | 2 | 3311.72 | 26 | 3956.40 |
| | | कावेरी-तटीय | | | 1 | 11.00 | - | - | 1 | 11.00 |
| | कृष्णा-गोदावरी | आंध्र प्रदेश-जमीनी | - | - | 34 | 1019.51 | 3 | 3309.58 | 37 | 4329.09 |
| | | केजी अपतटीय | - | - | 7 | 570.86 | - | - | 7 | 570.86 |
| | कच्छ अपतटीय | | 1 | 420.00 | - | - | - | - | 1 | 420.00 |
| | सौराष्ट्र अपतटीय | | - | - | 1 | 392.52 | 1 | 29.07 | 2 | 421.59 |
| | मुंबई अपतटीय | | 1 | 985.00 | 24 | 16256.98 | 3 | 9628.65 | 28 | 26870.63 |
| | जैसलमेर | राजस्थान | - | - | 4 | 839.64 | - | - | 4 | 839.64 |
| | | **कुल-ओएनजीसी** | **5** | **2,995** | **310** | **28,440.83** | **18** | **18,611.75** | **333** | **50,047.58** |
| | | | | | **नामांकन पीएमएल: 328 क्षेत्रफल (किमी2): 47,052.58** | | | | | |

**तालिका 2.7 ख. दिनांक 31.12.2022 की स्थिति तक नामांकन व्यवस्था के तहत ओआईएल द्वारा बेसिन-वार पीएल ऑपरेटिव और पीएमएल**

| कंपनी/ ऑपरेटर | बेसिन | | पीईएल | | पीएमएल | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सं. | क्षेत्रफल (किमी2) | सं. | क्षेत्रफल (किमी2) | सं. | क्षेत्रफल (किमी2) |
| ओआईएल-नामांकन | राजस्थान | जमीनी | - | - | 2 | 462.17 | 2 | 462.17 |
| | असम-अराकान | जमीनी | 2 | 136.75 | 23 | 4347.81 | 25 | 4484.56 |
| **कुल-ओआईएल** | | | **2** | **136.75** | **25** | **4,809.98** | **27** | **4,946.73** |

**2.7.2.** पीएससी व्यवस्था के तहत निजी/संयुक्त उद्यम कंपनियां 29,664 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को कवर करते हुए 24 पीईएल और 65 पीएमएल ब्लॉकों में संचालन कर रही हैं। निजी/संयुक्त उद्यम कंपनियों द्वारा संचालित पीईएल/पीएमएल का बेसिन-वार विवरण इस प्रकार है:

तालिका 2.8. दिनांक 31.12.2021 की स्थिति के अनुसार पीएसपी व्यवस्था के तहत निजी/संयुक्त उद्यम कंपनियों के बेसिन–वार पीईएल और पीएमएल

| बेसिन का नाम | पीईएल | | पीएमएल | |
|---|---|---|---|---|
| | पीईएल (सं.) | क्षेत्रफल (वर्ग किमी) | पीईएल (सं.) | क्षेत्रफल (वर्ग किमी) |
| असम–अराकान फोल्ड बेल्ट | 1 | 3213 | 0 | 0 |
| असम–अराकान शेल्फ | 6 | 6608 | 4 | 263 |
| बंगाल–पूर्णिया | 1 | 3940 | 0 | 0 |
| खंभात | 5 | 842 | 43 | 1220 |
| कावेरी | 2 | 267 | 2 | 156 |
| कृष्णा गोदावरी | 2 | 2076 | 12 | 2388 |
| कच्छ | 2 | 1594 | 0 | 0 |
| महानदी | 1 | 832 | 0 | 0 |
| मुंबई | 2 | 1965 | 0 | 0 |
| राजस्थान | 0 | 0 | 4 | 3287 |
| सौराष्ट्र | 1 | 552 | 0 | 0 |
| विंध्य | 1 | 462 | 0 | 0 |
| **कुल योग** | **24** | **22,349** | **65** | **7,315** |

तालिका 2.9. दिनांक 31.12.2022 की स्थिति तक डीएसएफ के तहत निजी/संयुक्त उद्यम कंपनियों के बेसिन–वार पीएमएल

| बेसिन का नाम | पीएमएल का सं. | पीएमएल क्षेत्रफल (वर्ग किमी) |
|---|---|---|
| असम–अराकान फोल्ड बेल्ट | 1 | 47 |
| असम शेल्फ | 8 | 168 |
| बंगाल–पूर्णिया | 1 | 541 |
| खंभात | 8 | 1037 |
| कृष्णा गोदावरी | 9 | 1384 |
| कच्छ | 2 | 2092 |
| मुंबई | 16 | 6285 |
| राजस्थान | 1 | 73 |
| **कुल** | **46** | **11,628** |

* डीएसएफ–III संविदा के लिए 2 पीएमएल एए/ओएनडीएसएफ/पथरिया/2021 और एए/ओएनडीएसएफ/टीयूकेबीएआई/2021 प्रदान किया गया है लेकिन पीएमएल डीड पर हस्ताक्षर होने के बाद यह प्रभावी होगा।

### 2.7.3. एचईएलपी के तहत 31 दिसंबर 2022 तक पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस (पीईएल) के अनुदान की स्थिति

सात दौर की बोली प्रक्रिया द्वारा प्रदान किए गए 134 ब्लॉकों में कुल 167 पेट्रोलियम एक्सप्लोरेशन लाइसेंस (पीईएल) शामिल थे, 31 दिसंबर 2022 तक इनमें से 138 पीईएल 1,81,838.1 वर्गमीटर के क्षेत्र के लिए प्रदान किए गए हैं। संघ राज्य क्षेत्र पुडुचेरी द्वारा 40.53 वर्ग किमी के क्षेत्र के लिए दो पीईएल अस्वीकृत किए गए थे। इसके अलावा 7,136.41 वर्ग किमी क्षेत्र में 10 पीईएल राज्य सरकार तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और संघ राज्य क्षेत्र पुडुचेरी द्वारा प्रदान नहीं किया गया था। इस क्षेत्र को लौटाया गया है। 18,161.43 वर्ग किमी क्षेत्र के शेष 17 पीईएल विभिन्न राज्य सरकारों के पास लंबित हैं। पीईएल स्थिति का सारांश इस प्रकार है:

तालिका 2.10. दिनांक 31.12.2021 तक आरएसपी व्यवस्था के तहत निजी/संयुक्त उद्यम कंपनियों के बेसिन–वार उद्यम

| ओएलएपी बोली दौर | पीईएल की कुल सं. | प्रदान किए गए पीईएल | लम्बित पीईएल | अस्वीकृत पीईएल |
|---|---|---|---|---|
| ओएलएपी I | 76 | 66 | 2 | **8 |
| ओएलएपी II | 18 | 17 | 1 | |
| ओएलएपी III | 21 | 15 | 2 | **4 |
| ओएलएपी IV | 7 | 7 | - | - |
| ओएलएपी V | 13 | 13 | - | - |
| ओएलएपी VI | 24 | 14 | 10 | - |
| ओएलएपी VII | 8 | 6 | 2 | - |
| **कुल** | **167** | **138** | **17** | **12** |

*प्रदान किए गए कुछ ब्लॉक एक से अधिक राज्यों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं इसलिए पीईएल की संख्या सौंपे गए ब्लॉकों की संख्या से अधिक है।

** तमिलनाडु, पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश राज्य में पीईएल का अनुदान नहीं देने के कारण, ठेकेदारों द्वारा ब्लॉक/आंशिक क्षेत्र वापस कर दिया गया है।

तालिका 2.11. दिनांक 31.12.2022 की स्थिति के अनुसार ओएएलपी के तहत पीईएल की बेसिन–वार स्थिति

| बेसिन | पीईएल की कुल सं. | प्रदान किए गए पीईएल | लम्बित पीईएल | अस्वीकृत पीईएल |
|---|---|---|---|---|
| अंडमान–निकोबार | 6 | 6 | 0 | |
| असम अराकान फोल्ड बेल्ट | 17 | 16 | 1 | |
| असम शेल्फ | 30 | 28 | 2 | |
| बंगाल–पूर्णिया | 5 | 4 | 1 | |
| खंभात | 6 | 5 | 1 | |
| खंभात | 19 | 18 | 1 | |
| कावेरी | 15 | 6 | 2 | 5*; 2** |
| कडप्पा | 1 | 0 | 1 | |
| गंगा–पंजाब | 4 | 2 | 2 | |
| हिमालयी फोरलैंड | 1 | 1 | 0 | |
| केरल कोंकण | 1 | 1 | 0 | |
| कृष्णा गोदावरी | 9 | 4 | 0 | 5** |
| कच्छ | 8 | 7 | 1 | |
| महानदी | 9 | 9 | 0 | |
| मुंबई अपतटीय | 8 | 8 | 0 | |
| नर्मदा | 2 | 0 | 2 | |
| राजस्थान | 16 | 15 | 1 | |
| सतपुड़ा–दक्षिण रीवा–दामोदर | 1 | 0 | 1 | |
| सौराष्ट्र | 1 | 0 | 1 | |
| सौराष्ट्र | 3 | 3 | 0 | |
| विंध्य | 5 | 5 | 0 | |
| **कुल योग** | **167** | **138** | **17** | **12** |

कुछ बेसिन एक से अधिक अधिकार क्षेत्र में आते हैं जैसे कि तटवर्ती / अपतटीय में या कई राज्य में।

* तमिलनाडु/पुडुचेरी द्वारा 5 पीईएल अस्वीकार करने से ऑपरेटर ने क्षेत्र/ब्लॉक का समर्पण कर दिया।

** तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी राज्यों को मिलाकर 7 पीईएल के लिए अनुदान न मिलने के कारण, ऑपरेटर ने ब्लॉक वापस कर दिया।

## 2.8. नामांकन व्यवस्था के तहत ओएनजीसी ओर ओआईएल द्वारा अन्वेषण के प्रयास

ओएनजीसी और ओआईएल ने स्थापना के बाद से 31 दिसंबर, 2020 तक 9,17,333 लाइन किलोमीटर (एलकेएम) में 2डी भूकंपीय सर्वेक्षण किए हैं, 1,46,434 वर्ग किमी. 3डी भूकंपीय सर्वेक्षण किया है और 6,826 अन्वेषण कुएं ड्रिल किए हैं। ओएनजीसी और ओआईएल द्वारा किए गए 2डी, 3डी भूकंपीय और अन्वेषी कूपों के संदर्भ में किए गए अन्वेषी प्रयासों का विवरण इस प्रकार है:

तालिका 2.12. नामांकन व्यवस्था के तहत ओएनजीसी और ओआईएल के अन्वेषण संबंधी इनपुट

| क्र. सं. | कंपनी | 31.12.2021 तक संचयी अन्वेषी प्रयास | | अन्वेषी कुएं (सं.) |
|---|---|---|---|---|
| | | 2डी भूकंपीय (एलकेएम) | 3डी भूकंपीय (वर्ग किमी) | |
| 1 | ओएनजीसी–नामांकन | 8,83,040 | 1,34,723 | 6,408 |
| 2 | ऑयल इंडिया लिमिटेड–नामांकन | 34,293 | 11,711 | 418 |
| | **कुल** | **9,17,333** | **1,46,434** | **6,826** |

## 2.9. पीएससी और आरएससी के तहत निजी/संयुक्त उद्यम कंपनियों द्वारा अन्वेषी प्रयास

**2.9.1.** दिनांक 1 अप्रैल, 2022 तक पीएससी और आरएससी व्यवस्थाओं के तहत 2डी भूकंपीय, 3डी भूकंपीय और अन्वेषी कुओं के संदर्भ में निजी/संयुक्त उद्यम कंपनियों द्वारा किए गए बेसिन–वार अन्वेषी प्रयास इस प्रकार हैं:

तालिका 2.13. दिनांक 31.12.2022 तक पीएससी व्यवस्था में कुल अन्वेषणात्मक इनपुट

| बेसिन नाम | 2डी भूकंपीय एलकेएम | 3डी भूकंपीय एसकेएम | अन्वेषी कुएं (संख्या) |
|---|---|---|---|
| अंडमान–निकोबार | 27070 | 16562 | 6 |
| असम–अराकान फोल्ड बेल्ट | 1352 | 613 | 4 |
| असम–अराकान शेल्फ | 5468 | 2203 | 41 |
| बंगाल–पूर्णिया | 5247 | 4909 | 13 |
| खंभात | 29994 | 9167 | 317 |
| कावेरी | 64727 | 44561 | 51 |
| डेक्कन सिनक्लिज | 476 | 0 | 0 |
| गंगा | 3876 | 263 | 4 |
| हिमालय–फोरलैंड | 810 | 0 | 1 |
| केरल कोंकण | 52290 | 14035 | 7 |
| कृष्णा गोदावरी | 76106 | 70711 | 207 |
| कच्छ | 2985 | 8345 | 21 |
| महानदी | 59542 | 64659 | 53 |
| मुंबई | 21349 | 27285 | 51 |
| प्रणहिता गोदावरी | 195 | 0 | 1 |
| राजस्थान | 14157 | 16396 | 311 |
| सतपुड़ा–दक्षिण रीवा–दामोदर | 2050 | 304 | 2 |
| सौराष्ट्र | 16037 | 15428 | 16 |
| विंध्य | 3918 | 858 | 8 |
| गंगा–पंजाब | 2542 | 1420 | 4 |
| **कुल योग** | **3,90,191** | **2,97,718** | **1,118** |

तालिका 2.14. दिनांक 31.12.2022 तक आरएससी व्यवस्था (ओएएलपी) में कुल अन्वेषी इनपुट

दिनांक 31 दिसंबर 2022 तक, ब्लॉकों के ठेकेदारों ने 2डी भूकंपीय डेटा के 29,368.48 एलकेएम और 3डी भूकंपीय डेटा का के 24,205.6 वर्ग किमी सीडब्ल्यूपी का एकत्रण किया है।

| बेसिन | हासिल 2डी भूकंपीय (एलकेएम) | हासिल 3डी भूकंपीय (एलकेएम) |
|---|---|---|
| अंडमान–निकोबार | 8501 | 2130 |
| असम अराकान फोल्ड बेल्ट | 509 | 129 |
| असम शेल्फ | 2572 | 359 |
| बंगाल पूर्णिया | 100 | 701 |
| खंभात | 1519 | 893 |
| कावेरी | 0 | 1500 |
| केरल कोंकण | 0 | 1028 |
| कृष्णा गोदावरी | 431 | 1514 |
| कच्छ | 398 | 1358 |
| महानदी | 2305 | 3602 |
| मुंबई अपतटीय | 940 | 7711 |
| राजस्थान | 10651 | 655 |
| सौराष्ट्र | 202 | 1288 |
| विंध्य | 1241 | 1339 |
| **कुल** | **29,368** | **24,206** |

## 2.10. वर्ष 2022–23 में दिसंबर 2022 तक हाइड्रोकार्बन की खोज

31.12.2022 तक कुल 11 एचसी खोजें की गई है, जिनमें नामांकन व्यवस्था में 6 खोजें और संविदात्मक व्यवस्थाओं में 5 खोजें शामिल हैं।

तालिका 2.15. वर्ष 2022–23 में हाइड्रोकार्बन की खोज

| क्र. सं. | कंपनी | तेल की खोज | गैस की खोज | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ओएनजीसी (नामांकन) | 1 | 4 | 5 |
| 2 | ओआईएल (नामांकन) | 1 | 0 | 1 |
| 3 | पीएससी / आरएससी | 3 | 2 | 5 |
| | **कुल** | **5** | **6** | **11** |

इस अवधि के दौरान, ओएनजीसी ने नामांकन और संविदात्मक व्यवस्था में अपने संचालित क्षेत्रों में 7 हाइड्रोकार्बन खोजें की हैं। इनमें से 5 तटवर्ती और 2 अपतटीय क्षेत्र में हैं। इनमें से दो जमीनी खोजें जो मंडपेटा–60 और केसनपल्ली–पश्चिम दीप–7 में की गई थी उनका ओएनजीसी द्वारा मौद्रीकरण किया गया है। वर्ष 2022–23 में दिसंबर, 2022 तक की गई हाइड्रोकार्बन खोजों का विवरण इस प्रकार है:

तालिका 2.16. ओएनजीसी द्वारा हाइड्रोकार्बन की खोज

| क्र. सं. | बेसिन/राज्य | कूपों की संख्या | हाइड्रोकार्बन का प्रकार | ऐकरेज |
|---|---|---|---|---|
| जमीनी | | | | |
| 1 | केजी–जमीनी (आंध्र प्रदेश) | मंडपेटा–60 | गैस | मंडपेटा पीएमएल |
| 2 | | मल्लेश्वरम–22 | गैस | मल्लेश्वरम पीएमएल |
| 3 | | केसनपल्ली पश्चिम दीप–7 | तेल और गैस | अदाविपलेम–पोनम्मांडा पीएमएल (सतह स्थिति) / वैनेत्यम पीएमएल (उप–सतह स्थिति) |
| 4 | | करुगोरुमिल्ली–1 | गैस | गोदावरी जमीनी |
| 5 | बंगाल जमीनी | कांकपुल–1 | गैस | डब्ल्यूबी एवं ओएनएनएन-2005/4 |
| अपतटीय | | | | |
| 6 | केजी–अपतटीय (पूर्वी तट) | जीएस–15–22 | गैस | वैनेत्यम |
| 7 | मुंबई अपतटीय (पश्चिमी तट) | एमबीएस171एचएए–1 | गैस | एमबी–ओएसएचपी–2017 / 1 |

**ओआईएल द्वारा हाइड्रोकार्बन की खोज:** वित्त वर्ष 2022–23 (दिसंबर 2022 तक) के दौरान, ओआईएल ने दिसंबर 2022 में कुएं सेसबिल–1, हगरीजन पीएमएल, असम में एक खोज (तेल) की है, जिसमें प्रारंभिक परीक्षण के दौरान हाइड्रोकार्बन की उपस्थिति स्थापित हुई है। खोज की वाणिज्यिक बिक्री स्थापित करने के लिए इसका विस्तार से परीक्षण करने की योजना बनाई गई है।

**संविदात्मक व्यवस्था में हाइड्रोकार्बन की खोज:** इसके अलावा, 2022–23 में दिसंबर, 2022 तक संविदात्मक व्यवस्था के तहत पांच हाइड्रोकार्बन खोजों को अधिसूचित किया गया है। हाइड्रोकार्बन खोजों का विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | खोज का नाम | ब्लॉक | बेसिन | एनईएलपी/ एनईएलपी–पूर्व | ऑपरेटर | तेल/गैस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एफबी–1 | सीबी–ओएनएचपी–2017/7 | कैम्बे | ओएलएपी | वेदांता | तेल |
| 2 | आरई–7 | रव्वा | कृष्णा गोदावरी | एनईएलपी पूर्व क्षेत्र दौर | वेदांता | तेल |
| 3 | कांकपुल–1 (के–डब्ल्यूपी–सी) | डब्ल्यूबी–ओएनएन–2005/4 | बंगाल | एनईएलपी | ओएनजीसी | गैस |
| 4 | आरएफ–10 | रव्वा | कृष्णा गोदावरी | एनईएलपी पूर्व क्षेत्र दौर | वेदांता | तेल |
| 5 | एमबीएस171एचएए–1 | एमबी–ओएसएचपी–2017/1 | मुंबई अपतटीय | ओएएलपी | ओएनजीसी | गैस |

## 2.11. राष्ट्रीय आंकड़ा कोष (एनडीआर)

**2.11.1.** भारत सरकार द्वारा 30 जून, 2017 को हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति (एचईएलपी) के एक भाग के रूप में ओपन एकरेज लाइसेंसिंग प्रोग्राम (ओएएलपी) को अधिसूचित किया गया है।

राष्ट्रीय डेटा भंडार (एनडीआर) को डीजीएच में स्थापना किया गया था और 28 जून, 2017 को वाणिज्यिक अन्वेषण, अनुसंधान और विकास और शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए संपूर्ण अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी) डेटा उपलब्ध कराने के लिए लॉन्च किया गया था। एनडीआर एक पूर्व–अपेक्षित और प्रमुख घटक था जिसका उद्देश्य निवेशकों द्वारा सतही और उप–सतही भूवैज्ञानिक, भूभौतिकीय और अन्य तकनीकी डेटा देखने के लिए ओएएलपी को कार्यान्वित करना है।

पूरे देश के ईएंडपी डेटा को एनडीआर में अपलोड किया जा रहा है ताकि ओएएलपी के माध्यम से अपनी पसंद के खुले ब्लॉक का चुनाव करने के लिए किसी भी इच्छुक पार्टी को दुनिया भर का यह डाटा उपलब्ध हो सके।

31 दिसंबर 2022 तक एनडीआर में लोड किया गया संचयी डेटा:

क) 2डी भूकंपीय डेटा : 3,284 मिलियन एलकेएम

ख) 3डी भूकंपीय डाटा : 1,041 मिलियन एसकेएम

ग) कुएं और लॉग डाटा : 22,563 कुएं

घ) कुओं की रिपोर्ट : 46,826 रिपोर्ट

इसके अलावा, डेटा की उपलब्धता, रिपोर्टिंग और संवर्धित भंडारण में अधिक सुधार करने के उद्देश्य से क्लाउड सक्षम डेटाबेस प्लेटफॉर्म के माध्यम से राष्ट्रीय आंकड़ा कोष के पूर्ण उन्नयन की योजना बनाई गई है।

## 2.12. कच्चे तेल और गैस उत्पादन को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा की गई नीतिगत पहल

हाइड्रोकार्बन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एक प्रमुख अभियान के रूप में सरकार ने कई नीतिगत पहलों की हैं। हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में सुधार घरेलू तेल और गैस उत्पादन में वृद्धि, निवेश में वृद्धि, बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन, पारदर्शिता में वृद्धि और नियामक बोझ को कम करने के मार्गदर्शक सिद्धांतों पर आधारित हैं। कुछ उल्लेखनीय नीतिगत सुधार सूचीबद्ध हैं:

**2.12.1.** मार्च, 2016 में हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और लाइसेंस नीति/ओपन एकरेज लाइसेंस कार्यक्रम (मार्च, 2016), सरकार ने हाइड्रोकार्बन अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एचईएलपी) का आरंभ किया। एचईएलपी लागत वसूली से राजस्व भागीदारी प्रबंधन में एक आदर्श बदलाव किया गया है जिसमें ठेकेदार उत्पादन की शुरुआत से सरकार के साथ राजस्व साझा करते हैं। ठेकेदार बोली प्रस्तुत करते समय एलआरपी और एचआरपी पर राजस्व भागीदारी प्रतिशत उद्धृत करते हैं।

यह भारतीय अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी) क्षेत्र में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में सुधार करने की दिशा में एक बड़ा कदम था क्योंकि अब सरकार को ठेकेदारों

की दिन–प्रतिदिन की वाणिज्यिक गतिविधियों में हस्तक्षेप करने की आवश्यकता नहीं है। सरकार द्वारा 30 मार्च 2016 को हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन और लाइसेंसिंग पॉलिसी (एचईएलपी) के एक भाग के रूप में ओपन एकरेज लाइसेंसिंग प्रोग्राम (ओएएलपी) का आरंभ किया गया था और इसे औपचारिक रूप से दिनांक 1 जुलाई 2017 से लागू किया गया था, जो अन्वेषण कंपनियों को सरकार की औपचारिक बोली दौर की प्रतीक्षा किए बिना अपने दम पर अन्वेषण ब्लॉकों का चयन करने का विकल्प देता है।

एचईएलपी में आकर्षक और उदार शर्तें हैं जैसे कि कम रॉयल्टी दरें, तेल उपकर का न होना, विपणन और मूल्य निर्धारण स्वतंत्रता, साल भर बोली लगाने की स्वतंत्रता, निवेशकों को अपनी रुचि के ब्लॉक बनाने की स्वतंत्रता, पारंपरिक और अपरंपरागत हाइड्रोकार्बन दोनों को कवर करने के लिए एकल लाइसेंस, संपूर्ण अनुबंध अवधि के लिए खोज की अनुमति और एक आसान, पारदर्शी और तेज बोली और पुरस्कार प्रक्रिया। एचईएलपी इच्छुक बोलीदाताओं द्वारा 3 विंडो (1 अप्रैल से 31 जुलाई, 1 अगस्त से 30 नवंबर और 1 दिसंबर से 31 मार्च) में रुचि प्रकटन (ईओआई) प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

**एचईएलपी की मुख्य विशेषताएं**

- राष्ट्रीय डाटा कोष (एनडीआर) का उपयोग करके ब्लॉकों को बेहतर बनाने का अवसर
- पारंपरिक और अपरंपरागत दोनों हाइड्रोकार्बन के लिए एकीकृत लाइसेंस
- सरल और प्रचालन में आसान राजस्व साझाकरण मॉडल
- नियामक बोझ में कमी
- आसान प्रवेश और बाधा मुक्त निकास
- पूर्ण पारदर्शिता और समयबद्ध प्रक्रिया
- वैश्विक निजी कंपनियों के साथ–साथ राष्ट्रीय तेल कंपनियों के लिए समान अवसर
- बाजार मूल्य निर्धारण और बाजार तक आसान पहुंच
- अत्यधिक गहरे पानी और उथले पानी वाले क्षेत्रों के लिए रियायती रॉयल्टी व्यवस्था
- पूर्ण संविदा जीवन के लिए अन्वेषण अधिकार

सरकार द्वारा जनवरी 2018 में एचईएलपी के तहत पहला ओएएलपी बोली दौर आरंभ किया गया था। 2017 में देश में हाइड्रोकार्बन संसाधनों के सभी भू–वैज्ञानिक डेटा को समाहित करने वाला एक डेटाबेस, अत्याधुनिक राष्ट्रीय डेटा कोष आरंभ किया गया था जो सक्षम निवेशकों को सूचित निर्णय लेने में समर्थ बनाता है।

सरकार द्वारा 28 फरवरी 2019 को एचईएलपी के तहत अपस्ट्रीम क्षेत्र में नीतिगत सुधारों को अधिसूचित किया था ताकि अन्वेषण गतिविधियों को बढ़ाया जा सके, तलछटीय बेसिनों के अनछूए/अनाबंटित क्षेत्रों में घरेलू और विदेशी निवेश को आकर्षित किया जा सके और अनुमोदन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित और तेज करके व्यापार में सुगमता को बढ़ाया जा सके। ये सुधार ओएएलपी दौर IV से लागू किए गए थे। श्रेणी–I बेसिन (पहले के 50% की तुलना में 70%), श्रेणी–II और III प्रकार के ब्लॉक के लिए अन्वेषी कार्य कार्यक्रम के लिए अधिक वेटेज के साथ श्रेणी विशिष्ट बोली मूल्यांकन मानदंड जो केवल खोजकर्ता कार्य कार्यक्रम, कम अन्वेषण अवधि, तेल और गैस उत्पादन में तेजी लाने के लिए रियायती रॉयल्टी दरें, वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र की शुरुआत और सांविधिक मंजूरी/अनुमोदन में तेजी लाने के लिए अधिकार प्राप्त समन्वय समिति (ईसीसी) पर आधारित है।

विश्व स्तरीय राष्ट्रीय डेटा कोष (एनडीआर) पर आधारित एचईएलपी/ओएएलपी के सफल कार्यान्वयन के साथ, सरकार ने भारत में अन्वेषण एकरेज में भारी वृद्धि हासिल की है। ओएएलपी बोली दौर की शुरूआत के बाद वृद्धि/अनुमानित सक्रिय एकरेज इस प्रकार है–

**क. भागीदारी का सारांश**

सात ओएएलपी बोली दौरों में, प्रस्तावित 139 ब्लॉकों में से 2,07,692 वर्ग किमी के क्षेत्र को कवर करने वाले 134 अन्वेषण ब्लॉक सफल बोलीदाताओं को सौंपे गए हैं। सीबीएम पर फोकस के साथ ओएएलपी–दौर–III के तहत प्रस्तावित पांच (5) ब्लॉक के लिए कोई बोली प्राप्त नहीं हुई है। शेष 134 ब्लॉकों के लिए कुल 239 बोलियां प्राप्त हुई हैं जो 19 तलछटीय बेसिनों में फैली हुई हैं।

ओएएलपी दौर में भागीदारी का सारांश इस प्रकार है:

| ओएएलपी बोली दौर | प्रस्तावित ब्लॉक | भागीदारों की संख्या | बोलियों की सं. | प्रस्तावित क्षेत्र (वर्ग कि.मी) | सौंपा गया क्षेत्र (वर्ग कि.मि.) |
|---|---|---|---|---|---|
| ओएएलपी-I | 55 | 9 | 110 | 59,283 | 59,283 |
| ओएएलपी-II | 14 | 8 | 33 | 29,233 | 29,233 |
| ओएएलपी-III | 23* | 5 | 42 | 31,722 | 29,765 |
| ओएएलपी-IV | 7 | 2 | 8 | 18,510 | 18,510 |
| ओएएलपी-V | 11 | 3 | 12 | 19,789 | 19,789 |
| ओएएलपी-VI | 21 | 3 | 24 | 35,346 | 35,346 |
| ओएएलपी-VII | 8 | 4 | 10 | 15,766 | 15,766 |
| **कुल** | **139** | **34** | **239** | **2,09,649** | **2,07,692*** |

* पांच सीबीएम ब्लॉकों के लिए कोई बोली प्राप्त नहीं हुई।

## सौंपे गए ब्लॉकों और अब तक किए गए कार्यों का सारांश

- दिनांक 31.12.2022 की स्थिति के अनुसार, ई एंड पी गतिविधियों के लिए 2,07,692 वर्गमीटर किमी. क्षेत्र में फैले 134 अन्वेषी ब्लॉकों के सौंपे जाने के साथ–साथ सात ओएएलपी बोली दौर समाप्त हो गए हैं। हालाँकि, सात ब्लॉकों को छोड़ने के बाद, 2,00,632 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करने वाले 127 अन्वेषी ब्लॉक चालू हो गए हैं।
- ओएएलपी बोली दौर–VII तक ~3.13 बिलियन अमेरिकी $ निवेश की प्रतिबद्धता
- सात ओएएलपी बोली दौरों के तहत 127 परिचालन ब्लॉकों में प्रतिबद्ध कार्य कार्यक्रम 27,745 एलकेएम 2डी भूकंपीय; 56,443 एसकेएम 3डी भूकंपीय और 470 अन्वेषी कुएं हैं
- सौंपे गए इन ब्लॉकों में अन्वेषण गतिविधियां चलाई जा रही हैं और स्थापना के बाद से लगभग 29,368 एलकेएम 2डी भूकंपीय सर्वेक्षण, 24,206 एसकेएम 3डी भूकंपीय सर्वेक्षण पूरा हो चुके है और 2022–23 की तीसरी तिमाही तक 21 कुएं खोदे जा चुके हैं
- अब की स्थिति तक मैसर्स वेदांता (राजस्थान में 2 और कैम्बे बेसिन में 2) और ओएनजीसी (मुंबई अपतटीय बेसिन में 1) द्वारा 5 खोजें (3 तेल + 2 गैस) की गई हैं। तेल की खोज: केडब्ल्यू2 उपदीप–1, दुर्गा–1 और एफबी–1; गैस/कंडेनसेट खोज: जया–1 और एमबीएस171 एचएए–ए

**ओएएलपी की सूचिबद्ध खोजें**

| क्र.सं. | ब्लॉक और बेसिन | ओएएलपी दौर | ऑपरेटर | कूप/खोज | खोज का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आरजे–ओएनएचपी–2017/1 (राजस्थान बेसिन) | I | वेदांता | केडब्ल्यूपी–2–अपदीप 1 | तेल |
| 2 | | | | दुर्गा–1 | तेल |
| 3 | सीबी–ओएनएचपी–2017/2 (कैम्बे बेसिन) | I | | जया–1 | गैस और कंडेनसेट |
| 4 | सीबी–ओएनएचपी–2017/7 (कैम्बे बेसिन) | I | वेदांता | एफबी–1 | तेल |
| 5 | एमबी–ओएसएचपी–2017/1 (मुंबई अपतट बेसिन) | I | ओएनजीसी | एमबीएस171एचएए–ए | गैस और कंडेनसेट |

- **ओएएलपी बोली दौर–VIII:** 16.05.2023 तक अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली के लिए 7 जुलाई 2022 को इसे शुरू किया गया जिसमें 36,364 वर्ग किमी. के कुल क्षेत्रफल वाले 10 ब्लॉकों की पेशकश की गई।
- **ओएएलपी के तहत विशेष सीबीएम बोली दौर:** इसके अलावा, भारत सरकार ने ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी) के तहत दो विशेष सीबीएम बोली दौर (एससीबीएम) आरंभ किए थे। 22 सितंबर 2021 को आरंभ किए गए पहले एससीबीएम दौर में अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) के माध्यम से 8,458 वर्ग किमी. को कवर करते हुए 15 सीबीएम ब्लॉक के साथ ~700 बीसीएम पूर्वानुमानित सीबीएम संसाधन पेश किए गए। प्राप्त हुआ पांच (05) बोलियों के बोली मूल्यांकन के

आधार पर, 3,862 वर्ग किमी क्षेत्र को कवर करने वाले 4 सीबीएम ब्लॉक क्षेत्र तीन कंपनियों को सौंपे गए जिसमें 02 निजी कंपनियां और 9 सितंबर 2022 को भारत सरकार के साथ राजस्व भागीदारी संविदा (आरएससी) शामिल हैं।

- इसके अलावा, सरकार द्वारा 10 अक्टूबर 2022 को विशेष सीबीएम बोली दौर का दूसरा दौर शुरू किया गया है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) के माध्यम से लगभग 5,860 वर्ग किमी. क्षेत्र को कवर करते हुए 16 सीबीएम ब्लॉक बोली लगाने के लिए पेश किए गए हैं।
- **ओएलएपी बोली दौर–IX (मेगा अपतटीय ओएएलपी बोली दौर–IX):** सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से अन्वेषण और विकास के लिए 10 अक्टूबर 2022 को मेगा ओएएलपी बोली दौर–IX आरंभ किया गया था, जिसमें लगभग 2.23 लाख वर्ग किमी क्षेत्र को कवर करने वाले 26 ओपन एकरेज ब्लॉक की पेशकश की गई थी। इन 26 ब्लॉकों में से 18 सरकार द्वारा बनाए गए हैं और 8 संभावित निवेशकों से प्राप्त ईओआई के माध्यम से बनाए गए हैं। 15 ब्लॉक अत्यधिक गहरे पानी में हैं, 8 ब्लॉक उथले पानी में हैं और 3 जमीनी ब्लॉक में हैं।

### 2.12.2. खोजे गए लघु क्षेत्र पॉलिसी (डीएसएफ)

**डीएसएफ पॉलिसी: पृष्ठभूमि**

- आर्थिक कार्य संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) द्वारा 2 सितंबर, 2015 को सीमांत क्षेत्र पॉलिसी को अनुमोदित किया गया था और 14.10.2015 की अधिसूचना सं. ओ–19018/22–95–ओएनजी–III द्वारा अधिसूचित किया गया था ताकि गैर–मौद्रीकृत राष्ट्रीय तेल कंपनियां (एनओसी) का उत्पाद हो सके। इस नीति का नाम बाद में परिवर्तित कर खोजे गए लघु क्षेत्र (डीएसएफ) पॉलिसी कर दिया गया था। 25 मई 2016 को डीएसएफ दौर–I शुरू किया गया था।
- सीसीईए ने 7 फरवरी 2018 की अपनी बैठक में नामांकन व्यवस्था की गैर–मौद्रीकृत खोजों के साथ–साथ प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट (पीएससी) व्यवस्था से गैर–मौद्रीकृत खोजों/लघु क्षेत्रों को इसमें शामिल करने के लिए इस नीति का विस्तार करने की मंजूरी दी। डीएसएफ–II दौर 09 अगस्त 2018 को शुरू किया गया था। सरकार ने भविष्य की बोली के दौरों के लिए डीएसएफ नीति का विस्तार करने का भी फैसला किया। इस प्रयोजन के लिए, अपर सचिव/अपर सचिव और वित्तीय सलाहकार (एमओपीएनजी), जेएस (अन्वेषण, एमओपीएनजी) और हाइड्रोकार्बन के महानिदेशक की एक समिति भावी बोली दौर के लिए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (ओएनजीसी) और सीएमडी (ओआईएल) के परामर्श से क्षेत्र/खोजों की पहचान करेगी जिन्हें पेश किया जाएगा। डीएसएफ नीति के विस्तार को अधिसूचना संख्या ओ–31018/149/2016–ओएनजी–III दिनांक 5 अप्रैल 2018 द्वारा अधिसूचित किया गया था।

डीएसएफ दौरों की मुख्य राजकोषीय और नीतिगत विशेषताएं

- पारंपरिक और गैर–पारंपरिक हाइड्रोकार्बन के लिए एकल लाइसेंस
- संविदागत अवधि के दौरान अन्वेषण गतिविधि पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाना
- कोई अग्रिम हस्ताक्षर बोनस नहीं देना
- अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली के तहत बोलियां आमंत्रित किया जाना
- मूल्य निर्धारण और बिक्री–विपणन स्वतंत्रता
- कम रॉयल्टी, कोई उपकर नहीं लगाना, सीमा शुल्क से छूट
- योग्यता: किसी तकनीकी अनुभव की आवश्यकता नहीं है, विदेशी कंपनियों द्वारा 100% तक की भागीदारी
- बोली योग्य मापदंडों में कार्य–कार्यक्रम (50%) और राजस्व भागीदारी (50%) के बराबर भार
- उच्च राजस्व बिंदु (एचआरपी) पर 50% की कैप
- प्रारंभिक वाणिज्यिक उत्पादन को प्रोत्साहन देना
- परिनिर्धारित नुकसान में कमी (एलडी) राशि (डीएसएफ–I और II की एलडी दरों में 75% की कमी)
- उपयुक्त निकासी विकल्प

अब तक तीन डीएसएफ दौर आयोजित किए जा चुके हैं। मुख्य विवरण इस प्रकार हैं:

**डीएसएफ बोली दौर–I 2016**

- आरंभ की तारीख: 25 मई 2016
- प्रस्तावित क्षेत्र: 46 संविदागत क्षेत्र (67 क्षेत्र/खोज), 1,551 वर्ग किमी क्षेत्र, यथा–स्थाने 86 एमएमटीओई
- 34 संविदागत क्षेत्रों से 134 बोलियां प्राप्त हुईं
- सौंपे गए: 3.0 संविदागत क्षेत्र (4.3 क्षेत्र/खोज), 777 वर्ग किमी. का क्षेत्र, यथास्थाने 45 एमएमटीओई
- संविदा पर हस्ताक्षर की तारीखरु 27 मार्च 2017

**डीएसएफ बोली दौर-II 2018**

- आरंभ की तारीख: 09 अगस्त 2018
- प्रस्तावित क्षेत्र: 25 संविदागत क्षेत्र (59 क्षेत्र/खोज), 3,042 वर्ग किमी. का क्षेत्र, यथास्थाने 190 एमएमटीओई
- 24 संविदागत क्षेत्रों से 145 बोलियां प्राप्त हुईं
- सौंपे गए: 2.4 संविदागत क्षेत्र (5.8 क्षेत्र/खोज), 3,000 वर्ग किमी. क्षेत्रफल, यथास्थान 188.9 एमएमटीओई।
- संविदा पर हस्ताक्षर की तिथि: 7 मार्च 2019

**डीएसएफ बोली दौर-III 2022**

- आरंभ की तारीख: 10 जून 2021।
- प्रस्तावित क्षेत्र: 32 संविदागत क्षेत्र (75 क्षेत्र/खोज), ~13,000 वर्ग किमी. क्षेत्र, यथास्थान 232 एमएमटीओई
- 32 संविदागत क्षेत्रों (सीए) के लिए 107 बोलियां प्राप्त हुईं।
- 27 कंपनियों ने भाग लिया (04 पीएसयू और 2 विदेशी कंपनियां)।
- 30 संविदागत क्षेत्र (72 क्षेत्र/खोज), 12,400 वर्ग किमी. क्षेत्र, यथास्थाने 230 एमएमटीओई के लिए आरएससी पर हस्ताक्षर किए गए।
- संविदा पर हस्ताक्षर की तिथिरू 9 सितंबर 2022।

**डीएसएफ–I, II और III संविदा की स्थिति इस प्रकार है:**

| क्र. सं. | स्थिति | डीएसएफ–I | डीएसएफ–II | डीएसएफ–III | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सौंपे गए संविदागत क्षेत्र (सीए) | 30 | 24 | 31 | 85 |
| 2 | सीए जहां पीएमएल लंबित है | 4 | 5 | 13 | 22 |
| 3 | त्याग के अधीन संविदा क्षेत्र | 6 | | | 6 |
| 4 | समाप्ति/समाप्त किए जाने के अधीन मामले | 5 | 5 | | 10 |
| 5 | आरएससी पर हस्ताक्षर किए जाने हैं | | | 1* | 1 |
| 6 | संचालन | 15 | 14 | 17 | 46 |

* एक संविदा क्षेत्र– आरएससी पर हस्ताक्षर किया जाना बाकी है।

**2.12.3. सीबीएम ब्लॉकों के लिए बोली लगाना:** भारत सरकार द्वारा वर्ष 1997 में कोल बेड मीथेन (सीबीएम) नीति तैयार की गई थी। देश में सीबीएम अन्वेषण के लिए लगभग 26,000 वर्ग किमी. क्षेत्र की पहचान की गई थी।

- भारत में अनुमानतः सीबीएम संसाधन लगभग 2,600 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) है।
- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा चार सीबीएम बोली दौर चलाए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 16,598 वर्ग किमी क्षेत्र के 33 सीबीएम ब्लॉक खनामांकन व्यवस्था में 2 ब्लॉक और विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआईपीबी) मार्ग के माध्यम से 1 ब्लॉक, सौंपे गए हैं।
- वर्तमान में पहले के सीबीएम दौर से संबंधित 08 सीबीएम ब्लॉक हैं जो सक्रीय हैं, जिनमें से 05 ब्लॉकों में उत्पादन हो रहा है। दिसंबर–2022 तक सीबीएम का समेकित उत्पादन लगभग 5.58 बीसीएम है।
- ओएएलपी (एससीबीएम–2021) के तहत विशेष सीबीएम बोली दौर 2021: भारत सरकार द्वारा 22 सितंबर 2021 को ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी) के तहत विशेष सीबीएम बोली दौर–2021 आरंभ किया गया था, जिसमें अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) के माध्यम से ~700 बीसीएम पूर्वानुमानित सीबीएम संसाधन के साथ 8,458 वर्ग किलोमीटर को कवर करने वाले 15 सीबीएम ब्लॉक पेश किए गए थे। बोली प्रक्रिया दिनांक 31.05.2022 को समाप्त हुई।

  एससीबीएम बोली दौर–2021 के तहत, चार (4) ब्लॉक 03 कंपनियों (ओएनजीसी, वेदांता और इनवेनियर पेट्रोडाइन एनर्जी) को सौंपे गए थे, जो 3,862 वर्ग किमी के क्षेत्र को कवर करते हैं। इन 04 ब्लॉकों में से 02 ब्लॉकों के लिए पीईएल प्रदान किया गया है।
- ओएएलपी (एससीबीएम–2022) के तहत विशेष सीबीएम बोली दौर 2022: सरकार द्वारा 10 अक्टूबर 2022 को विशेष सीबीएम बोली दौर का दूसरा दौर शुरू किया था, जिसमें अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) के माध्यम से लगभग 5,817 वर्ग किलोमीटर को कवर करने वाले 16 सीबीएम ब्लॉक पेश किए गए हैं। सभी प्रस्तावित 16 ब्लॉक श्रेणी–III बेसिन में हैं।

**2.12.4. राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम (एनएसपी) परियोजना**

सरकार द्वारा संपूर्ण गैर मूल्यांकित क्षेत्रों का 2डी भूकंपीय सर्वेक्षण करने से संबंधित कार्यक्रम आरंभ किया गया है। राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम (एनएसपी) का आरंभ 12 अक्टूबर 2016 को किया गया था। इस कार्यक्रम के तहत, सरकार द्वारा 48,243 लाइन किलोमीटर (एलकेएम) के डेटा अधिग्रहण, प्रसंस्करण और व्याख्या (एपीआई) के लिए 2डी भूकंपीय सर्वेक्षण करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी गई है। इस परियोजना की अनुमानित लागत ₹ 29,321.99 करोड़ थी।

लक्ष्यबद्ध 48,243 एलकेएम (97% उपलब्धि) की तुलना में 46,960 एलकेएम 2डी भूकंपीय डेटा के कुल अधिग्रहण, प्रसंस्करण और व्याख्या (एपीआई) के साथ, यह परियोजना लगभग ₹ 1,950.00 करोड़ के कुल व्यय के साथ पूरी हो जाएगी। दुर्गम इलाकों और जटिल भौगोलिक क्षेत्रों के कारण शेष 3% नियोजित भूकंपीय डेटा का अधिग्रहण नहीं किया जा सका। 46,960 एलकेएम 2डी डेटा के रिपोर्ट के साथ उनके सभी संसाधित और व्याख्यायित डेटा को राष्ट्रीय डेटा रिपॉजिटरी (एनडीआर) पर अद्यतन किया गया है। गुजरात एनर्जी रिसर्च एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट (जीईआरएमआई), गांधीनगर को एनएसपी के डेटा का तीसरे–पक्ष द्वारा मूल्यांकन अध्ययन करने का काम सौंपा गया है।

एनएसपी परियोजना के तहत शेष दुर्गम और प्रतिकूल वातावरण वाले भौगोलिक क्षेत्रों को कवर करने के लिए, ₹ 80 करोड़ की अनुमानित लागत के साथ 40,000 उड़ान एलकेएम एयरबोर्न जियोफिजिकल सर्वेक्षण शुरू किए गए हैं। ऑयल इंडिया लिमिटेड को नोडल एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है और एजीजी तथा

ग्रेविटी–मैग्नेटिक डेटा एपीआई को पूरा करने का कार्य उसे सौंपा गया है। ठेकेदार ने वैधानिक मंजूरी के लिए आवेदन किया है और डीजीसीए से मंजूरी प्राप्त होने के बाद काम शुरू हो जाएगा।

**अंडमान बेसिन क्षेत्र का व्यापक मूल्यांकन:**

भारत सरकार द्वारा भारतीय तलछटीय बेसिनों के गैर–मूल्यांकित क्षेत्रों का मूल्यांकन करने और देश में अन्वेषण गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनएसपी का आरंभ किया गया था। एनएसपी ने अपने काम की शुरुआत तलछटीय बेसिनों के जमीनी हिस्से में अन्वेषण गतिविधियां शुरी करके की। अंडमान के गहरे अपतटीय सर्वेक्षण से शुरू करते हुए गैर–मूल्यांकित अपतटीय क्षेत्रों का कार्य शुरू किया गया।

दक्षिण पूर्व एशिया के सबसे विपुल पेट्रोलियम प्रांतों के निकट बंगाल की खाड़ी के दक्षिण–पूर्वी भाग में स्थित अंडमान बेसिन में प्रचुर मात्रा में पेट्रोलियम होने की संभावना वाला बेसिन है। कुल ईईजेड सीमा क्षेत्र सहित अंडमान बेसिन का विस्तार 6,64,080 वर्ग किमी में व्याप्त है और इसमें भारत के अपतटीय तलछटीय बेसिनों के गैर–मूल्यांकित क्षेत्रों का एक बड़ा हिस्सा है। बेसिन का 2डी भूकंपीय के 71,290 एलकेएम और 3डी भूकंपीय डेटा के 13,710 वर्ग किमी और 22 अन्वेषी कुओं के साथ बेसिन के पूर्वी भाग में 36: की सीमा तक मूल्यांकन किया गया है।

बेसिन में प्राप्त 2डी/3डी भूकंपीय अथवा कुआँ के आंकड़े बहुत कम थे और डेटा कवरेज मध्यम से विरल तक था। अंडमान और निकोबार द्वीप–समूहों के आसपास के क्षेत्र में तेल और गैस के होने की महती संभावना है, लेकिन वहां अन्वेषणात्मक गतिविधियां शुरू नहीं की जा सकी हैं क्योंकि अधिकांश क्षेत्र को 'वर्जित' क्षेत्र ('वर्जित क्षेत्र' का 0.37 मिलियन वर्ग कि.मी. क्षेत्र अंडमान बेसिन में पड़ता है) के रूप में नामित किया गया था।

द्वीप विकास प्राधिकरण (आईडीए) के निर्देशों और मंत्रिमंडल सचिवालय के सशक्त समन्व समिति (ईसीसी) द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसरण में, डीजीएच ने अंतरिक्ष विभाग के साथ घनिष्ठ समन्वय में क्षेत्रों की हाइड्रोकार्बन संसाधन क्षमता और संबंधित क्षेत्रों संबंधी सुरक्षा निर्देशों के अनुसार भू–वैज्ञानिक डेटा एकत्र करने के उद्देश्य से भूकंपीय सर्वेक्षण करने की योजना तैयार की। तदनुसार, डीओएस और डीजीएच ने इसके लिए एक उपयुक्त ढांचा तैयार किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इससे भारत सरकार के अंतरिक्ष मिशन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, साथ ही साथ अंडमान बेसिन की विपुल हाइड्रोकार्बन संसाधन क्षमता का वैज्ञानिक मूल्यांकन किया जा सके।

अंडमान अपतट के व्यापक मूल्यांकन के लिए, डीजीएच द्वारा लगभग 22,500 एलकेएम 2डी ब्रॉडबैंड भूकंपीय डेटा का अधिग्रहण, प्रसंस्करण और व्याख्या करने की योजना तैयार की गई है जो लगभग 2,81,613 वर्ग किमी बेसिन क्षेत्र को कवर करेगा। यह परियोजना गैसर्स ऑयल इंडिया लिमिटेड के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है। अंडमान के गहरे अपतटीय से कुल 22,500 एलकेएम भूकंपीय डेटा प्राप्त किया गया था। डाटा अधिग्रहण, प्रसंस्करण और व्याख्या पूरी हो चुकी है और एनडीआर पोर्टल पर इस डेटा को अपलोड किया गया है।

**विशिष्ट आर्थिक क्षेत्रों (ईईजेड) तक अपतटीय बेसिन क्षेत्रों का मूल्यांकन:**

दिनांक 10 जनवरी 2022 को मंत्रिमंडल सचिव की अध्यक्षता में अधिकार प्राप्त समन्वय समिति (ईसीसी) की चौथी बैठक में लिए गए निर्णय के परिणामस्वरूप, सरकार ने मूल्यांकन नहीं किए गए अपतटीय क्षेत्र का विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) तक लगभग 1.13 मिलियन वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र का मूल्यांकन शुरू किया। ईईजेड सर्वेक्षण के लिए ओएनजीसी को नोडल एजेंसी का कार्य सौंपा गया है। तदनुसार, ओएनजीसी ने तीन क्षेत्रों यथा पश्चिमी, पूर्वी और अंडमान अपतटीय को कवर करते हुए ईईजेड तक लगभग 82,353 एलकेएम 2डी ब्रॉडबैंड भूकंपीय डेटा अधिग्रहण करने के लिए संविदा की है। दिनांक 31 दिसंबर 2022 तक 23,431 एलकेएम भूकंपीय डेटा प्राप्त किए गए हैं।

### 2.12.5. प्राकृतिक गैस विपणन सुधार

- गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्पादक और उपभोग दोनों क्षेत्रों की आवश्यकताओं के बीच संतुलन बनाने के लिए सरकार द्वारा हेनरी हब (यूएसए), अल्बर्टा (कनाडा), एनबीपी (यूके), रूस आदि जैसे प्रमुख अंतरराष्ट्रीय केंद्रों में मौजूद मूल्यों के आधार पर अक्तूबर, 2014 को 'नए घरेलू प्राकृतिक गैस मूल्य निर्धारण दिशानिर्देशों' को मंजूरी दी गई थी। प्राकृतिक गैस की कीमतें हर छह महीने में संशोधित की जाती हैं और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण सेल (पीपीएसी) द्वारा इन्हें अधिसूचित किया जाता है। इस नीति ने सरकारी हस्तक्षेप के बिना पारदर्शी तरीके से पूर्व–निर्धारित मापदंडों पर निर्धारित घरेलू प्राकृतिक गैस की कीमतों को मानकीकृत करने में मदद की है। ये दिशानिर्देश नामांकन क्षेत्रों और एनईएलपी, एनईएलपी पूर्व ब्लॉकों/क्षेत्रों से उत्पादित प्राकृतिक गैस पर लागू होते हैं, जहां उत्पादन भागीदारी संविदा (पीएससी) के तहत मूल्य निर्धारण को सरकार द्वारा अनुमोदित किया जाता है।
- इसके बाद, सरकार ने डीएसएफ, ओएएलपी, सीबीएम व्यवस्थाओं के तहत उत्पादित गैस के लिए 2015 के बाद से और उत्तर–पूर्वी क्षेत्र (एनईआर) से उत्पादित गैस के लिए और सभी व्यवस्थाओं के

तहत 28.02.2019 के बाद खोजे गए नई गैस के लिए विपणन और मूल्य निर्धारण की स्वतंत्रता प्रदान की।

- उच्च दबाव–उच्च तापमान (एचपी–एचटी) वाले जलाशयों और गहरे पानी तथा अत्यधिक गहरे पानी वाले क्षेत्रों जैसे दुर्गम क्षेत्रों से गैस उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए, सरकार द्वारा 23 मार्च, 2016 को विपणन के लिए पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण सेल (पीपीएसी) द्वारा अर्धवार्षिक आधार पर घोषित मूल्य सीमा के साथ प्राकृतिक गैस उत्पादन पर मूल्य निर्धारित करने की स्वतंत्रता प्रदान किया गया है।
- गैस आधारित अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, दिनांक 15.10.2020 की अधिसूचना के माध्यम से 'प्राकृतिक गैस विपणन सुधार' की घोषणा की गई थी, ताकि गैस उत्पादकों द्वारा बाजार में बेचे जाने वाले गैस के बाजार मूल्य का निर्धारण करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक बोली के माध्यम से पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के तहत मानक प्रक्रिया निर्धारित की जा सके, सहयोगी कंपनियों को गैस की बिक्री के लिए बोली प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी जा सके और कुछ क्षेत्र विकास योजनाओं (एफडीपी) के लिए विपणन स्वतंत्रता की अनुमति दी जा सके जहां उत्पादन भागीदारी अनुबंध पहले से ही मूल्य निर्धारण की स्वतंत्रता प्रदान करते हैं। तत्पश्चात, दिनांक 03.12.2020 की अधिसूचना के माध्यम से ई–बोली के माध्यम से घरेलू रूप से उत्पादित प्राकृतिक गैस के लिए बाजार मूल्य के निर्धारण के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए गए थे। डीजीएच द्वारा ई–बिडिंग के लिए सूचीबद्ध एजेंसियों को भी अधिसूचित किया गया है।
- इसके अलावा, मूल्य निर्धारण और विपणन की स्वतंत्रता वाले गैस उत्पादकों को पीएनजीआरबी द्वारा दिनांक 19.08.2021 के कार्यालय ज्ञापन द्वारा अधिकृत गैस एक्सचेंजों के माध्यम से गैस की कम मात्रा (अर्थात 500 एमएमएससीएम प्रति वर्ष तक) बेचने के लिए अतिरिक्त विकल्प की अनुमति दी गई थी।
- गैस सुधारों के लिए एक अन्य प्रयास के रूप में और पर्यावरण को बचाने के लिए सरकार द्वारा दिनांक 22.11.2021 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से तेल और गैस के परीक्षण के दौरान उत्पादित तदर्थ/परीक्षण गैस के मौद्रीकरण के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए गए।
- दिनांक 13 जनवरी, 2023 की अधिसूचना के माध्यम से सरकार द्वारा बाजार मूल्य के निर्धारण और गहरे पानी, अत्यधिक गहरे पानी और उच्च दबाव/उच्च तापमान वाले क्षेत्रों में विपणन और मूल्य निर्धारण स्वतंत्रता के साथ अन्वेषों से उत्पादित गैस की बिक्री और पुनर्विक्रय पर स्पष्टीकरण प्रदान किया गया।

### 2.12.6. तेल और गैस के लिए संवर्धित वसूली विधियों को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए नीतिगत ढाँचा (अक्तूबर 2018)

- सरकार द्वारा अधिशुल्क और उपकर की आंशिक छूट के रूप में राजकोषीय प्रोत्साहनों के माध्यम से और मौजूदा क्षेत्रों की उत्पादकता में सुधार के लिए पारिस्थितिकी तंत्र के विकास और घरेलू हाइड्रोकार्बन के समग्र उत्पादन को बढ़ाने के लिए संवर्धित वसूली (ईआर)/सुधारी गई वसूली (आईआर)/अपरंपरागत हाइड्रोकार्बन (यूएचसी) उत्पादन पद्धतियों/तकनीकों को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए नीतिगत ढांचे को मंजूरी दी गई है। इस नीति के अनुसरण में, नीति के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक संवर्धित वसूली (ईआर) समिति का गठन किया गया है।
- वर्तमान नीति के तहत कुल 202 क्षेत्रों की प्रारंभिक जांच की गई जिनमें से 34 उपयुक्त ईआर क्षेत्रों की पहचान की गई और पायलट चरण में कार्यान्वयन आरंभ करने के लिए 15 ईआर प्रस्तावों को मंजूरी दी गई थी। पायलट चरण के पूरा होने के बाद, जिसमें आम तौर पर 2 से 3 साल लगता है, ऑपरेटर द्वारा पायलट प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन क्षेत्र के लिए एक वाणिज्यिक ईआर कार्यान्वयन योजना तैयार किया जाता है। वाणिज्यिक ईआर कार्यान्वयन के इस योजना के आधार पर, एमओपीएनजी की ईआर समिति ईआर नीति के तहत परियोजना के लिए ऑपरेटर को उपलब्ध कराए जाने वाले वित्तीय प्रोत्साहन की मात्रा निर्धारित की जाती है।

### 2.12.7. कच्चे तेल को नियंत्रण मुक्त करने संबंधी नीति (जून, 2022)

- आर्थिक कार्य संबंधी मंत्रिमंडल समिति ने 'घरेलू रूप से उत्पादित कच्चे तेल की बिक्री को नियंत्रण मुक्त करने' की मंजूरी दे दी है। इस नीतिगत निर्णय के माध्यम से, सरकार 01.10.2022 से सभी नीतिगत व्यवस्थाओं में विपणन स्वतंत्रता प्रदान करते हुए कच्चे तेल का आवंटन करना और उसे घनीभूत करना बंद कर देगी। प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट्स (पीएससी) में से सरकार या उसके नामित या सरकारी कंपनियों को कच्चा तेल बेचने की शर्त को हटा दिया गया है और सभी अन्वेषण और उत्पादन संचालक घरेलू बाजार में अपने क्षेत्रों से कच्चा तेल बेचने के लिए स्वतंत्र होंगे। हालांकि, पहले की तरह ही अभी भी कच्चे तेल के निर्यात की अनुमति नहीं है। सरकारी राजस्व जैसे कि अधिशेष, उपकर और संविदात्मक भुगतान आदि की गणना बिक्री मूल्य या कच्चे तेल की भारतीय बास्केट की कीमतों के आधार पर की जाएगी, जैसा कि सरकार द्वारा नामित एजेंसी द्वारा गणना की गई है, जो भी अधिक हो।

**2.12.8. अपरंपरागत हाइड्रोकार्बन के अन्वेषण और दोहन संबंधी नीतिगत ढांचा (अगस्त 2018)**

- नीति दस्तावेज में निर्धारित शर्तों के अधीन पीएससी और सीबीएम अनुबंधों के तहत मौजूदा एकरेज में शेल तेल और गैस तथा सीबीएम सहित अपरंपरागत हाइड्रोकार्बन की क्षमता का दोहन करने के लिए मौजूदा ठेकेदारों को प्रोत्साहित करने हेतु इस नीति को शुरू किया गया है। पहले इसकी अनुमति नहीं थी। इस नीति के कारण पीएससी के अधीन 72,027 वर्ग किमी का क्षेत्रफल और सीबीएम संविदा के तहत 5,269 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र पारंपरिक या अपरंपरागत हाइड्रोकार्बन के समकालीन अन्वेषण और दोहन के लिए एक साथ खोल दिया गया है।

**2.12.9. डेटा सृजन के माध्यम से संवर्धित संभाव्यता संग्रह**

- राष्ट्रीय डाटा कोष (एनडीआर) का उन्नयन: एनडीआर देश के भू–वैज्ञानिक डेटाबेस के भंडार के रूप में कार्य करता है और संभावित बोलीदाताओं को ओएएलपी के तहत बोली लगाने के लिए अपनी पसंद के ब्लॉक चुनने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ईएंडपी डेटा की लगातार बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए, एनडीआर को क्लाउड–सक्षम हाइपर–कंवर्जेड इंफ्रास्ट्रक्चर में अपग्रेड किया जा रहा है ताकि सार्थक उपयोग के लिए उद्योग को आसानी से डाटा उपलब्ध कराने में सुविधा मिल सके।

- हाइड्रोकार्बन संसाधनों का पुनर्मूल्यांकन: देश के हाइड्रोकार्बन संसाधन की क्षमता का अद्यतन अनुमान निकालने के लिए, देश में लगभग दो दशक पहले किए गए अनुमानों के बाद 2017 में सभी 26 तलछटीय बेसिनों के लिए हाइड्रोकार्बन संसाधनों का पुनर्मूल्यांकन पूरा किया गया था। इसके परिणामस्वरूप 41.87 बिलियन टन तेल और गैस के समतुल्य तेल (ओ+ओईजी) के पारंपरिक हाइड्रोकार्बन संसाधनों का अनुमान लगाया गया, जो कि 28.08 बिलियन टन ओ+ओईजी (1995–96 प्राक्कलन) के पहले के अनुमान की तुलना में लगभग 49% अधिक है।

**2.12.10. तेल और गैस के घरेलू अन्वेषण और उत्पादन को बढ़ाने के लिए अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति में नीतिगत सुधार (28 फरवरी, 2019):** अन्वेषण गतिविधियों में तीव्रता लाना, विदेशी और घरेलू निवेश को आकर्षित करना और घरेलू उत्पादन में वृद्धि करना इन उद्देश्यों के साथ सरकार द्वारा दिनांक 28 फरवरी 2019 को तेल और गैस के घरेलू अन्वेषण और उत्पादन को बढ़ाने के लिए अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति में सुधार को अधिसूचित किया गया। नीतिगत सुधारों की प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं:

- 'राजस्व' से 'उत्पादन' को अधिकतम करने पर ध्यान संकेंद्रित करना।
- श्रेणी–I और III के तलछटीय बेसिनों में सरकार के साथ राजस्व संबंधी किसी प्रकार की हिस्सेदारी नहीं।
- अन्वेषण कार्य कार्यक्रम को अधिक महत्व देते हुए अन्वेषण गतिविधियों को बढ़ावा देना।

(क) श्रेणी बेसिन में गैर अन्वेषित क्षेत्रों के लिए न्यूनतम कार्य कार्यक्रम के लिए 70% भारिता और उच्चतम राजस्व भागीदारी बिंदु (एचआरपी) पर 50% की अधिकतम सीमा युक्त राजस्व भागीदारी के लिए 30% भारिता और

(ख) श्रेणी II और III तलछटीय बेसिनों के लिए न्यूनतम कार्य कार्यक्रम को 100% भारिता।

- प्रारंभिक विकास के लिए लघुतम अन्वेषण अवधि।
- शीघ्र मौद्रिकीकरण और वाणिज्यिक उत्पादन के लिए वित्तीय रियायतें।
- प्राकृतिक गैस के लिए विपणन और मूल्य निर्धारण की स्वतंत्रता।
- नीति के अंतर्गत, राष्ट्रीय तेल कंपनियों (एनओसी) द्वारा प्रचालित 66 लघु और सीमांत उत्पादन नामांकन क्षेत्रों में से बोली लगाने की परिकल्पना की गई है जिससे नई और नवीनतम प्रौद्योगिकी को शामिल करने के लिए निजी ईएंडपी खिलाड़ियों के साथ सहयोग किया जा सके, नए निवेश को बढ़ावा दिया जा सके और तेल और गैस के उत्पादन को बढ़ाने के लिए उन्नत ऑयल रिकवरी/बेहतर ऑयल रिकवरी (ईओआर/आईओआर) पद्धतियों को अपनाते हुए सर्वोत्तम प्रबंधन व्यवस्थाओं को अपनाया जा सके। जून 2019 के अंत में ओएनजीसी और ओआईएल द्वारा 66 क्षेत्रों की बोली लगाने के लिए एनआईओ जारी किया गया। तथापि, सफल बोलीदाताओं को केवल 22 क्षेत्र (ओएनजीसी द्वारा 6 अनुबंध क्षेत्रों के तहत 21 क्षेत्र और ओआईएल के 01 क्षेत्र) प्रदान किए गए। शेष 44 क्षेत्रों के लिए बोली पुनः आरंभ कर दी गई और इससे संबंधित कार्य प्रगति पर है।
- ओएनजीसी और ओआईएल समझौता ज्ञापन को वास्तविक उत्पादन के लिए 50% भारिता, अन्य वास्तविक मापदंडों को 30%, वित्तीय प्रदर्शन पैरामीटर 20% के साथ पुनर्गठित किया गया था।
- डीजीएच के अनुपालन/नियामक, विकासात्मक और समन्वय भूमिका को सुदृढ़ करने के लिए डीजीएच को अतिरिक्त अधिकारों और कार्यों के प्रत्यायोजन द्वारा डीजीएच की भूमिका को पुनः परिभाषित करना।
- एक वर्ष में दो बार से तीन बार बोली लगाने की आवृत्ति को बढ़ाने सहित सरलीकृत और निवेशक अनुकूल मॉडल बोली दस्तावेज।

**2.12.11. हाइड्रोकार्बन अन्वेषणों के प्रारंभिक मौद्रीकरण संबंधी दिशानिर्देश, जून 2020**

देश की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में कदम उठाने के रूप में, प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट/राजस्व शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट के तहत निर्धारित संविदागत समय–सीमा के भीतर अर्थात मूल्यांकन, वाणिज्यिकता की घोषणा (डीओसी) और क्षेत्र विकास योजना (एफडीपी) प्रस्तुत करने जैसी अन्य गतिविधियों को पूरा करने से पहले अन्वेषणों के प्रारंभिक चरण में मौद्रीकरण के लिए दिनांक 23.06.2020 को दिशानिर्देश जारी किए गए थे।

## 2.13 ईएंडपी में व्यापार में ईज ऑफ डूइंग (ईओडीबी) बढ़ाने के लिए प्रमुख सुधार

- **अनुपालनात्मक भार को कम करना–स्वप्रमाणन के आधार पर दस्तावेजों को जमा करने के लिए प्रक्रियाओं और पद्धतियों का सरलीकरण:** ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत प्रणाली को पारदर्शी और त्वरित बनाने की दृष्टि से, स्व–प्रमाणन के आधार पर दस्तावेजों को जमा करने के लिए प्रक्रियाओं और पद्धतियों के सरलीकरण के लिए दिशानिर्देश को 28.02.2020 को जारी किया गया था, जिसके माध्यम से सरकार द्वारा पीएससी अनुबंध के तहत 3 श्रेणियों में 37 प्रक्रियाओं को युक्तिसंगत बनाया था। इन 37 प्रक्रियाओं को और घटाकर 18 कर दिया गया है।
- **विवाद समाधान समिति (2019) से संबंधित अधिसूचना:** दिनांक 16.12.2019 की अधिसूचना के तहत प्रतिष्ठित व्यक्तियों/विशेषज्ञों की एक बाह्य समिति गठित की गई है और विवाद समाधान तंत्र के काम–काज और संरचना को अंतिम रूप दिया गया है।
- **डीजीएच को शक्तियों का प्रत्यायोजन (2018–2020):** पीएससी के तहत संचालन को सुव्यवस्थित करने और अनुमोदन की अतिरिक्त आवश्यकताओं को हटाने के लिए अनुबंध प्रबंधन के लिए कुछ को छोड़कर सभी शक्तियों को डीजीएच को प्रत्यायोजित कर दिया गया है।
- **सिंगल विंडो मंजूरी प्रणाली (2019) का कार्यान्वयन:** एमओपी एण्ड जी की ओर से हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) ने एक पोर्टल लॉन्च किया है जो अपस्ट्रीम कंपनियों को सरकार की विभिन्न शाखाओं से जोड़ता है और इलेक्ट्रॉनिक फाइलिंग/ऑनलाइन आवेदन जमा करने की सुविधा देता है ताकि विभिन्न मंजूरियों/अनुमोदनों/प्रमाण पत्रों जैसे कि पीईएल/पीएमएल, वेसल मंजूरी, एक्सपैट मंजूरी, पीएससी अनुबंध प्रबंधन प्रक्रियाएं, अनिवार्यता प्रमाण पत्र आदि को प्राप्त किया जा सके।
- **ईएंडपी रोडमैप दस्तावेज का डिजिटलीकरण:** संपूर्ण भारत की ईएण्डपी पारिस्थितिकी तंत्र के सहयोग से, संपूर्ण अपस्ट्रीम मूल्य श्रृंखला में डिजिटलीकरण के अवसरों की पहचान करने और उन्हें सुविधाजनक बनाने के इरादे से सचिव, पीएनजी द्वारा 10 जून, 2021 को 'ईएण्डपी उद्योग के लिए डिजिटलीकरण रोडमैप' जारी किया गया था।
- **प्रदर्शन निगरानी डैशबोर्ड:** विभिन्न प्रमुख ईएंडपी प्रदर्शन संकेतकों की निगरानी के लिए वर्ष 2019 में एक व्यापक डिजिटल निगरानी डैशबोर्ड तैयार किया गया था। इसे 2021 में एमओपीएनजी पोर्टल के साथ एकीकृत किया गया है।

**2.13.1. निवेशक आउटरीच:**

i. 29 अप्रैल 2022 को मुंबई में, 7-8 जुलाई 2022 को लंदन में और 27 तथा 28 सितंबर 2022 को ह्यूस्टन में आयोजित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों/रोड शो के माध्यम से ईएण्डपी समुदाय तक नियमित पहुंचना।

ii. मेगा अपतटीय ओएएलपी बोली दौर-IX: ह्यूस्टन में निवेशक आउटरीच कार्यक्रम के दौरान, 10 अक्टूबर 2022 को सरकार द्वारा मेगा ओएएलपी बोली दौर-IX आरंभ किया गया था, जिसमें अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से अन्वेषण और विकास के लिए लगभग 2.23 लाख वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को कवर करने वाले 26 ओपन एकरेज ब्लॉक की पेशकश की गई थी। पेश किए गए ब्लॉक में 15 अत्यधिक गहरे पानी के ब्लॉक, 8 उथले पानी के ब्लॉक और 3 जमीनी ब्लॉक शामिल हैं।


iii. दिनांक 10 अक्टूबर 2022 के विशेष सीबीएम बोली दौर के दूसरे दौर में अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) के माध्यम से 16 सीबीएम ब्लॉक की पेशकश की गई थी। बोली जमा करने की शुरूआत 01.05.2023 को होगी और 31.05.2023 को समाप्त होगी।

iv. ईएंडपी कंपनियों को गुणवत्ता डेटा और एक समर्थक–निवेशक प्रोत्साहन संरचना द्वारा समर्थित, नए खुले ईईजेड में बड़े क्षेत्र लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। विदेशी निवेशकों तक पहुंचने के लिए, भारत सरकार उनके साथ रोड शो और द्विपक्षीय कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से शामिल हो रहा है।

vi. हाल ही में, एक वैश्विक प्रमुख ने भारत के पूर्वी और पश्चिमी तटों में गहरे पानी की खोज के लिए एनओसी के साथ समझौते (एचओए) पर हस्ताक्षर किया है और अन्य दो वैश्विक प्रमुख भारत में अपस्ट्रीम परियोजनाओं के लिए अलग–अलग साझेदारी वार्ता कर रहे हैं।







अध्याय 3

# पाइपलाइन और प्राकृतिक गैस

# 3 पाइपलाइन और प्राकृतिक गैस

भारत न केवल चीन और अमरीका के बाद दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है, बल्कि यह सबसे तेजी से बढ़ने वाले ऊर्जा उपभोक्ताओं में से एक है। वर्ष 2021 में, देश में प्राथमिक ऊर्जा खपत लगभग 839 मिलियन टन तेल समतुल्य (एमटीओई) था और देश के प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की भागीदारी 6.4% थी। आने वाले वर्षों में देश के प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी को मौजूदा स्तर से बढ़ाकर 15% करने की परिकल्पना की गई है।

प्रगति करने के उद्देश्य से, घरेलू गैस उत्पादन को बढ़ाने, तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात को प्रोत्साहित करने और एलएनजी आयात क्षमता को बढ़ाने, राष्ट्रीय गैस ग्रिड के कार्य को संपन्न करने और देशभर में नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के तीव्र रोल आउट पर बल दिया गया है।

## 3.1. गैस ग्रिड

गैस पाइपलाइन अवसंरचना के माध्यम से गैस स्रोतों और गैस उपभोक्ता बाजारों का जोड़ा जाना प्राकृतिक गैस के परिवहन का आर्थिक रूप से सबसे व्यवहार्य और सुरक्षित तरीका है। गैस पाइपलाइन व्यावहारिक रूप से गैस बाजार की संरचना और उसके विकास को निर्धारित करता है। इसलिए, देश के सभी प्रांतों में प्राकृतिक गैस की पर्याप्त उपलब्धता और समान वितरण सुनिश्चित करने हेतु परस्पर जुड़े हुए राष्ट्रीय गैस ग्रिड की परिकल्पना की गई है। दिसंबर, 2022 तक, देश में लगभग 22,335 किलोमीटर लंबा गैस पाइपलाइन नेटवर्क परिचालन में है और लगभग 12,955 किलोमीटर के पाइपलाइन का निर्माण विभिन्न चरणों में है। गैस ग्रिड को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

इसके अलावा, माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 12 जुलाई 2022 को महत्वपूर्ण प्रधान मंत्री ऊर्जा गंगा परियोजना के तहत बोकारो अंगुल खंड (533 किमी) को देश को समर्पित किया है, जो 'एक देश एक गैस ग्रिड' के निर्माण की दिशा में उठाया गया मील का पत्थर स्वरूप प्रयास था। इस पाइपलाइन का निर्माण गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा 2,500 करोड़ रुपये के निवेश के साथ किया गया है। इसके अलावा, दिनांक 12 नवंबर, 22 को माननीय प्रधान मंत्री ने श्रीकाकुलम–अंगुल गैस पाइपलाइन की आधारशिला रखी, जो 744 किलोमीटर लंबी गैस पाइपलाइन है और ₹ 2,658 करोड़ के निवेश से गेल द्वारा इसका निष्पादन किया जा रहा है। इस पाइपलाइन का राष्ट्रीय गैस ग्रिड में रणनीतिक महत्व है क्योंकि यह दो महत्वपूर्ण गैस नेटवर्क को जोड़ेगा और आंध्र प्रदेश तथा ओडिशा के कई जिलों में ग्राहकों को सेवा प्रदान करेगी।

देश के पूर्वी हिस्से में गैस पाइपलाइन नेटवर्क का विकास करने के लिए, जगदीशपुर–हल्दिया और बोकारो–धामरा पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल) परियोजना का विकास करने हेतु आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने गेल को ₹ 12,940 करोड़ के अनुमानित पूंजीगत लागत के आंशिक पूंजीगत अनुदान का 40 प्रतिशत देने की मंजूरी दी है। यह परियोजना देश के पूर्वी हिस्से को राष्ट्रीय गैस ग्रिड से जोड़ेगी और उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल राज्यों में औद्योगिक, वाणिज्यिक, घरेलू और परिवहन क्षेत्रों के लिए स्वच्छ तथा पर्यावरण अनुकूल ईंधन अर्थात प्राकृतिक गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी। यह पाइपलाइन परियोजनाएं इस पाइपलाइन परियोजनाओं के मार्ग में आने वाले गोरखपुर, बरौनी और सिंदरी नामक 3 उर्वरक संयंत्रों के पुनरुद्धार में सहायता करेंगी। जेएचबीडीपीएल (प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा परियोजना) के आगमन के बाद उत्तर पूर्व भाग को एनजीजी से जोड़ना अधिक व्यवहार्य हो गया है। पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) को राष्ट्रीय गैस ग्रिड से जोड़ने के लिए जेएचबीडीपीएल के एक अभिन्न अंग के रूप में पाइपलाइन को बरौनी से गुवाहाटी (सिलीगुड़ी और बोंगाईगांव के माध्यम से) तक बढ़ाया जा रहा है।

729 किलोमीटर लंबी बरौनी–गुवाहाटी पाइपलाइन तीन राज्यों बिहार, पश्चिम बंगाल और असम से होकर गुजरती है। कुल 3,384 किलोमीटर लम्बी पाइपलाइन अर्थात् जगदीशपुर–हल्दिया और बोकारो–धामरा और बरौनी–गुवाहाटी को ₹ 15,520 करोड़ के कुल अनुमानित निवेश के साथ निष्पादित किया जा रहा है। इसके अलावा, जेएचबीडीपीएल परियोजना के विस्तार के रूप में 253 किलोमीटर के धामरा–हल्दिया पाइपलाइन खंड को भी गेल को अधिकृत किया गया है। उपरोक्त में से 3,035 किलोमीटर की पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है और 1,770 किलोमीटर पाइपलाइन चालू हो चुकी है। पाइपलाइन को जोड़ दिया गया है और 4 उर्वरक संयंत्रों अर्थात एचयूआरएल गोरखपुर, बरौनी, सिंदरी और मैटिक्स उर्वरक में गैस की आपूर्ति शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल राज्यों में वाराणसी, पटना, रांची, जमशेदपुर सिटी गैस वितरण और अन्य सीजीडीसेन जो मार्ग में आते हैं उन पाइपलाइनों को भी इससे जोड़ा गया है। इसके अलावा, 326 किलोमीटर

को यांत्रिक रूप से पूरा कर लिया गया है और चालू किया जा रहा है।

तेल और गैस सीपीएसईज अर्थात् गेल, आईओसीएल, ओआईएल, ओएनजीसी और एनआरएल के बीच एक संयुक्त उद्यम कंपनी बनाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है जो सिक्किम सहित सभी उत्तर पूर्वी राज्यों की राजधानी को जोड़ने वाली पाइपलाइन बनेगी तदनुसार, 'इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड' (आईजीजीएल) एक जेवीसी को दिनांक 10.08.2018 को समायोजित किया गया है। यह जेवीसी चरणबद्ध तरीके से सभी पूर्वोत्तर राज्यों असम, सिक्किम, मिजोरम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय में ट्रंक पाइपलाइन कनेक्टिविटी विकसित कर रहा है। पीएनजीआरबी ने पूर्वोत्तर गैस पाइपलाइन ग्रिड के विकास के लिए दिनांक 17.11.2020 को आईजीजीएल को अंतिम अधिकृती प्रदान किया। यह परियोजना सिटी गैस परियोजनाओं को विकसित करने में भी मदद करेगी जो पूर्वोत्तर राज्यों के प्रमुख शहरों में घरों में खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन और औद्योगिक, वाणिज्यिक तथा परिवहन क्षेत्रों के लिए पर्यावरण अनुकूल ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी। सीसीईए ने परियोजना की व्यवहार्यता में सुधार करने के लिए 5,559 करोड़ रुपए के पूंजीगत अनुदान (परियोजना लागत का 60%) को मंजूरी दे दी है।

दक्षिणी क्षेत्र में तमिलनाडु राज्य में शेष ~300 किलोमीटर लंबे कोच्चि–कोट्टनाड–बैंगलोर–मंगलुरु (केकेबीएमपीएल) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के निर्माण का कार्य चल रहा है।

आईओसीएल द्वारा तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और पुडुचेरी संघ राज्य क्षेत्र में प्रमुख ग्राहकों और सिटी गैस वितरक को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए 35 एमएमएससीएमडी क्षमता की 1,440 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जा रही है। इस परियोजना का उद्देश्य गैस आधारित अर्थव्यवस्था बनने के भारत सरकार के विजन के अनुरूप दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में राष्ट्रीय गैस ग्रिड की स्थापना करना है।

इस परियोजना को 3 चरणों में कार्यान्वित किया जा रहा है। परियोजना का चरण 1 (एन्नोर एलएनजी टर्मिनल से मनाली 22.9 किलोमीटर) और चरण 2 (रामनाथपुरम से तूतीकोरिन 143 किलोमीटर) पूरा हो चुका है। चरण 3 में एन्नोर–चेंगलपेट (115 किलोमीटर) और तिरुवल्लुर बैंगलुरु (271 किलोमीटर) खंड का कार्य पूरा हो चुका है जबकि चेंगपेट–रामनाथपुरम खंड यांत्रिक रूप से पूर्ण है तथा नवंबर 2023 तक इसके पूरा होने की उम्मीद की जा रही है।

यह पाइपलाइन हुंडई मोटर्स, सेंट गोबेन ग्लास, हर्षा एक्सिटो इंजीनियरिंग, अल्ट्राग्रीन एंड पिगमेंट्स लिमिटेड और थिरुमलाई केमिकल लिमिटेड जैसे संभावित प्रमुख ग्राहकों को पर्यावरण अनुकूल प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के माध्यम से क्षेत्र में औद्योगिक विकास को उत्प्रेरित करने में मदद करेगा। यह पाइपलाइन मैसर्स अटलांटिक गल्फ एंड पैसिफिक कंपनी (एजीपी) के चित्तूर, कोलार और वेल्लोर जीए, मेसर्स गेल के बेंगलुरु अर्बन जीए और आईओसीएल के कृष्णागिरी जीए, टोरेंट गैस के चेन्नई और तिरुवल्लूर जीए और अटलांटिक गल्फ और पैसिफिक कंपनी (एजीपी) के कांचीपुरम जीए को लागत प्रभावी तरीके से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करेगा।

घरेलू, वाणिज्यिक और परिवहन खंड के ग्राहकों को स्वच्छ और हरित ईंधन की आपूर्ति से बेहतर पर्यावरण सुनिश्चित होने के अलावा जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा और जीवनयापन में आसानी होगी।

## 3.2. देश में पुनर्गैसीकरण अवसंरचना

देश ने वर्ष 2004 में दाहेज (गुजरात) में स्थित अपने पहले पुनर्गैसीकरण एलएनजी (आरएलएनजी) टर्मिनल की स्थापना के साथ साथ तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का प्रथम आयात आरंभ किया। एलएनजी का आयात ओपन जनरल लाइसेंस (ओजीएल) मद के रूप में किया जा रहा है। आयातित आरएलएनजी की आपूर्ति संपूर्ण देशभर में आपूर्तिकर्ताओं और क्रेताओं के बीच संविदात्मक समझौते के अनुसार बाजार निर्धारित कीमतों पर की जा रही है। एक बुनियादी ढांचा परियोजना के रूप में एलएनजी टर्मिनलों की स्थापना की अनुमति है और यह 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की पात्र है।

वर्तमान स्थिति के अनुसार, देश में लगभग 39.2 एमएमटीपीए (140 एमएमएससीएमडी) की क्षमता सहित छह (6) परिचालित एलएनजी पुनर्गैसीकरण टर्मिनल स्थापित हैं। टर्मिनल–वार विवरण निम्नानुसार हैं:

| स्थान | मालिक और ऑपरेटर | क्षमता (एमएटीपीए) |
|---|---|---|
| दाहेज (गुजरात) | पीएलएल | 17.5 |
| हजीरा (गुजरात) | शेल | 5 |
| कोच्चि (केरल) | पीएलएल | 5 |
| धबोल (महाराष्ट्र)* | गेल (केएलपीएल) | 1.7 |
| मुंद्रा (गुजरात) | जीएसपीसी एलएनजी लिमिटेड | 5 |
| एन्नोर (तमिलनाडु) | आईओसीएल | 5 |
| **कुल क्षमता (एमएमटीपीए)** | | **39.2** |

(नोट: *जेम प्लेट की क्षमता 5 एमएमटीपीए है लेकिन ब्रेकवाटर के अभाव में, टर्मिनल केवल 1.7 एमएमटीपीए पर ही काम कर सकता है)

उपरोक्त के अलावा, निम्नलिखित एलएनजी टर्मिनल निर्माणाधीन हैं:

| स्थान | मालिक और ऑपरेटर | क्षमता (एमएम टीपीए) |
|---|---|---|
| धामरा (ओडिशा) | अदानी एलएनजी प्राइवेट लिमिटेड | 5 |
| दाभोल विस्तार | गेल (केएलपीएल) | 3.3 |
| जयगढ़ (महाराष्ट्र) | एच–एनर्जी | 4 |
| जाफराबाद (गुजरात) | हंस एनर्जी | 5 |
| छारा (गुजरात) | एचपीएलएनजी | 5 |
| **कुल क्षमता (एमएमटीपीए)** | | **22.3** |

## 3.3. नगर गैस वितरण (सीजीडी)

एक नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क घरेलू, औद्योगिक या वाणिज्यिक परिसरों और निर्दिष्ट भौगोलिक क्षेत्र (जीए) में स्थित सीएनजी स्टेशनों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए पाइपलाइनों का परस्पर जुड़ा नेटवर्क है। सीजीडी नेटवर्क को ट्रंक गैस पाइपलाइन कनेक्टिविटी अथवा गैस स्रोतों की उपलब्धता और जीए में तकनीकी–वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर विकसित किया जा रहा है।

सीजीडी नेटवर्क घरेलू परिवारों को पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के साथ–साथ कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) के रूप में परिवहन क्षेत्र को स्वच्छ ईंधन के रूप में पर्यावरण अनुकूल खाना पकाने के ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित करता है। परिवहन क्षेत्र में सीएनजी का उपयोग शहरी क्षेत्र में वाहन उत्सर्जन की रोकथाम में सहायक है और यह वायु गुणवत्ता में सुधार करता है।

- मई 2014 तक, देश के विभिन्न भागों के 66 जिलों (आंशिक/पूर्ण) में फैले लगभग 34 भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) तक सीजीडी नेटवर्क उपलब्ध थे।
- वर्ष 2014–17 के दौरान, सीजीडी बोली के 8वें दौर तक 70 जिलों (आंशिक/पूर्ण) में फैले अतिरिक्त 58 जीए को सीजीडी नेटवर्क के लिए कवर किया गया था।
- वर्ष 2019 में 9वें और 10वें सीजीडी बोली दौर के सफल समापन के साथ, सीजीडी नेटवर्क का कवरेज 22 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में फैले 174 जिलों (आंशिक/पूर्ण) को कवर करते हुए अतिरिक्त 136 जीए तक बढ़ा दिया गया था।
- वर्ष 2022 में, पीएनजीआरबी ने 11वें और 11ए सीजीडी बोली दौर को पूरा किया और 67 अतिरिक्त जीए को अधिकृत किया। इस दौर के पूरा होने के साथ ही सीजीडी नेटवर्क की संभावित कवरेज भारत के 88- क्षेत्र में फैली देश की लगभग 98% आबादी तक फैल गई है।
- घरेलू परिवारों तक पीएनजी की आपूर्ति 25.4 लाख (मई 2014) के स्तर से बढ़कर 103.93 लाख (31.12.2022 तक) हो गई है। कुल मिलाकर, 5,040 सीएनजी स्टेशन (31.12.2022 तक) देश भर में लगभग 55 लाख सीएनजी वाहनों को स्वच्छ और किफायती परिवहन ईंधन उपलब्ध करा रहे हैं।

शहरी गैस नेटवर्क के विस्तार को बढ़ावा देने और शहरों में प्राकृतिक गैस के उपयोग को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं।

i. घरेलू गैस को सीजीडी क्षेत्र के पीएनजी (डी) और सीएनजी (टी) खंडों की संपूर्ण आवश्यकता की पूर्ति करने के लिए आवंटित किया गया है और इसे नो कट श्रेणी के अंतर्गत रखा गया है।

ii. श्रम और रोजगार मंत्रालय (एमओएलई) द्वारा सीजीडी परियोजनाओं को सार्वजनिक उपयोगिता का स्तर प्रदान किया गया।

iii. रक्षा मंत्रालय (एमओडी) द्वारा अपने आवासीय क्षेत्रों/यूनिट लाइनों में पीएनजी के उपयोग के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं

iv. सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसई) को उनके संबंधित आवासीय परिसरों में पीएनजी के प्रावधान रखने से संबंधित दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।

v. आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) द्वारा निम्नलिखित पहलुओं पर राज्य सरकारों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है:–

क. स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार समयबद्ध अनुमति के साथ साथ सड़क मरम्मत/अनुमति शुल्क का मानकीकरण करना।

ख. कस्बों/शहर के नियोजन स्तर पर सीएनजी स्टेशनों के विकास के लिए भूमि भूखंड का निर्धारण करना और इसे संशोधित मास्टर प्लान में निर्दिष्ट किया जाना चाहिए।

ग. वास्तुशिल्प डिजाइन चरण में आवासीय और वाणिज्यिक भवनों में गैस पाइपलाइन संबंधी बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए उप–नियमों के निर्माण में प्रासंगिक संशोधन।

vi. इसके अलावा, एमओएचयूए द्वारा सीपीडब्ल्यूडी और एनबीसीसी को सभी सरकारी आवासीय परिसरों में पीएनजी के प्रावधान करने का निर्देश जारी किया गया है।

vii. डीआईपीपी द्वारा मौजूदा ओएमसी आरओ में सीएनजी वितरण संबंधी सुविधाएं स्थापित करने की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए संशोधित गैस सिलेंडर नियम 2018 को अधिसूचित किया गया है।

## 3.4. किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प (सतत)

एसएटीएटी संबंधी पहल अक्टूबर 2018 में आरंभ की गई थी, जिसमें एमओपीएनजी के तहत तेल और गैस विपणन कंपनियों (ओजीएमसीज) द्वारा संपीडित बायो गैस (सीबीजी) की खरीद के लिए संभावित उद्यमियों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की जा रही हैं।

इस पहल के तहत सीबीजी क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न इनेब्लर प्रदान किए गए हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्राथमिक क्षेत्र ऋण के तहत सीबीजी परियोजनाओं को शामिल किया गया है। भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक और कुछ अन्य बैंकों ने सीबीजी परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए विशेष ऋण उत्पाद विकसित किया है। सीबीजी संयंत्रों से उत्पादित जैव खाद को उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत 'किण्वित जैविक खाद' (एफओएम) और तरलीकृत किण्वित जैविक खाद (एफएलओएम) के रूप में कवर किया गया है। उर्वरक विभाग द्वारा उर्वरक कंपनियों को रासायनिक उर्वरकों के साथ एफओएम को एक 'बास्केट दृष्टिकोण' के रूप में अनिवार्यतः उपयोग करने के लिए पत्र जारी किया गया है। इसके अलावा, सीपीसीबी ने मामले दर मामले के आधार पर 'सफेद श्रेणी' की स्थिति के तहत सीबीजी संयंत्र को शामिल किया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा सीजीडी नेटवर्क में प्राकृतिक गैस के साथ सीबीजी के एकीकरण के लिए नीतिगत दिशानिर्देश जारी किए हैं ताकी इनका एकसाथ उपयोग किया जा सके। दिनांक 1 जून 2022 से, ओजीएमसी ने सीबीजी खरीद मूल्य को सीएनजी के खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी) के साथ जोड़ दिया है। एसएटीएटी के तहत न्यूनतम खरीदी मूल्य ₹ 54/– प्रति किलोग्राम प्लस जीएसटी है। इसके अलावा, 1 दिसंबर, 2022 से सीबीजी–सीजीडी सिंक्रोनाइजेशन योजना के तहत गेल ने बायोगैस/सीबीजी खरीदी मूल्य को ₹ 1,082/– एमएमबीटीयू से संशोधित कर ₹1,470/एमएमबीटीयू कर दिया है।


दिसंबर, 2022 तक, एसएटीएटी में भाग लेने वाले ओजीएमसी द्वारा उद्यमियों को 3,826 आशय पत्र जारी किए गए हैं। अब तक ~225 टन प्रति दिन की कुल क्षमता वाले 40 सीबीजी/बायोगैस संयंत्र चालू किए गए है और 97 खुदरा दुकानों से सीबीजी की बिक्री शुरू की गई है। इसके अलावा, सीबीजी–सीजीडी सिंक्रोनाइजेशन योजना के तहत, सीजीडी नेटवर्क के 12 भौगोलिक क्षेत्रों में सीबीजी की बिक्री शुरू कर दी गई है।



विजयपुर, मध्य प्रदेश में गेल का गैस प्रसंस्करण संयंत्र



अध्याय 4



# रिफाइनरी

# 4 रिफाइनरी

**4.1.** भारतीय रिफाइनिंग उद्योग ने स्वयं को विश्व स्तर पर एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है। भारत एक रिफाइनरी हब के रूप में उभर रहा है और रिफाइनिंग क्षमता मांग से अधिक है। देश की रिफाइनिंग क्षमता 1998 में 62.0 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) से बढ़कर 251.216 एमएमटीपीए हो गई है, जिसमें 23 रिफाइनरियां शामिल हैं– 19 सार्वजनिक क्षेत्र के तहत, 3 निजी क्षेत्र के तहत और 1 संयुक्त उद्यम (जेवी) है।

रिफाइनरियों का क्षमतावार विवरण निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | रिफाइनरी का स्थान/ स्थापना का वर्ष | कंपनी का नाम | निर्दिष्ट क्षमता (एमएमटीपीए) |
|---|---|---|---|
| 1 | डिगबोई-1901 # | इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड | 0.650 |
| 2 | गुवाहाटी-1962 | | 1.000 |
| 3 | बरौनी-1964 | | 6.000 |
| 4 | कोयली-1965 | | 13.700 |
| 5 | बोंगाईगांव-1974 | | 2.7 |
| 6 | हल्दिया-1975 | | 8.000 |
| 7 | मथुरा-1982 | | 8.000 |
| 8 | पानीपत-1998 | | 15.000 |
| 9 | पारादीप-2016 | | 15.000 |
| 10 | मनाली-1965 | चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड | 10.500 |
| 11 | नागपट्टिनम-1993 @ | | 0 |
| | **कुल आईओसीएल समूह** | | **80.55** |
| 12 | मुंबई-1954 | हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड | 9.500 |
| 13 | विशाखापत्तनम-1957 | | 8.300 |
| | **कुल एचपीसीएल** | | **17.800** |
| 14 | मुंबई-1955 | भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड | 12.000 |
| 15 | कोच्चि-1963 | | 15.500 |
| 16 | बीना-2011 | | 7.800 |
| | **कुल बीपीसीएल** | | **35.300** |
| 17 | नुमालीगढ़-2000 | नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड | 3.000 |
| 18 | मैंगलोर-1996 | मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड | 15.000 |
| 19 | टाटिपाका, एपी-2001 | तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड | 0.066 |
| | **उप–कुल पीएसयू** | | **151.716** |
| 20 | जामनगर, आरआईएल डीटीए,1999 | रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड | 33.000 |
| 21 | आरआईएल एसईजेड, 2008 | रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड | 35.200 |
| 22 | वाडिनार, 2006 | नायरा एनर्जी | 20.000 |
| | **उप–कुल निजी क्षेत्र** | | **88.200** |
| 23 | भटिंडा, एचएमईएल, 2012 | एचपीसीएल मित्तल एनर्जी लिमिटेड | 11.300 |
| | **उप–कुल संयुक्त उद्यम** | | **11.300** |
| | **कुल** | | **251.216** |


# रिफाइनरी की स्थापना 1901 में डिगबोई में असम तेल कंपनी लिमिटेड द्वारा की गई थी और समयोपरांत इस रिफाइनरी का अधिग्रहण आईओसीएल द्वारा दिनांक 14.10.1981 को कर लिया गया।

@ सीपीसीएल की 1.0 एमएमटीपीए की कावेरी बेसिन रिफाइनरी (सीबीआर) का प्रचालन दिनांक 1.4.2019 से 9 एमएमटीपीए क्षमता की नई रिफाइनरी की परियोजना गतिविधियों को संपन्न करने के लिए बाधाओं के कारण स्थगित कर दिया गया है।

**4.1.1** रिफाइनिंग क्षमता न केवल घरेलू खपत के लिए पर्याप्त है, बल्कि पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात के लिए भी अधिशेष है। 2001–02 से, भारत पेट्रोलियम उत्पादों का शुद्ध निर्यातक बन गया है। वर्ष 2022–2023 (अप्रैल 2022 से जनवरी 2023) के दौरान देश द्वारा 50.2 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) (अनंतिम) निर्यात किया है। जो कि अमेरिका के पेट्रोलियम उत्पादों के $ 49.2 बिलियन (अनंतिम) के बराबर है।

## 4.2. इन वर्षों के दौरान रिफाइनिंग क्षमता वृद्धि

**4.2.1.** वर्षों के दौरान रिफाइनिंग क्षमता में वृद्धि का चित्रमय प्रस्तुतीकरण ग्राफ में दर्शाया गया है।




## 4.3. नई रिफाइनरी और मौजूदा रिफाइनरियों का विस्तार

ग्रीन फील्ड रिफाइनरी

| क्र. सं. | कंपनी का नाम | रिफाइनरी का स्थान | अभिलक्षित वर्ष | क्षमता, एमएमटीपीए |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआरआरएल) | बाड़मेर, राजस्थान | 2025–26 | 9.0 |

वर्ष 2025–26 तक योजनाबद्ध क्षमता विस्तार निम्नानुसार है:


| क्र. सं. | कंपनी का नाम | रिफाइनरी का स्थान | अभिलक्षित वर्ष | क्षमता में वृद्धि, एमएमटीपीए |
|---|---|---|---|---|
| 1 | इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) | गुवाहाटी, असम | 2023–24 | 0.20 |
| 2 | इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) | बरौनी, बिहार | 2024–25 | 3.00 |
| 3 | इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) | डिगबोई, असम | 2025–26 | 0.35 |
| 4 | इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) | कोयली, गुजरात | 2025–26 | 4.30 |
| 5 | इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) | पानीपत, हरियाणा | 2025–26 | 10.0 |
| 6 | हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) | विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश | 2023–24 | 6.70 |
| 7 | नुमालीगढ़ रिफाइनरीज लिमिटेड (एनआरएल) | नुमालीगढ़, असम | 2024–25 | 6.00 |
| 8 | आरआईएल–डीटीए | जामनगर, गुजरात | 2024–25 | 7.50 |

## 4.4. रिफाइनरी के प्रदर्शन में सुधार


**4.4.1.** भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र की रिफाइनरियां आधुनिक तकनीकों से लैस हैं और उन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रवृत्ति के अनुरूप और आवश्यकता के अनुसार प्रौद्योगिकियों को निरंतर उन्नत किया है। भारतीय रिफाइनरियों द्वारा विभिन्न ऊर्जा संरक्षण उपायों के माध्यम से ऊर्जा खपत को कम करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है।

उच्च प्रौद्योगिकी केन्द्र (सीएचटी) द्वारा वर्ष 2010, 2012, 2014, 2016, 2018 और 2020 के निरंतर चक्रों के लिए मैसर्स सोलोमन एसोसिएट्स के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र की रिफाइनरियों के प्रदर्शन बेंचमार्किंग का अध्ययन किया गया है। कैलेंडर वर्ष 2022 का अध्ययन वर्ष 2023 में किया जाएगा।

आधुनिक तकनीकों को अपनाने के माध्यम से पीएसयू रिफाइनरियों द्वारा उत्तरोत्तर रूप से डिस्टिलेट प्राप्ति और पेट्रोल/डीजल की गुणवत्ता में सुधार किया गया है। पीएसयू रिफाइनरियों की औसत डिस्टिलेट प्राप्ति (कच्चे तेल पर भारिता) वर्ष 2005–06 में 73.3% से बढ़कर वर्ष 2019–20 में 80% हो गई है। इसी प्रकार, ऊर्जा संरक्षण उपायों द्वारा उद्योग की विशिष्ट ऊर्जा खपत (एमबीएन) को कम करने में सहायता प्रदान की है, जिसे एमबीटीयू/बीबीएल/एनआरजीएफ के संदर्भ में वर्ष 2005–06 से 2019–20 की अवधि के दौरान 26% तक मापा गया है। चूंकि ईंधन और घाटा रिफाइनरी की जटिलता के साथ–साथ भिन्न होते रहते हैं, जटिलता के साथ ईंधन और हानि को अभिग्रहित करने के लिए सीएचटी द्वारा एमबीएन पद्धति विकसित की गई थी। सलाहकारों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर तकनीकी प्रवृत्तियों को प्रतिबिंबित करने के लिए एमबीएन पद्धति को नया रूप दिया गया था और वर्ष 2015–16 से रिपोर्टिंग को नए एमबीएन में परिवर्तित कर दिया गया है।




2020–21 से, मानकीकरण के लिए सीएचटी डिस्टिलेट को अपनाया गया था




2014–15 के बाद से नई एमबीएन पद्धति अपनाई गई

## 4.5. ऑटो ईंधन गुणवत्ता उन्नयन

देश भर में बीएस–IV गुणवत्ता युक्त ईंधन की आपूर्ति दिनांक 01.04.2017 तक चरणों में संपन्न की गई। सरकार द्वार दिनांक 01.01.2019 से देश में बीएस–IV से सीधे बीएस–IV उत्सर्जन मानदंडों में लंबी छलांग लगाने का निर्णय लिया गया। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा अधिसूचना सं. जीएसआर 889(ई) दिनांक 16.09.2016 के तहत बीएस–IV ईंधन के लिए उत्सर्जन मानकों को अधिसूचित किया गया। दिल्ली में प्रदूषण के स्तर में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, सरकार द्वारा दिनांक 01.04.2018 से एनसीटी दिल्ली में, तत्पश्चात 1 अप्रैल, 2019 से एनसीआर के प्रमुख भागों में बीएस–IV लागू कर दिया गया। बीएस–IV गुणवत्ता युक्त ईंधन की राष्ट्रव्यापी आपूर्ति दिनांक 1 अप्रैल, 2020 से आरंभ की गई।



आईओसीएल की पानीपत रिफाइनरी

## 4.6. रिफाइनरी का संक्षिप्त विवरण

### सार्वजनिक क्षेत्र की रिफाइनरियां

### आईओसीएल रिफाइनरियां

#### 4.6.1. डिगबोई रिफाइनरी (असम)–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

डिगबोई रिफाइनरी को वर्ष 1901 में बर्मा ऑयल कंपनी लिमिटेड (तत्पश्चात असम ऑयल कंपनी लिमिटेड) द्वारा कमीशन किया गया था। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा दिनांक 14.10.1981 से असम ऑयल कंपनी लिमिटेड की रिफाइनरी और मार्केटिंग प्रबंधन का अधिग्रहण कर लिया और एक पृथक डिवीजन बनाया गया। इस प्रभाग रिफाइनरी और मार्केटिंग दोनों कार्य निहित थे। डिगबोई रिफाइनरी दुनिया की सबसे पुरानी ऑपरेटिंग रिफाइनरी है और प्रीमियम ग्रेड पैराफिन वैक्स और माइक्रो–क्रिस्टलीय वैक्स का उत्पादन करती है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 0.65 एमएमटीपीए है। 2021–22 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 109.92% था।

#### 4.6.2. गुवाहाटी रिफाइनरी (असम)–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

गुवाहाटी रिफाइनरी को 0.75 एमएमटीपीए की डिजाइन क्षमता के साथ जनवरी, 1962 चालू किया गया था। रिफाइनरी की स्थापना रोमानिया के सहयोग से की गई थी। गुवाहाटी रिफाइनरी सार्वजनिक क्षेत्र की पहली रिफाइनरी थी। यह 2003 में भारी सिरों को एलपीजी, मोटर स्पिरिट और डीजल तेल में अपग्रेड करने के लिए आईओसीएल आर एंड डी सेंटर द्वारा विकसित एक नई प्रौद्योगिकी 'इंडमैक्स यूनिट' स्थापित करती पहली रिफाइनरी थी। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 1.00 एमएमटीपीए है। वर्ष 2021–22 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 73.02% था।

#### 4.6.3. बरौनी रिफाइनरी (बिहार) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

बरौनी रिफाइनरी जुलाई 1964 में चालू की गई थी। रिफाइनरी की स्थापना तत्कालीन सोवियत संघ के सहयोग से की गई थी। रिफाइनरी, जिसे मूल रूप से स्वदेशी असम क्रूड के प्रसंस्करण के लिए डिज़ाइन किया गया था, का तत्पश्चात पुनःद्धार और विस्तारित किया या था और अब यह आयातित क्रूड के प्रसंस्करण में सक्षम है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 6.00 एमएमटीपीए है। रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग वर्ष 2021–22 में 93.66% था।

#### 4.6.4. कोयली रिफाइनरी (गुजरात)–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

कोयाली रिफाइनरी अक्टूबर, 1965 में चालू की गई थी। रिफाइनरी की स्थापना पूर्व सोवियत संघ के सहयोग से की गई थी। कोयली रिफाइनरी द्वारा कच्चे तेल के भारी सिरों को उच्च मूल्य युक्त बेहतर गुणवत्ता वाले मिट्टी तेल/एटीएफ और डीजल में परिवर्तित करने के लिए देश की प्रथम हाइड्रोक्रैकर इकाई आरंभ की गई। इसमें विश्व की सबसे बड़ी सिंगल ट्रेन लीनियर अल्काइल बेंजीन (एलएबी) संयंत्र भी स्थापित है, जिसने पेट्रोकेमिकल्स में इंडियन ऑयल के प्रवेश को चिह्नित किया है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 13.70 एमएमटीपीए है। वर्ष 2021–22 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 98.35% था।

#### 4.6.5. बोंगाईगांव रिफाइनरी (असम)–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

बोंगाईगांव रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (बीआरपीएल) को दिनांक 20 फरवरी 1974 को केंद्र सरकार की पूर्ण स्वामित्वाधीन कंपनी के रूप में शामिल किया गया था। मार्च 2001 में बीआरपीएल, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की सहायक कंपनी बन गई। बीआरपीएल को दिनांक 25 मार्च, 2009 से धारक कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ मिला दिया गया था। बीआरपीएल जो मूल रूप से असम क्रूड का प्रसंस्करण कार्य कर रहा था, अब आयातित क्रूड को संसाधित करने में सक्षम हो गया है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता को वर्ष 2020–21 में 2.35 से बढ़ाकर 2.70 एमएमटीपीए कर दिया गया है। बीजीआर की क्षमता बढ़ाकर 2.7 एमएमटीपीए की गई। तथापि, बीआर बीजीआर क्रूड पाइपलाइन के विस्तार के पश्चात बढ़ी हुई क्षमता का उपयोग होगा। वर्ष 2021–22 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 97.72% रहा था।

#### 4.6.6. हल्दिया रिफाइनरी (पश्चिम बंगाल)–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

आईओसीएल की हल्दिया रिफाइनरी को जनवरी 1975 में शुरू किया गया था। हुगली और हल्दिया नदी के संगम के पास पश्चिम बंगाल के पुरबा मेदिनीपुर जिले में कोलकाता से 136 किमी नीचे की ओर यह तटीय रिफाइनरी स्थित है। यह जूट बैचिंग ऑयल (जेबीओ) का एकमात्र उत्पादक होने के अलावा ल्यूब ऑयल बेस स्टॉक्स (एलओबीएस) का उत्पादन करने वाले आईओसीएल समूह कंपनियों के दो रिफाइनरियों में से एक है। आरंभ में इसे 2.50 एमएमटीपीए की क्रूड प्रसंस्करण क्षमता के साथ स्थापित किया गया था, बाद में रिफाइनरी की क्षमता चरणों में वर्तमान 8.00 एमएमटीपीए तक बढ़ाई गई थी। वर्ष 2021–22 के दौरान रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 91.25% रहा।

**4.6.7. मथुरा रिफाइनरी (उत्तर प्रदेश)–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)**

मथुरा रिफाइनरी को जनवरी 1982 में चालू किया गया था। रिफाइनरी की प्राथमिक इकाइयों को तत्कालीन सोवियत संघ द्वारा डिजाइन किया गया था। यह विस्तृत पर्यावरण निगरानी प्रणाली और पारिस्थिति पार्क से सुसज्जित भारत की पहली ग्रीन रिफाइनरी है। इस रिफाइनरी द्वारा एसओ2 उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए प्राकृतिक गैस का भी उपयोग किया जाता है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 8.00 एमएमटीपीए है। वर्ष 2021–22 में रिफाइनरी की 114.03% क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग हुआ था।

**4.6.8. पानीपत रिफाइनरी (हरियाणा)–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)**

पानीपत रिफाइनरी को 1998 में चालू किया गया था। पानीपत रिफाइनरी सार्वजनिक क्षेत्र में पहली आधुनिक एकीकृत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स है। यह देश का सबसे बड़ा शुद्ध टेरेपथेलिक एसिड (पीटीए) संयंत्र है। पानीपत नेफ्था क्रैकर यूनिट, मोनो एथिलीन ग्लाइकॉल (एमईजी) यूनिट, पॉली प्रोपलीन (पीपी) यूनिट, लीनियर लो–डेंसिटी पॉली एथिलीन (एलएलडीपीई) और हाई डेंसिटी पॉली एथिलीन (एचडीपीई) यूनिट आदि की कमीशनिंग से इंडियन ऑयल की प्लास्टिक उद्योग में प्रवेश की शुरुआत हुई थी। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 15.00 एमएमटीपीए है। वर्ष 2021–22 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 98.99% था।

**4.6.9. पारादीप रिफाइनरी (ओडिशा)–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)**

पारादीप रिफाइनरी को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा दिनांक 07.02.2016 को राष्ट्र को समर्पित किया गया था। पारादीप रिफाइनरी इंडियन ऑयल की अब तक की सबसे प्रतिष्ठित और पूंजी–गहन परियोजना है और यह पारादीप, ओडिशा में स्थित आईओसीएल के समूह की 11वीं रिफाइनरी है। यह रिफाइनरी सहायक उद्योगों के तत्काल संभावित विकास के माध्यम से क्षेत्र में औद्योगिक विकास के लिए एक आर्थिक प्रोत्साहन के रूप में कार्य करेगी।

यह रिफाइनरी विश्वि भर के विभिन्न प्रौद्योगिकी लाइसेंसकर्ताओं की अत्याधुनिक तकनीकों से युक्त सबसे आधुनिक रिफाइनरी है। रिफाइनरी को 12.2 (वर्तमान 10.8) के समग्र नेल्सन जटिलता कारक के साथ 15.0 एमएमटीपीए कच्चे तेल को संसाधित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो इसे उच्च सल्फर भारी क्रूड सहित कच्चे तेल की व्यापक बॉस्केपट को संसाधित करने में सक्षम बनाता है। रिफाइनरी को एलपीजी, प्रोपलीन, मोटर स्पिरिट, एटीएफ और एचएसडी के उत्पादन के लिए तैयार किया गया है। रिफाइनरी कमीशनिंग से ही यूरो–IV/यूरो–V गुणवत्ता युक्त परिवहन ईंधन उत्पादित करने में सक्षम है। रिफाइनरी की 81.10% डिस्टिलेट प्राप्ति के साथ साथ श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ होने की संभावना है जिसमें किसी प्रकार के काले पेट्रोलियम का उत्पादन नहीं किया जाता है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 15.00 एमएमटीपीए है। वर्ष 2021–22 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 88.12% रहा था।

## एचपीसीएल रिफाइनरियां

**4.6.10. मुंबई रिफाइनरी (महाराष्ट्र) हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल)**

मुंबई रिफाइनरी को पहली बार वर्ष 1952 में स्टैंडर्ड वैक्यूम रिफाइनिंग कंपनी ऑफ इंडिया (स्टैन वैक) के रूप में शामिल किया गया था, जिसे वर्ष 1954 में कमीशन किया गया था। वर्ष 1962 में स्टैन वैक को एस्सो इंडिया लिमिटेड नाम दिया गया था। वर्ष 1969 में, ल्यूब इंडिया लिमिटेड, ल्यूब ऑयल बेस स्टॉक (एल ओ बी एस) के निर्माण से अस्तित्व में आई। दिनांक 15 जुलाई, 1974 को एस्सो और ल्यूब इंडिया लिमिटेड के उपक्रमों का राष्ट्रीयकरण किया गया और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) बनाने के लिए इनका विलय कर दिया गया। एचपीसीएल–मुंबई रिफाइनरी एचपीसीएल की एकमात्र रिफाइनरी है जो ल्यूब ऑयल बेस स्टॉक का उत्पादन करती है। रिफाइनरी फूड ग्रेड हेक्सेन, रबर प्रोसेसिंग (आरपीओ), डायना प्रोसेसिंग ऑयल आदि जैसे विशेष उत्पादों का भी उत्पादन करती है। रिफाइनरी की क्षमता 1 अप्रैल, 2022 के प्रभाव से 7.50 से बढ़ाकर 9.50 एमएमटीपीए कर दिया गया है। वर्ष 2021–22 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 74.1% रहा था।

**4.6.11. विशाख रिफाइनरी (आंध्र प्रदेश)–हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल)**

एचपीसीएल की विशाख रिफाइनरी को वर्ष 1957 में कैलटेक्स ऑयल रिफाइनिंग (इंडिया) लिमिटेड द्वारा कमीशन किया गया था। रिफाइनरी को वर्ष 1976 में भारत सरकार द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया था और परिणामस्वरूप वर्ष 1978 में इसे एचपीसीएल के साथ समामेलित कर दिया गया था। एचपीसीएल–विशाख रिफाइनरी पूर्वी तट पर स्थित प्रथम तेल रिफाइनरी थी और यह विशाखापत्तनम के प्रथम प्रमुख उद्योगों में से एक थी। वर्ष 2010 में विशाख में सिंगल प्वाइंट मूरिंग (एसपीएम) सुविधा के चालू होने के साथ ही 'वेरी लार्ज क्रूड कैरियर्स' (वीएलसीसी) जो 2 मिलियन बैरल तेल तक ले जाते हैं, अब विशाख रिफाइनरी में प्राप्त किए

जा सकते हैं। आईएसपीआरएल रिफाइनरी के समीप स्थित है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 8.30 एमएमटीपीए है। वर्ष 2021–22 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 101.32% था।

## बीपीसीएल रिफाइनरी

### 4.6.12. मुंबई रिफाइनरी (महाराष्ट्र)–भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल)

मुंबई में रिफाइनरी को जनवरी 1955 में बर्मा शेल रिफाइनरी लिमिटेड के स्वामित्वाधिकार में चालू किया गया था। बर्मा शेल के सरकारी अधिग्रहण के पश्चात, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड दिनांक 24 जनवरी 1976 को अस्तित्व में आया। बीपीसीएल–मुंबई रिफाइनरी द्वारा स्वदेशी कच्चे तेल के प्रसंस्करण की शुरूआत की गई और वर्तमान स्थिति के अनुसार 72 प्रकार के कच्चे तेल के प्रसंस्करण के कार्य का निर्वाह किया जा सकता है। रिफाइनरी में पर्यावरण के अनुकूल सुप्त प्रवेस ऑयल के उत्पादन के लिए ल्यूब बेस ऑयल यूनिट भी स्थित है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 12.00 एमएमटीपीए है। वर्ष 2021–22 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 120.34% था।

### 4.6.13. कोच्चि रिफाइनरी (केरल)–भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल)

कोच्चि रिफाइनरी लिमिटेड (केआरएल) की स्थापना भारत सरकार, संयुक्त राज्य अमरीका की फिलिप्स पेट्रोलियम कंपनी और कलकत्ता के डंकन ब्रदर्स के बीच दिनांक 27 अप्रैल, 1963 गठन संबंधी समझौते के अनुसरण में की गई थी। रिफाइनरी को वर्ष 2006 में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ समामेलित कर दिया गया। यह रिफाइनरी वेरी लार्ज क्रूड कैरियर्स (वीएलसीसी) में कच्चा तेल प्राप्त करने के लिए सुसज्जित है। कोच्चि रिफाइनरी द्वारा मूल्यवर्धन के लिए पेट्रोकेमिकल निर्माण में विविधता लाने के प्रयोजन से एक महत्वाकांक्षी योजना आरंभ की गई है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 15.50 एमएमटीपीए है। वर्ष 2021–22 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 99.36% था।

### 4.6.14. बीना रिफाइनरी भारत ओमान रिफाइनरी लिमिटेड (बीओआरएल) (मध्य प्रदेश)

बीना रिफाइनरी की स्थापना भारत ओमान रिफाइनरी लिमिटेड (बीओआरएल) द्वारा की गई थी, जो मई 2011 में चालू किया गया भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और ओमान ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओओसीएल) का एक संयुक्त उद्यम था। मार्च 2020 से, यह कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की सहायक कंपनी बन गई है और जुलाई 2021 में, ओक्यू एसएओसी की संपूर्ण शेयरधारिता भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा क्रय कर ली थी।

बीना रिफाइनरी भारत के मध्य भाग में स्थित प्रथम रिफाइनरी है और यह मध्य और उत्तरी भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता को संवृद्धि करता है। इसकी अन्य सुविधाओं में सिंगल प्वाइंट मूरिंग सुविधा (एसपीएम), गुजरात के वाडीनार में क्रूड ऑयल स्टोरेज टर्मिनल (सीओटी) और वाडीनार से बीना (वीबीपीएल) तक 935 किलोमीटर लंबी देश पार पाइपलाइन शामिल हैं। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 7.80 एमएमटीपीए है। वर्ष 2021–22 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 94.99% था।

## सीपीसीएल रिफाइनरी

### 4.6.15. मणली रिफाइनरी (तमिलनाडु)–चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल)

चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल), जिसे इससे पूर्व मद्रास रिफाइनरीज लिमिटेड (एमआरएल) के नाम से जाना जाता था, वर्ष 1965 में भारत सरकार (जीओआई) ए एम ओ सी ओ और नेशनल ईरानी ऑयल कंपनी (एनआईओसी) के बीच एक संयुक्त उद्यम के रूप में स्थापित की गई थी। सीपीसीएल 2001 में आईओसीएल की सहायक कंपनी बन गई। सीपीसीएल मनाली रिफाइनरी भारत में ईंधन, ल्यूब, वैक्स और पेट्रोकेमिकल फीडस्टॉक्स उत्पादन सुविधाओं के साथ सबसे जटिल रिफाइनरियों में से एक है। अपनी रिफाइनरी की जल संबंधी आवश्यकताओं को बढ़ाने के लिए 5.8 एम जी डी समुद्री जल विलवणीकरण परियोजना उद्योग में अपने प्रकार की प्रथम परियोजना थी। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 10.50 एमएमटीपीए है। वर्ष 2021–22 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 86.1% था।

### 4.6.16. कावेरी बेसिन रिफाइनरी (नागापट्टिनम तमिलनाडु)–चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल)

1.00 एमएमटीपीए क्षमता युक्त सीपीसीएल की कावेरी बेसिन रिफाइनरी (सीबीआर) का प्रचालन कार्य दिनांक 01.04.2019 से रोक दिया गया है और 9.00 एमएमटीपीए की एक नई रिफाइनरी की योजना बनाई गई है।

## एनआरएल रिफाइनरी

### 4.6.17. नुमालीगढ़ रिफाइनरी (असम)–नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल)

नुमालीगढ़ रिफाइनरी, जिसे 'असम एकॉर्ड रिफाइनरी' के रूप में जाना जाता है, को अक्टूबर, 2000 में चालू किया गया था। एनआरएल का वर्तमान शेयरधारिता पैटर्न यह है: ऑयल इंडिया लिमिटेड (72.15%) और असम सरकार (23.48%) और इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (4.37%)। डिस्टीलेट प्राप्ति को अधिकतम

करने के लिए एनआरएल पूर्वोत्तर की सबसे बड़ी रिफाइनरी है जो आधुनिक इकाइयों, हाइड्रोक्रेकर और डिलेड कोकर से सुसज्जित है।

रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 3.00 एमएमटीपीए है। वर्ष 2021–22 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 87.48% था।

## एमआरपीएल रिफाइनरी

**4.6.18. मैंगलोर रिफाइनरी (कर्नाटक)–मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल)**

मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) को मार्च 1996 में चालू किया गया था। एमआरपीएल को मूल रूप से एक संयुक्त उद्यम रिफाइनरी के रूप में स्थापित किया गया था। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और आदित्य बोलीला ग्रुप ऑफ कंपनीज द्वारा मार्च, 2003 में प्रवर्तित एमआरपीएल ओएनजीसी की सहायक कंपनी बन गई। रिफाइनरी को 24 से 46 एपीआई गुरुत्वाकर्षण युक्त क्रूड को संसाधित करने के लिए उच्च लचीलेपन से युक्त एक बहुमुखी डिजाइन प्राप्तर हुआ है और इसमें उच्च स्तरीय स्वचालन स्थापित है। एमआरपीएल, भारत की एकमात्र रिफाइनरी है जिसमें प्रीमियम डीजल (हाई सिटेन) का उत्पादन करने के लिए 2 हाइड्रोक्रैकर हैं। यह भारत की एकमात्र रिफाइनरी भी है जिसमें हाई ऑक्टेन के अनलेडेड पेट्रोल का उत्पादन करने के 2 सीसीआर स्थापित हैं। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 15.00 एमएमटीपीए है। रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग वर्ष 2021–22 में 99.13% था।

## ओएनजीसी रिफाइनरी

**4.6.19. तातीपका रिफाइनरी (आंध्र प्रदेश)–ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी)**

ओएनजीसी की मिनी रिफाइनरी (चरण–1 ) के रूप में स्थापित इस रिफाइनरी को सितंबर, 2001 में आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले के तातीपका में चालू किया गया था। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 0.066 एमएमटीपीए है। वर्ष 2021–22 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 113.83% था।

## संयुक्त उद्यम रिफाइनरी

**4.6.20. गुरु गोबिंद सिंह रिफाइनरी–एचपीसीएल–मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल), बठिंडा (पंजाब)**

एचपीसीएल और मित्तल एनर्जी लिमिटेड के बीच एक संयुक्त उद्यम हिंदुस्तान मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल) के स्वामित्वाधिकार युक्त गुरु गोबिंद सिंह रिफाइनरी (जीजीएसआर) को अप्रैल, 2012 में चालू किया गया था। बठिंडा की रणनीतिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए तेल और गैस क्षेत्र में यह रिफाइनरी एक सफल सार्वजनिक निजी भागीदारी का प्रमाण है, यह रिफाइनरी भारत के उत्तरी राज्यों की ईंधन आवश्यकताओं की पूर्ति करेगी।

## निजी क्षेत्र की रिफाइनरियां

**4.6.21. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (घरेलू टैरिफ क्षेत्र) (आरआईएल-डीटीए) (निजी क्षेत्र), जामनगर (गुजरात)**

इस रिफाइनरी को जुलाई 1999 में चालू किया गया था। आरआईएल–डीटीए देश की प्रथम निजी क्षेत्र की रिफाइनरी थी। आरआईएल–डीटीए विश्व भर की सबसे बड़ी जमीनी स्तर की रिफाइनरी है, जिसमें पैराज़ाइलीन के उत्पादन के लिए एक पेट्रोलियम संयंत्र, पॉलीप्रोपाइलीन के उत्पादन के लिए एक पॉलीमर संयंत्र है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 33.00 एमएमटीपीए है। वर्ष 2021–22 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 105.32% था।

**4.6.22. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड–एस ई जेड (आर आई एल एस ई जेड) जामनगर (गुजरात)**

रिफाइनरी को दिसंबर 2008 में चालू किया गया था। एसईजेड रिफाइनरी में 'क्लीन फ्यूल्स' प्रोसेस संयंत्र के साथ साथ एक अद्वितीय डिजाइन और पथ–प्रदर्शक विन्यास स्थापित है। इसकी रूप रेखा को अर्थव्यवस्था के आधार पर ग्रेड बदलने और बाजार की गतिशीलता के आधार पर मार्जिन की प्राप्ति के लिए उच्च स्तरीय लचीलेपन के अनुरूप तैयार डिज़ाइन किया गया है। नवीन एसईजेड रिफाइनरी भारत की प्रथम रिफाइनरी है। जो यूरो–IV ग्रेड के पेट्रोल और डीजल का उत्पादन करती है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 35.20 एमएमटीपीए है। वर्ष 2021–22 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 90.89% था।

**4.6.23. नायरा एनर्जी लिमिटेड, वाडिनार रिफाइनरी (निजी क्षेत्र), वाडीनार (गुजरात)**

इस रिफाइनरी को नवंबर, 2006 में चालू किया गया था। वाडीनार रिफाइनरी देश की दूसरी सबसे बड़ी रिफाइनरी है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 20.00 एमएमटीपीए है। वर्ष 2021–22 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 100.82 फीसदी था।


MAP OF REFINERIES IN INDIA
Refining Capacity - 251.2 MMTPA
N
BHATINDA (11.3)
PANIPAT (15.0)
MATHURA (8.0)
RAJASTHAN REFINERY BARMER (HRRL) (9.0)
KOYALI (13.7)
BINA (7.8)
NAYARA (20.0)
HPCL (35.2)
RIL (33.0)
JAMNAGAR
MUMBAI (12.0)
MUMBAI (8.5)
BARAUNI (6.0)
SONGAIGAON (2.7)
DIGBOI (0.65)
GUWAHATI (1.0)
NUMALIGARH (3.0)
HALDIA (8.0)
PARADIP (15.0)
VIZAG (8.3)
TATIPAKA (0.07)
MANGALORE (15.0)
CHENNAI (10.5)
KOCHI (15.5)
CAUVERY BASIN REFINERY (CBRPL), NAGAPATTINAM (9.0)
Arabian Sea
Bay of Bengal
Andaman & Nicobar Islands
Lakshadweep
INDIAN OCEAN
(Capacity in MMTPA)
New Refineries (Upcoming)
Map not to Scale




बीपीसीएल की मुंबई रिफाइनरी का एक दृश्य



आईओसीएल की बरौनी रिफाइनरी का एक दृश्य


IndianOil
PETROL
DIESEL

अध्याय 5



# विपणन और वितरण

# 5 विपणन और वितरण

## 5.1. एलपीजी की खुदरा विपणन अवसंरचना

भारत में पेट्रोलियम उत्पादों का खुदरा विपणन सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) अर्थात् इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और निजी कंपनियों जैसे रिलायंस इंडस्ट्रीज, एस्सार, शेल आदि द्वारा किया जाता है। दिनांक 01.01.2023 की स्थिति के अनुसार देश में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों और 25,341 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप द्वारा संचालित 21,921 टीएमटीपीए की रेटेड बॉटलिंग क्षमता वाले 206 एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र हैं। दिनांक 01.01.2023 की स्थिति के अनुसार देश में कुल सक्रिय एलपीजी उपभोक्ता 31.37 करोड़ हैं। अप्रैल–दिसंबर 2022 की अवधि के दौरान, देश में कुल 93 नए एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिए गए हैं। इसके अलावा, इस नौ महीने की अवधि के दौरान ओएमसी द्वारा कुल 92.46 लाख नए एलपीजी कनेक्शन जारी किए गए हैं, जिसमें उज्ज्वला 2.0 योजना के तहत 60 लाख कनेक्शन शामिल हैं।

## 5.2. प्रमुख पहलें

### 5.2.1. पहल (डीबीटीएल योजना)




भारत सरकार ने 15.11.2014 को देश के 54 जिलों में एलपीजी उपभोक्ताओं हेतु प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटीएल) योजना अर्थात् 'पहल' (प्रत्यक्ष हस्तांतरित लाभ) शुरू की। बाद में इस योजना का विस्तार देश के सभी भागों में किया गया और दिनांक 01.01.2023 की स्थिति के अनुसार कुल 29.06 करोड़ एलपीजी उपभोक्ता इस योजना में शामिल हुए हैं।

इस योजना का उद्देश्य राजसहायता को तर्कसंगत बनाना और राजसहायता के अनुचित उपयोग को कम करना है। 'पहल' योजना में शामिल होने वाले एलपीजी उपभोक्ता राजसहायता रहित मूल्य पर एलपीजी रिफिल लेते हैं और एलपीजी राजसहायता (पात्रता अनुसार) सीधे उनके बैंक खातों में चला जाता है। 'पहल' के कार्यान्वयन से, देश में एलपीजी उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के लिए राजसहायता प्रबंधन में पारदर्शिता की नई व्यवस्था लागू की गई है। 'पहल' ने बेनामी खातों, कई खातों और निष्क्रिय खातों की पहचान करने में भी मदद की है। इसके परिणामस्वरूप राजसहायता वाले एलपीजी को वाणिज्यिक उद्देश्यों में उपयोग को नियंत्रित करने में मदद मिली है।

राजसहायता प्रबंधन के एक भाग के रूप में, भारत के माननीय प्रधान मंत्री ने सभी संपन्न एलपीजी उपभोक्ताओं से 'राजसहायता छोड़ने' का अभियान शुरू करके स्वेच्छा से अपनी एलपीजी राजसहायता छोड़ने की अपील की। 'राजसहायता छोड़ने' के अभियान को सामाजिक रूप से प्रतिबद्ध व्यक्तियों से अपार प्रतिक्रिया मिली और इसके परिणामस्वरूप 01.01.2023 तक 1.12 करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं ने स्वेच्छा से अपनी एलपीजी राजसहायता छोड़ दी है। सरकार के 'राजसहायता छोड़ने' के अभियान को दुनिया भर से व्यापक प्रशंसा मिली है और यह मनोविज्ञान और व्यवहार अर्थशास्त्र के क्षेत्र से प्रेरित सार्वजनिक नीति में उपयोग किए जाने वाले नज टूल का एक प्रमुख और सबसे पहला उदाहरण है।

### 5.2.2. प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई)

मई 2016 में, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी) ने प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) को एक प्रमुख योजना के रूप में पेश किया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण और वंचित परिवारों को एलपीजी के रूप में एक स्वच्छ रसोई ईंधन उपलब्ध कराना था, जो लोग अन्यथा खाना पकाने के पारंपरिक ईंधन जैसे लकड़ी, कोयला, गाय के गोबर के उपले आदि का उपयोग कर रहे थे। खाना पकाने के पारंपरिक ईंधन के उपयोग का ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ–साथ पर्यावरण पर भी हानिकारक प्रभाव पड़ता था।

भारत के माननीय प्रधान मंत्री ने दिनांक 01.05.2016 को इस योजना की औपचारिक शुरूआत की। शुरूआत में, पीएमयूवाई के अंतर्गत वित्त वर्ष 2016–17 से शुरू होकर 3 वर्षों की अवधि में 5 करोड़ कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया था। बाद में, सरकार द्वारा प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) का लक्ष्य बढ़ाकर पांच से आठ कर दिया गया जिसे वित्त वर्ष 2019–20 तक प्राप्त किया जाना था। लक्ष्य में वृद्धि के साथ–साथ, सरकार ने ऐसे गरीब परिवारों को भी पीएमयूवाई का लाभ दिया, जो देश के सभी गरीब परिवारों को कवर करने के लिए एसईसीसी सूची या चिह्नित 7 श्रेणियों में नाम नहीं होने के कारण छूट गए थे। लाभार्थियों की इस विस्तारित सूची में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, प्रधानमंत्री आवास योजना, अति पिछड़ा वर्ग, अंत्योदय अन्न योजना, चाय और पूर्व चाय बागान जनजातियां, वनवासी, द्वीप और नदी द्वीप के लोग और आवेदक द्वारा 14–सूत्री स्वघोषणा वाले गरीब परिवार शामिल थे।

इस योजना के अंतर्गत, सरकार गरीब परिवारों के वयस्क महिला सदस्यों को निक्षेप रहित एलपीजी कनेक्शन प्रदान करती है। सरकार प्रत्येक नए कनेक्शन हेतु ₹ 1,600 की सिलेंडर और प्रेशर रेग्युलेर, डीजीसीसी कार्ड, सुरक्षा होज और प्रशासनिक/स्थापन प्रतिभूति शुल्क का भार वहन करती है।

पीएमयूवाई योजना के तहत 8 करोड़ एलपीजी कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य 31 मार्च, 2020 की लक्ष्य तिथि से 7 महीने पहले 7 सितंबर, 2019 को हासिल किया गया था।

**उज्ज्वला 2.0**



माननीय वित्त मंत्री ने 01.02.2021 को अपने बजट भाषण के दौरान घोषणा की कि उज्ज्वला योजना, जिसने 8 करोड़ परिवारों को लाभान्वित किया है, को 1 करोड़ और लाभार्थियों को कवर करने के लिए विस्तारित किया जाएगा।

तदनुसार, उज्ज्वला 2.0 को उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में 10 अगस्त, 2021 को अखिल भारतीय स्तर पर माननीय प्रधान मंत्री की सम्मानित उपस्थिति में शुरू किया गया था ताकि पीएमयूवाई के तहत अतिरिक्त एक करोड़ एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए जा सकें।

सीएससी केंद्रों, सहायता पटल और ओएमसी वितरकों आदि जैसे मौजूदा विकल्पों के साथ आवेदकों के लिए पहली बार ऑनलाइन आवेदन विकल्प प्रदान किया गया है। आवेदक योजना वेबसाइट www.pmuy.gov.in का उपयोग करके उज्ज्वला कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उज्ज्वला 2.0 के तहत 1.0 करोड़ का लक्ष्य जनवरी 22 तक विधिवत रूप से हासिल कर लिया गया था। इसके अलावा, छूटे हुए परिवारों को कवर करने के लिए, योजना के तहत लक्ष्य को अतिरिक्त 60 लाख कनेक्शनों से बढ़ाकर 1.6 करोड़ कर दिया गया था और इसे दिसंबर 2022 के दौरान हासिल किया गया था। 01.01.2023 तक, उज्ज्वला 2.0 के तहत कुल 1.6 करोड़ एलपीजी कनेक्शन जारी किए गए हैं।

### 5.2.3. नए एलपीजी कनेक्शन

एलपीजी घरेलू कनेक्शन मांग पर आसानी से उपलब्ध होते है और संभावित ग्राहकों को तब जारी किए जाते हैं जब वह संबंधित डिस्ट्रीब्यूटरशिप से संपर्क करता है और केवाईसी औपचारिकताओं को पूरा करता है। ओएमसीज के एलपीजी वितरक नए एलपीजी कनेक्शन के अनुरोध पर तुरंत पंजीकरण करते हैं और कार्यवाही करते हैं।

वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, लगभग 1.58 करोड़ नए एलपीजी कनेक्शन जारी किए गए और वित्त वर्ष 2022–23 में अप्रैल से दिसंबर 2022 की अवधि के दौरान लगभग 92.46 लाख नए एलपीजी कनेक्शन जारी किए गए हैं।

**काउंटर पर एलपीजी कनेक्शन:** इसके अलावा, नए एलपीजी कनेक्शनों को तुरंत जारी करने की सुविधा के लिए, संभावित ग्राहकों को काउंटर पर तुरंत घरेलू, गैर–राजसहायता वाले एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के लिए देश भर में प्रावधान किया गया है।

काउंटर पर कनेक्शन प्राप्त करने के लिए ग्राहक को पहचान प्रमाण (पीओआई) और पता संबंधी प्रमाण (पीओए) सहित केवाईसी ब्योरा देना होता है। यदि ग्राहक के पास कोई अन्य पता प्रमाण दस्तावेज़ उपलब्ध नहीं है तो पते के प्रमाण के स्थान पर एक स्व–घोषणा स्वीकार की जाती है।

आवेदक के नाम पर किसी अन्य एलपीजी कनेक्शन के होने की जांच करने के लिए आधार कार्ड लिया जाता है, जो पहचान प्रमाण भी हो सकता है।

**घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं हेतु पोर्टेबिलिटी**

क. **रिफिल पोर्टेबिलिटी:** उपभोक्ताओं को पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से रिफिल बुक करते समय अपने मूल वितरक के अलावा किसी अन्य वितरक का चयन करने का विकल्प दिया जाता है। उक्त पिन कोड/बाजार में सेवारत सभी वितरकों की सूची स्टार रेटिंग के साथ ग्राहक के लिए प्रदर्शित की जाती है। जुलाई 2021 में 5 शहरों (कोयंबटूर, चंडीगढ़, गुरुग्राम, पुणे, रांची) में प्रयोग रूप में यह सुविधा शुरू की गई थी और सफल प्रयोग के बाद, इसे पूरे देश में विस्तारित किया गया था।

ख. **उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी कनेक्शन पोर्टेबिलिटी** उसी क्षेत्र में सेवारत किसी अन्य वितरक को एलपीजी कनेक्शन के ऑनलाइन हस्तांतरण की सुविधा पहली बार संबंधित ओएमसी के वेब-पोर्टलों के साथ-साथ उनके मोबाइल ऐप के माध्यम से एलपीजी ग्राहकों को प्रदान की गई है।

### 5.2.4. नया डिस्ट्रिब्यूटरशिप शुरू करना

वर्तमान में, सभी प्रकार के डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए चयन प्रक्रिया एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के चयन के लिए एकीकृत दिशानिर्देशों के तहत की जाती है। वित्त वर्ष 2021-22 में, 214 नए एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप शुरू किए गए। वित्त वर्ष 2022-23 में अप्रैल-दिसंबर, 2022 की अवधि के दौरान देश भर में कुल 93 नए एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप शुरू किए गए हैं।

**सक्रिय एलपीजी घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या (करोड़ में)**




| एलपीजी खपत (हजार मिट्रिक टन) | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एलपीजी श्रेणी | 2020-21 | 2021-22 | दिसम्बर | | | अप्रैल–दिसम्बर | | |
| | | | 2021-22 | 2022-23 (पी) | सकल (%) | 2021-22 | 2022-23 (पी) | सकल (%) |
| 1. पीएसयू बिक्री: | | | | | | | | |
| एलपीजी–पैक्ड घरेलू | 25,128.1 | 25,501.6 | 2,235.3 | 2,253.9 | 0.8% | 18,839.5 | 18,891.4 | 0.3% |
| एलपीज–पैक्ड गैर–घरेलू | 1,886.0 | 2,238.8 | 196.6 | 266.4 | 35.5% | 1,624.1 | 1,922.2 | 18.4% |
| एलपीजी–बल्क | 361.9 | 390.9 | 26.4 | 40.3 | 52.7% | 270.6 | 302.9 | 11.9% |
| ऑटो एलपीजी | 118.4 | 122.0 | 11.1 | 9.0 | -18.5% | 91.2 | 82.4 | -9.7% |
| उप–योग (पीएसयू बिक्री) | 27,494.3 | 28,253.3 | 2,469.3 | 2,569.6 | 4.1% | 20,825.4 | 21,198.9 | 1.8% |
| 2. प्रत्यक्ष निजी आयात* | 64.2 | 82.0 | 9.99 | 6.4 | -36.4% | 65.0 | 57.2 | -12.0% |
| **कुल (1+2)** | **27,558.4** | **28,335.3** | **2,479.3** | **2,575.9** | **3.9%** | **20,890.4** | **21,256.1** | **1.8%** |

*स्रोत: डीजीसीआईएस (वाणिज्य जानकारी एवं सांख्यिकी महानिदेशालय) में उपलब्ध आंकड़ें।




## 5.3. परिवहन ईंधन के विपणन के लिए प्राधिकार हेतु दिशानिर्देश

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने दिनांक 08.11.2019 के संकल्प के तहत परिवहन ईंधन के विपणन के लिए प्राधिकार हेतु दिशानिर्देशों को संशोधित किया है, जिसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया गया है। संशोधित दिशानिर्देश कारोबार सुगमता को बढ़ावा देंगे और खुदरा क्षेत्र में निवेश के लिए निजी कंपनियों को बढ़ावा देंगे। उक्त संकल्प एमओपीएनजी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उक्त दिशानिर्देशों की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित हैं:-

(i) यह प्रस्ताव 'थोक' एवं 'खुदरा' कारोबार हेतु केवल मोटर स्पिरिट और हाई स्पीड डीजल के विपणन के लिए लागू होता है।

(ii) खुदरा या थोक हेतु प्राधिकार प्राप्त करने की इच्छुक कंपनी के पास आवेदन करते समय न्यूनतम निवल मूल्य 250 करोड़ रुपये होना चाहिए। यदि खुदरा और थोक दोनों के लिए प्राधिकार की आवश्यकता होती है, तो न्यूनतम निवल मूल्य ₹ 500 करोड़ होगा।

(iii) खुदरा प्राधिकार के लिए, किसी कंपनी को कम से कम 100 खुदरा आउटलेट स्थापित करनी होगी, जिनमें से 5% प्राधिकार के अनुदान के 5 वर्षों के भीतर अधिसूचित दूरस्थ क्षेत्रों में होना चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए एक प्रभावी तंत्र (अर्थात बैंक गारंटी) निर्धारित किया गया है ताकि कंपनी दूरस्थ क्षेत्रों में आरओ स्थापित करने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करे। इसके अलावा, विपणन अनुशासन बनाए रखने के लिए बैंक गारंटी भी प्रस्तुत की जानी अपेक्षित है।

(iv) उक्त संकल्प के अंतर्गत प्राधिकृत कंपनियों को विभिन्न अन्य सांविधिक दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए कंपनी के अध्यधीन उक्त आउटलेट के शुरू होने के 3 वर्षों के भीतर प्रस्तावित खुदरा बिक्री केंद्रों पर कम से कम एक नई पीढ़ी के वैकल्पिक ईंधन के विपणन के लिए सुविधाएं स्थापित करना आवश्यक है यथा संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी), जैव ईंधन, तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी), विद्युत वाहन चार्जिंग प्वाइंट आदि।

उक्त संकल्प के अंतर्गत पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 12 नई कंपनियों को विपणन प्राधिकार प्रदान किया है।


## 5.4. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना:

खुदरा दुकानों पर डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचे का महत्वपूर्ण विस्तार हुआ है। 01.01.2023 तक, देश भर में 75,223 पेट्रोल पंपों पर 4,32,761 पीओएस टर्मिनल और 1,03,992 ई–वॉलेट सुविधा प्रदान की गई है, 69,775 खुदरा दुकानों को भीम यूपीआई सक्षम बनाया गया है। सभी एलपीजी वितरक और शहरी गैस वितरण कंपनियां भीम यूपीआई सक्षम हैं।

### 5.4.1. डीजल (एचएसडी) की घर–घर आपूर्ति:

एचएसडी की डोरस्टेप डिलीवरी की दिशा में नई अवधारणा की कल्पना की गई है, जहां तेल कंपनी द्वारा विधिवत अधिकृत कोई भी व्यक्ति ऐसी तेल कंपनी से मोबाइल बोट कंटेनर या डिस्पेंसर के साथ टैंक–ट्रक में केवल विमान, भारी वाहनों या मशीनरी, स्टेशनरी उपकरणों की साइट रिफ्यूलिंग के उद्देश्य से हाई स्पीड डीजल खरीद सकता है। इस पहल का उद्देश्य एचएसडी को सीधे अंतिम उपयोगकर्ताओं के स्टेशनरी उपकरणों में वितरित करना है।


KUOETA 4305



अध्याय 6

# अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सम्बन्ध

# 6 अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सम्बन्ध

भारत दुनिया के अग्रणी ऊर्जा उपभोक्ताओं में से एक है और इसे व्यापक रूप से पारंपरिक और स्वच्छ ऊर्जा संसाधनों की मांग वाहक के रूप में उभरती ऊर्जा महाशक्ति माना जाता है। नवीनतम विश्व ऊर्जा आंकड़ों के अनुसार, भारत वर्तमान में विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता, तेल का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता, तीसरा सबसे बड़ा एलपीजी उपभोक्ता, चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक और चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर है।

इस संदर्भ में, यह ध्यान रखना उचित है कि भारत की प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत विश्व औसत का लगभग 1/3 ही है। चूंकि भारत "आत्मनिर्भर भारत" के कारण आर्थिक सुधार और तेज शहरीकरण और औद्योगीकरण की ऊंचाई पर है, इसलिए भारत की ऊर्जा की मांग तेजी से बढ़ना तय है। भारत के विकास पर यह दृष्टिकोण शीर्ष आर्थिक संस्थानों और एजेंसियों द्वारा स्पष्ट रूप से साझा किया गया है।

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के वर्ल्ड एनर्जी आउटलुक 2022 के अनुसार, भारत की ऊर्जा खपत 2040 तक दोगुनी हो जाएगी। आईईए के अनुसार, भारत की ऊर्जा मांग 1% की वैश्विक विकास दर की तुलना में 2040 तक प्रति वर्ष लगभग 3% की दर से बढ़ने की उम्मीद है। आउटलुक में यह भी अनुमान लगाया गया है कि वैश्विक ऊर्जा मांग में भारत की हिस्सेदारी दोगुनी होकर 11% हो जाएगी– किसी भी देश की उस अवधि में वर्तमान 6% से सबसे बड़ी वृद्धि होगी, और 2030 में भारत कुल ऊर्जा खपत के मामले में यूरोपीय संघ से आगे निकल जाएगा। ओपेक अपने वर्ल्ड ऑयल आउटलुक 2022 में भी इस दृष्टिकोण को दर्शाता है और उसका अनुमान है कि भारत में इस दृष्टिकोण में सबसे अधिक ऊर्जा मांग की वृद्धि होगी, जहां मांग 2021 में 18.6 एमबी/डी से बढ़कर 2045 में 37.7 एमबी/डी होने का अनुमान है।

यह क्षमता आयात पर निर्भरता की पृष्ठभूमि में है। आयातित कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस पर हमारी निर्भरता क्रमशः 85% और 48% है। इस बढ़ती मांग और एकल स्रोतों पर अति–निर्भरता को सुरक्षित रखने के लिए, भारत सरकार कच्चे तेल की केंद्रित सोर्सिंग से उत्पन्न होने वाले भू–राजनीतिक जोखिमों को कम करने हेतु दीर्घकालिक समाधानों की दिशा में काम कर रही है।इस कार्यनीति को ऊर्जा सुरक्षा के लिए भारत की चौतरफा कार्यनीति में संक्षेप में प्रस्तुत किया जा सकता है, अर्थात् ऊर्जा आपूर्ति का विविधीकरण, अन्वेषण और उत्पादन फुटप्रिंट में वृद्धि, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करना और गैस आधारित अर्थव्यवस्था, हरित हाइड्रोजन और ईवी के माध्यम से ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना।

सीओपी 26, ग्लासगो में माननीय प्रधान मंत्री द्वारा हाल ही में व्यक्त साहसिक प्रतिबद्धता, जो जलवायु कार्रवाई के लिए देश के मजबूत कार्रवाई–आधारित संकल्प का संकेत देती है, ने स्वच्छ और हरित ऊर्जा संक्रमण के लिए रूपरेखा तैयार की है। प्रमुख ऊर्जा उपभोक्ता के रूप में, भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने की आवश्यकता से पूरी तरह अवगत है और पहले से ही उभरते ईंधन विशेष रूप से जैव–ईंधन और हरित हाइड्रोजन के उपयोग को बढ़ावा देने में नेतृत्व प्रदान कर रहा है। भारत अपनी बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए ऊर्जा के सभी स्रोतों को विकसित करने के साथ–साथ मांग का आधार भार प्रदान करने के लिए तेल और गैस का उपयोग करना जारी रखेगा।

## 6.1. कच्चे तेल और एलएनजी आयात का विविधीकरण

तेल और एलएनजी के निर्यातकों की सीमित संख्या और उनकी भू–राजनीतिक रूप से संवेदनशील भौगोलिक स्थिति के कारण भारत की ऊर्जा सुरक्षा भू–राजनीतिक जोखिमों से ग्रस्त रही है। इस स्थिति के लिए एक सुरक्षा उपाय के रूप में भारत सरकार ने घरेलू तेल उत्पादन बढ़ाने के साथ–साथ अपने कच्चे तेल आयात पोर्टफोलियो के विविधीकरण को प्राथमिकता दी है।

- पिछले पांच वर्षों में, भारत के क्रूड बास्केट में कच्चे तेल के नए आपूर्तिकर्ता यानी यूएसए, रूस, कनाडा, अंगोला, गुयाना और मैक्सिको जोड़े गए हैं। इसी तरह, एलएनजी आयात भी कतर से ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस में विविधीकृत किया गया है।

- इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, ओपेक देशों से भारत का कच्चे तेल का आयात वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान 78% की तुलना में वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान कुल आयात का 71.0% तक कम हो गया। इसके अलावा, कतर से एलएनजी पर भारत की निर्भरता वित्त वर्ष 2019–20 में 41% से घटकर वित्त वर्ष 2020–21 में 39.8% हो गई है।

- हाल के दिनों में रूस से तेल और गैस से आयात में भी काफी वृद्धि हुई है। हाल ही में, मई 2022 में, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने रूस के रोसनेफ्ट के साथ मई 2022–मार्च 2023 तक 11 महीनों की अवधि के लिए यूराल ग्रेड कच्चे तेल के प्रति माह 4 मिलियन बैरल (लगभग 6 एमएमटी/पीए) के लिए

दीर्घकालिक सम्बन्ध किया है, जिसमें छूट 12 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से नीचे आने की स्थिति में पुनर्विचार के लिए एक खंड है, जिसे साल–दर–साल आधार पर 5 साल के लिए नवीनीकृत किया जा सकता है। एक अन्य रूसी कंपनी, गज़प्रोमनेफ्ट ने दीर्घकालिक सम्बन्ध हेतु संधि करने के लिए इंडियनऑयल से संपर्क किया है, और दोनों पक्ष कच्चे तेल के अन्य रूसी ग्रेड के लिए बातचीत कर रहे हैं।

- इस दिशा में अन्य उल्लेखनीय प्रयासों में एक महत्वपूर्ण प्रयास ऊर्जा भागीदार के रूप में संयुक्त राज्य अमेरिका का उभरना शामिल है। 2017–18 और 2021–22 के बीच, 4 साल (2021–22) की छोटी अवधि में, अमेरिका हमारा चौथा सबसे बड़ा कच्चा तेल और दूसरा सबसे बड़ा एलएनजी आपूर्तिकर्ता बन गया है, जो 2017–18 की मात्रा से कच्चे तेल और एलएनजी की आयातित मात्रा में क्रमशः 1,300% और 900% से अधिक की वृद्धि हुई है। आईओसीएल ने पहली बार मार्च, 2021 में गुएना से कच्चे तेल की आयात की और गेल को अक्टूबर, 2021 में रूस के यमल एलएनजी परियोजना से एलएनजी की प्रथम सीधी खेप प्राप्त हुई।

## 6.2. साझेदार देशों के साथ संवर्धित द्विपक्षीय ऊर्जा सम्बन्ध

### 6.2.1. संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के साथ सम्बन्ध

  - ✓ **एक्सप्लोर-इनसाइट्स** प्रावधान इंटरैक्टिव, सहज ज्ञान युक्त, शक्तिशाली और ड्रिल-थ्रो डैशबोर्ड एक्सप्लोर प्लेटफॉर्म में उपलब्ध डेटा के शीर्ष पर बनाए गए हैं, जिसका उद्देश्य अन्वेषण डेटा विश्लेषण का है ताकि एक एकल स्रोत और एक सच संस्करण हो। एकरेज, लोकेशन, कूप (डीजीआर और ईडब्ल्यूआईपी), खोज, अधिग्रहण जैसी संस्थाओं के लिए डैश बोर्ड में इंटरैक्टिव चार्ट शामिल हैं जो सारणीबद्ध डेटा द्वारा पूरक हैं। वर्तमान में बेसिन और ओएनजीसी स्तरों पर डेटा की कल्पना की जा रही है और इसका निर्माण किया जा रहा है ताकि जानकारी युक्त निर्णय लेने में सहायता के लिए शक्तिशाली अंतर्दृष्टि और अधिगम को प्राप्त किया जा सके।
- **रिजर्व अल्टिमा (पीआरएमएस):** बेसिन और फील्ड स्तरों के लिए एक्रेशन पैटर्न रिपोर्ट नामक एक अत्यधिक जटिल और मांगी गई रिपोर्ट को स्वयं तैयार किया गया और आरईसी समूह को केवल एक क्लिक के साथ इसे सृजित करने की अनुमति देने के लिए इन-हाउस सॉफ्टवेयर के साथ एकीकृत किया गया। ओएनजीसी के सभी क्षेत्रों के लिए 1995 से फील्ड स्तर के आरईसी डेटा को सफलतापूर्वक नए पीआरएमएस शिकायत डेटाबेस मॉडल में स्थानांतरित कर दिया गया है। इन-हाउस विकसित सॉफ्टवेयर में बिजनेस इंटेलिजेंस बीआई विजुअलाइजेशन को सफलतापूर्वक शामिल किया। इसके अलावा, विजुअलाइजेशन के माध्यम से कई इंटरैक्टिव, सहज और ड्रिल का निर्माण किया गया है जैसे कि इन प्लेस और ईयूआर के संदर्भ में क्षेत्र विकास, क्षेत्र-वार स्थिति आदि ताकि इस पर विहंगम दृष्टि डाली जा सके।

### 8.7.6. आरएंडडी अध्ययनों के माध्यम से प्राप्त लाभ

ओएनजीसी द्वारा शुरू की गई सभी अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं ने ओएनजीसी की तेज और प्रभावी ईएंडपी गतिविधियों को सुविधाजनक बनाया। संस्थानों द्वारा किए गए अनुसंधान एवं विकास कार्यकलापों ने कंपनी में उपलब्ध अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए मौजूदा पेट्रोलियम प्रांतों में नए तेल की खोज के माध्यम से भंडार में वृद्धि सहित उच्च सफलता-अनुपात सुनिश्चित करके कंपनी के विकास को बढ़ाने में मदद की है। अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों ने रिकवरी फैक्टर में सुधार, वृद्धिशील तेल लाभ, फ्रंटियर बेसिनों, गहरे पानी के ब्लॉकों में अन्वेषण की जटिल चुनौतियों को कम करने और गैर-पारंपरिक ऊर्जा संसाधनों का दोहन करने में भी मदद की है।



अध्याय 9



# जैव ईंधन

# 9 जैव ईंधन

## 9.1. गैर परंपरागत ऊर्जा

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। विकास का उद्देश्य का फोकस आर्थिक विकास, समानता और मानव कल्याण पर है। ऊर्जा सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण इनपुट है। किसी देश की ऊर्जा कार्यनीति का उद्देश्य दक्षता तथा सुरक्षा और पहुंच प्रदान करना है जो पर्यावरण के अनुकूल हो और ऊर्जा उत्पादन के लिए प्राथमिक संसाधनों का इष्टतम मिश्रण हो। अगले कुछ दशकों में हमारे देश में ऊर्जा परिदृश्य में जीवाश्म ईंधन एक प्रमुख भूमिका निभाते रहेंगे। तथापि, पारंपरिक या जीवाश्म ईंधन संसाधन सीमित, गैर–नवीकरणीय, प्रदूषणकारी हैं और इसलिए, विवेकपूर्ण रूप से इन्हें उपयोग करने की आवश्यकता है। दूसरी ओर, नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन स्वदेशी, गैर–प्रदूषणकारी और लगभग न समाप्त होने वाली हैं। भारत प्रचुर मात्रा में नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों से संपन्न है। इसलिए, उनके उपयोग को हर संभव तरीके से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जैव ईंधन नवीकरणीय बायोमास संसाधनों से प्राप्त होते हैं और इसलिए, सतत विकास को बढ़ावा देने एवं उच्च आर्थिक विकास से जुड़े परिवहन ईंधन के लिए तेजी से बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ–साथ भारत की विशाल ग्रामीण आबादी की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में पारपरिक ऊर्जा स्रोतों के पूरक के लिए एक रणनीतिक लाभ प्रदान करते हैं।

## 9.2. एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम

सरकार तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के माध्यम से एथेनोल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम कार्यान्वित कर रही है जिसके अंतर्गत ओएमसीज 10% तक एथेनोल के साथ एथेनोल मिश्रित पेट्रोल बेचती हैं। 2001 में, भारत सरकार ने दो महाराष्ट्र में और एक उत्तर प्रदेश में केवल अपने संबंधित आपूर्ति क्षेत्रों के तहत खुदरा दुकानों को एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की आपूर्ति करने के लिए तीन पायलट परियोजनाएं शुरू कीं। पायलट परियोजनाओं के माध्यम से उपर्युक्त क्षेत्र परीक्षणों के अलावा, अनुसंधान एवं विकास अध्ययन भी एक साथ किए गए थे। पायलट परियोजनाएं और अनुसंधान एवं विकास अध्ययन दोनों सफल रहे और पेट्रोल के साथ 5% तक एथेनॉल का मिश्रण और वाहनों में एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल का उपयोग शुरू किया।

तदनुसार, भारत सरकार ने दिनांक 01.01.2003 से 5% एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री के लिए नौ राज्यों और चार संघ राज्य क्षेत्रों में एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की आपूर्ति करने का संकल्प लिया है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य कई परिणामों को प्राप्त करना है जैसे:

- पर्यावरण संबंधी चिंताओं को दूर करना,
- आयात निर्भरता को कम करना, और
- कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देना,

एथेनॉल की आपूर्ति बढ़ाने के लिए सरकार ने 10 दिसंबर, 2014 को पेट्रोकेमिकल मार्ग सहित सेल्यूलोसिक और लिग्नो–सेल्यूलोसिक सामग्री जैसे शीरे के अलावा अन्य गैर–खाद्य फीडस्टॉक से उत्पादित एथेनॉल की खरीद करने का निर्णय लिया। ईबीपी कार्यक्रम के तहत एथेनॉल की कीमत को प्रशासित करने का भी निर्णय लिया गया।

ईएसवाई 2018–19 में एथेनॉल उत्पादन के लिए पहली बार चीनी और चीनी सिरा की अनुमति दी गई थी ताकि उद्योग को अपने अतिरिक्त स्टॉक को समाप्त करने में सहायता मिल सके। इसके अलावा, ईएसवाई 2020–21 में, एथेनॉल के उत्पादन के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास उपलब्ध अधिशेष चावल और मक्का को भी अनुमति दी गई है।

इन निर्णयों से, ईबीपी कार्यक्रम के लिए एथेनॉल की उपलब्धता में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है।

एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2021–22 (01.12.2021–30.11.2022) के दौरान पेट्रोल में 433.6 करोड़ लीटर एथेनॉल मिश्रित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप पीएसयू ओएमसी द्वारा 10.02% का मिश्रण प्रतिशत था, जो ईबीपी कार्यक्रम के तहत अब तक का सबसे अधिक है। सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज ने नवंबर, 2022 की लक्षित तिथि से बहुत पहले जून, 2022 में पेट्रोल में एथेनॉल के 10% मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लिया।

मंत्रिमंडल के अनुमोदन से, 01 नवंबर 2023 से एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) को एक वर्ष के 01 नवंबर से अगले वर्ष के 31 अक्टूबर तक एथेनॉल आपूर्ति अवधि के रूप में फिर से परिभाषित किया गया है।

ईएसवाई 2022–23 के लिए, सरकार ने निम्नानुसार उपयोग किए गए कच्चे माल के आधार पर एथेनॉल खरीद के लिए एक बढ़ा हुआ लाभकारी मूल्य निर्धारित किया है:

| एथेनॉल का कच्चा माल | ₹/लीटर में एक्स–मिल मूल्य |
|---|---|
| सी भारी शीरा | 49.41 |
| बी भारी शीरा | 60.73 |
| ईख रस / चीनी / चीनी सिरप | 65.61 |

ईएसवाई 2022–23 के लिए, सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज ने निम्नानुसार उपयोग किए गए कच्चे माल के आधार पर एथेनॉल खरीद के लिए एक बढ़ा हुआ लाभकारी मूल्य निर्धारित किया है:

| कच्चा माल | ₹/लीटर में एक्स–मिल मूल्य |
|---|---|
| क्षति खाद्यान्न | 55.54 |
| एफसीआई द्वारा जारी अधिशेष चावल | 58.50 |
| मक्का | 56.35 |

*इन मूल्यों पर जीएसटी और परिवहन शुल्क देना होता है।

**9.2.1.** मंत्रालयी समिति द्वारा भारत में एथेनॉल मिश्रण 2020–25 के लिए एक रूपरेखा तैयार की गयी और विश्व पर्यावरण दिवस यानी 5 जून, 2021 को सार्वजनिक डोमेन में रखा गया। यह रूपरेखा सभी हितधारकों को एक साथ लाकर पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती है। इसके अलावा, जैव ईंधन संबंधी राष्ट्रीय नीति–2018 को जून, 2022 में संशोधित किया गया था जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ निम्नलिखित शामिल हैं:

i) जैव ईंधन के उत्पादन के लिए अधिक फीडस्टॉक की अनुमति देना,

ii) ईएसवाई 2025–26 के लिए पेट्रोल में एथेनॉल के 20% मिश्रण के एथेनॉल मिश्रण लक्ष्य को 2030 से बढ़ाना।

iii) विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसाईजेड) / निर्यातोन्मुख इकाइयों (ईओयू) में स्थित इकाइयों द्वारा मेक इन इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत देश में जैव ईंधनों के उत्पादन को बढ़ावा देना; और

iv) विशिष्ट मामलों में जैव ईंधन के निर्यात के लिए अनुमति प्रदान करना।

**9.2.2.** ईएसवाई 2025–26 के दौरान 20% मिश्रण प्राप्त करने के लिए एथेनॉल की अनुमानित आवश्यकता लगभग 1016 करोड़ लीटर होगी, जिसके लिए आसवन क्षमता को मौजूदा 722 करोड़ लीटर प्रति वर्ष से बढ़ाकर 1500 करोड़ लीटर प्रति वर्ष (ईबीपी के लिए 1,016 करोड़ लीटर प्रति वर्ष की आवश्यकता है) करने की आवश्यकता है। तदनुसार, ओएमसी ने एथेनॉल की कमी वाले राज्यों में नए एथेनॉल संयंत्र स्थापित करने के इच्छुक संभावित परियोजना प्रस्तावकों के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर करने के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) प्रकाशित की। इस ईओआई के लिए, सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज ने 431 करोड़ लीटर प्रति वर्ष की उत्पादन क्षमता वाले समर्पित एथेनॉल संयंत्रों की स्थापना के लिए 131 परियोजना प्रस्तावकों के साथ दीर्घकालिक उठान करार (एलटीओए) पर हस्ताक्षर किए हैं।

## 9.3. जैव डीजल कार्यक्रम और प्रयुक्त खाद्य तेल (यूसीओ) से जैव डीजल

अप्रैल से दिसंबर, 2022 की अवधि के दौरान, ओएमसीज ने डीजल के साथ मिश्रण के लिए लगभग छह करोड़ लीटर जैव डीजल की खरीद की है।

ओएमसीज यूसीओ से उत्पादित जैव डीजल की खरीद के लिए नियमित रूप से रुचि पत्र (ईओआई) जारी कर रही हैं।

## 9.4. बायो–जेट (एटीएफ)

सरकार ने देश में सतत विमानन ईंधन (एसएएफ) / जैव–विमानन टरबाइन ईंधन (बायो–एटीएफ) कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए जून 2021 में एक समिति का गठन किया था। समिति ने व्यापक तरीके से देश में जैव–एटीएफ कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं की जांच की जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ कच्चे माल की उपलब्धता, एटीएफ की मांग, एसएएफ उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकियां, अंतरराष्ट्रीय विमानन के लिए कार्बन ऑफसेटिंग और न्यूनीकरण योजना (सीओआरएसआईए), भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), इंजन निष्पादन पर एसएएफ के प्रभाव, मिश्रण प्रतिशत, सर्वोत्तम अंतरराष्ट्रीय पद्धतियां आदि शामिल हैं ताकि भारत में एसएएफ / जैव–एटीएफ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जा सके। समिति ने सरकार को प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है। हितधारकों के साथ समिति के प्रतिवेदन पर विचार–विमर्श शुरू कर दिया गया है। एसएएफ के उपयोग / इसे अपनाने से ग्रीन हाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन में कमी लाने में मदद मिलती है।

## 9.5. दूसरी पीढ़ी (2जी) का एथेनॉल

2018 में घोषित जैव ईंधन संबंधी राष्ट्रीय नीति का उद्देश्य 2025–26 तक पेट्रोल में एथेनॉल के 20% मिश्रण और 2030 तक डीजल में जैव डीजल के 5% मिश्रण को प्राप्त करने के सांकेतिक लक्ष्यों के साथ जैव ईंधन को तेजी से बढ़ावा देना है। इसलिए, पेट्रोल के साथ मिश्रण के उद्देश्य से देश में एथेनॉल के अधिकतम उत्पादन के लिए, एथेनॉल उत्पादन को बढ़ाने के लिए अन्य विकल्पों/मार्गों का पता लगाने की आवश्यकता है। सरकार ने पेट्रो रसायन माध्यम सहित सेल्यूलोसिक और लिग्नो–सेल्यूलोसिक सामग्री जैसे शीरे के अलावा अन्य गैर–खाद्य फीडस्टॉक से उत्पादित एथेनॉल की खरीद की अनुमति पहले ही दे दी है।

लिग्नो–सेल्यूलोसिक बायोमास को ईबीपी कार्यक्रम के लिए एथेनॉल की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए दूसरी पीढ़ी (2 जी) एथेनॉल के संभावित स्रोत के रूप में माना जा रहा है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत एक स्वायत्त संगठन, टेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन, फोरकास्टिंग एंड असेसमेंट काउंसिल (टीआईएफएसी) की रिपोर्ट के अनुसार, देश भर में अधिशेष बायो–मास की उपलब्धता है जिसे आम तौर पर किसानों द्वारा अपशिष्ट निपटान गतिविधि के रूप में जलाया जा रहा है जो पर्यावरण प्रदूषण में भी योगदान दे रहा है।

एथेनॉल उत्पादन के लिए वैकल्पिक मार्ग अर्थात दूसरी पीढ़ी (2 जी) मार्ग खोलने के बाद, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां देश के विभिन्न हिस्सों में 2 जी जैव–रिफाइनरियां स्थापित कर रही हैं। एचपीसीएल द्वारा बठिंडा (पंजाब), बीपीसीएल द्वारा बारगढ़ (ओडिशा) और एनआरएल द्वारा नुमालीगढ़ (असम) परियोजनाएं निर्माण के उन्नत चरण में हैं। पानीपत में 2जी एथेनॉल जैव रिफाइनरी को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा पहले ही राष्ट्र को समर्पित किया जा चुका है।

2जी जैव–रिफाइनरियों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने लिग्नो–सेल्यूलोसिक बायो–मास और अन्य नवीकरणीय फीडस्टॉक का उपयोग करते हुए एकीकृत जैव–एथेनोल परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री जी–वन (जैव ईंधन–वातावरण अनुकूल फसल निवारण) योजना नामक एक योजना शुरू की है। इस योजना में, 2018–19 से 2023–24 की अवधि के लिए ₹ 1,969.50 करोड़ के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ लिग्नो–सेल्यूलोसिक बायोमास और अन्य नवीकरणीय फीडस्टॉक का उपयोग करके बारह एकीकृत जैव–एथेनॉल परियोजनाओं सहित दस डेमो परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।


पीएम जी–वन योजना के तहत आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल, एनआरएल, एमआरपीएल और शेल इंडिया मार्केट प्राइवेट लिमिटेड की छह वाणिज्यिक परियोजनाओं तथा आईओसीएल, एचपीसीएल और चेमपोलिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की तीन प्रदर्शन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता को मंजूरी दी गई है।

## 9.6. विश्व जैव ईंधन दिवस

पारंपरिक जीवाश्म ईंधन के विकल्प के रूप में गैर–जीवाश्म ईंधन के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने और जैव ईंधन क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए विभिन्न प्रयासों को उद्धृत करने के लिए हर साल 10 अगस्त को विश्व जैव ईंधन दिवस मनाया जाता है।

विश्व जैव ईंधन दिवस–2022 का विषय "कार्बन न्यूट्रल वर्ल्ड की ओर जैव ईंधन" था। विश्व जैव ईंधन दिवस के अवसर पर, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने जैव ईंधन के प्रचार और प्रसार पर चर्चा करने के लिए एक वेबिनार का आयोजन किया। इस दिन, माननीय प्रधान मंत्री द्वारा पानीपत में 2 जी एथेनॉल जैव–रिफाइनरी राष्ट्र को समर्पित की गई थी।







विश्व जैव ईंधन दिवस के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री जी ने पानीपत, हरियाणा में दूसरी पीढ़ी (2जी) के एथेनॉल संयंत्र को समर्पित किया।



अध्याय 10




# संरक्षण

# 10 संरक्षण

**10.1.** पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ (पीसीआरए) भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत एक पंजीकृत सोसायटी है। पीसीआरए एक गैर–लाभकारी राष्ट्रीय सरकारी एजेंसी है जो अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता के लिए अभियान चलाती है। यह तेल पर देश की अत्यधिक निर्भरता को कम करने के लक्ष्य के साथ पेट्रोलियम संरक्षण के लिए नीतियों और प्रस्तावों को तैयार करने में सरकार की सहायता करता है। यह ईंधन–कुशल उपकरणों और उपकरणों के विकास के लिए अनुसंधान और विकास गतिविधियों हेतु निधि प्रदान करता है और ईंधन कुशल प्रौद्योगिकियों को अपनाने के प्रयासों का समर्थन करता है। बहु–आयामी क्षेत्र गतिविधियों के माध्यम से, यह पेट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण की आवश्यकता के बारे में सार्वजनिक जागरूकता भी बढ़ाता है। पीसीआरए अपने लक्षित दर्शकों तक अपने संरक्षण संदेश की पहुंच को अधिकतम करने के लिए सोशल मीडिया की शक्ति का भी लाभ उठाता है। पीसीआरए के संरक्षण प्रयासों पर विभिन्न ईंधन–बचत सिफारिशों और अपडेट के अलावा, दर्शकों को शामिल करने के लिए समय–समय पर विभिन्न प्रकार की लोगों से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। पीसीआरए ने तेल संरक्षण और ईंधन दक्षता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न भाषाओं में कई फिल्में, रेडियो जिंगल्स और मुद्रित साहित्य तैयार किए हैं।

## 10.2. क्षेत्रीय कार्यकलाप

पीसीआरए के पास विभिन्न क्षेत्रों जैसे घरेलू, औद्योगिक, परिवहन और कृषि में ईंधन के संरक्षण के लिए दर्शन का प्रचार करने के उद्देश्य से एक सुपरिभाषित क्षेत्र की खोज का एक अच्छी सेट है। इसके तहत पीसीआरए ऊर्जा लेखा परीक्षा, पीएटी (एमईए और एम एंड वी) और अनुपालन लेखा परीक्षा, चालक प्रशिक्षण कार्यक्रम, एसटीयू डिपो के लिए ईंधन दक्षता सुधार कार्यक्रम, किसानों के लिए कृषि कार्यशालाएं और किसान मेले, एलपीजी उपयोगकर्ताओं के लिए कार्यशाला, छात्रों के लिए जागरूकता अभियान, युवा कार्यक्रम आदि जैसी गतिविधियों का आयोजन करता है। इसके अलावा, उद्योग कार्मिकों के लिए तकनीकी संगोष्ठियों और कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ऊर्जा वकालत और योग्यता निर्माण अभ्यास किए जाते हैं।

### 10.2.1 औद्योगिक क्षेत्र

**(i) ऊर्जा लेखा परीक्षा:**

पीसीआरए पीएटी (प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार) व्यवस्था में अनिवार्य ऊर्जा लेखा परीक्षा और निगरानी एवं सत्यापन लेखा परीक्षा करके ऊर्जा कुशल उद्योगों को सहायता प्रदान करता है। पीएटी (प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार) जलवायु परिवर्तन संबंधी राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीसीसी) के तहत बढ़ी हुई ऊर्जा दक्षता (एनएमईईई) से संबंधित राष्ट्रीय मिशन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भारत में बड़े ऊर्जा–कुशल उद्योगों में ऊर्जा दक्षता को बढ़ाना है।

**(ii) तकनीकी सम्मेलन/सेमीनार/संस्थागत प्रशिक्षण कार्यक्रम:**

पीसीआरए औद्योगिक क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिए जागरूकता और तकनीकी जानकारी के प्रसार के लिए संस्थागत प्रशिक्षण कार्यक्रम, औद्योगिक कार्यशालाएं, सेमिनार/तकनीकी बैठकें आयोजित करता रहा है।

### 10.2.2. परिवहन क्षेत्र

परिवहन क्षेत्र में ऊर्जा की भारी बचत की संभावना है। इसका लाभ उठाने के लिए, पीसीआरए राज्य परिवहन उपक्रमों (एसटीयू), निजी फ्लीट ऑपरेटरों, निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता है ताकि बेहतर रखरखाव प्रथाओं, बेहतर ड्राइविंग आदतों, उत्सर्जन जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से पेट्रोल, डीजल, स्नेहक और ग्रीस के कुशल उपयोग को बढ़ावा दिया जा सके।

**(i) चालक प्रशिक्षण कार्यक्रम (डीटीपी) और ईंधन दक्षता सुधार कार्यक्रम (एफईआईपी)**

एसटीयू, सेना, वायु सेना, अर्ध सैन्य बलों, तेल कंपनियों और निजी फ्लीट ऑपरेटरों के ड्राइवरों को उनके ड्राइविंग कौशल में सुधार करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। पीसीआरए का ड्राइवर प्रशिक्षण कार्यक्रम केएमपीएल को बेहतर बनाने के लिए सबसे प्रभावी और महत्वपूर्ण माध्यमों में से एक के रूप में उभरा है।

ईंधन दक्षता सुधार कार्यक्रम (एफईआईपी) लक्षित बसों के लक्षित चालक और रखरखाव को प्रशिक्षित करने का एक एकीकृत कार्यक्रम है। डिपो के विस्तृत मासिक आंकड़ा विश्लेषण के आधार पर, कम प्रदर्शन करने वाले ड्राइवरों और बसों का चयन किया जाता है और 3 चरणों में उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाता है।

### 10.2.3. कृषि क्षेत्र

कृषि क्षेत्र के सभी हितधारक पेट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पीसीआरए कृषि कार्यशालाओं और किसान मेलों में भाग लेता है जिसमें किसानों को ट्रैक्टरों के उचित चयन, संचालन और रखरखाव, लिफ्ट सिंचाई पंप, इंजन ड्राइव, पैर वाल्व, पाइप और फिटिंग के माध्यम से डीजल के संरक्षण के तरीकों और साधनों के बारे में शिक्षित किया जाता है।

## 10.3. संरक्षण क्षमता महोत्सव (सक्षम) –2022

हर साल, पीसीआरए, पीएसयू तेल और गैस कंपनियों के सहयोग से, अपनी ईंधन संरक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने और व्यापक पैमाने पर दृश्यता प्रदान करने के लिए एक महीने की अवधि वाला "सक्षम" नामक एक देशव्यापी जन–केंद्रित जन जागरूकता अभियान आयोजित करता है।

सक्षम–2022 निम्न विषय के साथ 11–30 अप्रैल, 2022 के दौरान आयोजित किया गया:

**हरित और स्वच्छ ऊर्जा अपनाएं, आजादी का अमृत महोत्सव मनाए**
**Azadi Ka Amrit Mahotsav through Green & Clean Energy**



सक्षम–2022 के उद्घाटन कार्यक्रम में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव समय उत्तर भारत में पीसीआरए प्रचार वैनों को झंडा दिखाते हुए।



सक्षम–2022 के दौरान नई दिल्ली में ई–वाहन रैली






सक्षम–2022 के दौरान भित्ति चित्रण और वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता

## 10.4. आजादी का अमृत महोत्सव समारोह

पीसीआरए द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए कार्यकलापों की एक श्रृंखला शुरू की गई है।

i. **पीसीआरए संरक्षण प्रश्नोत्तरी:** संरक्षण प्रश्नोत्तरी 05 जून 2021 से 5 सितंबर 2022 तक www.mygov.in में ऑनलाइन आयोजित किए गए थे। इसके तहत प्रश्नोत्तरी की श्रृंखला चलाई गई। प्रत्येक प्रश्नोत्तरी श्रृंखला 3 सप्ताह तक जारी रही और हर हफ्ते ₹ 5,000/– नकद पुरस्कार के साथ एक विजेता घोषित किया गया।

ii. **साइक्लोथॉन:** 2021–22 में आयोजित संस्मारक साइक्लोथॉन की श्रृंखला को जारी रखते हुए, 2022–23 में बेंगलुरु, चंडीगढ़, झांसी, सूरत, गुरुग्राम में पांच साइक्लोथॉन आयोजित किए गए, जिसमें प्रत्येक कार्यक्रम में बच्चों सहित नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी "आजादी का अमृत महोत्सव" का संदेश दी जा रही थी और जनता के लिए परिवहन के प्रदूषण मुक्त साधनों के महत्व पर जोर दिया गया था।

## 10.5. आरएंडडी परियोजनाएं

पीसीआरए, अपने अनुसंधान एवं विकास विभाग के माध्यम से, पेट्रोलियम संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से अनुसंधान, विकास और तैनाती प्रयासों को बढ़ावा देने का प्रयास करता है और ईंधन कुशल प्रौद्योगिकियों को अपनाने और प्रसार के प्रयासों को प्रोत्साहित और समर्थन करता है। इस संबंध में यह प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्थानों, तकनीकी संस्थानों, सीएसआईआर प्रयोगशालाओं आदि से अनुसंधान और विकास परियोजनाओं को आमंत्रित और प्रायोजित करता है। पीसीआरए ईंधन एडिटिव्स पर विक्रेताओं के दावे की सत्यता की जांच करने के लिए एक राष्ट्रीय निकाय के रूप में भी काम कर रहा है।

पीसीआरए ने ईंधन एडिटिव्स की जांच और प्रमाणन के लिए एक वेब पोर्टल–आधारित पारदर्शी प्रणाली बनाई है। पीसीआरए प्रमाणित परीक्षण संस्थानों से परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर इच्छुक विक्रेताओं को आवश्यक प्रमाणीकरण जारी करता है। पीसीआरए मान्यता 5 साल के लिए वैध है, बशर्ते उत्पाद के तकनीकी और ईंधन विनिर्देशों में कोई बदलाव न हो।

**चल रही परियोजनाओं का ब्योरा:**

| क्र.सं. | चल रही परियोजना का नाम | अनुसंधान संगठन |
|---|---|---|
| 1. | ईंधन के रूप में पाइपयुक्त प्राकृतिक गैस (पीएनजी) वाले घरेलु रसोई गैस के लिए नई ऊर्जा कुशल छिद्रिल बर्नर का विकास | आईआईटी–खड़गपुर |
| 2. | घरेलु और सामुदायिक रसोई अनुप्रयोगों के लिए ईंधन लचीला बर्नर का डिजाइन और विकास | आईआईटी–हैदराबाद |
| 3. | एकीकृत स्पाउटेड बेड रोस्टर का डिजाइन और विकास | सीएसआईआर–सीएफटीआरआई, मैसूर |
| 4. | वाहनों के खराब होने के मामले में ट्रैफिक पर सबसे अधिक प्रभाव वाले सबसे महत्वपूर्ण स्थानों की पहचान | सीएसआईआर–सीआरआरआई दिल्ली |
| 5. | इनलाइन बायो–मीथेन संवर्धन और कार्बन डाईआक्साइड पृथक्करण प्रणाली का डिजाइन और विकास | सीएसआईआर–सीएमईआरआई–सीओईएफएम, लुधियाना |
| 6. | एमएसएमई में दहन प्रणालियों के कार्यनिष्पादन में सुधार करने के लिए हस्तक्षेप | आईआईटी दिल्ली |
| 7. | बायो गैस एकीकृत अर्द्ध पारदर्शी फोटोवोल्टिक थर्मल (एसपीवीटी) संग्राहक (बाई–एसपीवीटी) का कार्यनिष्पादन मूल्यांकन | आरजीआईपीटी, अमेठी |
| 8. | सड़क अनुप्रयोगों हेतु एनकेप्सुलेटेड एसफाल्ट–रबर पेवमेंट (ईएआरपीएवीई) उत्पाद का विकास | आईआईटी तिरुपति |
| 9. | बायो गैस पर कार्यरत माइक्रो टर्बाइन कम्बसर का डिजाइन और विकास | आईआईटी जोधपुर और आईआईपी देहरादून |

## 10.6. नीतिगत उपाय

ईंधन दक्षता और संरक्षण के संबंध में कई नीतिगत पहल की गई हैं/शुरू की गई हैं जिनमें भारी, मध्यम और हल्के वाहनों के लिए ईंधन दक्षता मानदंड, ट्रैक्टरों और टायरों के लिए मानक और लेबलिंग कार्यक्रम, उच्च तापीय दक्षता पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) बर्नर का विकास, एलपीजी स्टोवों के लिए अनिवार्य बीआईएस प्रमाणन आदि शामिल हैं। उनमें से कुछ निम्नानुसार सूचीबद्ध हैं:

क) भारी वाहनों (एचडीवी) के लिए ईंधन दक्षता (एफई) मानदंड

ख) हल्के और मध्यम वाणिज्यिक वाहनों के लिए ईंधन दक्षता (एफई) मानदंड

ग) टायरों के मानक और लेबलिंग

घ) कृषि ट्रैक्टरों की स्टार लेबलिंग

ङ) उच्च तापीय दक्षता पीएनजी बर्नर का विकास

च) घरेलू एलपीजी स्टोव के लिए मानक और लेबलिंग (एस एंड एल) कार्यक्रम

छ) वीईसीटीओ (वाहन ऊर्जा खपत गणना उपकरण) प्रकार सिमुलेशन टूल के समान भारत ऊर्जा कुशल उपकरण (बीईईटी) का विकास


## 10.7. घरेलू क्षेत्र


पीसीआरए घरेलू क्षेत्र में घरेलू कार्यशाला और युवा कार्यक्रम आयोजित करता है जिसमें गृहिणियों, छात्रों और युवाओं को शामिल किया जाता है। लक्षित दर्शकों को ईंधन और ऊर्जा संरक्षण संबंधी विभिन्न पहलुओं जैसे ईंधन कुशल खाना पकाने की आदतों, आईएसआई–चिह्न वाले उत्पादों और स्टार रेटेड एलपीजी स्टोव का उपयोग करने के लागत लाभों और रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर, माइक्रोवेव ओवन, प्रकाश व्यवस्था आदि जैसी घरेलू वस्तुओं पर ऊर्जा संरक्षण युक्तियों के बारे में शिक्षित किया जाता है। पीसीआरए ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों जैसे सीएनजी, बायोगैस, सौर ऊर्जा आदि के उपयोग को भी प्रोत्साहित करता है।

पीसीआरए इको क्लबों के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण संबंधी शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम भी प्रदान करता है। 9 वीं से 12 वीं कक्षाओं के छात्रों को ऊर्जा संरक्षण पर एक शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम के लिए लक्षित किया जाता है। ये कार्यक्रम देश भर में राज्य नोडल एजेंसियों (एसएनए) के माध्यम से आयोजित किए जाते हैं।

ईंधन संरक्षण और ईंधन दक्षता पर उपरोक्त गतिविधियों ने तेल आयात को कम करने की दिशा में सरकार के लक्ष्य की दिशा में योगदान दिया है और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हमारी यात्रा में मदद की है।




72.234
68.155




# संवेदनशील पेट्रोलियम उत्पादों संबंधी मूल्य निर्धारण नीति

# 11 संवेदनशील पेट्रोलियम उत्पादों संबंधी मूल्य निर्धारण नीति

## पृष्ठभूमि

**11.1.** पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य निर्धारण को जुलाई, 1975 से प्रभावी प्रशासित मूल्य तंत्र (एपीएम) के अंतर्गत लाया गया था जब पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य निर्धारण को आयात समता सिद्धांतों से लागत संबंधी सिद्धांतों में स्थानांतरित कर दिया गया था। एपीएम (1975 से 2002) के तहत विभिन्न तेल पूल खातों को इस उद्देश्य से बनाए रखा गया था कि (i) बिक्री मूल्य में स्थिरता सुनिश्चित किया जा सके; (ii) उपभोक्ताओं को अंतरराष्ट्रीय मूल्यों में उतार–चढ़ाव से बचाया जा सके, और (iii) पेट्रोल, विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) आदि जैसे अन्य उत्पादों से क्रॉस राजसहायता द्वारा सार्वजनिक वितरण के लिए मिट्टी तेल और घरेलू एलपीजी जैसे कतिपय उत्पादों के उपभोक्ता मूल्य में राजसहायता दी जा सके।


**11.2.** दिनांक 01–04–2002 से एपीएम को समाप्त कर दिया गया और सरकार ने विनिर्दिष्ट फ्लैट दरों पर पीडीएस मिट्टी तेल और घरेलू एलपीजी की बिक्री पर राजसहायता प्रदान करने का निर्णय लिया। इन बजटीय राजसहायता को प्रशासित करने के लिए सरकार ने 'पीडीएस मिट्टी तेल और घरेलू एलपीजी, 2002' तैयार किया। इस योजना के तहत, यह निर्णय लिया गया था कि इन राजसहायता को 3–5 वर्षों में समाप्त कर दिया जाएगा।

**11.3.** वर्ष 2004 के बाद से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में तीव्र वृद्धि और अस्थिरता वैश्विक चिंता का विषय बन गई। कच्चे तेल की भारतीय बास्केट, जो मार्च 2002 में एपीएम के विघटन के समय लगभग 23 डॉलर प्रति बैरल और मई 2004 में 36 डॉलर प्रति बैरल थी, 2010–11 के दौरान 85.09 डॉलर प्रति बैरल के औसत तक पहुंच गई। कच्चे तेल के भारतीय बास्केट का औसत मूल्य वर्ष 2011–12 के दौरान और बढ़कर 111.89 अमरीकी डालर प्रति बैरल हो गया।

**11.4.** तीन वर्षों से अधिक समय तक लगातार 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहने के बाद, वर्ष 2014 की दूसरी छमाही के दौरान कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से गिरावट शुरू हुई। इसके परिणामस्वरूप, 2015–16, 2016–17 और 2017–18 के दौरान भारतीय कच्चे तेल बास्केट की औसत कीमत क्रमशः 46.17 डॉलर प्रति बैरल, 47.56 डॉलर प्रति बैरल और 56.43 डॉलर प्रति बैरल दर्ज की गई थी। 2018–19 के दौरान कीमत बढ़कर 69.88 डॉलर प्रति बैरल हो गई और 2019–20 में गिरकर 60.47 डॉलर प्रति बैरल हो गई और कोविड–19 के प्रभाव के कारण 2020–21 के दौरान और गिरकर 44.82 डॉलर प्रति बैरल हो गई। कीमतें कोविड–19 के प्रभाव से उबर गईं और 2021–22 में बढ़कर 79.18 डॉलर प्रति बैरल हो गईं।

**11.5.** फरवरी 2022 के अंतिम सप्ताह में यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान और वैश्विक तेल बाजार पर आपूर्ति चिंताओं के बाद तेल की कीमतों में काफी वृद्धि हुई। चालू वित्त वर्ष 2022–23 (28 दिसंबर, 2022 तक) के दौरान कच्चे तेल के भारतीय बास्केट की औसत कीमत बढ़कर 97.67 डॉलर प्रति बैरल हो गई। वर्ष 2002–03 से 2022–23 के दौरान 28.12.2022 तक कच्चे तेल की भारतीय बास्केट की प्रवृत्ति नीचे दी गई है:

कच्चे तेल का रुख: भारतीय बास्केट $/बैरल




नोट: 2022–23 का मूल्य 28/12/2022 तक का है।

## कच्चे तेल का मूल्य निर्धारण

कच्चे तेल का भारतीय बास्केट पिछले वर्ष के तत्काल पूर्व मीठे कच्चे तेल और खट्टे कच्चे तेल के वास्तविक प्रसंस्करण के अनुपात में भारतीय रिफाइनरियों द्वारा संसाधित कच्चे तेल के औसत दर्शाता है। मीठे कच्चे तेल की कीमत के लिए, बेंचमार्क कच्चे तेल 'ब्रेंट' के लिए दैनिक प्लैट्स आकलन पर विचार किया जाता है। खट्टे कच्चे तेल के लिए बेंचमार्क कच्चे तेल "दुबई" और "ओमान" हेतु औसत प्लेट मूल्यांकन पर विचार किया जाता है। वर्ष 2020–21 के दौरान भारतीय रिफाइनरियों ने 75.62 प्रतिशत खट्टे कच्चे तेल और 24.38 प्रतिशत मीठे कच्चे तेल का प्रसंस्करण किया। इसलिए, 2021–22 के लिए, कच्चे तेल की भारतीय बास्केट ने प्लैट्स द्वारा 'दुबई' और 'ओमान' (खट्टा कच्चा तेल) और 'ब्रेंट' (मीठा कच्चा तेल) के बेंचमार्क अंतर्गत औसत के लिए 75.62: 24.38 के अनुपात में दैनिक मूल्य दर्शाया।

घरेलू कच्चे तेल उत्पादक कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों की भी पेशकश की जाती है जो अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के लिए बेंचमार्क हैं जो उनके कच्चे तेल की कसौटी से मेल खाती हैं। कच्चे तेल का आयात अंतरराष्ट्रीय मूल्यों पर होता है।

## पेट्रोल और डीजल

1. पेट्रोल और डीजल के मूल्य क्रमशः 26 जून, 2010 और 19 अक्तूबर, 2014 से बाजार निर्धारित किए जाते हैं और तब से उनके मूल्यों का निर्धारण सरकारी क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) नामतः इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड और भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्यों और अन्य बाजार दशाओं में परिवर्तन के अनुरूप किया जा रहा है।

2. सरकारी क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने 16 जून, 2017 से पूरे देश में पेट्रोल और डीजल के खुदरा बिक्री मूल्य में दैनिक संशोधन लागू किया। पेट्रोल और डीजल के दैनिक मूल्य संशोधन खुदरा कीमतों को वर्तमान बाजार स्थितियों के प्रति अधिक प्रतिबिंबित करते हैं, जिससे पेट्रोल और डीजल के खुदरा बिक्री मूल्य में अस्थिरता कम हो जाती है। इसके अलावा, इससे प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ती है और रिफाइनरी/डिपो से खुदरा दुकानों तक उत्पादों के सुचारू प्रवाह को सक्षम बनाता है।

## घरेलू एलपीजी

1. अंतरराष्ट्रीय तेल मूल्यों में वृद्धि के प्रभाव से आम आदमी को बचाने के लिए, सरकार घरेलू एलपीजी के उपभोक्ताओं के लिए प्रभावी मूल्य (प्रत्येक परिवार के लिए प्रति वर्ष 12 सिलेंडरों की सीमा तक) को घटाना जारी रखे हुए है। तथापि, गैर–राजसहायता प्राप्त घरेलू एलपीजी के मूल्यों का निर्धारण ओएमसीज द्वारा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में परिवर्तनों के अनुरूप किया जाता है।

2. 1 जनवरी 2015 से "पहल (डीबीटीएल) योजना 2014" पूरे देश में लागू की गई है, जिसमें घरेलू एलपीजी पर राजसहायता पात्र उपभोक्ताओं को सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जा रही है। इसके अलावा, 21 मई, 2022 से, सरकार ने वर्ष 2022–23 के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) लाभार्थियों के लिए प्रति वर्ष 12 रिफिल के लिए 200 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर की लक्षित राजसहायता की घोषणा की है।

## पीडीएस मिट्टी का तेल

1 मार्च, 2020 से प्रभावी पीडीएस मट्टी का तेल का खुदरा बिक्री मूल्य अखिल भारतीय आधार पर शून्य अंडर–रिकवरी स्तर पर बनाए रखा जा रहा है।

## राजसहायता

पिछले 5 वर्षों और चालू वर्ष के दौरान पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस पर कुल राजसहायता/अंडर रिकवरी निम्नानुसार है:

₹ करोड़ में

| विवरण | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 |
|---|---|---|---|---|---|
| **मिट्टी का तेल** | | | | | |
| पीडीएस मट्टी का तेल पर कुल कम–रिकवरी | 4,672 | 5,950 | 1,833 | - | - |
| **एलपीजी** | | | | | |
| एलपीजी (डीबीएलटी) राजसहायता (ए) के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण | 20,905 | 31,539 | 22,726 | 3,658 | 242 |
| प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) राजसहायता (बी) | 2,559 | 5,670 | 1,446 | 76 | 1,569 |
| प्रधान मंत्री गरीब कल्याण पैकेज (पीएमजीकेपी) राजसहायता (सी) | - | - | - | 8,162 | - |
| **घरेलु एलपीजी पर कुल राजसहायता (ए+बी+सी)** | **23,464** | **37,209** | **24,172** | **11,896** | **1,811** |

सरकारी क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को घरेलू एलपीजी की बिक्री पर भारी नुकसान उठाना पड़ा है। इन नुकसानों की भरपाई के लिए सरकार ने हाल ही में ओएमसीज को ₹ 22,000 करोड़ का एकबारगी मुआवजा अनुमोदित किया है। तथापि, गैर–राजसहायता प्राप्त घरेलू एलपीजी के मूल्यों का निर्धारण ओएमसीज द्वारा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में परिवर्तनों के अनुरूप किया जाता है।





अध्याय 12

# अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों एवं दिव्यांगजनों का कल्याण

# 12 अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों एवं दिव्यांगजनों का कल्याण

**12.1.** कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, लोक उद्यम विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय तथा जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा समय–समय पर अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों और दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण के संबंध में जारी दिशा–निर्देश पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय और इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में कार्यान्वित किए जा रहे हैं। इस मंत्रालय का एससीटी प्रकोष्ठ मंत्रालय के साथ–साथ इस मंत्रालय के प्रशासनिक क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य संगठनों में आरक्षण नीतियों के कार्यान्वयन की निगरानी करता है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ने अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, ईडब्ल्यूएस, ईएसएम और दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने और उनकी शिकायतों का निवारण करने के लिए अपने मुख्य संपर्क अधिकारियों / संपर्क अधिकारियों की देखरेख में कार्यान्वयन प्रकोष्ठों का भी गठन किया है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के संपर्क अधिकारी राष्ट्रपति के निर्देशों के कार्यान्वयन के साथ–साथ इस विषय पर समय–समय पर जारी भारत सरकार के विभिन्न आदेशों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी हैं। संसद सदस्यों, राष्ट्रीय अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के आयोग तथा राष्ट्रीय अन्य पिछड़े वर्ग आयोग के माध्यम से प्राप्त सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, ईडब्ल्यूएस, ईएसएम और दिव्यांग कर्मचारियों की शिकायतों पर उपचारात्मक कार्रवाई की जाती है। मंत्रालय द्वारा अ.जा., अ.ज.जा., अपिव, ईडब्लूएस और दिव्यांग व्यक्तियों की नियुक्ति की स्थिति की निगरानी पीएसयू द्वारा दी गई रिपोर्ट के माध्यम से की जाती है।

**12.2.** सेवारत अनुसूचित जातियों / अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण वाली कल्याण संबंधी संसदीय समिति की टिप्पणियों के अनुसरण में, इस मंत्रालय के मुख्य संपर्क अधिकारी के नेतृत्व में एक दल सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की इकाइयों द्वारा रखे जाने वाले आरक्षण रोस्टरों का वार्षिक रूप से निरीक्षण करता है।

**12.3.** अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों पर विशेष ध्यान देते हुए मंत्रालय के अधीन तेल एवं गैस पीएसयू द्वारा विभिन्न कार्यकलाप शुरू किए गए हैं, सीएसआर पहल / योजनाओं में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय को प्रभावी ढंग से ध्यान में रखा जा रहा है।

**12.4.** दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) के लिए विशेष भर्ती अभियान।

माननीय उच्चतम न्यायालय ने दिनांक 28.04.2015 को नेशनल फेडरेशन ऑफ ब्लाइंड द्वारा सीए संख्या 9096 / 2013 में दायर अवमानना याचिका संख्या 499 / 2014 में दिव्यांग व्यक्तियों के पदों को भरने का आदेश दिया। इस मामले की निगरानी डीओपीटी द्वारा की जा रही है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय और इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत पीएसयू में 359 पदों की पहचान की गई थी। 31.12.2022 तक दिव्यांग व्यक्तियों के लिए रिक्तियों को भरने की स्थिति निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | चरण–वार ब्योरा | पद |
|---|---|---|
| 1 | माननीय उच्चतम न्यायालय को सूचित मंत्रालय और तेल पीएसयू में पदों की संख्या | 359 |
| 2. | पहले से भरे गए पदों की संख्या | 320 |
| 3. | 31.12.2022 तक भरे जाने वाले शेष पद | 39 |

## 31.12.2022 की स्थिति के अनुसार मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन तेल कंपनियों में अ.जा./अ.ज.जा./अपिव/विक्लांग हेतु बैकलॉग

| | अ.जा., अ.ज.जा., अपिव और दिव्यांग के संबंध में बैकलॉग रिक्तियों (सीधी भर्ती) की संख्या | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पीएसयू | समूह क | | | | समूह ख | | | | समूह ग* | | | | समूह घ* | | | |
| | अ.जा | अ.ज.जा | अपिव | दिव्यांग | अ.जा | अ.ज.जा | अपिव | दिव्यांग | अ.जा | अ.ज.जा | अपिव | दिव्यांग | अ.जा | अ.ज.जा | अपिव | दिव्यांग |
| पेट्रो. एवं प्राकृ. गैस म. | इस मंत्रालय में इसका ब्यौरा नहीं रखा जाता है | | | | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | 0 | 2 | 0 | 0 | लागू नहीं | | | |
| सीपीसीएल | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | 1$ | शून्य | शून्य | 1 | शून्य | 2 | 6 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| एमआरपीएल | - | 1 | 4 | 4 | * | * | * | * | 3 | 2 | - | 8 | * | * | * | * |
| एचपीसीएल | 0 | 0 | 0 | 28 | - | - | - | - | 0 | 0 | 0 | 0 | - | - | - | - |
| बीपीसीएल | -10 | -8 | शून्य | -11 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| ईआईएल | 6 | 5 | 6 | 4 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| ओआईएल | 1 | - | 2 | 2 | - | - | - | 1 | 12 | 07 | 11 | 24 | 01 | 06 | 03 | शून्य |
| आईओसीएल | 12 | 19 | 23 | 32 | समूह 'ख' में कोई भर्ती नहीं हुई | | | | 3 | 4 | 14 | 7 | 3 | 2 | 3 | 28 |
| आरजीआईपीटी*** | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| ओआईडीबी | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| एनआरएल | -3 | -3 | -5 | -7 | - | - | - | - | -2 | 3 | 9 | -2 | 1 | 4 | 1 | 1 |
| ओएनजीसी* | 166 | 71 | 273 | 174 | - | - | - | - | 77 | 101 | 210 | 175 | 6 | 2 | 14 | 11 |
| गेल | 31 | 19 | 33 | 31 | 0 | 3 | 5 | 6 | 24 | 18 | 26 | 14 | - | - | - | - |
| आईआईपीई | वर्तमान में सीधी भर्ती के लिए आईआईपीई में कोई बैकलॉग रिक्तियां नहीं है | | | | | | | | | | | | | | | |
| बीएलएल | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

नोट:

ओएनजीसी*: (i) ओएनजीसी में कोई बैकलॉग रिक्तियां नहीं हैं। पिछली भर्ती प्रक्रिया में भरी नहीं गई रिक्तियों को बाद की भर्ती प्रक्रिया में आगे बढ़ाया जाता है।

(ii) उपर्युक्त रिक्तियां 2022 की आगे की रिक्तियां और नई रिक्तियां हैं, जिन्हें अधिसूचित किया गया है और भर्ती प्रक्रियाधीन है।

(iii) समूह ग और घ की क्रमश: 63 और 11 रिक्तियां आंध्र प्रदेश की हैं जो 2014–15 से अदालती मामले के कारण रुकी हुई हैं।


सीपीसीएल: $ – पीडब्ल्यूबीडी के लिए भी आरक्षित। (भर्ती पूरी हो गई है और उम्मीदवारों के जल्द ही शामिल होने की संभावना है)।

बीपीसीएल: 2019–2021 से समूह क में न्यूनतम भर्ती की गई। पिछले 3 वर्षों (2019–2021) के लिए बिना किसी महत्वपूर्ण भर्ती के अ.जा. के लिए 17% और अ.ज.जा. के लिए 6% की औसत दर पर पृथक्करण। बीपीसीएल 2023 में बैकलॉग को पूरा करने का प्रयास करता है।


ईआईएल: ऊपर दिखाए गए रिक्त पद आरक्षित श्रेणियों अप्रत्यक्ष भर्ती में कमी हैं।

आरजीआईपीटी: *** केवल व्यवस्थापक कर्मचारी संवर्ग।

एचपीसीएल: समूह 'ख' और 'घ' के तहत वर्गीकृत कोई पद नहीं है क्योंकि गैर–प्रबंधन ग्रेड में प्रविष्टि को समूह 'ग' में फिर से वर्गीकृत किया गया है।


प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना
महिलाओं को मिला सम्मान
Indane
इंडेन

अध्याय 13



# महिला कल्याण, विकास और सशक्तिकरण

# 13 महिला कल्याण, विकास और सशक्तिकरण

**13.1.** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/संगठन महिला कर्मचारियों के कल्याण और सशक्तिकरण की दिशा में कई पहल कर रहे हैं। स्त्री–पुरुष संवेदनशीलता से निपटने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दृष्टि से, उनके व्यावसायिक विकास और कल्याण गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनमें बाह्य और आंतरिक प्रशिक्षण, महिला स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम, सार्वजनिक क्षेत्र में महिलाओं के मंच की राष्ट्रीय बैठक में भाग लेने के लिए उन्हें प्रायोजित करना आदि शामिल हैं।

महिला कर्मचारियों के हितों को देखने के लिए पीएसयू में महिला मंच का गठन किया गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा तैयार की गई 'क्या करें' और 'क्या न करें' की सूची सभी कर्मचारियों के ध्यानार्थ परिचालित की गई। कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न की शिकायतों के निवारण के लिए समितियों का गठन किया गया है।

## तेल पीएसयू में 31.12.2022 की स्थिति के अनुसार कुल कर्मचारियों की संख्या की तुलना में महिला कर्मचारियों की संख्या:

| क्र. सं. | पीएसयू का नाम | कर्मचारियों की कुल संख्या | महिला कर्मचारियों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय | 212 | 46 |
| 2. | आईआईपीई | 49 | 6 |
| 3. | सीपीसीएल | 1455 | 76 |
| 4. | एमआरपीएल | 2572 | 228 |
| 5. | एचपीसीएल | 8643 | 890 |
| 6. | बीपीसीएल | 8815 | 648 |
| 7. | ईआईएल | 2653 | 312 |
| 8. | ओआईएल | 6807 | 488 |
| 9. | आईओसीएल | 31225 | 2731 |
| 10. | आरजीआईपीटी | 43 | 6 |
| 11. | ओआईडीबी | 12 | 4 |
| 12. | एनआरएल | 974 | 68 |
| 13. | ओएनजीसी | 26413 | 2043 |
| 14. | गेल | 4862 | 312 |
| 15. | बॉमर लॉरी | 889 | 97 |

**13.2.** विशाखा बनाम राजस्थान राज्य के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित दिशा–निर्देशों और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग/महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा जारी आदेशों के अनुरूप कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न की शिकायतों की रोकथाम और निवारण के लिए मंत्रालय में एक आंतरिक शिकायत समिति (महिला प्रकोष्ठ) का गठन किया गया है। वर्तमान में श्रीमती सुजाता शर्मा, संयुक्त सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय इस समिति की अध्यक्ष हैं, जिसमें एनजीओ के एक सदस्य सहित चार अन्य सदस्य हैं। समिति नियमित अंतराल पर अपनी बैठकें आयोजित करती है।
















ऑयल इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
**Oil India Limited**
(A Government of India Enterprise)




एक नवरत्न कंपनी













SINCE 1867

अध्याय 14







गेल (इंडिया) लिमिटेड







# उपक्रम/संगठन

# 14 उपक्रम/संगठन

## 14.1. महारत्न कंपनी

### 14.1.1. इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)



इंडियन ऑयल भारत की एक ऐसी ऊर्जा है जो तेल, गैस, पेट्रो रसायन और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की लगभग सभी धाराओं को समाहित करने वाली विविधीकृत, एकीकृत ऊर्जा प्रमुख है। यह जो इंडियन ऑयल ब्रांड है इसका लक्ष्य उच्च क्षमता वाले लोगों और अत्याधुनिक तकनीकों का लाभ उठाना है ताकि ऊर्जा के सभी रूपों को सबसे महत्त्वपूर्ण तरीके से दोहन किया जा सके और उन्हें उपभोक्ताओं तक किफायती रूप से पहुंचाया जा सके। यह फॉर्च्यून ग्लोबल 500–2022 सूची (रैंक 142) में भारत का सर्वोच्च रैंक वाला ऊर्जा पीएसयू है।

इंडियन ऑयल के व्यावसायिक रूचि में रिफाइनिंग से लेकर संपूर्ण हाइड्रोकार्बन मूल्य श्रृंखला, कच्चे तेल और गैस की खोज और उत्पादन के लिए पाइपलाइन परिवहन और विपणन, पेट्रोरसायन, गैस विपणन, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों और अनुप्रवाह संचालन के वैश्वीकरण शामिल है। इस ब्रांड की वैश्विक आकांक्षाओं को श्रीलंका, मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात और अन्य देशों में इंडियन ऑयल के व्यापारिक प्रयासों के माध्यम से पूरा किया जाता है।

#### 14.1.1.1. वित्तीय निष्पादन:

इंडियनऑयल का कारोबार (परिचालन से राजस्व) अप्रैल 21–दिसंबर 21 के दौरान ₹ 5,21,988 करोड़ की तुलना में अप्रैल 22–दिसंबर 22 के दौरान 35.7% (₹ 1,86,473 करोड़) बढ़कर ₹ 7,08,461 करोड़ हो गया। इंडियन ऑयल को अप्रैल 21–दिसंबर 21 के दौरान ₹ 18,162 करोड़ के निवल लाभ की तुलना में अप्रैल 22–दिसंबर 22 के दौरान ₹ 1,817 करोड़ का निवल घाटा (कर पश्चात लाभ) हुआ था। जीआरएम अप्रैल, 21–दिसम्बर, 21 के दौरान 8.52 अमरीकी $ प्रति बैरल की तुलना में अप्रैल 22–दिसम्बर, 22 के दौरान 21.08 अमरीकी $ प्रति बैरल रहा।

#### 14.1.1.2. राजकोष में योगदान:

पिछले कुछ वर्षों में, इंडियन ऑयल शुल्क, करों और लाभांश के रूप में सरकारी खजाने में सबसे बड़ा योगदानकर्ता रहा है। अप्रैल 21 से दिसंबर 2021 के दौरान ₹ 1,89,460 करोड़ की तुलना में अप्रैल 22 से दिसंबर 2022 के दौरान सरकारी खजाने में ₹ 1,72,208 करोड़ का भुगतान किया गया था। अप्रैल 21–दिसंबर 21 के दौरान केंद्रीय राजकोष और राज्य के राजकोष को क्रमशः ₹ 1,10,586 करोड़ और ₹ 78,874 करोड़ के भुगतान की तुलना में अप्रैल 22 से दिसंबर 22 के दौरान केंद्रीय राजकोष को ₹ 81,246 करोड़ और राज्य के राजकोष को ₹ 90,962 करोड़ का भुगतान किया गया था।

#### 14.1.1.3. रिफाइनरी से संबंधित निष्पादन:

अप्रैल–दिसंबर, 2022 के दौरान वर्तमान वित्त वर्ष के लिए आईओसीएल रिफाइनरियों ने संचयी रूप से 53.2 एमएमटी कच्चे तेल और 1.4 एमएमटी नेफ्था का प्रसंस्करण किया है। कच्चे तेल का प्रसंस्करण पिछले वर्ष (इसी अवधि के लिए 49.4 एमएमटी) से अधिक है। आईओसीएल रिफाइनरियों की डिस्टिलेट उपज रिफाइनरियों से मारपोल की बढ़ती मांग के साथ–साथ उच्च एनजी कीमतों से नेफ्था और डिस्टिलेट में हुई उच्च आंतरिक खपत के कारण पिछले वर्ष की 79.5% से घटकर 78.7% हो गई।

प्रचालनात्मक उपलब्धता के संबंध में आईओसीएल की स्थिति 98.3% (पिछले वर्ष 96.9%) है और जहां तक एमबीएन (विशिष्ट ऊर्जा खपत– कम एमबीएन उच्च ऊर्जा दक्षता को दर्शाता है) का संबंध है, आईओसीएल रिफाइनरियों ने अप्रैल–दिसम्बर, 22 की अवधि के दौरान 69.0 एमबीएन (पिछले वर्ष 75.2) प्राप्त किए हैं।

इंडियन ऑयल ने हल्दिया रिफाइनरी में एक नया वेट सल्फ्यूरिक एसिड संयंत्र, बरौनी रिफाइनरी में इंड जेट यूनिट, गुवाहाटी रिफाइनरी में इंडसेलेक्ट जी यूनिट और बोंगाईगांव रिफाइनरी में एक नई सल्फर रिकवरी यूनिट शुरू की है। गुजरात रिफाइनरी में लैब पुनरुद्धार और पानीपत नेफ्था क्रैकर में एनसीयू धरण–1 का पुनरुद्धार को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है।

इंडियन ऑयल और भारत की हरित यात्रा के इतिहास में ऐतिहासिक अवसर और स्मरणीय दिवस वाला दिन उस वक्त आया, जब माननीय प्रधान मंत्री ने दिनांक 10 अगस्त, 2022 को विश्व जैव ईंधन दिवस पर पानीपत रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स कॉम्प्लेक्स में इंडियन ऑयल की दूसरी पीढ़ी के एथेनॉल राष्ट्र को समर्पित किया। अपनी तरह का

एकलौता और एशिया का पहला नई जैव ऊर्जा प्रौद्योगिकी अत्याधुनिक स्वदेशी प्रौद्योगिकी पर आधारित है, जो भारत की अपशिष्ट से धन पहल में निर्णायक की भूमिका निभा सकता है। 2 लाख टन चावल की भूसी का उपयोग करते हुए यह संयत्र सालाना 3 करोड़ लीटर एथेनॉल उत्पन्न करेगा जिसे भारत सरकार की 20% एथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य को पूरा करने के लिए एमएस (पेट्रोल) के साथ मिश्रित किया जाएगा।

इंडियन ऑयल ने हिंडल और फुर्सतगंज एएफएस में खपत के लिए दिनांक 21 सितम्बर, 2022 को गुजरात रिफाइनरी द्वारा उत्पादित एवीगैस 100 एलएल का पहला बैच शुरू किया। एवीगैस 100 एलएल का उत्पादन भारत का एकलौता और प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक प्रमुख कदम है।

ऊर्जा सुरक्षा के राष्ट्रीय परिदृश्य और पेरिस समझौते के अनुरूप इंडियन ऑयल जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए उत्सर्जन शमन उपकरण के रूप में अपनी विभिन्न रिफाइनरियों से कार्बन कैप्चर, उपयोगिता और भंडारण (सीसीयूएस) परियोजनाओं से संबंधित संभावित दिशा में काम कर रहा है।

### 14.1.1.4. प्राकृतिक गैस एकीकरण:

चरणबद्ध तरीके से सभी रिफाइनरियों में ईंधन के रूप में रीगैसिफाइड एलएनजी का उपयोग किया जाएगा। जगदीशपुर–हल्दिया और बोकारो–धामरा पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल) के रास्ते धामरा टर्मिनल से आने वाले प्राकृतिक गैस का उपयोग बरौनी, पारादीप, हल्दिया, बोंगाईगांव और गुवाहाटी रिफाइनरियों में किया जाएगा। प्राकृतिक गैस का अवसंरचना विकास परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं और वित्त वर्ष 2024–25 तक शुरू होने की उम्मीद है। मथुरा, पानीपत और गुजरात रिफाइनरी में प्राकृतिक गैस का एकीकरण पहले ही पूरा हो चुका था और यह अब उपयोग में है।

### 14.1.1.5. हरित ऊर्जा:

संयुक्त उद्यम कंपनी के गठन के लिए इंडियन ऑयल और एनटीपीसी के बीच निबंधन पत्र पर हस्ताक्षर दिनांक 18 जुलाई, 2022 को इंडियन ऑयल के कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में संपन्न हुई थी, जिससे निवल–शून्य प्रतिबद्धताओं के प्रति भारत के संकल्प को मजबूत करने के लिए दोनों संगठनों की ताकत का लाभ उठाया गया। इंडियन ऑयल ने इस संयुक्त उद्यम के माध्यम से 650 मैगावाट की अधिकतम सीमा तक चौबीसों घंटे नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करके अपनी रिफाइनरियों की अतिरिक्त बिजली आवश्यकता को पूरा करने की योजना बनाई है, जिससे संयुक्त उद्यम कंपनी / विशेष उद्देश्य तंत्र को शामिल करके नवकरणीय ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना हेतु दोनों कंपनियों के लिए भावी मार्ग प्रशस्त होगा और रिफाइनरियों की बिजली की आवश्यकता को पूरा करने के लिए उपयुक्त किफायती समाधान भी तलाशे जाएंगे।

भारत का पहला और दुनिया का तीसरा ग्रीन कूलिंग टॉवर (जीसीटी) दिनांक 20 मई, 2022 को बरौनी रिफाइनरी में शुरू किया गया था। यह पारंपरिक कूलिंग टॉवर के विकल्प के रूप में ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण के अनुकूल है। कूलिंग टॉवर के पंखे को चलाने के लिए उपयोग किया गया हाइड्रो–टरबाइन की शुरूआत से इलेक्ट्रिक मोटर का दौर समाप्त हो जाएगा। पारंपरिक कूलिंग टॉवर की तुलना में मोटर, स्विचगियर और अन्य बिजली की अवसंरचना को समाप्त करने से अनुरक्षण लागत काफी घटेगा।

इंडियन ऑयल भारत सरकार के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अंतर्गत भारत से संबंधित अभियान का नेतृत्व कर रहा है। हरित हाइड्रोजन के उपयोग की प्रतिबद्धता के रूप में पानीपत रिफाइनरी में 60 मेगावाट इलेक्ट्रोलाइजर क्षमता वाले 7 केटीपीए संयत्र की योजना तैयार की गई है।

### 14.1.1.6. पाइपलाइन संबंधी निष्पादन:

इंडियन ऑयल ने वर्ष के दौरान अपने पाइपलाइन नेटवर्क का विस्तार करना जारी रखा और कच्चे तेल और उत्पाद पाइपलाइनों के लिए 108.0 मिलियन टन प्रति वर्ष और गैस पाइपलाइनों के लिए 48.73 एमएमएससीएमडी की संयुक्त प्रवाह क्षमता सहित 17,047 किमी का एक और उपलब्धि हासिल की है।

अप्रैल 22–दिसम्बर, 2022 के वर्ष के दौरान कच्चे तेल की पाइपलाइनों ने अप्रैल, 21 से दिसम्बर, 21 में 35.8 एमएमटी की तुलना में 39.5 एमएमटी का प्रवाह क्षमता प्राप्त किया और उत्पाद पाइपलाइनों ने अप्रैल, 21–दिसंबर, 21 के दौरान 25.4 एमएमटी की तुलना में 30.6 एमएमटी प्रवाह क्षमता हासिल किया था। इसके अतिरिक्त, गैस पाइपलाइनों ने अप्रैल, 21–दिसंबर 21 के दौरान 2,330 एमएमएससीएम की तुलना में 2,293 एमएमएससीएम का प्रवाह क्षमता हासिल किया था।

### 14.1.1.7. विपणन संबंधी निष्पादन:

घरेलू पीओएल बिक्री इसी अवधि के लिए पिछले वर्ष 2021–22 में 54.81 एमएमटी की तुलना में वर्ष 2022–23 (अप्रैल–दिसंबर) के दौरान 64.19 एमएमटी (सीएनजी सहित) दर्ज की गई थी। इंडियन ऑयल ने अपने खुदरा दुकानों पर प्रतिदिन लगभग 2.88 करोड़ ग्राहकों को सेवा प्रदान की और भारत के नागरिकों की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने के लिए अप्रैल–दिसंबर 2022 की अवधि के दौरान प्रति दिन लगभग 26.0 लाख घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरित किए। अप्रैल–दिसंबर, 2022 की अवधि के दौरान, इंडियन ऑयल ने 1,071 खुदरा बिक्री केन्द्रों (आरओ) को शुरू किया था, जो किसी भी ओएमसीज से सर्वाधिक है। ईंधन भरने के नए चलन को बढ़ावा देने के लिए, इंडियन ऑयल ने इस अवधि के दौरान डीजल के लिए 90 घर–घर तक वितरण मोबाइल डिस्पेंसर भी शुरू किए हैं, जिसकी कुल संख्या 1,131 हो गई है।

31 दिसंबर 2022 तक की स्थिति के अनुसार, एक्स्ट्राग्रीन डीजल उत्पाद पूरे भारत में 4,256 आरओ के माध्यम से बेचा जा रहा है। एक्स्ट्राग्रीन डीजल ईंधन अर्थव्यवस्था में सुधार करता है, कार्बन डाइऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड उत्सर्जन को कम करता है, एनओएक्स उत्सर्जन को कम करता है, सेटेन की मात्रा बढ़ाता है, चिकनापन में सुधार करता है, इंजन में होने वाली आवाज को कम करता है और इसमें उत्कृष्ट संक्षारण सुरक्षा (एनएसीई)है।

100 ऑक्टेन मूल्य सहित भारत का पहला सुपर प्रीमियम पेट्रोल एक्सपी100 दिनांक 31. दिसम्बर, 2022 की स्थिति के अनुसार 89 शहरों में 178 आरओ के माध्यम से बेचा जा रहा है। साथ ही एक्सपी 95 (95 ऑक्टेन प्रीमियम पेट्रोल) पूरे भारत में 9,163 आरओ के माध्यम से बेचा जा रहा है।

वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा देने के लिए, इंडियन ऑयल ने अप्रैल–दिसंबर 2022 की अवधि के दौरान 212 नए सीएनजी, 13 कंप्रेस्ड बियोगैस (सीबीजी), 1,505 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग और 23 बैटरी स्वैपिंग स्टेशनों को शामिल किया है। इंडियन ऑयल देश में 1,697 सीएनजी, 39 सीबीजी, 3,647 ईवी चार्जिंग और 55 बैटरी स्वैपिंग स्टेशनों का परिचालन कर रही है।

इंडियन ऑयल ने अप्रैल–दिसंबर, 22 की अवधि के दौरान 10.17 एमएमटी की कुल एलपीजी बिक्री करने की उपलब्धि हासिल की है और उज्ज्वला 2.0 योजना के अंतर्गत 30 लाख सहित 44 लाख से अधिक नए एलपीजी कनेक्शन दिए है। सेवाओं में ग्राहकों की पहुंच और ग्राहक संतुष्टि में सुधार के लिए इंडियनऑयल ने 44 नए एलपीजी वितरण केन्द्र शुरू किया है, जिससे दिनांक 31.12.2022 तक की स्थिति के अनुसार उनकी कुल संख्या 12,841 हो गई। "छोटू" [5 किलो निःशुल्क व्यापार एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडर ने अप्रैल–दिसंबर 2022 की अवधि के दौरान 11.0 टीएमटी से अधिक की बिक्री सहित 33% की वृद्धि दर्ज की है। इसके अतिरिक्त, दिसंबर 2022 तक, ग्राहकों को 2 लाख से अधिक इंडेन संमिश्रित सिलेंडर भी बेचे गए जिससे ग्राहकों को नए युग और हल्के एलपीजी सिलेंडर की पेशकश करने हेतु 5 किलोग्राम और 10 किलोग्राम इकाइयों में सिलेंडर शुरू किया गया था।

विमानन क्षेत्र में भी इंडियन ऑयल ने अप्रैल–दिसम्बर 2022 की अवधि के दौरान 61.6% की बाजार हिस्सेदारी सहित अपनी अग्रणी स्थिति बनाई रखी। वर्ष के दौरान होलोंगी (अरूणाचल प्रदेश), देवघर (झारखंड) और रामनाद (तमिलनाडु) में तीन नए विमानन ईंधन स्टेशन (एएफएस) शुरू किए गए और दिनांक 31.12.2022 तक की स्थिति के अनुसार देश में इंडियन ऑयल द्वारा स्थापित एएफएस की संख्या 130 हो गई है।

**14.1.1.8. अनुसंधान और विकास (आरएंडडी):**

ईंधन और स्नेहक, रिफाइनिंग प्रौद्योगिकियों और उत्प्रेरक, पेट्रोरसायन और पॉलिमर जैसी विशेषज्ञता के मुख्य क्षेत्रों में अत्याधुनिक अनुसंधान किया जाता है। नैनो प्रौद्योगिकी, सौर, जैव ऊर्जा, हाइड्रोजन, ईंधन सेल और ऊर्जा भंडारण प्रदाता जैसे उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास का प्रयास आवश्यक भावी दिशा प्रदान करते हैं। वर्तमान में, जनवरी 2023 तक 1,514 प्रभावी पेटेंट सहित 1,615 दायर पेटेंट के विशाल पोर्टफोलियो से इंडियन ऑयल आर एंड डी सेंटर को पिछले 5 वर्षों में अपने स्वीकृत पेटेंट पोर्टफोलियो को दोगुना होने में काफी मदद मिली है। माननीय प्रधान मंत्री ने बेंगलुरु में इंडियनऑयल के इंडोर सोलर कुकिंग सिस्टम के दिवन–कुकटॉप मॉडल को समर्पित किया और भारत ऊर्जा सप्ताह 23 के अंश के रूप में इसके वाणिज्यिक रोल–आउट को भी हरी झंडी दिखाई। वर्ष के दौरान, पायलट परीक्षण के लिए एल्यूमीनियम एयर बैटरी को 4 डब्ल्यू (टाटा टियागो) और 3 डब्ल्यू (महिंद्रा ट्रायो) और ई रिक्शा के साथ एकीकृत किया गया है। महिंद्रा ई–ऑटो पर पायलट परीक्षण पूरा किया गया, जबकि टाटा टियागो और ई रिक्शा में परीक्षण की योजना बनाई गई है।

**14.1.1.9. पेट्रोरसायन संबंधी निष्पादन:**

इंडियनऑयल देश की दूसरी सबसे बड़ी पेट्रोरसायन कंपनी है जो पॉलिमर, लीनियर एल्काइल बेंजीन (एलएबी), प्यूरीफाइड टेरेफ्थेलिक एसिड (पीटीए), ग्लाइकोल्स और ब्यूटाडीन की पेशकश करती है। प्रोपेल ब्रांड, भारतीय पेट्रोरसायन बाजार में अग्रणी ब्रांड है।

वर्ष 2022–23 (अप्रैल 22–दिसंबर 22) के दौरान निर्यात सहित पेट्रोरसायन बिक्री वर्ष 2020–21 (अप्रैल 21–दिसंबर 21) में 2.14 एमएमटी की तुलना में 1.465 एमएमटी हुई है। विभिन्न नियोजित अनुरक्षण शटडाउन से हुई उत्पादन नुकसान के कारण इंडियनऑयल के पेट्रोरसायन व्यवसाय में मंदी देखी गई ।

'साइक्लोप्लास्ट'–इंडियन ऑयल से पुनर्नवीनीकरण किए गए पॉलिमर ब्रांड को दिनांक 01.09.2022 को इंडियनऑयल दिवस के शुभ अवसर पर शुरू किया गया था।

पेट्रोरसायन ब्रांड 'प्रोपेल' की वैश्विक उपस्थिति स्थापित करने के उद्देश्य से आईओसीएल नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका और वियतनाम आदि सहित कई देशों को उत्पादों का निर्यात कर रहा है। दिनांक 06 अक्टूबर, 22 को इस समूह ने मॉरीशस को इंडियन ऑयल की पहली पेट्रोरसायन खेप भेजी।

**14.1.1.10. प्राकृतिक गैस :**

इंडियन ऑयल ने अप्रैल 21–दिसंबर 21 में 3.8 एमएमटी की तुलना में अप्रैल 22–दिसंबर 22 में 3.3 एमएमटी की बिक्री (आंतरिक खपत सहित) की है, इस अवधि के दौरान असामान्य उच्च आयात एलएनजी कीमतों के कारण बिक्री में गिरावट हुई है। 31 दिसंबर, 2022 की स्थिति के अनुसार इंडियन ऑयल ने 7 नए औद्योगिक ग्राहक शामिल किए हैं। अप्रैल–दिसंबर, 2022 के दौरान इंडियन ऑयल एलएनजी के माध्यम से बिक्री सबसे कम हुई और यह अप्रैल–दिसंबर 2021 के दौरान 83.0 टीएमटी से घटकर 50.7 टीएमटी हो गई। दिनांक 24.02.2023 की स्थिति के अनुसार वर्ष 2022–23 के दौरान, 18 एलएनजी कार्गो आयात किए गए थे, जिनमें से 5 अल्पकालीक कार्गो थे, जबकि 13 दीर्घकालिक संविदा के थे।

**14.1.1.11. नगर गैस वितरण (सीजीडी):**

गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने में इंडियनऑयल का महत्वपूर्ण योगदान है। संयुक्त उद्यमों के साथ–साथ, इंडियनऑयल ने 105 जिलों सहित कुल 49 जीए को प्राधिकार दिया है, जो ओएमसी में सबसे अधिक जीए सहित देश की सबसे बड़ी सीजीडी कंपनी के रूप में स्वयं को स्थापित किया है।

**14.1.1.12. अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी):**

भारतीय ऑयल भागीदारी हितों (पीआई), संयुक्त उद्यमों और पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों के माध्यम से ईएंडपी क्षेत्र में व्यावसायिक पहलूओं का अन्वेषण जारी रखता है। वर्तमान में इंडियन ऑयल के ऊर्ध्व प्रवाह पोर्टफोलियो में 16 घरेलू और 11 विदेशी परिसम्पत्तियां शामिल हैं, जो विभिन्न चरणों में हैं अर्थात 8 उत्पादन, 6 विकासाधीन, 4 ब्लॉक खोज में, 1 मूल्यांकन के अधीन और 8 अन्वेषण के अंतर्गत 3.5% से 100% तक सक्रिय (पीआई) सीमा में है।

अप्रैल–दिसंबर, 2022 की अवधि के दौरान इंडियन ऑयल की अपनी उत्पादक परिसम्पत्तियों से उत्पादन की हिस्सेदारी वर्ष 2021 में इसी अवधि के दौरान 3.207 एमएमटीओई की तुलना में 3.214 एमएमटी तेल समकक्ष (एमएमटीओई) थी। तदनुसार, अपनी परियोजनाओं से लाभांश / राजस्व में इंडियन ऑयल की हिस्सेदारी अप्रैल–दिसंबर (2021–22) के दौरान 358.3 मिलियन अमेरिकी $ से 25% बढ़कर अप्रैल–दिसंबर (2022–23) में $ 448.3 मिलियन अमेरिकी $ हो गई।

इंडियन ऑयल की घरेलू उत्पादक परिसम्पत्ति ब्लॉक एएपी–ओएन–94 / 1 में, दिरोक गैस बिक्री से असम की राजस्व आय अप्रैल–दिसंबर (2022–23) के दौरान पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 12.28 मिलियन अमेरिकी $ से बढ़कर 25.27 मिलियन अमेरिकी $ हो गई।

इस अवधि के दौरान, रूसी परिसम्पत्ति, तास एंड वांकोर ने 188 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 1,513 करोड़) की उच्चतम लाभांश आय की सूचना दी।

डिस्कवर्ड स्मॉल फील्ड राउंड–III (डीएसएफ) बोली प्रतिस्पर्धी दौर के अंतर्गत इंडियन ऑयल–ओएनजीसी संघ, मुंबई (अपतटीय) और कृष्णा गोदावरी (अपतटीय) में दो–दो ब्लॉकों में विजेता बनकर उभरा। दोनों ब्लॉकों में इंडियन ऑयल की 30% पीआई है और दोनों ब्लॉकों के लिए राजस्व हिस्सेदारी संबंधी संविदा दिनांक 09.09.2022 को निष्पादित किए गए थे।

देश की ऊर्जा मांग और आपूर्ति और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ाने से संबंधित व्यवधान को दूर करने के लिए इंडियन ऑयल ने वर्तमान वर्ष के दौरान, ओएएलपी बोली राउंड–III और वी में ऑयल को दिए गए पांच ओएएलपी ब्लॉकों में फार्म किया और इसके परिणामस्वरूप दिनांक 20.07.2022 को इन ब्लॉकों में 30% पीआई को इंडियन ऑयल में अंतरित करने के लिए ओआईएल और इंडियनऑयल के बीच फार्म–आउट करार किए गए थे। ये ब्लॉक राजस्थान, असम और त्रिपुरा में स्थित हैं।

पहली बार, इंडियन ऑयल ने असम में स्थित दो ओएएलपी–1 अन्वेषण ब्लॉकों के लिए इंडियन ऑयल को 30% हिस्सेदारी अंतरित करने हेतु दिनांक 27.12.2022 को देश की सबसे बड़ी निजी ऊर्ध्वप्रवाह तेल और गैस कंपनी, वेदांता (केयर्न एनर्जी) लिमिटेड के साथ फार्म–इन फार्म–आउट करार भी किया।

वर्तमान वर्ष के दौरान, इंडियन ऑयल ने अबू धाबी में अपनी पहली विदेशी प्रचालित परिसम्पत्ति, ब्लॉक तटीय–1 में तीन कुओं के अन्वेषण ड्रिलिंग अभियान को उत्साहजनक परिणामों सहित सफलतापूर्वक पूरा किया (इंडियन ऑयल: 50%; बीपीआरएल के साथ संयुक्त परवालन), जबकि चौथे कुएं की ड्रिलिंग प्रगति पर है।

**14.1.1.13. वैकल्पिक ऊर्जा :**

हरित अर्थव्यवस्था के लिए कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए इंडियन ऑयल नवीकरणीय ऊर्जा का दोहन करने की दिशा में तेजी से प्रगति कर रहा है। दिनांक 31.12.2022 तक की स्थिति के अनुसार इंडियन ऑयल की नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता 238.40 मेगावाट है, जिसमें 167.60 मेगावाट पवन ऊर्जा क्षमता और 70.80 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता शामिल है। इन परियोजनाओं ने अप्रैल 22 से दिसंबर 22 के दौरान 288.78 जीडब्ल्यूएच उत्पन्न किया, जिसके परिणामस्वरूप 235.3 हजार मीट्रिक टन के समान कार्बन डाइऑक्साइड ('00000 एमटीसीओ2–ईक्यू') का उत्सर्जन कम हुआ। अप्रैल 22 से दिसंबर 2022 के दौरान, इंडियन ऑयल ने

855 खुदरा दुकानों (आरओ) को सौर ऊर्जा से रोशन किया है। दिनांक 31.12.2022 तक, 20,357, इंडियन ऑयल के आरओ को लगभग 118.5 मेगावाट की संचयी स्थापित क्षमता सहित सौर ऊर्जा प्रणालियों द्वारा संचालित किए गए। इससे अप्रैल 22–दिसंबर 22 के दौरान लगभग 114.53 जीडब्ल्यूएच ऊर्जा उत्पन्न हुआ, जिसके परिणामस्वरूप 93.34 हजार मीट्रिक टन के समान कार्बन–डाइऑक्साइड (टीएमटीसीओ2 ई) का उत्सर्जन कम हुआ।

इंडियन ऑयल 'इंडिग्रीन' ब्रांड के अंतर्गत 9 राज्यों में 39 आरओ के माध्यम से सीबीजी बेच रहा है। इंडियन ऑयल ने सस्ती परिवहन की ओर संधारणीय विकल्प (एसएटीएटी) पहल के अंतर्गत लगभग 7.8 एमएमटीपीए सीबीजी के उत्पादन और आपूर्ति के लिए 3,000 से अधिक संयंत्रों को आशय पत्र जारी किया है। सितंबर 2019 से दिसंबर 2022 तक सीबीजी की संचयी बिक्री 9,472 टन थी।

**14.1.1.14. संधारणीय विकास:**

इंडियन ऑयल अपने प्रतिष्ठानों में सभी पारंपरिक लाइटों को एलईडी से बदल रहा है। अप्रैल 22–दिसम्बर 22 के दौरान लगभग 30,000 एलईडी लाइटें लगाई गई थी। पेपर रीसाइक्लिंग इंडियन ऑयल के लिए एक गंभीर विषय है। वर्ष के दौरान, लगभग 196 टन अपशिष्ट कागज को निर्दिष्ट रीसायकलरों के माध्यम से पुनर्नवीनीकरण किया गया था।

अप्रैल 22–दिसंबर 22 के दौरान, वृक्षारोपण अभियान के अंश के रूप में देश भर में लगभग 3.84 लाख पौधे लगाए गए थे।

**14.1.1.15. कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर):**

1964 में अपनी स्थापना के बाद से, इंडियन ऑयल राष्ट्रव्यापी अनगिनत सामाजिक कल्याण और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों का समर्थन कर रहा है। इंडियन ऑयल ने अपने सीएसआर कार्यसूची को अपनी व्यावसायिक पेशकशों के साथ सफलतापूर्वक शामिल किया है। इंडियन ऑयल की सीएसआर परियोजनाएं मुख्यत विभिन्न समुदायों में जीवन–यापन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए शुरू की जाती हैं, जिसमें समाज के दूर–दराजों / वंचित वर्गों को हमेशा शामिल किया जाता है। पिछले लगातार 5 वित्तीय वर्षों से, इंडियन ऑयल ने संपूर्ण सीएसआर बजट आवंटन व्यय किया है, जिससे आबंटित बजट का 100% उपयोग किया गया है। पिछले 5 वर्षों में, इंडियन ऑयल ने अपने सीएसआर बजट का बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, कौशल विकास और पर्यावरणीय संधारणीयता में निवेश किया है और प्रतिवर्ष 75 लाख से अधिक लाभार्थियों को मदद पहुंचाया है।

इंडियन ऑयल भुवनेश्वर में कौशल विकास संस्थान (2016 से) और रसायन प्रौद्योगिक संस्थान–एलओसीएल परिसर (2018 से), डिगबोई में असम ऑयल डिवीजन अस्पताल (1906 से) और असम ऑयल स्कूल ऑफ़ नर्सिंग (1986 से), मथुरा में स्वर्ण जयंती सामुदायिक अस्पताल (1999 से), इंडियन ऑयल आरोग्यम (स्वास्थ्य सेवा योजना) और इंडियनऑयल ज्ञानोदय (छात्रवृत्ति योजना) (2018 से) जैसी विभिन्न प्रमुख परियोजनाएं चल रही है।

**14.1.1.16. कुछ प्रमुख पुरस्कार और सम्मान:**

- कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के माध्यम से खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को वर्ष 2021 के लिए राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया।
- इंडियन ऑयल के अध्यक्ष श्री एस. एम. वैद्य को गवर्नेंस नाउ 8 वें पीएसयू पुरस्कार में सीएमडी लीडरशिप पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- इंडियन ऑयल ने कोविड प्रबंधन और वर्ष के नए उत्पाद के लिए प्रतिष्ठित एशियाई तेल और गैस पुरस्कार जीता।
- इंडियनऑयल ने स्पोर्ट्सस्टार एसेस 2022 में खेल पुरस्कार को बढ़ावा देने के लिए सर्वश्रेष्ठ पीएसयू पुरस्कार जीता।
- इंडियन ऑयल को एशिया कॉर्पोरेट उत्कृष्टता और संधारणीय (एसीईएस) पुरस्कार 2022 मिला।
- डन और ब्रैडस्ट्रीट द्वारा इंडियन ऑयल को सर्वश्रेष्ठ पीएसयू 2021 घोषित किया गया।
- इंडियन ऑयल ने बड़े नियोक्ता श्रेणी के अंतर्गत वैश्विक स्वस्थ कार्यस्थल पुरस्कार–2021 जीता। इस पुरस्कार को 'डब्ल्यूएचओ स्वस्थ कार्यस्थल रूपरेखा' पर आधारित वैश्विक स्वस्थ कार्यस्थल केन्द्र (जीसीएचडब्ल्यू) द्वारा स्थापित किया गया था।
- इंडियन ऑयल ने 7वां सीआईआई औद्योगिक उत्कृष्ट संपदा पुरस्कार 2021 जीता।
- मथुरा रिफाइनरी को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा वर्ष 2020–2 के दौरान अपने ऊर्जा निष्पादन के लिए उत्कृष्ट ऊर्जा दक्षता इकाई के रूप में मान्यता दी गई थी। मथुरा रिफाइनरी ने वर्ष 2019–20 में भी यह पुरस्कार जाता था।
- इंडियन ऑयल पानीपत नेफ्था क्रैकर ने सीएचटी द्वारा आयेजित 'सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा दक्षता संबंधी मामलों का अध्ययन' जीता।
- पाराद्वीप रिफाइनरी को राष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन, भुवनेश्वर में प्रतिष्ठित कलिंगा सुरक्षा उत्कृष्ट पुरस्कार–2020 के लिए स्वर्ण पदक मिला ।
- इंडियन ऑयल को 'मधुर मुस्कान' पहल के लिए 19वीं एफआईसीसीआई सीएसआर पुरस्कार मिला।
- इंडियन ऑयल को शिक्षण और विकास में उत्कृष्टता के रूप में विजेता घोषित किया गया;

एसएचआरएम एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार, 2021 में कल की नेतृत्व विकास श्रेणी में उत्कृष्टता के रूप में विजेता घोषित किया गया और सामुदायिक प्रभाव में उत्कृष्टता के लिए विशेष रूप से उल्लेख किया गया।

- कर्मचारी के प्रतिभा विकास को प्रदर्शित करने से संबंधित प्रतिभा विकास संघ द्वारा 2022 उत्कृष्ट पुरस्कार में इंडियन ऑयल को विश्व स्तर पर शीर्ष 20 विजेताओं की सूची में रखा गया था।
- "उभरते प्रौद्योगिकी को अपनाने में उत्कृष्टता" के अंतर्गत ई–शासन के लिए इंडियन ऑयल की ईपीआईसी परियोजना को भारत सरकार की 24वीं राष्ट्रीय पुरस्कार मिला।

### 14.1.2. तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी)



तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) को दिनांक 23.06.1993 को संसद के अधिनियम के माध्यम से तेल और प्राकृतिक गैस आयोग नामक सांविधिक आयोग को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी में बदलने और दिनांक 01.02.1994 से आयोग का कार्य संभालने के उद्देश्य से निगमित किया गया था। तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड एक ऐसा वैश्विक ऊर्जा कंपनी है जो संपूर्ण ऊर्जा मूल्य–श्रृंखला में एकीकृत है। तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत ईएंडपी क्षेत्र में सूचीबद्ध महारत्न सीपीएसई के अनुसूची–'क' में शामिल कंपनी है जिसके पास इसकी 58.91% हिस्सेदारी है।

#### 14.1.2.1. वर्ष 2022–23 के लिए दिसंबर, 2022 तक की विशेषताएं/पहलें

क) राष्ट्र को समर्पित दो प्रमुख परियोजनाएं: माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवासन और नगर कार्य के मंत्री ने दिनांक 23.04.2022 को पश्चिमी अपतट में राष्ट्र को ₹ 6,000 करोड़ की निम्नलिखित दो प्रमुख परियोजनाएं समर्पित कीं।

1. एमएचएसआरडीपी–IV परियोजना का एनडब्ल्यूआईएस–आर मंच: प्रोफाइल अवधि में 3.20 एमएमटी तेल और 0.571 बीसीएम गैस के वृद्धिशील लाभ सहित 3,740 करोड़ का कुल पूंजीगत व्यय हुआ।
2. क्लस्टर–8 सीमांत क्षेत्र विकास परियोजना: प्रोफाइल अवधि में 4.38 एमएमटी तेल और 0.464 बीसीएम गैस के वृद्धिशील उत्पादन सहित ₹ 2,292.46 करोड़ का कुल पूंजीगत व्यय हुआ।

ख) मुंबई हाई में प्रसिद्ध तेल ड्रिलिंग मंच सागर सम्राट को एक बार फिर से सेवा में वापस लाया गया है, इस बार इसे एक छोटा अपतटीय उत्पादन इकाई (एमओपीयू) के रूप में शामिल किया गया। दिनांक 23 दिसंबर 2022 को एमओपीयू के शुरू होने के बाद, डब्ल्यूओ#16 डब्ल्यूएचपी के कुओं 4 और 5 से प्रसंस्करण प्रणालियों में पहला तेल 13:00 घंटे प्रवाहित हुआ, जिसने अब तक की यात्रा में एक नए युग की शुरुआत की।

ग) माननीय प्रधान मंत्री ने ओएनजीसी के पर्बतपुर गैस संग्रह स्टेशन की आधारशिला रखी: माननीय प्रधान मंत्री ने 12 जुलाई 2022 को झरिया ब्लॉक के अंतर्गत ओएनजीसी के पर्बतपुर गैस संग्रह स्टेशन (जीसीएस) की आधारशिला रखी। पर्बतपुर जीसीएस झारखंड और उसके पड़ोसी राज्यों में 'गैस–आधारित अर्थव्यवस्था' को उत्प्रेरित करने में मदद करेगा। इस परियोजना में ₹ 224 करोड़ रुपये निवेश होने का अनुमान है तथा इसे 2024 की शुरुआत तक पूरी कर ली जाएगी।

घ) ओएनजीसी ने घरेलू गैस के लिए ई–नीलामी शुरू की: ओएनजीसी के गैस विपणन में एक बड़ा बदलाव देखा गया है क्योंकि ओएनजीसी ने डीजीएच सूचीबद्ध एजेंसी, मेसर्स एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के सहयोग से बोली पोर्टल विकसित किया है, जिसमें गतिशील नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से गैस बेची जा रही है। दिनांक 23 फरवरी, 2022 को त्रिपुरा से संबंधित परिसम्पत्ति के खुबल क्षेत्र से 0.1 एमएमएससीएम गैस की बिक्री के लिए दिनांक 01 अप्रैल 2024 से उपलब्ध होने वाली गैस नीलामी से संबंधित कार्रवाई पूरी कर ली गई है।

ङ) दिनांक 21 दिसंबर 2019 की मध्यरात्रि में बीएंडएस परिसम्पति द्वारा पन्ना–मुक्ता प्रक्रिया

मंच और पीएमटी–जेवी भागीदारों (मेसर्स बीजीईपीआईएल, मेसर्स आरआईएल और ओएनजीसी–जेवी समूह) से निर्बाध रूप से क्षेत्र लेने के बाद पन्ना–मुक्ता ने परिचालन के तीन साल पूरे कर लिए हैं और तेल उत्पादन में गिरावट को रोका है। भारत सरकार ने दिनांक 21 दिसंबर 2019 को उत्पादन हिस्सेदारी संविदा की समाप्ति पर नामांकन के आधार पर बीएंडएस परिसम्पत्ति, ओएनजीसी को पन्ना–मुक्ता क्षेत्र सौंपा था। पन्ना मुक्ता क्षेत्र ने अधिग्रहण के बाद से पिछले तीन वर्षों में एलटीजीओपी में 0.925 एमएमटी तेल और 3.245 बीसीएम गैस की तुलना में 1.143 एमएमटी तेल और 3.737 बीसीएम गैस उत्पादन किया है और उत्पादन की गिरावट को 19% (पीएमटी–जेवी) के स्तर से 10% (ओएनजीसी द्वारा अधिग्रहण के बाद) पर रोका है।

च) क्लस्टर–8 योजना के अंतर्गत सीमांत क्षेत्र संबंधी अन्वेषण के विकास ने मुंबई हाई के परिसम्पत्ति उत्पादन में वृद्धि की: त्वरित ड्रिलिंग और कुओं के पूरा होने से क्लस्टर–7 और 8 क्षेत्र का उत्पादन 1 अप्रैल 2021 को 5,700 बीओपीडी से बढ़कर 28 जनवरी 2022 को 16,800 बीओपीडी हो गया है। इन कुओं (क्लस्टर–8) से प्राप्त वास्तविक उत्पादन व्यवहार्यता रिपोर्ट में परिकल्पित प्रोफाइल से अधिक है।

छ) ओएनजीसी ने ईएंडपी, स्वच्छ ऊर्जा पर सहयोग करने के लिए नॉर्वे के इक्विनोर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए: तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) ने कार्बन कैप्चर उपयोग और पृथक्करण (सीसीयूएस) सहित ऊर्ध्वप्रवाह अन्वेषण और उत्पादन, मध्यप्रवाह, अनुप्रवाह और स्वच्छ ऊर्जा विकल्पों के क्षेत्रों में सहयोग और साझेदारी के लिए दिनांक 26 अप्रैल 2022 को नई दिल्ली में नॉर्वेजियन राष्ट्र के स्वामित्व वाली बहुराष्ट्रीय ऊर्जा कंपनी इक्विनोर एएसए के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवासन और नगर कार्य मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी की उपस्थिति में नॉर्वे के विदेश मंत्री एनीकेन ह्यूटफेल्ट के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा के दौरान समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।

ज) ओएनजीसी अपने अन्वेषण कार्यक्रमों को और तेज करेगी: ओएनजीसी अपने अन्वेषण अभियानों को और तेज करने के लिए एक व्यापक दिशा–निर्देश तैयार किया है और इसके लिए वित्त वर्ष 2022–23, वित्त वर्ष 2023–24 और वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान लगभग ₹ 31,000 करोड़ का पूंजीगत व्यय आवंटित किया है। यह पिछले तीन वित्त वर्षों में उसके ₹ 20,670 करोड़ के अन्वेषण व्यय का 150% है। ओएनजीसी प्रतिष्ठित वैश्विक बड़ी कंपनियों के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग का लाभ उठा रही है।

झ) ओएनजीसी ने आईजीएक्स में घरेलू गैस का व्यापार शुरू किया: ओएनजीसी ने भारतीय गैस विनिमय (आईजीएक्स) में घरेलू रूप से उत्पादित गैस का व्यापार शुरू किया है। आईजीएक्स में ओएनजीसी की 5% इक्विटी हिस्सेदारी है और गैस के व्यापार के लिए मालिकाना सदस्यता भी है।

ञ) ओएनजीसी, एचओईसी ने प्रथम अपतटीय डीएसएफ क्षेत्र के लिए टीएंडपी समझौते पर हस्ताक्षर किए: एचओईसी, बी–80 का प्रथम अपतटीय डीएसएफ क्षेत्र को एचओईसी द्वारा 03 जून, 2022 को मुंबई में एनबीपी ग्रीन हाइट्स में ओएनजीसी के साथ टोलिंग एंड प्रसंस्करण (टीएंडपी) समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद उत्पादन में रखा गया है।

ट) ओएनजीसी, ओटीबीएल ने जमीन पर तेल रिसाव को हल करने वाले जैव उपचार के लिए संविदा पर हस्ताक्षर किए: ओएनजीसी और ओएनजीसी टेरी बायोटेक लिमिटेड (ओटीबीएल) ने तेल रिसाव क्षेत्रों की बहाली और तीन वर्ष की अवधि के लिए तेल दूषित मिट्टी के पूर्व–सीटू, जैव–उपचार के लिए दिनांक 1 जून, 2022 को एक केंद्रीकृत दर संविदा पर हस्ताक्षर किए।

ठ) ओएनजीसी विदेश ने कोलंबिया में नई अन्वेषण की घोषणा की: ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल), ओएनजीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी और विदेशी कंपनी ने कोलंबिया में लानोस बेसिन के ब्लॉक सीपीओ–5 में स्थित उर्राका–IX में तेल की खोज की है। प्रारंभिक परीक्षण के दौरान, तरल पदार्थ लगभग 600 बीबीएल/दिन प्रवाहित हुआ, जिसमें लगभग 40–50% पानी की कटौती और 16 डिग्री एपीआई तेल पाया गया। निचले मिराडोर में तेल की खोज ब्लॉक के उत्तरी भाग में भावी खोज के लिए नए क्षेत्रों को ध्यान केन्द्रित करती है।

ङ) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने अपतटीय रिग प्लेटिनम अन्वेषक संबंधी दौरा किया: माननीय केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने दिनांक 12 जून 2022 को कंजी–डीडब्ल्यू एन–98/2 क्लस्टर–11 क्षेत्रों में कुओं पर काम कर रहे प्लेटिनम अन्वेषक संबंधी रिग का दौरा किया। ओएनजीसी के प्रयासों की सराहना करते हुए, माननीय मंत्री ने बाजार में रिग उपलब्धता के बारे में पूछताछ की और घरेलू तेल और गैस उत्पादन को बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी।

च) ओएनजीसी हरित हाइड्रोजन बनाएगी और इसके लिए नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ग्रीनको जीरो सी के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं: ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ओएनजीसी ने मेसर्स ग्रीनको जीरो सी प्राइवेट लिमिटेड (ग्रीनको) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो संयुक्त रूप से नवीकरणीय, हरित हाइड्रोजन, हरित अमोनिया और हरित हाइड्रोजन के अन्य व्युत्पन्न में व्यापारिक अवसर दूढ़ रहा है।

ण) ओएनजीसी ने भारत के पूर्वी और पश्चिमी तटों में गहरे पानी की खोज हेतु एक्सॉनमोबिल के साथ समझौते विषय पर हस्ताक्षर किए हैं: ओएनजीसी ने दिनांक 17 अगस्त 2022 को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव की उपस्थिति में भारत के पूर्वी और पश्चिमी तटों में गहरे पानी की खोज के लिए एक्सॉनमोबिल के साथ समझौते विषय (एचओए) पर हस्ताक्षर किए हैं। सहयोग क्षेत्र पूर्वी अपतटीय में कृष्णा गोदावरी और कावेरी घाटी और पश्चिमी अपतटीय में कच्छ–मुंबई क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। ओएनजीसी और एक्सॉनमोबिल के बीच सहयोग एक उपयुक्त कार्यनीति साबित होगा जहां इन क्षेत्रों में ओएनजीसी के ज्ञान और पिछले अनुभव को एक्सॉनमोबिल की वैश्विक अंतर्दृष्टि के साथ जोड़ा जाएगा।

त) हजीरा संयंत्र ने निजी कंपनियों से प्राकृतिक गैस का प्रसंस्करण और विपणन करना शुरू किया: अपने प्रयासों से गैस प्रसंस्करण के साथ मिलकर वीएपी उत्पादन और बिक्री को बढ़ाया, बी एंड एरा परिसम्पत्ति और हजीरा संयंत्र ने पहली बार किसी निजी कंपनी–हिंदुस्तान ऑयल एक्सप्लोरेशन कंपनी (एचओईसी)–हजीरा संयंत्र में 42" ट्रंक मार्ग के माध्यम से बी–80 प्राकृतिक गैस के टोलिंग और प्रसंस्करण के लिए सेवाएं प्रदान की हैं।

थ) ओएनजीसी ने ब्रिटेन आधारित वैश्विक पेट्रोलियम जाइंट शैल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जो भारत में प्रमुख घाटी के लिए संयुक्त कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) भंडारण अध्ययन और उन्नत तेल प्राप्ति (ईओआर) स्क्रीनिंग मूल्यांकन पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिसमें कम तेल और गैस क्षेत्र और खारा जलभृत शामिल हैं।

द) घरेलू ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के लिए ओएनजीसी और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के बीच संयुक्त प्रचालन करार (जेओए) पर हस्ताक्षर किए गए।

**14.1.2.2. अन्वेषण:**

- ओएनजीसी ने दिनांक 01.01.2023 तक 383 एलकेएम 2डी, 9,392 एसकेएम 3डी भूकंपीय डेटा प्राप्त किया और 52 अन्वेषणात्मक कुओं की खुदाई की।
- ओएनजीसी ने अपने परिचालित क्षेत्र में वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान कुल 6 खोजों (जमीन पर 4 और अपतटीय में 2) की घोषणा की है। इनमें से, 1 पूर्वेक्षण (जमीन पर) में है और 5 (3 जमीन पर में और 2 अपतटीय में) कुंड में हैं। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान अब तक अधिसूचित छह खोजों में से दो खोजें अर्थात् ओएनजीसी द्वारा मंडपेटा–60 और केसनापल्ली वेस्ट डीप–7 का पहले ही मुद्रीकरण किया जा चुका है।
- ओएनजीसी ने डीएसएफ–III के दौरान अपतटीय में अन्वेषित छोटे क्षेत्रों के लिए 6 करारों, सीबीएम बोली दौर–2021 के अंतर्गत 2 करार पर हस्ताक्षर किए: ओएनजीसी ने डीएसएफ–III बोली दौर के अंतर्गत अपतटीय में अन्वेषित छोटे क्षेत्रों (डीएसएफ) के लिए 6 करारों पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में क्षेत्रों से संबंधित 3 करार शामिल हैं। इस ऊर्जा महारत्न ने झारखंड और मध्य प्रदेश में विशेष सीबीएम बोली दौर –2021 ब्लॉकों से संबंधित क्षेत्रों के लिए 2 करारों पर भी हस्ताक्षर किए।
- उत्तरी गेलेकी क्षेत्र में एनजी–08 की सफलतापूर्वक स्थापना ने बरैल रेत में वाईटीएफ क्षमता की खोज और प्राप्ति हेतु एक नया मुकाम हासिल किया है एनजीएई की

अवस्थिति गेलेकी मुख्य संरचना के सी गलियारा में इसलिए प्रस्तावित किया गया था ताकि बीएमएस (प्राथमिक) और बीसीएस–1 और बीसीएस–3 (माध्यमिक) के उद्देश्य को पूरा किया जा सकें। एनजी–8 कूप खुदाई के बाद, गेलेकी क्षेत्र में बरैल रेत को उत्तरी क्षेत्र में नया विस्तार क्षेत्र मिला है।

- साइड–ट्रैक वेल आईपी: 5 वाई में समकालिक अन्वेषण और वास्तविक समय पर निगरानी परिचालन कौशल से एल–IIबी भंडार में तेल प्रतिष्ठान के रूप में अग्रणी बनना: साइड–ट्रैक वेल आईपी: 5 वाई में समकालिक अन्वेषण (सिमेक्स) और वास्तविक समय पर निगरानी परिचालन कौशल से मुंबई हाई में आरईसी सीमा से इतर एल–IIबी भंडार की डी–सब परत में तेल प्रतिष्ठान के रूप में अग्रणी बना हुआ है।
- ओएनजीसी ने भारत में अन्वेषण क्षमता का आकलन करने के लिए दिनांक 19 सितंबर 2022 को कैलिफोर्निया आधारित ऊर्जा प्रमुख शेवरॉन कॉर्पोरेशन की सहायक कंपनी शेवरॉन न्यू वेंचर्स पीटीई लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। यह कार्यनीतिक सहयोग ओएनजीसी के अंतरराष्ट्रीय दूर–दराज संबंधी कार्यक्रम का अंश है, जिसका उद्देश्य वैश्विक ईएंडपी कंपनियों को सीमावर्ती क्षेत्रों का पता लगाने और भारतीय तलछटी घाटी के भूवैज्ञानिक रूप से चुनौतीपूर्ण और कठिनाइयों का पता लगाने के लिए उपयुक्त साझेदारी के लिए आमंत्रित करना है।
- लॉगिंग समूह, केडीएमआईपीई, भारतीय तलछटी घाटी के प्रमुख–व्युत्पन्न ध्वनिक और भूयांत्रिकी मापदंडों का मानचित्रावली प्रकाशित करता है। यह मानचित्रावली ईएंडपी भू–वैज्ञानिकों और ड्रिलिंग अभियांत्रिकों के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ दस्तावेज के रूप में काम करेगा।
- पादरा क्षेत्र में त्वरित अन्वेषण से उत्पादन में महत्वपूर्ण वृद्धि हुआ है: पाड्रा क्षेत्र कैम्बे परिसम्पत्ति में सबसे अधिक तेल उत्पादक है और इसके उत्पादन का लगभग आधा हिस्सा है। वर्तमान में यह क्षेत्र प्रतिदिन 440–450 एम3 की दर से तेल उत्पादन कर रहा है।

**14.1.2.3. उत्पादन संबंधी पहल:**

- राजमुंदरी परिसम्पत्ति ने मल्लेश्वरम क्षेत्र की क्षमता बढ़ाने के लिए हाइड्रो फ्रैक्चरिंग अभियान को निष्पादित किया गया: यह राजमुंदरी परिसम्पत्ति के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हुआ, विशेषरूप से केजी घाटी में प्रमुख तेल क्षेत्र के संकुचित भंडार को बढ़ाने और इस तरह के संकुचित भंडारों के दोहन के लिए मानदंड स्थापित किया गया।
- गोजालिया जीसीएस लक्ष्य को पूरा किया गया: ओएनजीसी की त्रिपुरा परिसम्पत्ति ने गोजालिया जीसीएस की स्थापना की और गोजालिया जीसीएस से पलाटाना जीएमएस तक 58 किलोमीटर की पाइपलाइन बिछाने की प्रमुख परियोजनाएं शुरू की।
- बीएंडएस परिसम्पत्ति के बी–55 क्षेत्र में मुक्ता पे का पुनरुद्धार से गैस उत्पादन में महत्वपूर्ण लाभ मिला है: बी–55 क्षेत्र, वर्ष 1978 में खोजा गया था और यह ओएनजीसी के प्रारंभिक सीमांत क्षेत्रों में से एक है, जो मुंबई के लगभग 110 किमी उत्तरी–पश्चिमी क्षेत्र में स्थित है। रिग डीएस जीवाश्म की नियोजन से बी–55 ए: 4 का पुनरुद्धार हुआ और बासीन पे में मौजूदा अंतराल को अलग करने और मुक्ता पे में 27 मीटर अतिरिक्त छिद्र करने का निर्णय लिया गया। वर्तमान में यह कूप 41 केएससी के एफटीएचपी सहित 48/64" चोक के माध्यम से/0.117 एमएमएससीएमडी गैस प्रवाहित कर रहा है।
- हजीरा संयंत्र ने भारत का पहला जल धुंध टर्बाइन जनरेटर अग्नि शमन प्रणाली शुरू किया जिसे अन्य अग्निशमन माध्यम की तुलना में उपयुक्तता और श्रेष्ठता की विस्तृत श्रृंखला के कारण अग्निशमन प्रणाली के भविष्य के रूप में जाना जाता है। जल धुंध प्रणाली में, पानी की बूंदों का आकार काफी हद तक माइक्रोन तक कम हो जाता है जिससे बूंदों का सतह क्षेत्र बढ़ जाता है। पानी की बूंदें आग की ताप से भाप में परिवर्तित हो जाती हैं और इसे 1,700 गुणा विस्तारित कर देती हैं, जिससे हवा में ऑक्सीजन विस्थापित हो जाती है।
- डब्ल्यूएसएस अहमदाबाद ने हाइड्रोलिक फ्रैक्चरिंग के लिए अभिनव निम्न तापमान ब्रेकर प्रणाली विकसित करने के लिए एकस्व अधिकार प्राप्त किया है: इसने तकनीकी–किफायती ब्रेकर प्रणाली के नवाचार को सुनिश्चित किया है, जिसने डब्ल्यूएसएस अहमदाबाद को इन हाउस प्रौद्योगिकी उन्नयन, स्वदेशी रसायनों और उपकरणों से कम/बहुत कम तापमान वाले कुओं (24–40 डिग्री सेल्सियस के बीएचटी वाले) के हाइड्रोलिक फ्रैक्चरिंग संचालन को सक्षम बनाया है ताकि इस प्रकार के कूपों के लिए अंतरराष्ट्रीय सेवा प्रदाताओं पर किए जाने वाले व्यय को बचाया जा सकें।

**14.1.2.4. ड्रिलिंग संबंधी पहल:**

- ड्रिलिंग के दौरान लाइनर: मुंबई अपतट में समाप्त हो चुके एल–III भंडार में प्रौद्योगिकी का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन किया गया जो कि एशिया का सबसे पहला पहल है। ड्रिलिंग सेवाओं ने एसएन # 8वाई के 8½ चरण में एशिया लाइनर ड्रिलिंग (एलडब्ल्यूडी) के प्रथम कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करके इतिहास रच दिया है।
- कैम्बे परिसम्पत्ति ने नया अत्याधुनिक एसी–वीएफडी, श्रेणी–2 ड्रिलिंग रिग को शामिल किया है जो ओएनजीसी की अनुठी पहल है। न्यू रिग एनजी–1500–1 को शामिल करने से कैम्बे परिसम्पत्ति की प्रगति में एक नए अध्याय का शुरूआत होता है जो रिग कर्मिकों के लिए रिग परिचालन को कुशल और सुरक्षित बनाता है।

**14.1.2.5. तकनीकी सेवा संबंधी पहल:**

- एसएपी एस/4 एचएएनए (उत्कृष्टता उद्यम मंच) में ओएनजीसी का संक्रमण दिनांक 11 दिसंबर 2022 से शुरू हो गया है, जिससे बेहतर निष्पादन, त्वरित डिजिटलीकरण, लेनदेन प्रसंस्करण में कमी और बेहतर अंतर्दृष्टि विकसित होगी। यह ओएनजीसी को नवीनतम एसएपी सॉफ्टवेयर एस/4 एचएएनए संस्करण 2021 को अपनाने वाले देशों के कुछ प्रथम श्रेणी के संगठनों के बीच अन्यतम रैंक प्रदान करता है।
- कैम्बे परिसम्पत्ति ने दिनांक 30 सितंबर 2022 को पहली व्यापारिक साझेदार सम्मेलन का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य ओएनजीसी और उसके व्यापारिक साझेदारों के बीच हाल के वर्षों में ऊर्जा महारत्न द्वारा अपनाई गई नीतियों के बारे में जागरूक करके संबंधों को मजबूत करना था।

**14.1.2.6. नवीकरणीय ऊर्जा और ओएनजीसी की संधारणीय प्रबंधन पहल:**

ओएनजीसी ने तटवर्ती और अपतटीय प्रचालनों से ड्रिलिंग, उत्पादन और प्रसंस्करण सुविधाओं के कारण उत्पन्न विभिन्न गैसीय, तरल और ठोस बहिस्त्राव के लिए रूपरेखा और निर्माण सुविधाओं सहित उत्सर्जन नियंत्रण हेतु स्वच्छ प्रौद्योगिकियां शुरू की हैं जिन्हें निम्नानुसार चित्रित किया गया है।

- स्वच्छ विकास तंत्र (सीडीएम) परियोजनाएं: ओएनजीसी ने वर्ष 2006 में स्वच्छ विकास तंत्र (सीडीएम) शुरू किया और अब तक, ओएनजीसी ने अपशिष्ट ताप पुनःप्राप्ति परियोजना (मुंबई हाई दक्षिण), उरण और हजीरा गैस संयंत्र में गैस फ्लेरिंग को कम करने के लिए परियोजना, भुज में 51 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजना, मुंबई, दिल्ली, देहरादून, कोलकाता में हरित भवन, जैसलमेर राजस्थान में 102 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजना आदि जैसी संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन ढांचागत सम्मेलन (यूएनएफसीसीसी) सहित 15 सीडीएम परियोजनाओं को पंजीकृत किया है। 15 सीडीएम परियोजनाओं से संयुक्त सीईआर उत्पादन क्षमता लगभग 21,02,769 सीईआर (1 सीईआर= टन सीओ2 ई) है।
- हरित गृह गैस (जीएचजी) से संबंधित लेखांकन और शमन: ओएनजीसी का उद्देश्य बेहतर ऊर्जा दक्षता पर ध्यान केंद्रित करके जीएचजी उत्सर्जन को कम करना है। वित्त वर्ष 2022 के दौरान स्कोप–1 और स्कोप–2 में उत्सर्जन 9.136 एमएमटीसीओ2ई था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3 प्रतिशत कम है।
- हरित मीथेन पहल (जीएमआई) आर्थिक विकास को बढ़ाने, ऊर्जा सुरक्षा को संवर्धन करने, पर्यावरण में सुधार करने और हरित गृह गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए वैश्विक अस्थायी मीथेन उत्सर्जन को कम करने के लिए संयुक्त राज्य पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (यूएसईपीए) की ओर से एक कार्रवाई–उन्मुख पहल है। वित्त वर्ष 2022 के दौरान अंकलेश्वर परिसम्पत्ति और सी2–सी3 संयंत्र में सर्वेक्षण किया गया था।
- सौर और पवन ऊर्जा पहल: 31 मार्च 2022 तक की स्थिति के अनुसार नवीकरणीय ऊर्जा की कुल स्थापित क्षमता लगभग 184.3 मेगावाट (सौरः 31.3 मेगावाट और पवनः 153 मेगावाट) थी। ओएनजीसी ने सौर, पवन (तटवर्ती), सौर उद्यान ईवी मूल्य श्रृंखला, हरित हाइड्रोजन, भंडारण आदि में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए एसईसीआई के साथ समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए हैं।
- पारंपरिक लाइटों के स्थान पर एलईडी लाइट प्रतिस्थापन करना: कुशल ऊर्जा उपयोग (उजाला योजना) को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के आह्वान के अनुरूप, ओएनजीसी ने चरणबद्ध तरीके से ओएनजीसी में सभी पारंपरिक लाइटों को बदलने के लिए एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। तथापि, तापदीप्त लैंप, ट्यूब लाइट और सीएफएल को तुरंत बदल दिया गया। वित्त वर्ष 2022 के दौरान ओएनजीसी ने 41,000 एलईडी लाइटें लगाई हैं, जिससे ओएनजीसी द्वारा अब तक लगभग 3,51,000 एलईडी लाइटें लगाई गई हैं। इससे ओएनजीसी को वार्षिक आधार पर लगभग 75.9 मिलियन बिजली यूनिट की

बचत करने में मदद मिली है और इससे ₹ 531 मिलियन की वार्षिक बचत हुई है।

- सूक्ष्म टर्बाइन और गतिशील गैस मिश्रण प्रणाली: संधारणीय पहल के अंश के रूप में ओएनजीसी के विभिन्न स्थानों में कुल 460 किलोवाट क्षमता वाली 05 सूक्ष्म टर्बाइन और 02 गतिशील गैस मिश्रण प्रणालियां (ड्रिलिंग रिग के डीजल इंजनों में) शुरू किए गए, जिससे कुल 7 सूक्ष्म टर्बाइन और 6 डीजीबी हो गए।

- पवन और सौर ऊर्जा परियोजनाएं: ओएनजीसी ने गुजरात (भुज जिले) में 51 मेगावाट क्षमता की अपनी पहली पवन ऊर्जा परियोजना और जैसलमेर, राजस्थान में 102 मेगावाट क्षमता की एक और पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित की है। कार्य स्थानों पर सौर ऊर्जा संयंत्र भी स्थापित किए गए हैं। आज की स्थिति के अनुसार नवीकरणीय ऊर्जा की कुल संस्थापित क्षमता लगभग 184 मेगावाट है। ओएनजीसी की 'ऊर्जा कार्यनीति 2040'' में अपतटीय पवन पर ध्यान केंद्रित करते हुए 5–10 गीगावाट क्षमता पोर्टफोलियो बनाने, दीर्घकालिक व्यवधानों के लिए पोर्टफोलियो के जोखिम को कम करने और कंपनी के कार्बन संबंधी छाप को कम करने की दिशा में परिकल्पना की गई है।

- कार्बन प्राप्ति, उपयोग और भंडारण (सीसीयूएस): कार्बन कैप्चर, उपयोग और भंडारण (सीसीयूएस) एक महत्वपूर्ण सीओ2 उत्सर्जन शमन प्रौद्योगिकी है जो बड़ी मात्रा में सीओ2 को वायुमंडल में फैलने से रोक सकती है। इसके लाभों को ध्यान में रखते हुए ओएनजीसी ने सीओ2 आधारित उन्नत ऑयल पुनःप्राप्ति (ईओआर) के लिए इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल के अंतर्गत आईओसीएल की कोयली रिफाइनरी से प्राप्त सीओ2 का उपयोग वडोदरा के पास गांधार क्षेत्र में ओएनजीसी के घटते तेल क्षेत्रों के ईओआर के लिए किया जाएगा। इस परियोजना में वर्ष 2040 तक 5 से 6 मिलियन टीसीओ2 को अलग करने की क्षमता है।

- संधारणीय जल प्रबंधन: ओएनजीसी ने अपने जल प्रबंधन कार्यप्रणाली में संधारणीय जल प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) की नीति को अपनाया और वर्षा जल संचयन (आरडब्ल्यूएच) परियोजनाओं के सुचारु कार्यान्वयन, निगरानी और नियमित अनुरक्षण के लिए वर्षा जल संचयन (आरडब्ल्यूएच) संबंधी अपनी नीति को भी संशोधित किया। 10 एमएलडी समुद्री जल अलवणीकरण करने के लिए उरण संयंत्र स्थापना की प्रक्रिया में है जिसे भविष्य में 20 एमएलडी तक बढ़ाया जा सकता है।

**14.1.2.7. प्रमुख पुरस्कार और सम्मान:**

- फोर्ब्स 2000 की सूची 2022: फोर्ब्स ने बिक्री, लाभ, परिसम्पत्ति और बाजार मूल्य के आधार पर वैश्विक 2000 सूची के अनुसार कंपनी को भारत में 5 वें और दुनिया भर में 229 वें स्थान पर रखा है।

- फॉर्च्यून ग्लोबल 500 में ओएनजीसी 190वें स्थान पर रही।

- प्लैट की शीर्ष 250 वैश्विक ऊर्जा कंपनी में ओएनजीसी 25वें स्थान पर रही।

- ओएनजीसी को जोखिम प्रबंधन के लिए **गोल्डन पीकॉक पुरस्कार से सम्मानित किया गया:** अपने व्यवसाय और संचालन में जोखिम न्यूनीकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की मान्यता देते हुए ओएनजीसी को 09 नवंबर 2022 को ब्रिटेन की संसद हाउस ऑफ लॉर्ड्स में इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स (आईओडी), भारत द्वारा आयोजित कॉर्पोरेट शासन और संधारणीयता लंदन वैश्विक सम्मेलन, 2022 में जोखिम प्रबंधन के लिए गोल्डन पीकॉक अवार्ड मिला।

- ओएनजीसी ने डब्ल्यूसीडीएम–डीआरआर पुरस्कार जीता: ओएनजीसी को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए डब्ल्यूसीडीएम–डीआरआर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। निदेशक (तटवर्ती) ने 'प्रभावी' और कुशल आपदा जोखिम प्रबंधन (डीआरएम) के लिए आपदा तत्परता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु ''व्यक्तिगत उत्कृष्टता पुरस्कार'' भी जीता।

- ओएनजीसी राष्ट्र निर्माताओं के बीच भारत के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ताओं संबंधी कार्य करने के लिए प्रसिद्ध स्थान सूची में शामिल है: ओएनजीसी को दिनांक 14 जून 2022 को कार्य करने की प्रसिद्ध स्थान (जीपीटीडब्ल्यू) द्वारा अन्य राष्ट्र–निर्माताओं के बीच भारत के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ताओं में से एक के रूप में मान्यता दी गई है। ऊर्जा महारत्न को राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए जीपीटीडब्ल्यू के 'वॉल ऑफ फेम' पर शामिल किया गया है।

- ओएनजीसी को वैश्विक सुरक्षा पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया: कॉर्पोरेट एचएसई को

उत्कृष्ट कार्य संस्कृति बनाए रखने में उत्कृष्ट निष्पादन हेतु प्लेटिनम श्रेणी में प्रतिष्ठित वैश्विक सुरक्षा पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया।

- ओएनजीसी विदेश लिमिटेड सुकुरसल कोलंबियाना को कोलंबिया में लानोस घाटी के सीपीओ–5 ब्लॉक में शून्य श्रम दुर्घटनाओं सहित दो वर्ष पूरे करने के लिए सम्मानित किया गया।

### 14.1.3. गेल (इंडिया) लिमिटेड



गेल (इंडिया) लिमिटेड को निगमन अगस्त, 1984 में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एंड एनजी) के अधीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) के रूप में किया गया था, जिसका मिशन "राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लाभ के लिए प्राकृतिक गैस और इसके अंशों के प्रभावी और आर्थिक उपयोग में तेजी लाना और इसे अनुकूलन करना" था। भारत सरकार के पास अब कंपनी के 51.52% शेयर हैं। गेल 1997 में नवरत्न बना और अब बारह महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में से एक है, जो किसी भी पीएसयू को दिया गया सर्वोच्च दर्जा है।

गेल ने अस्सी के दशक के उत्तरार्ध में एक गैस ट्रांसमिशन कंपनी के रूप में शुरुआत की और लगभग 14,600 किलोमीटर के प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों का एक बड़ा नेटवर्क; लगभग 2,030 किमी की दो एलपीजी पाइपलाइन प्रणालियों; लगभग 1.4 एमएमटीपीए की संयुक्त उत्पादन क्षमता सहित एलपीजी और अन्य तरल हाइड्रोकार्बन के उत्पादन के लिए पांच गैस प्रसंस्करण संयंत्र और पॉलिमार 810 केटीपीए क्षमता की एक गैस आधारित एकीकृत पेट्रोरसायन संयंत्र स्थापित करके व्यवस्थित रूप से विकसित हुआ है। गेल असम में 280 केटीपीए ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलीमर लिमिटेड (बीसीपीएल) कॉम्प्लेक्स और गुजरात में 1.4 एमएमटीपीए ओएनजीसी पेट्रो–एडिशन्स लिमिटेड (ओपीएएल) परियोजना सहित दो अन्य पेट्रोरसायन परियोजनाओं का सह–प्रवर्तक है। पेट्रोनेट एलएनजी (गेल का संयुक्त उद्यम) दाहेज और कोच्चि में दो एलएनजी पुनर्गैसीकरण टर्मिनलों का प्रचालन करता है। गेल कोंकण एलएनजी प्राइवेट लिमिटेड का प्रवर्तक भी है जो 5 एमएमटीपीए की रूपरेखा क्षमता सहित धाबोल में एलएनजी पुनर्गैसीकरण टर्मिनल प्रचालित करता है। इसके अतिरिक्त गेल की रामागुंडम फर्टिलाइजर एंड केमिकल्स लिमिटेड (आरएफसीएल) में 14.72% इक्विटी हिस्सेदारी है, जिसे एनएफएल, ईआईएल एंड एफसीआईएल द्वारा 2200 एमटीपीडी अमोनिया और 3,850 एमटीपीडी यूरिया का उत्पादन करने के लिए निगमित किया गया है। गेल, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ) के साथ गठित एक संयुक्त उद्यम–तालचेर फर्टिलाइजर लिमिटेड के माध्यम से कोयला गैसीकरण आधारित उर्वरक संयंत्र स्थापित करने की प्रक्रिया में भी है। जिसमें प्रत्येक का 31.85% इक्विटी शेयर है और फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीएफआई) का 4.45% इक्विटी शेयर है।

गेल भारत में सिटी गैस वितरण (सीजीडी) कारोबार में अग्रणी है। इसकी उपस्थिति संपूर्ण भारत के 67 भौगोलिक क्षेत्रों में है।

गेल के सीजीडी कारोबार के लिए भारत में 8 संयुक्त उद्यम और तीन पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियां हैं। इसके अतिरिक्त, गेल की संयुक्त राज्य अमेरिका, सिंगापुर, म्यांमार, चीन और मिस्र में विदेशी उपस्थिति है। इसने सिंगापुर, यांगून, ह्यूस्टन और मॉस्को (भारत ऊर्जा कार्यालय) में कार्यालय खोले हैं। इसकी संयुक्त राज्य अमेरिका में एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अर्थात गेल ग्लोबल (यूएसए) इंक (जीजीयूआई) है। जीजीयूआई ने सहायक कंपनी, गेल ग्लोबल (यूएसए) एलएनजी एलएलसी (जीजीयूएलएल) का गठन किया है जिसने डोमिनियन कोव प्वाइंट एलएनजी द्रवीकरण परियोजना में 2.3 एमएमटीपीए क्षमता बुक की है। गेल की एक अन्य पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जिसका नाम गेल ग्लोबल (सिंगापुर) पीटीई लिमिटेड है, जो एलएनजी में व्यापार करने और विदेशी निवेश करने के लिए है। गेल का कुल एलएनजी साधन पोर्टफोलियो लगभग 14 एमटीपीए है।

गेल का 13 ब्लॉकों में भागीदारी हित है, जिनमें से 10 ब्लॉक भारत में, 2 म्यांमार में और 1 यूएसए के ईगल फोर्ड बेसिन, टेक्सास के शेल गैस जेवी में है। इसके अतिरिक्त, गेल की दक्षिण पूर्व एशिया गैस पाइपलाइन कंपनी (एसईएजीपी) में 4.17% इक्विटी साझेदारी है जो म्यांमार से चीन तक गैस का परिवहन कर रही है। गेल ने मिस्र और चीन के अनुप्रवाह कारोबार में तीन कंपनियों में निवेश किया है।

गेल के पास लगभग 132 मेगावाट का नवीकरणीय पोर्टफोलियो है जिसमें लगभग 118 मेगावाट पवन और लगभग 14 मेगावाट सौर ऊर्जा शामिल है। इसके अतिरिक्त गेल जैविक अपशिष्ट से संपीड़ित जैव गैस (सीबीजी) के उत्पादन और विपणन में

विभिन्न व्यावसायिक अवसरों की तलाश कर रही है। एथेनॉल, हाइड्रोजन, आदि सहित उभरते क्षेत्र से संबंधित नए व्यापार के लिए भी अवसर तलाश की जा रही है। गेल ने सीजीडी नेटवर्क में हाइड्रोजन मिश्रण की प्रौद्योगिकी–वाणिज्यिक व्यवहार्यता स्थापित करने के लिए एक पायलट परियोजना के रूप में हाइड्रोजन मिश्रण शुरू किया है। इसके अतिरिक्त गेल 10 मेगावाट हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित कर रहा है जो विश्व का सबसे बड़ा हरित हाइड्रोजन संयंत्र होगा।

वित्त वर्ष 2021–2022, के दौरान गेल ने ₹ 91,426 करोड़ और ₹ 10,364 करोड़ का अब तक का सर्वाधिक कारोबार और लाभ किया है।

दिनांक 31 मार्च, 2022 तक की स्थिति के अनुसार गेल की कार्यबल 4,754 थी।

**14.1.3.1. भौतिक तथा वित्तीय निष्पादन :–**

**भौतिक**

| मापदंड | इकाई | वर्ष 2021–22 में निष्पादन | वर्ष 2022–23 में निष्पादन (दिसम्बर, 2022 तक) |
|---|---|---|---|
| गैस परिवहन | एमएमएससीएमडी | 110.98 | 106.97 |
| गैस विपणन | एमएमएससीएमडी | 96.24 | 94.42 |
| तरल हाइड्रोकार्बन उत्पादन | टीएमटी | 1,002 | 701 |
| पेट्रोरसायन उत्पादन | टीएमटी | 777 | 295 |
| एलपीजी परिवहन | टीएमटी | 4,199 | 3,256 |

**वित्तीय**

| मापदंड | इकाई | वर्ष 2021–22 में निष्पादन | वर्ष 2022–23 में निष्पादन (दिसम्बर, 2022 तक) |
|---|---|---|---|
| परिचालन से राजस्व | ₹ करोड़ | 91,646 | 1,11,443 |
| सकल सीमा (ईबीडीआईटीए) | ₹ करोड़ | 15,876 | 8,059 |
| कर पूर्व लाभ | ₹ करोड़े | 13,590 | 5,993 |
| कर पश्चात लाभ | ₹ करोड़ | 10,364 | 4,698 |

**14.1.3.2. गेल द्वारा निष्पादित प्रमुख परियोजनाएं/पाइपलाइनें**

**क. जगदीशपुर हल्दिया और बोकारो धामरा पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल)**

सस्ती कीमत पर पूर्वी भारत में स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण ऊर्जा प्रदान करने के उद्देश्य से, गेल जगदीशपुर हल्दिया और बोकारो–धामरा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल) परियोजना (2,655 किमी.) को निष्पादित कर रहा है, जिसे पूर्वी भारत की प्रधान मंत्री ऊर्जा गंगा के नाम से जाना जाता है। इसके अतिरिक्त, पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) को राष्ट्रीय गैस ग्रिड से जोड़ने के लिए जेएचबीडीपीएल के अभिन्न अंग के रूप में बरौनी से गुवाहाटी (सिलीगुड़ी और बोंगाईगांव के माध्यम से) (729 किमी) तक पाइपलाइन का विस्तार भी किया जा रहा है, जिसका कुल एकीकृत जेएचबीडीपीएल 3,384 किलोमीटर है।

बीजीपीएल सहित संपूर्ण जेएचबीडीपीएल को ₹ 15,520 करोड़ के निवेश से निष्पादित किया जा रहा है और इसे जून 2023 तक प्रगामी रूप से पूरा किया जाना है। यह उत्तर प्रदेश (335 किमी.), बिहार (711 किमी.), झारखंड (539 किमी.), पश्चिम बंगाल (755 किमी.), ओडिशा (782 किमी.) और असम (262 किमी.) से होकर गुजरेगी। जेएचबीडीपीएल एचयूआरएल गोरखपुर, एचयूआरएल सिंदरी, एचयूआरएल बरौनी के उर्वरक संयंत्र को पुनर्जीवित करेगा और दुर्गापुर में मैसर्स मैटिक्स फर्टिलाइजर्स की मांगों को भी पूरा करेगा। इसके अतिरिक्त इस नेटवर्क पाइपलाइन के माध्यम से भारत के पूर्वी भाग में घरेलू और औद्योगिक ग्राहकों के लिए स्वच्छ ईंधन की आपूर्ति करेगा।

**एचयूआरएल गोरखपुर, एचयूआरएल सिंदरी, एचयूआरएल बरौनी और मैटिक्स फर्टिलाइजर्स के लिए संपर्क सहित 1,976 किलोमीटर का जेएचबीडीपीएल शुरू किया गया है।**

**ख. मुंबई नागपुर झारसुगुडा पाइपलाइन (एमएनजेपीएल)**

मुंबई–नागपुर–झारसुगुडा पाइपलाइन (1,755 किमी.) एमएनजेपीएल, जो राष्ट्रीय गैस ग्रिड (एनजीजी) का हिस्सा है महाराष्ट्र, मध्य

छत्तीसगढ़ और ओडिशा राज्यों के 25 जिलों से होकर गुजरेगा। यह ठाणे (महाराष्ट्र) से शुरू होगा और झारसुगुडा (ओडिशा) में जेएचबीडीपीएल से जुड़ेगा। इसके अलावा, स्पर लाइन को नागपुर (महाराष्ट्र) से जबलपुर (मध्य प्रदेश) तक विस्तारित किया जाएगा। इस पाइपलाइन से स्वच्छ ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी और सीजीडी उद्योगों और ग्राहकों पर पड़ने वाली भार संबंधी मांग को पूरी की जाएगी। मुंबई–नागपुर और नागपुर–जबलपुर खंड के लिए निर्माण कार्य पूरे जोरों पर है और नागपुर–जबलपुर खंड में आरओयू अधिग्रहण प्रक्रियाधीन है। जनवरी 2023 तक 517 किलोमीटर का कार्य पूरा कर लिया गया था।

**ग. श्रीकाकुलम अंगुल पाइपलाइन (एसएपीएल):**

राष्ट्रीय गैस ग्रिड (एनजीजी) के अंश के रूप में अंगुल से श्रीकाकुलम (744 किमी.) तक की पाइपलाइन ओडिशा और आंध्र प्रदेश के 12 जिलों से होकर गुजरेगी। इस पाइपलाइन से स्वच्छ ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी और सीजीडी उद्योगों और ग्राहकों पर पड़ने वाली भार संबंधी मांग को पूरी की जाएगी। निर्माण कार्य पूरे जोरों पर है और जनवरी 2023 तक 209 किलोमीटर का कार्य पूरा किया गया था।

**घ. कोच्चि–कूटनाड–बंगलोर मंगलौर पाइपलाइन (केकेबीएमपीएल) परियोजना चरण–II (891 किमी.):**

केरल और कर्नाटक से होकर गुजरने वाले कोच्चि से मंगलौर पाइपलाइन (केएमपीएल–450 किमी.) को शुरू किया गया और और इससे एंकर कस्टमर मैंगलोर केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, ओएनजीसी मैंगलोर पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड और मंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड को भी जोड़ा गया।

कूटनाड से बंगलौर पाइपलाइन के 129 किमी. खंड को भी शुरू कर दिया गया है। तमिलनाडु सरकार से मंजूरी मिलने के बाद–310 किमी. के तमिलनाडु खंड की निर्माण–पूर्व कार्यकलाप प्रक्रियाधीन हैं।

**ङ. पूर्वोत्तर प्राकृतिक गैस ग्रिड (इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड (आईजीजीएल):**

पूर्वोत्तर भारत के हाइड्रोकार्बन विजन 2030 के अनुरूप परिकल्पित प्रतिष्ठित पूर्वोत्तर गैस ग्रिड (एनईजीजी) परियोजना के कार्यान्वयन संबंधी कार्य भारत सरकार द्वारा आईओसीएल (20%), ओएनजीसी (20%), गेल (20%), ओआईएल (20%), और एनआरएल (20%) की संयुक्त उद्यम कंपनी इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड (आईजीजीएल) को सौंपा गया है। एनईजीजी को ₹ 9,265 करोड़ की अनुमानित लागत से सभी आठ पूर्वोत्तर राज्यों अर्थात असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम, नागालैंड, मणिपुर और सिक्किम को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करने के लिए कार्यान्वित किया जा रहा है। 4.75 एमएमएससीएमडी की क्षमता वाली 1,656 किमी. लंबा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन ग्रिड पूर्वोत्तर भारत के चुनौतीपूर्ण इलाकों से गुजरकर उन दुर्गम क्षेत्र से संपर्क साधेगा ।

गुवाहाटी जोकि ईटानगर, दीमापुर, कोहिमा, इंफाल, आइजोल, अगरतला, शिलांग, सिलचर, गंगटोक और नुमालीगढ़ जैसे कई क्षेत्र का राजधानी/प्रमुख शहर है। कई तरह की परियोजनाएं चरणबद्ध तरीके से चल रही हैं और उन्हें मार्च, 2024 तक शुरू किया जाएगा।

उपर्युक्त पाइपलाइनों के अतिरिक्त, पाइपलाइन के मार्ग में बसे शहरों को प्राकृतिक गैस संबंधी सुविधाएं प्रदान करने हेतु धामरा–हल्दिया पाइपलाइन (253 किमी.), हरिद्वार ऋषिकेश–देहरादून पाइपलाइन (एसओ किमी) और सुल्तानपुर–झज्जर–हिसार पाइपलाइन (135 किमी.) का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

**च. कोयला गैसीकरण:**

गेल कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ) के साथ गठित संयुक्त उद्यम–तालचेर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) के माध्यम से कोयला गैसीकरण आधारित यूरिया परियोजना स्थापित करने जा रही है, जिसमें प्रत्येक की 31.85% हिस्सेदारी है और फार्टिलाइजर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एफसीआईएल) की 4.45% इक्विटी है। 2,200 एमटीपीडी अमोनिया और 3,850 एमटीपीडी यूरिया का उत्पादन करने के लिए लगभग ₹ 13,277 करोड़ की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना की परिकल्पना की गई है।

आर्थिक कार्य मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने दिनांक 20 अप्रैल, 2021 को टीएफएल द्वारा उत्पादित यूरिया के लिए विशेष राजसहायता नीति को मंजूरी दे दी है। जून, 2021 में 9,560 करोड़ (लगभग) के ऋण टाई–अप सहित इस परियोजना का वित्तीय समापन सफलतापूर्वक

पूरा कर लिया गया है। लगभग ₹ 11,600 (लगभग) करोड़ की संविदा पहले ही दिए जा चुके हैं और इस परियोजना ने कुल मिलाकर 39.18% कार्य पूरा कर लिया गया है।

**छ. पेट्रोरसायन:**

गेल महाराष्ट्र के उसर में 500 केटीए प्रोपेन डिहाइड्रोजनेशन और पॉलीप्रोपाइलीन (पीडीएच–पीपी) संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है, जिसके वर्ष 2025 में शुरू होने की उम्मीद है। यह प्रोपलीन के उत्पादन के लिए प्रोपेन डिहाइड्रोजनेशन प्रौद्योगिकी का उपयोग करने वाला भारत का पहला संयंत्र होगा। इस परियोजना के लिए, मैसर्स लुमस टेक्नोलॉजी एलएलसी, यूएसए को पीडीएच इकाई की प्रौद्योगिकी लाइसेंसकर्ता के रूप में चयन किया गया है और मेसर्स ग्रेस टेक्नोलॉजीज इंक को पीपी यूनिट के लिए प्रौद्योगिकी लाइसेंसकर्ता के रूप में चयन किया गया है। परियोजना से संबंधित विभिन्न कार्यकलाप तेजी से की जा रही हैं।

गेल पाटा में 60 केटीए पॉलीप्रोपाइलीन (पीपी) संयंत्र भी स्थापित कर रही है। परियोजना के लिए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पर्यावरण मंजूरी प्रदान की है। मेसर्स ग्रेस टेक्नोलॉजीज इंक, यूएसए को पाटा में पीपी इकाई की प्रौद्योगिकी लाइसेंसकर्ता के रूप में चयन किया गया है। परियोजना से संबंधित विभिन्न कार्यकलाप तेजी से की जा रही हैं और इसके वर्ष 2024 में शुरू होने की उम्मीद है।

**उपलब्धियां:–**

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान लगभग 455 किलोमीटर की गैस पाइपलाइन परिचालन के लिए तैयार की गई है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय गैस ग्रिड और अन्य छोटी संपर्क के अंश के रूप में लगभग 4,860 किमी. पाइपलाइन परियोजना निष्पादन के विभिन्न चरणों में है।

- गेल ने वित्त वर्ष 2021–22 में अब तक क्रमशः ₹ 91,426 करोड़ और ₹ 10,364 करोड़ रुपये का सर्वाधिक कारोबार और लाभ दर्ज किया है।
- विजयपुर से औरैया पाइपलाइन (लगभग 350 किमी),जो राष्ट्रीय गैस ग्रिड का हिस्सा है, उसे वर्ष 2022 में सफलतापूर्वक शुरू किया गया था।
- बोकारो अंगुल मेनलाइन (533 किमी.) को दिनांक 12.07.2022 को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया था।
- श्रीकाकुलम–अंगुल (744 किमी.) की आधारशिला माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 12.11.2022 को रखी गई।
- धर्मा–अंगुल मेनलाइन (206 किमी.) को दिनांक 16.02.2023 को शुरू की गई।
- ₹ 1,335 करोड़ के समझौता ज्ञापन से संबंधित लक्ष्य के स्थान पर ₹ 2,593 करोड़ की जीईएम खरीद की गई है।
- राष्ट्रीय हाइड्रोजन ऊर्जा मिशन के अनुरूप, गेल ने इंदौर में सिटी गैस स्टेशन में हाइड्रोजन के मिश्रण के लिए भारत की पहली परियोजना को सफलतापूर्वक शुरू किया है।
- गेल मध्य प्रदेश राज्य के विजयपुर में प्रति दिन 4.3 टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए 10 मेगावाट क्षमता वाली इलेक्ट्रोलाइजर इकाई स्थापित कर रहा है।
- गेल के अखिल भारतीय प्रतिष्ठानों में दुर्घटना से संबंधित कोई भी घटना घटित नहीं हुई है।

वित्त वर्ष 2021–22 (लगातार 13वां वर्ष) के लेखों पर सीएजी से शून्यश टिप्पणियां प्राप्त हुई है।

**वर्ष के दौरान प्राप्त प्रमुख सम्मान/पुरस्कार:–**

- गेल को 2022 में वर्ष के लिए 'एनर्जी ट्रांजिशन–मिडस्ट्रीम' श्रेणी में प्रतिष्ठित 'प्लैट्स ग्लोबल एनर्जी पुरस्कार' प्राप्त हुआ।
- गेल को दिनांक 18.12.2022 को विद्युत और ऊर्जा श्रेणी में "एसएएफए सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुत वार्षिक रिपोर्ट पुरस्कार, एकीकृत रिपोर्टिंग पुरस्कार और कॉर्पोरेट गवर्नेंस डिस्क्लोजर, 2021 के लिए सार्क वर्षगांठ पुरस्कार" में कांस्य पदक प्राप्त हुआ।
- गेल पाटा को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण ऊर्जा पुरस्कार (एनईसीए)–2022 में पेट्रोरसायन क्षेत्र में 'योग्यता प्रमाण पत्र' प्राप्त हुआ।
- गेल पाटा को इंटरनेशनल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैन्युफैक्चरिंग द्वारा विनिर्माण प्रतिस्पर्धा आईजीएमसी के लिए 9वें राष्ट्रीय पुरस्कार में "स्वर्ण पुरस्कार" प्राप्त हुआ।
- गेल को निम्नलिखित एफआईपीआई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं:
  - सस्टेनेबली ग्रोइंग कॉरपोरेट ऑफ द ईयर (गेल बीपीसीएल के साथ संयुक्त विजेता रहा)।
  - ऊर्जा गैस पाइपलाइन और संबद्ध सीजीडी नेटवर्क के लिए विशेष पुरस्कार।

- मानव संसाधन प्रबंधन में उत्कृष्टता–वर्ष की सर्वश्रेष्ठ कंपनी।
- गेल को वर्ष 2020–21 के लिए वित्तीय सूचना प्राप्ति में उत्कृष्टता आईसीएआई पुरस्कारों की 11वीं श्रेणी–सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं में स्वर्ण शील्ड से सम्मानित किया गया है।
- गेल डन एंड ब्रैडस्ट्रीट कॉर्पोरेट अवार्डर्स 2021 द्वारा "गैस प्रसंस्करण संचरण और वितरण में क्षेत्रीय निष्पादन" श्रेणी में विजेता के रूप में उभरा है।
- गेल को वर्ष 2021–22 के लिए जीईएम पोर्टल के माध्यम से सीपीएसई के बीच अधिकतम खरीद करने के लिए सम्मानित किया गया।

## 14.1.4. भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल)



भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) अनुप्रवाह क्षेत्र में भारत सरकार के स्वामित्व वाली तेल और गैस से संशोधित महारत्न कंपनी है जो पेट्रोलियम उत्पादों की अन्वेषण और उत्पादन, शोधन और विपणन में कार्यरत है और इसका मुख्यालय मुंबई, महाराष्ट्र में है।

बीपीसीएल कोच्चि, मुंबई और बीना में तीन बड़ी रिफाइनरियों का संचालन करती है। यह परिचालन देश भर में इसकी सात व्यावसायिक इकाइयों (बीयू) और 3,706 किलोमीटर से अधिक फैले पाइपलाइन संपर्क के माध्यम से किया जाता है। व्यापारिक इकाइयों में रिफाइनरी, खुदरा, स्नेहक, तरलीकृत पेट्रोलियम गैस, औद्योगिक और वाणिज्यिक, विमानन और गैस शामिल हैं। दो नए व्यापारिक इकाईयां (बीयू) अर्थात् बीपीसीएल के मुख्य कारोबार का समर्थन करने के लिए अतिरिक्त संधारणीय राजस्व प्रवाह तैयार करने के लिए वर्ष 2021–22 में नवीकरणीय और नए व्यवसाय खोले गए। बीपीसीएल ने लगातार अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को बढ़ाने से संबंधित विषय को हमेशा गंभीरता से लिया है।

बीपीसीएल के उत्पाद पोर्टफोलियो में मोटर स्प्रिट (एमएस), उच्च गति डीजल (एचएसडी), औद्योगिक और वाणिज्यिक स्नेहक, विमानन ईंधन, बिटुमेन, एलपीजी, सॉल्वेंटस, फूड ग्रेड क्वालिटी हेक्सेन (एफजीक्यूएच), पॉलिमर ग्रेड प्रोपलीन आदि शामिल हैं। बीपीसीएल ने देश भर में अपने विशाल अवसंरचना संपर्क के अतिरिक्त जैव ईंधन, सौर, ईवी चार्जिंग आदि में पहल करने के साथ–साथ वैकल्पिक और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भी कदम रखा है। फॉर्च्यून की 'ग्लोबल 500' 2022 सूची में बीपीसीएल 295वें स्थान पर है।

### 14.1.4.1. वित्तीय निष्पादन:

बीपीसीएल की परिचालन आय अप्रैल–दिसंबर 21 में ₹ 3,09,040 करोड़ की तुलना में अप्रैल–दिसंबर में 29 प्रतिशत बढ़कर ₹ 4,00,054 करोड़ हो गई। बीपीसीएल ने अप्रैल–दिसंबर, 21 में ₹ 8,862 करोड़ के कर पश्चात लाभ की तुलना में अप्रैल–दिसंबर 22 की अवधि के दौरान ₹ 4,608 करोड़ का कर पश्चात घाटा हुआ। सकल रिफाइनिंग मार्जिन अप्रैल–दिसंबर, 21 को 6.98 अमेरिकी $ प्रति बैरल की तुलना में अप्रैल–दिसंबर 22 में 20.08 अमेरिकी $ प्रति बैरल रहा। तथापि, प्रमुख पेट्रोलियम उत्पादों के दबे हुए विपणन सीमा ने उच्च जीआरएम के लाभ की भरपाई की है।

### 14.1.4.2. राजकोष में योगदान:

पिछले कुछ वर्षों में, बीपीसीएल ने शुल्क, कर और लाभांश के रूप में सरकारी खजाने में योगदान दिया है। अप्रैल–दिसंबर 2022 की अवधि के दौरान सरकारी खजाने में ₹ 98,914 करोड़ का भुगतान किया गया। अप्रैल–दिसंबर, 22 के दौरान केन्द्रीय राजकोष को ₹ 47,815 करोड़ और राज्य के राजकोष को ₹ 51,099 करोड़ का भुगतान किया गया।

### 14.1.4.3. रिफाइनरी संबंधी निष्पादन:

**मुंबई रिफाइनरी**

मुंबई रिफाइनरी की वर्तमान संस्थापित क्षमता 12.00 एमएमटीपीए है। मुंबई रिफाइनरी ने वर्ष 2022–23 (दिसंबर 2022 तक) के दौरान 10.5 एमएमटी का प्रवाह क्षमता हासिल किया। वित्त वर्ष 2021–22 में 14.44 एमएमटी कच्चे तेल का प्रवाह क्षमता हासिल किया गया था और कच्चे तेल की शोधन उपयोग क्षमता 120.33% था।

**कोच्चि रिफाइनरी**

कोच्चि रिफाइनरी लिमिटेड की वर्तमान संस्थापित क्षमता 15.5 एमएमटीपीए है। कोच्चि रिफाइनरी ने अप्रैल–दिसंबर 2022 में 11.54 एमएमटी कच्चे तेल का प्रसंस्करण किया। वित्त वर्ष 2021–22 में, कोच्चि रिफाइनरी ने 99.4% की कच्चे तेल की शोधन उपयोग क्षमता सहित 15.4 एमएमटी कच्चे तेल का प्रसंस्करण किया।

निम्नलिखित प्रमुख परियोजनाएं शुरू की गईं:

- नेप्था का उन्नयन करके बीएस–6 ग्रेड मोटर स्पिरिट उत्पादन को बढ़ाने लिए ₹ 3,288.96 करोड़ की अनुमोदित लागत पर बीएस–6 मोटर स्पिरिट ब्लॉक प्रोजेक्ट (एमएसबीपी) मार्च 2021 में पूरा हुआ और जून 2021 को पूर्ण रूप से शुरू किया गया।
- आला पेट्रोरसायन उत्पादन के लिए ₹ 5,575 करोड़ (निवल पूंजी लागत) की अनुमोदित लागत पर प्रोपलीन डेरिवेटिव पेट्रोरसायन संयंत्र (पीओपी) को सितंबर 2021 में पूर्ण रूप से शुरू किया था।
- 2022–23: कोचीन पोर्ट प्रविकरण क्षेत्र में उत्तरी जेटी रिक्लेमेशन पिट से जेट्टी तक 20" पाइपलाइन का विस्तार कार्य प्रगति पर है।

**बीना रिफाइनरी**

भारत ओमान रिफाइनरीज लिमिटेड (बीओआरएल), बीना रिफाइनरी को मध्य प्रदेश के बीना में बीना रिफाइनरी स्थापित करने के लिए भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड बीपीसीएल और ओक्यू एसएओसी (पूर्व में ओमान ऑयल कंपनी एसएओसी के रूप में जाना जाता था) के संयुक्त उद्यम के रूप में निगमित किया गया था। रिफाइनरी ने मई 2011 में अपना वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया था। जुलाई 2022 से, भारत ओमान रिफाइनरीज लिमिटेड (बीओआरएल) ने इसे अपनी मूल कंपनी, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के साथ विलय कर दिया है। बीना रिफाइनरी की वर्तमान संस्थापित क्षमता 7.8 एमएमटीपीए है। बीना रिफाइनरी ने वर्ष 2022–23 (दिसंबर 2022 तक) के दौरान 7.8 एमएमटीपीए की स्थापित क्षमता के स्थान पर 5.769 एमएमटी का प्रवाह क्षमता प्राप्त किया। वित्त वर्ष 2021–22 में कच्चे तेल में 7.410 एमएमटी का प्रवाह क्षमता प्राप्त किया गया था, और कच्चे तेल की उपयोग क्षमता 95% था।

**14.1.4.4. पाइपलाइन संबंधी निष्पादन:**

बीपीसीएल 29 एमएमटीपीए की रूपरेखा क्षमता सहित 3,536 किलोमीटर की बहु उत्पाद और कच्चे तेल के पाइपलाइनों का मालिक है। वर्ष 2021–22 की इसी अवधि के दौरान 12.055 एमएमटी पाइपलाइन प्रवाह क्षमता की तुलना में वर्ष 2022–23 (दिसंबर 22 तक) के दौरान, 14.092 एमएमटी पाइपलाइन प्रवाह क्षमता प्राप्त किया गया। जबकि भारत पेट्रोलियम ने एक कुशल तरीके से पाइपलाइनों का संचालन जारी रखा और पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में वर्ष 2022–23 (दिसंबर 22 तक) में विशिष्ट ऊर्जा खपत (एसईसी) में 2.93% की कमी हुई है।

**14.1.4.5. विपणन अवसंरचना और निष्पादन:**

दिनांक 31.12.2022 तक की स्थिति के अनुसार बीपीसीएल के पास 43 पीओएल डिपो, 16 प्रमुख प्रतिष्ठान, 23 टीओपी, 20,729 खुदरा दुकान, 927 एसकेओ एजेंसियां, 54 एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र, 6,235 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप, 62 विमानन सेवा केन्द्र, 4 स्नेहक मिश्रण/फिलिंग संयंत्र और 3,706 किलोमीटर (कच्चे तेल और एलपीजी पाइपलाइन सहित) के पाइपलाइन नेटवर्क को शामिल करते हुए वृहत व्यापार क्षेत्र है। वित्त वर्ष 2022–23 (दिसंबर 2022 तक) में बीपीसीएल की बाजार बिक्री 36.05 एमएमटी थी। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, बाजार बिक्री 42.60 एमएमटी हुई थी।

**14.1.4.6. अनुसंधान और विकास:**

भारत पेट्रोलियम का अनुसंधान एवं विकास नई प्रौद्योगिकियों को विकसित करने और ग्राहकों और हितधारकों को अभिनव तकनीकी समाधान प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में कॉर्पोरेट अनुसंधान और विकास केंद्र (सीआरडीसी) और मुंबई में उत्पाद और अनुप्रयोग विकास केंद्र (पीं एंड एडी) अनुसंधान कार्यकलापों के माध्यम से व्यवसायों के लिए मूल्य बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करती है। "आत्मनिर्भर भारत" के अंश के रूप में, सीआरडीसी ने विभिन्न नवीन और आला उत्पादों/प्रसंस्करणों को विकसित किया है और उनका व्यवसायीकरण करने के लिए गंभीरता से काम कर रहा है। अतिरिक्त विवरण अध्याय–8 में उपलब्ध है।

**14.1.4.7. पेट्रोरसायन निष्पादन:**

प्रोपलीन डेरिवेटिव पेट्रोकेमिकल प्रोजेक्ट (पीओपी), जो पेट्रोरसायन क्षेत्र में बीपीसीएल के एकछत्र मालिकाना को चिह्नित करता है, को वर्ष 2021–22 के दौरान प्रगामी रूप से शुरू किया गया है। परियोजना के लिए फीडस्टॉक पॉलिमर ग्रेड प्रोपलीन है। इसे उत्पाद पोर्टफोलियो में ऐक्रेलिक एसिड, ऑक्सो अल्कोहल और एक्रिलेट्स जैसी आला पेट्रोरसायन शामिल हैं। इन उत्पादों को वर्तमान में देश में आयात किया जाता है और इसलिए पीओपीपी एक 'मेक इन इंडिया' पहल है।

पीओपीपी इकाइयों के शुरू होने पर, बीपीसीएल एक्रिलेट्स (ब्यूटाइल एक्रिलेट और 2 एथिल हेक्सिल एक्रिलेट), ऐक्रेलिक एसिड और ऑक्सो–अल्कोहल (सामान्य बुटानोल, 2 एथिल हेक्सानोल और एलएसओ बुटानोल) जैसी आला पेट्रोरसायन का

उत्पादन करने वाली पहली भारतीय रिफाइनरी बन गई है, जो मुख्य रूप से देश में आयात किए जा रहे हैं और इससे लगभग ₹ 4,000 करोड़ की विदेशी मुद्रा बचत होने की उम्मीद है। इकाइयों के शुरू होने और स्थापना के बाद, वर्ष 2021–22 के दौरान आला पेट्रोरसायन का उत्पादन 92,300 मीट्रिक टन था और वर्तमान वित्त वर्ष में (दिसंबर–22 तक) यह 1,30,000 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है।

राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ संरेखित और विकास और जोखिम शमन के लिए विविधीकरण के अवसरों को तलाशते हुए, बीपीसीएल पेट्रोरसायन से संबंधित पहलुओं के घटनाक्रम में बारीकी से निगरानी कर रहा है और भविष्य के निवेश के लिए व्यावसायिक उपकरण विकसित कर रहा है।

**14.1.4.8. प्राकृतिक गैस:**

बीपीसीएल ने वर्ष 2022–23 के दौरान अपने प्राकृतिक गैस के कारोबार का विस्तार करना जारी रखा और वर्ष 2021–22 (अप्रैल–दिसंबर) में 1.32 एमएमटी की तुलना में 1.08 एमएमटी (आंतरिक खपत सहित) की बिक्री (आंतरिक खपत सहित) दर्ज की जो इसकी वृद्धि को दर्शाता है। बीपीसीएल के पास अब 59 उपभोक्ता वाले ग्राहक आधार है, जिसमें वर्ष के दौरान 4 नए ग्राहक शामिल हुए हैं, इसके अतिरिक्त मुंबई (महाराष्ट्र) और कोच्चि (केरल) में अपनी रिफाइनरियों की मांगें भी पूरी की हैं।

**14.1.4.9. नगर गैस वितरण:**

बीपीसीएल के पास पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा 25 भौगोलिक क्षेत्रों के लिए सिटी गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास के लिए प्राधिकरण है, जिसमें 62 जिलों शामिल हैं। प्राकृतिक गैस की यथाशीघ्र आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सीजीडी परियोजनाएं पूरे जोर–शोर से कार्य कर रही हैं। जनवरी 2023 तक, 265 सीएनजी केन्द्र स्थापित किए गए हैं, 1.2 लाख पीएनजी ग्राहक जुड़े गए हैं, 1,051 किलोमीटर की स्टील पाइपलाइन और 2,604 किलोमीटर की एमडीपीई पाइपलाइन सहित सीजीडी नेटवर्क विस्तृत है और औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में एक एल–सीएनजी केन्द्र परिचालन में है।

**14.1.4.10. अन्वेषण और उत्पादन:**

भारत पेट्रो रिसोर्सेज लिमिटेड (बीपीआरएल) का सत्रह ब्लॉकों में भागीदारी रूची (पीएल) हैं, जिनमें से आठ भारत में और नौ विदेशों में हैं। इसके अतिरिक्त, बीपीआरएल की दो रूसी संस्थाओं में इक्विटी हिस्सेदारी है, जो रूस में चार उत्पादक ब्लॉकों का लाइसेंस धारण किए हुए है।

भारत में आठ ब्लॉकों में से पांच को नई अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी) के विभिन्न चरणों के अंतर्गत अधिग्रहित किया गया था, एक ब्लॉक को छोटे क्षेत्रों की खोज (डीएसएफ) बोली दौर–I के अंतर्गत पुरस्कृत किया गया था और दो ब्लॉकों को ओपेन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी) बोली दौर–I के अंतर्गत पुरस्कृत किए गए थे।

नौ विदेशी ब्लॉकों में से पांच ब्राजील में, दो संयुक्त अरब अमीरात में और एक–एक मोजाम्बिक और इंडोनेशिया में हैं। बीपीआरएल के ब्लॉक अन्वेषण, मूल्यांकन, विकास और उत्पादन के विभिन्न चरणों में हैं। बीपीआरएल और उसकी सहायक कंपनियों के पास कुल क्षेत्रफल लगभग 21,360 वर्ग किलोमीटर है, जिसमें से लगभग 50% अपतटीय है।

बीपीआरएल, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) और ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) सहित भारतीय सहायता संघ (आईसी) ने सिंगापुर में निगमित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों और विशेष प्रयोजन तंत्रों (एसपीवी) के माध्यम से अक्टूबर 2016 में रूस की नेशनल ऑयल कंपनी मेसर्स रोसनेफ्ट से एलएलसी तास युरिख नेफ्तेगजडोबायाचा (टीवाईएनजीडी) में 29.9% इक्विटी हिस्सेदारी और जेएससी वैंकोर्नेफ्ट में 23.9% इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया था। एसपीवी जो रूसी संस्था की शेयरधारक है, केवल लाभांश पाने का हकदार है। रूसी संस्थाओं से बीपीआरएल का तेल उत्पादन संबंधी प्रभावी हिस्सा टीवाईएनजीडी से लगभग 10 कोबीओपीडी और वैंकोर्नेफ्ट से 15 कोबीओपीडी है।

वर्ष 2018 में, भारत पेट्रो रिसोर्सेज लिमिटेड (बीपीआरएल), ओएनजीसी विदेश और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ संयुक्त रूप से भारतीय सहायता संघ के रूप में कार्य करने कारण लोअर ज़कुम कंसेशन, अपतटीय अबू धाबी में उन्हें 10% हिस्सेदारी प्रदान की गई थी। यह पहली बार हुआ था जब किसी भारतीय तेल और गैस कंपनियों को अबू धाबी के हाइड्रोकार्बन संसाधनों के विकास में हिस्सेदारी दी गई थी। बीपीआरएल की अपनी सहायक कंपनी के माध्यम से भारतीय सहायता संघ के एसपीवी में 30% हिस्सेदारी है, जो लोअर ज़कुम कंसेशन में 10% हिस्सेदारी रखती है। रियायत, जो दिनांक 9 मार्च 2018 से लागू है उस पर दिनांक 10 फरवरी 2018 को हस्ताक्षर किए गए थे। इस क्षेत्र का वर्तमान तेल उत्पादन लगभग 400 कोबीओपीडी है और भारतीय सहायता संघ का वार्षिक हिस्सा लगभग 1.5 एमएमटी होगा। बीपीआरएल के इक्विटी कच्चे तेल के हिस्से को बीपीसीएल समूह की रिफाइनरियों द्वारा प्राप्त किया गया है।

मोजाम्बिक में, उत्तरी मोजाम्बिक के तट से रोवुमा अपतटीय क्षेत्र 1 में प्राकृतिक गैस की विशाल मात्रा की खोज के बाद, क्षेत्र 1 सहायता संघ भागीदारों ने दिनांक 18 जून 2019 को अपतटीय गोलिन्हो–अटम खोज क्षेत्र से खोजी गई गैस के मुद्रीकरण के लिए 2–ट्रेन (2x6.56 एमएमटीपीए) तटवर्ती प्रारंभिक एलएनजी परियोजना विकसित करने के लिए अंतिम निवेश निर्णय (एफआईडी) की घोषणा की। एफआईडी की घोषणा से, गोलिन्हो अतुम क्षेत्र विकास योजना प्रभावी हो गया है, और इससे 30 वर्ष की विकास और उत्पादन अवधि शुरू हो गई। एफआईडी के बाद, जबकि परियोजना निर्धारित समय पर थी और मार्च 2021 तक बजट के भीतर थी, मार्च 2021 के अंत के दौरान आफुंगी परियोजना स्थल के आसपास सुरक्षा घटनाओं के कारण, ऑपरेटर ने जेओए, ईपीसीसी और अन्य सभी संविदा के अंतर्गत एफएम घोषित कर दिया है क्योंकि वे सुरक्षित पेट्रोलियम संचालन करने के अपने दायित्वों को पूरा नहीं कर पाए। मोजाम्बिक सरकार शांति की पुनर्स्थापना और सुरक्षा स्थिति संबंधी समस्या का समाधान हेतु काम कर रही है। मोजाम्बिक सेना रवांडा और दक्षिणी अफ्रीकी विकास समुदाय (एसएडीसी) के संयुक्त बलों के साथ इस क्षेत्र में अपना अभियान जारी रखा। क्षेत्र 1 परियोजना स्थानीय सामाजिक और आर्थिक अवसंरचना के विकास में सहायता कर रही है और यह परियोजना वर्तमान में कृषि, जल और स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा और क्षमता निर्माण, मत्स्य पालन, सौरीकरण और छोटे व्यवसाय विकास के क्षेत्रों में विभिन्न परियोजनाओं को कार्यान्वित कर रही है। जबकि परियोजना फोर्स मेजर में बनी हुई है, संविदाकारों के साथ संबंध रचनात्मक बने हुए हैं और स्थानीय सामग्री, रोजगार और प्रशिक्षण आदि की संवेदनशीलता को देखते हुए स्थानीय मोजाम्बिक कंपनियों के साथ स्थिति की समीक्षा करने के लिए विशेष ध्यान रखी गई है। प्रचालक ने सूचित किया है कि स्थल पर उपकरण और अवसंरचना अच्छी स्थिति में है।

ब्राजील में सेर्गिपे अलागोस (बीएम–सील–11) रियायत में दो ब्लॉक अर्थात सील–एम–426 और सील–एम–349 शामिल हैं और पेट्रोब्रास 60% पीआई सहित परिचालित है जबकि बीपीआरएल का संयुक्त उद्यम अर्थात आईबीवी शेष 40% पीआई धारन करता है। परिचालक ने रियायतग्राहियों की ओर से दो खोजों के लिए नवंबर 2022 में एएनपी (ब्राजील विनियामक) को क्षेत्र विकास योजना (एफडीपी) प्रस्तुत किया है।

वर्ष 2019 के दौरान, बीपीआरएल और आईओसीएल के सहायता संघ को अबू धाबी 2018 ब्लॉक लाइसेंसिंग दौर में विजेता बोलीदाता के रूप में उभरने के बाद अबू धाबी में तटवर्ती ब्लॉक–1 रियायत से सम्मानित किया गया था। यह पुरस्कार संभावित यूएई क्षेत्र में पहली बार विदेशी परिसम्पत्तियों के परिचालक के रूप में बीपीआरएल के प्रवेश की सूचना देती है। अबू धाबी सरकार की ओर से एसपीसी द्वारा दी गई रियायत की प्रभावी रियायत अवधि 35 साल है और अन्वेषण चरण में ऊर्जा भारत पीटीई लिमिटेड (यूबीपीएल) द्वारा संचालित किया जाता है, जो सिंगापुर में भारतीय सहायता संघ द्वारा इस उद्देश्य के लिए 50:50 निगमित एसपीवी है। रुवैस खोज में मूल्यांकन कुओं की ड्रिलिंग और परीक्षण पूरा हो गया है जिसने हाइड्रोकार्बन की उपस्थिति स्थापित की है और खोज के विकास के लिए भावी अध्ययन चल रही हैं। इंडियन सहायता संघ के पास तेल के इक्विटी अधिकार होंगे। इसके अतिरिक्त, रियायत में अन्वेषण कुओं की भी खुदाई की गई है।

भारत के कावेरी घाटी में ब्लॉक सीवाई ओएनएन–2002/2 में मदनम की खोज, जहां ओएनजीसी परिचालक है और बीपीआरएल का 40% का पीआई है क्योंकि गैर–परिचालन वर्तमान में विकासाधीन है और भविष्य में 2016 से वाणिज्यिक तेल उत्पादन के लिए गैस मुद्रीकरण मई 2021 से शुरू हो गया है।

### 14.1.4.11. वैकल्पिक ऊर्जा:

बीपीसीएल की कुल स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 46.24 मेगावाट है। कुल स्थापित सौर क्षमता 34.44 मेगावाट और पवन क्षमता 11.8 मेगावाट है। बीपीसीएल ने इस वर्ष 2.85 मेगावाट की कुल क्षमता के 36 विपणन स्थानों पर नए सौर संयंत्र स्थापित और शुरू किए हैं। वर्तमान में 4 भूमिगत सौर परियोजनाएं और जमीन के ऊपर 2 सौर परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। इन नई परियोजनाओं की कुल क्षमता 53.7 मेगावाट डीसी/40.34 मेगावाट एसी है। कई अन्य सौर परियोजनाएं भी हैं जो व्यवहार्यता अध्ययन के विभिन्न चरणों में हैं। बीपीसीएल ने 2025 तक 1 गीगावॉट और 2040 तक 10 गीगावॉट सौर संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य रखा है।

सौर ऊर्जा से चलने वाले खुदरा दुकानों की कुल संख्या 2471 है जबकि रिटेल बीयू ने वर्ष 21–22 में 2,000 आरओ को सौर ऊर्जा से रोशन करने का लक्ष्य रखा है। बीपीसीएल ने हरित हाइड्रोजन संयंत्र बनाने की योजना बनाई है और मध्य प्रदेश में अपनी बीना रिफाइनरी में स्थापित होने वाले 20 मेगावाट इलेक्ट्रोलाइजर के लिए निविदा जारी की है। यह निविदा तकनीकी मूल्यांकन के अधीन है।

बीपीसीएल ने हरित हाइड्रोजन उत्पादन के उत्पादन के लिए क्षारीय इलेक्ट्रोलाइजर प्रौद्योगिकी को बढ़ाने के लिए भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) के साथ भागीदारी की है। यह नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने और हरित गृह गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता का समर्थन करने के लिए अपनी पहली पहल है। इलेक्ट्रोलाइजर संयंत्र वर्तमान में आयात किए जाते हैं, और "हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लिए क्षारीय इलेक्ट्रोलाइजर प्रौद्योगिकी को बढ़ाने" में सहयोग देना है। हाइड्रोजन पुन–प्राप्ति के लिए प्रौद्योगिकी: कोच्चि रिफाइनरी (केआर) में घर के भीतर विकसित मेम्ब्रेन सहायता प्राप्त हाइड्रोजन पुन–प्राप्ति प्रक्रिया अर्थात भारतएच2एसईपी के लिए प्रदर्शन इकाई रिफाइनरी ऑफ गैस से हाइड्रोजन संवर्धन के लिए स्थापना की गई है। भारतएच2सेप का निष्पादन केआर वीजीओ एचडीएस इकाई में 60–80 किलोग्राम/घंटा के पैमाने पर स्थापित किया गया था। एच2 की शुद्धता 86 एमओएल% से 95 एमओएल% से अधिक तक वृद्धि हुई है। सफल निष्पादन ने ओएमसी रिफाइनरियों के लिए प्रौद्योगिकी के व्यावसायीकरण का मार्ग प्रशस्त किया है।

### जैव ईंधन

बीपीसीएल बारगढ़, ओडिशा में 400 मीट्रिक टन/डी फीड–स्टॉक के रूप में लिग्नोसेलुलोसिक बायोमास का उपयोग करके 100 केएलपीडी क्षमता की 2जी जैव एथेनॉल रिफाइनरी स्थापित कर रहा है और उसी परिसर में 100 केएलपीडी क्षमता का एक एकीकृत 1जी जैव–एथेनॉल संयंत्र स्थापित कर रहा है। तेल विपणन कंपनियां एथेनॉल की उपलब्धता के अनुसार, 28 राज्यों और 6 संघ राज्य क्षेत्र में एमएस में 20% तक मिश्रित एथेनॉल बेच रही हैं। ईएसवाई 21–22 के दौरान अर्थात दिसम्बर, 21 से नवम्बर, 22 तक 433.6 करोड़ लीटर वृद्धि हुआ है। इस प्रकार एथेनॉल मिश्रण का 10.02% प्राप्त किया गया। ईएसवाई 20–21 अर्थात दिसंबर 2020 से नवंबर 21 के दौरान उद्योग आधार पर 302 करोड़ लीटर मिश्रण किया गया, जिससे एथेनॉल मिश्रण का 8.10% प्राप्त हुआ।

बीपीसीएल ने वित्त वर्ष 22–23 में एचएसडी से मिश्रण के लिए 8,208 केएल जैव–डीजल की खरीद की है। दिनांक 31.01.2023 तक की स्थिति के अनुसार वर्ष 2022–23 में जैव–डीजल मिश्रित एचएसडी पर कुल बिक्री 1,11,980 केएल है। दिनांक 31.01.2023 तक की स्थिति के अनुसार वर्ष 2022–23 के लिए कुल जैव–डीजल मिश्रण प्रतिशत 0.04% है।

### सतत

सतत (किफायती परिवहन हेतु संधारणीय विकल्प) पहल दिनांक 01.10.2018 को शुरू किया गया था। इसमें 5,000 सीबीजी संयंत्रों से 2023–24 तक सीबीजी के 15 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) के उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। बीपीसीएल ने 0.49 एमएमटीपीए की कुल संस्थापित क्षमता सहित 318 नग लोओआईइस जारी किए हैं। 318 संयंत्रों में से 8 संयंत्रों ने जैव–गैस/सीबीजी का उत्पादन शुरू कर दिया है। बीपीसीएल ने 38 खुदरा दुकानों से सीबीजी बेच रही है।

### 14.1.4.12. संधारणीय विकास:

एक जिम्मेदार व्यवसाय के रूप में, बीपीसीएल ने 3 आर की विचारधारा अर्थात, रिड्यूस (घटाना), रीयूज़ (पुनःउपयोग) और रीसायकल (परावर्तन) का पालन करते हुए ऊर्जा संरक्षण, ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा, कार्बन पृथक्करण, बहिस्त्राव उपचार के माध्यम से जल प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, जल संतुलन अध्ययन और अपशिष्ट प्रबंधन आदि से संबंधित अपने स्थानों पर संधारणीय विकास के लिए कई पहल की हैं। वर्षा जल संचयन (आरडब्ल्यूएच) के जलग्रहण क्षेत्र में 3.9% की वृद्धि हुई है, जिससे बीपीसीएल में आरडब्ल्यूएच का कुल क्षेत्र 10.6 लाख वर्ग मीटर हो जाएगा। बीपीसीएल द्वारा वर्ष 2021–22 में कुल 3,85,000 किलोलीटर पानी का संचयन किया गया है। मुंबई रिफाइनरी ने मुंबई रिफाइनरी में वर्षा जल संचयन को बढ़ाने के लिए पर्याप्तता अध्ययन और क्षमता का आयोजन किया है। मुंबई रिफाइनरी आरडब्ल्यूएच प्रणाली के 29 नए समूहों को बढ़ाएगी और इस वर्ष 1 लाख किलोलीटर जल संचयन का लक्ष्य रखेगी। मुंबई, कोच्चि और बीना रिफाइनरियों ने जल संतुलन अध्ययन आयोजित किया है और अब पानी की खपत को कम करने के लिए सुझाए गए विभिन्न पहलों को कार्यान्वित कर रहे हैं। सभी खुदरा विपणन स्थानों और एलपीजी संयंत्रों में जल संतुलन अध्ययन प्रक्रियाधीन है और जल की बचत और स्थान को जल तटस्थ बनाने के लिए पहल कार्यान्वयनाधीन है।

बीपीसीएल ने क्षेत्र 1 और क्षेत्र 2 जीएचजी उत्सर्जन के लिए 2040 तक निवल–शून्य बनने की घोषणा की है और इसके लिए दिशा–निर्देश बनाने की प्रक्रिया में है। बीपीसीएल की वर्तमान नवीकरणीय ऊर्जा स्थापना में 38 मेगावाट सौर ऊर्जा और 11.8 मेगावाट पवन ऊर्जा है जिसे वर्ष 2025 तक 1 गीगावाट और 2040 तक 10 गीगावाट तक बढ़ाया जाएगा। बीपीसीएल अपनी रिफाइनरियों में हरित हाइड्रोजन के उपयोग को लागू करने और क्षारीय इलेक्ट्रोलाइजर प्रौद्योगिकी का उपयोग

करके 20 मेगावाट का एक संयंत्र बीना रिफाइनरी में स्थापित करने के लिए बड़े पैमाने पर काम कर रहा है। बीपीसीएल ई–मोबिलिटी बढ़ाने, जैव–सीएनजी, जैव–डीजल के उपयोग में वृद्धि और बड़े पैमाने पर ऊर्जा संक्रमण के लिए बैटरी स्वैपिंग पहल को बढ़ाने के लिए खुदरा दुकानों पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर रहा है।

बीपीसीएल में स्थापित ऊर्जा दक्षता लाइट्स (ईईएल) की वर्तमान स्थिति लगभग 63 मेगावाट है, जिसमें मार्च, 22 की तुलना में 4.75% की वृद्धि हुई है। यह ध्यान रखना उचित है कि एमआर, पाइपलाइनों और लगभग 70% अन्य विपणन स्थानों को छोड़कर सभी खुदरा परिचालन स्थानों को 100% ईईएल में प्रतिस्थापन कर दिया गया है। केआर ने रिफाइनरी के भीतर 19,000 नग पारंपरिक लाइटों को ईईएल में बदल दिया है। अगले दो वर्षों में केआर, बीआर और शेष विपणन स्थानों को चरणबद्ध तरीके से 100% ईईएल में बदलने का लक्ष्य रखा गया है। ईईएल से लगभग ₹ 250 करोड़ की बचत हुई है और जीएचजी उत्सर्जन में 2.5 लाख एमटीसीओ2ई की कमी आई है।

सीड बॉम्बिंग: बीपीसीएल ने महाराष्ट्र क्षेत्र में 5 लाख बीज बॉम्बिंग स्थापित किए हैं जिसमें खुदरा स्थान, एलपीजी संयंत्र और एमएमबीपीएल पाइपलाइन शामिल हैं और जिसमें उत्तरजीविता रहने की दर और कार्बन पृथक्करण पर अध्ययन किया गया। मूल्यांकन की गई उत्तरजीविता दर लगभग 22% थी जो बीज बॉम्बिंग की सामान्य विधि से कहीं अधिक है जो केवल 10% है। बीपीसीएल ने पर्यावरण संस्थान मैसर्स एसआईईएस, गैर सरकारी संगठनों, एनसीसी कैडेटों और सरकारी निकायों की सेवाएं ली हैं और बीज बॉम्बिंग की प्रक्रिया पूरी हो गई है।

बीपीसीएल विपणन स्थानों में हरित अच्छादन बढ़ाने के लिए मियावाकी प्रौद्योगिकी का भी बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया था। इस पद्धति से 25 स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया है और जहां भी पर्याप्त अवसर मिले शेष बचे स्थानों में भी ऐसा किया जाएगा। बीपीसीएल स्थान के प्रावधान के लिए रेलवे और अन्य सरकारी एजेंसियों की सेवाएं लेने की भी कोशिश कर रहा है ताकि हरित अच्छादन को और अधिक विस्तारित किया जा सके। इस वर्ष वृक्षारोपण अभियान के माध्यम से कुल कार्बन पृथक्ककण लगभग 14,000 एमटीसीओ2ई हुआ है।

परिचालन स्थानों में संचालन मिट्टी को खराब न करे यह सुनिश्चित करने के लिए बीपीसीएल ने अपनी सभी रिफाइनरी और विपणन स्थानों पर जीरो वेस्ट टू लैंड फिल लैंडफिल के प्रमाणन को प्राप्त करने के लिए अभियान शुरू किया है। मुंबई रिफाइनरी, खुदरा और एलपीजी प्रचालन अवस्थलों ने पहले ही प्रमाण पत्र ले लिए हैं और विमानन, स्नेहक और पाइपलाइन जैसी अन्य व्यावसायिक इकाइयां इसे मार्च, 2023 तक प्राप्त करने के लिए कार्रवाई कर रही हैं। इसके अतिरिक्त, कोच्चि और बीना रिफाइनरी के लिए यह लक्ष्य मार्च 2024 है। यह बीपीसीएल को अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने में जिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में प्रतिष्ठित करेगा जो अपने परिचालन से भूमि को खराब नहीं करता है।

बीपीसीएल स्नेहक विभाग ने ब्रांड मालिक के रूप में ईपीआर के अंतर्गत लाइसेंस प्राप्त किया है और वर्ष 2021–22 में लगभग 804 टन और जनवरी 23 तक लगभग 2,100 अपशिष्ट प्लास्टिक का निपटान किया है जो ईपीआर के आवश्यकताओं को पूरा करता है। बीपीसीएल के कॉर्पोरेट आर एंड डी ने सड़क बनाने में अपशिष्ट प्लास्टिक का उपयोग करने की एक नई प्रौद्योगिकी तैयार की है और अब तक 750 एमटीसीओ2ई के जीएचजी उत्सर्जन को कम करने के लिए लगभग 250 टन अपशिष्ट प्लास्टिक का उपयोग किया है। बीपीसीएल अपने खुदरा व्यावसायिक केन्द्र में भी इसी प्रौद्योगिकी का प्रयोग करने के लिए कोशिश कर रहा है जो परिक्रामी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा।

### 14.1.5. हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल)



हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) एक महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) और एस एंड पी ग्लोबल प्लैट्स की शीर्ष 250 वैश्विक ऊर्जा कंपनी में से एक है। जिसने वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान ₹ 3,72,642 रुपये की वार्षिक सकल बिक्री की है। एचपीसीएल की पीएसयू श्रेणी में लगभग 21% बाजार हिस्सेदारी सहित भारत में रिफाइनिंग और विपणन में मजबूत उपस्थिति है।

एचपीसीएल मुंबई और विशाखापत्तनम में क्रमशः 9.5 एमएमटीपीए और 8.3 एमएमटीपीए की निर्धारित क्षमता वाली रिफाइनरियों का स्वामित्व रखता है और

उनका संचालन करती है। एचपीसीएल के पास 428 टीएमटीपीए (स्थापित क्षमता) की क्षमता सहित ल्यूब ऑयल बेस स्टॉक का उत्पादन करने के लिए मुंबई में देश की सबसे बड़ी ल्यूब रिफाइनरी भी है।

इसके अतिरिक्त, एचपीसीएल के पास संयुक्त उद्यम कंपनी, एचपीसीएल–मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल) में 48.99% इक्विटी हिस्सेदारी है, जो पंजाब राज्य के बठिंडा में 11.25 एमएमटीपीए क्षमता वाली रिफाइनरी का संचालन करती है और इसका मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) में 16.96% इक्विटी हिस्सेदारी भी है, जो कर्नाटक राज्य के मैंगलोर में 15 एमएमटीपीए क्षमता वाली रिफाइनरी का संचालन करती है।

एचपीसीएल के पास भारत में पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनों का दूसरा सबसे बड़ा नेटवर्क है जिसकी नेटवर्क लंबाई लगभग 4,435 किलोमीटर है। एचपीसीएल का विशाल विपणन नेटवर्क भी है जिसमें प्रमुख शहरों में 14 क्षेत्रीय कार्यालय और 140 क्षेत्रीय कार्यालय शामिल हैं, जिसमें 43 टर्मिनल/इंस्टॉलेशन/टैप ऑफ पॉइंट, 52 विमानन सेवा सुविधाएं, 53 एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र, 6 ल्यूब मिश्रण संयंत्र, ल्यूब डिपो सहित 70 डिपो वाली आपूर्ति और वितरण अवसंरचना की सुविधा है। दिसंबर 2022 तक 20,791 खुदरा व्यावसायिक केन्द्र, 1,638 एसकेओ/एलडीओ डीलर, 297 ल्यूब वितरक, 123 कैरी एंड फॉरवर्डिंग एजेंट, रिटेल आउटलेट्स पर 1,288 सीएनजी सुविधाएं, 727 घर–घर–तक वितरण डिस्ट्रीब्यूटरशीप और 1,198 ईवी चार्जिंग स्टेशन और 9.3 करोड़ एलपीजी ग्राहक से अधिक ग्राहक आधारित 6,265 एलपीजी वितरण केन्द्र शामिल हैं।

एचपीसीएल का बेंगलुरु में 'एचपी ग्रीन आर एंड डी सेंटर' नामक अपना अनुसंधान और विकास केंद्र है। यह केंद्र रिफाइनरियों और विपणन एसबीयू को परिचालन सुधार, नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने, अभिनव और पथप्रदर्शक प्रौद्योगिकियों को विकसित करने, लाइसेंस प्रौद्योगिकियों और ज्ञान केंद्र बनने के लिए उन्नत तकनीकी सहायता प्रदान करता है। एचपीसीएल तेल और गैस मूल्य श्रृंखला में काम करने वाली 19 संयुक्त उद्यम और सहायक कंपनियों के माध्यम से भी कारोबार करती है।

### 14.1.5.1. वित्तीय निष्पादन:

एचपीसीएल की सकल बिक्री अप्रैल 21 से दिसंबर 21 की अवधि में ₹ 2,67,699 करोड़ की तुलना में अप्रैल 22 से दिसंबर 22 की अवधि में ₹ 3,50,63 करोड़ हुई थी। एचपीसीएल को अप्रैल 21 से दिसंबर 21 की अवधि में ₹ 4,587 करोड़ का कर पश्चात लाभ (पीएटी) की तुलना में अप्रैल 22 से दिसंबर 22 की अवधि के दौरान ₹ 12,197 करोड का निवल घाटा (पीएटी) हुआ है। एचपीसीएल की रिफाइनिंग मार्जिन (निर्यात शुल्क का सकल) अप्रैल 21 से दिसंबर, 21 की अवधि में 450 अमरीकी $ प्रति बैरल की तुलना में अप्रैल 22 से दिसंबर 22 की अवधि में औसतन 11.40 अमरीकी $ प्रति बैरल हुई थी।

### 14.1.5.2. राजकोष में योगदान:

अप्रैल 22 से दिसंबर 2022 की अवधि के दौरान एचपीसीएल ने सरकारी खजाने में ₹ 65,627 करोड़ का योगदान दिया है, जिसमें केंद्रीय राजकोष में योगदान ₹ 21,891 और सरकारी खजाने में योगदान ₹ 43,736 शामिल है।

### 14.1.5.3. रिफाइनरी संबंधी निष्पादन:

अप्रैल 22 से दिसम्बर, 2022 की अवधि के दौरान, रिफाइनरी ने अभी तक एक अच्छा भौतिक निष्पादन किया है, जिसमें 14.13 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) का शोधन किया गया है, जो अप्रैल–दिसंबर 2022 की अवधि के लिए एचपीसीएल का अब तक का सर्वाधिक रिफाइनिंग प्रवाह क्षमता है।

एचपीसीएल विशाख रिफाइनरी क्षमता संवर्धन करने के लिए विशाख रिफाइनरी आधुनिकीकरण परियोजना (वीआरएमपी) को कार्यान्वित कर रही है। शोधन क्षमता को 8.3 से बढ़ाकर 15 एमएमटीपीए करने के उद्देश्य से विशाख रिफाइनरी आधुनिकीकरण परियोजना (वीआरएमपी) शुरू करने की अंतिम चरण में है। वीआरएमपी के अंश के रूप में अवशिष्ट उन्नयन सुविधाओं का निष्पादन कार्य भी प्रगति पर है।

रिफाइनिंग क्षमता को और बढ़ाने के लिए एचपीसीएल अपनी संयुक्त उद्यम कंपनी एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआरआरएल) के माध्यम से राजस्थान के बाड़मेर जिले के पचपदरा में एक नया 9 एमएमटीपीए हरित क्षेत्र रिफाइनरी सह पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स स्थापित कर रहा है।

### 14.1.5.4. पाइपलाइन संबंधी निष्पादन:

एचपीसीएल वर्तमान में 35.2 एमएमटीपीए के मेनलाइन क्षमता वाली 4,435 किलोमीटर के पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन नेटवर्क का संचालन कर रहा है, जिसमें 19 एमएमटीपीए की शाखा लाइन क्षमता शामिल है। अप्रैल, 22 से दिसम्बर, 2022 की अवधि के दौरान 17.49 एमएमटी की कुल पाइपलाइन प्रवाह क्षमता प्राप्त की गई थी।

₹ 2,160 करोड़ की लागत वाली 650 किलोमीटर लंबी हसन चेरालापल्ली एलपीजी पाइपलाइन परियोजना 2022 में शुरू की गई है और ₹ 3,950 करोड़ की पाइपलाइन परियोजनाएं यांत्रिक रूप से पूरी हो गई हैं। इन परियोजनाओं के शुरू होने पर एचपीसीएल का परिचालन पाइपलाइन नेटवर्क बढ़कर 5,348 किलोमीटर हो जाएगा। धर्मपुरी टर्मिनल अगस्त, 2022 से शुरू किया गया है।

पाइपलाइन नेटवर्क और संवर्धित साजोसामान क्षमता और संबंधित पर्यावरणीय लाभों के लिए क्षमताओं का और विस्तार करने के लिए, भटिंडा संगरूर पाइपलाइन परियोजना और हल्दिया पानागढ़ एलपीजी पाइपलाइन परियोजना लगभग ₹ 1,400 करोड़ के अनुमानित निवेश सहित निष्पादनाधीन हैं। इन पाइपलाइन परियोजनाओं से प्रमुख बाजारों में एचपीसीएल की स्थिति मजबूत होने की उम्मीद है। एचपीसीएल ने संयुक्त उद्यम मार्ग के माध्यम से कांडला से गोरखपुर (2,809 किमी.) तक भारत की सबसे लंबी एलपीजी पाइपलाइन के विकास के लिए आईओसीएल और बीपीसीएल के साथ मिलकर काम किया है।

**14.1.5.5. विपणन निष्पादन:**

अप्रैल–दिसंबर 2022 की अवधि के दौरान एचपीसीएल में निर्यात सहित 32.34 एमएमटी की बिक्री हुई है।

घरेलू बिक्री खंड में एचपीसीएल ने 31.27 एमएमटी की बिक्री की है और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के बीच लगभग 20.97% की बाजार हिस्सेदारी हासिल की है।

मोटर–ईंधन खंड में, एचपीसीएल ने अप्रैल–दिसंबर 22 की अवधि में कुल मोटर ईंधन आधार (पीएसयू के बीच) पर 25% की बाजार हिस्सेदारी सहित 20.50 एमएमटी की बिक्री की। अप्रैल–दिसंबर 2022 की अवधि में 766 नए खुदरा बिक्री केन्द्र शुरू किए गए (कुल खुदरा बिक्री केन्द्रों की संख्या 20,791 हो गई) और 201 खुदरा बिक्री केन्द्रों (ऐसे कुल 1,288 बिक्री केन्द्र) पर सीएनजी सुविधाएं शुरू की गईं। दिसंबर, 2022 तक, 727 नग घर–घर तक मोबाइल डिस्पेंसर और 1,198 नग ईवी चार्जिंग केन्द्र शुरू किए गए। अप्रैल–दिसंबर 2022 के दौरान 1,575 बिक्री केन्द्रों को सौरीकरण किया गया, जिससे कुल 7,986 बिक्री केन्द्रों हो गए।

अप्रैल–दिसंबर 2022 के दौरान एचपीसीएल के एलपीजी कारोबार में बिक्री पिछले वर्ष की तुलना में 6.4% की वृद्धि सहित 6.03 एमएमटी हो गई है और जिसमें बाजार हिस्सेदारी 27.14% रही। एचपीसीएल ने लगातार 7 वें वर्ष घरेलू एलपीजी के बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि दर्ज की है। अप्रैल–दिसंबर 2022 के दौरान एचपीसीएल ने 22.38 लाख नए ग्राहकों को पंजीकृत किया और 25 नए नियमित एलपीजी वितरण केन्द्र शुरू किया (जिससे वितरण केन्द्र की कुल संख्या 6,265 हो गई)। अप्रैल–दिसंबर 2022 के दौरान एचपीसीएल ने 14.82 लाख पीएमयूवाई ग्राहकों को नामांकित किया, जिससे कुल 255.1 लाख पीएमयूवाई ग्राहक हो गए हैं। दिसंबर 2022 तक एचपीसीएल के खाते में 9.34 करोड़ एलपीजी उपभोक्ता ग्राहक जुड़ गए हैं। एचपीसीएल ने अप्रैल, 2022 के दौरान बरही, झारखंड में 120 टीएमटीपीए की क्षमता वाली एलपीजी संयंत्र शुरू किया है।

एचपीसीएल अप्रैल–दिसंबर 22 की अवधि के दौरान 10 देशों को 4.10 टीएमटी स्नेहक के निर्यात सहित 432 टीएमटी ('000 मीट्रिक टन) की बिक्री करते हुए देश में एक प्रमुख ल्यूब विपणक बन गया है।

औद्योगिक और उपभोक्ता (आई एंड सी) व्यापार के संबंध में, एचपीसीएल ने लगभग 3.06 एमएमटी की कुल बिक्री की है। एचपी पेटकेम ब्रांड–एचपी ब्यूरापोल को एमओपी एंड एनजी के माननीय सचिव, श्री पंकज जैन ने एचपीसीएल सी एंड एमडी, सीएफडी और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में दिनांक 20 दिसंबर, 2022 को शुरू किया गया।

विमानन व्यापार के संबंध में, एचपीसीएल ने 501 टीएमटी विमानन टरबाइन ईंधन बिक्री की है। भारतीय वायु सेना के 5 स्थानों को अपने नियंत्रण में लेने के साथ विमानन सेवा सुविधा (एएसएफ) नेटवर्क को बढ़ाया गया, जिससे एएसएफ की कुल संख्या 52 हो गई है।

जैव ईंधन और नवीकरणीय ऊर्जा में एचपीसीएल ने अप्रैल–दिसंबर, 2022 के दौरान 100.9 मेगावाट पवनफार्म से ₹ 53.86 करोड़ का राजस्व प्राप्त करते हुए 15.05 करोड़ किलोवाट की नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन किया।

एचपीसीएल के आपूर्ति, परिचालन और वितरण विभाग ने अप्रैल–दिसंबर 2022 की अवधि के दौरान 39.6 एमएमटी की प्रवाह क्षमता प्राप्त की और रिफाइनरियों से ग्राहकों तक पूरी आपूर्ति श्रृंखला में पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति करती रही। दिसंबर 2022 तक एचपीसीएल ने 62 स्थानों पर स्वचालन और विभिन्न प्रक्रियाओं के निर्बाध एकीकरण सहित 'स्मार्ट' टर्मिनल स्थापित किए हैं। एचपीसीएल ने अगस्त 2022 के दौरान सितारगंज डिपो (उत्तराखंड) को शुरू किया है।

**14.1.5.6. अनुसंधान और विकास (आर एंड डी):**

हिंदुस्तान पेट्रोलियम ग्रीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर (एचपीजीआरडीसी) की स्थापना विपणन एसबीयू और रिफाइनरियों को उन्नत तकनीकी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। एचपीजीआरडीसी का उद्देश्य परिचालन उत्कृष्टता प्रदान करना, अभिनव, पथ प्रदर्शक प्रौद्योगिकियों को विकसित करना और उसे अपनाना और ज्ञान केंद्र बनना है। अनुसंधान केंद्र को अत्याधुनिक अवसंरचना सुविधाएं प्रदान की जाती हैं जिसमें 5.6 लाख वर्ग फुट के निर्मित क्षेत्र वाली ऊर्जा दक्षता हरित भवन शामिल हैं। अनुसंधान एवं विकास केंद्र के पहले चरण में फ्लूइडाइज्ड कैटेलिटिक क्रैकिंग/रेसिड फ्लुइडाइज्ड केटालिटिक क्रैकिंग, हाइड्रो प्रोसेसिंग, कैटलिसिस, बायो–प्रोसेस, क्रूड इवैल्यूएशन एंड फ्यूल्स रिसर्च, मानक परीक्षण, विश्लेषण, प्रोसेस मॉडलिंग एंड सिमुलेशन और नैनो टेक्नोलॉजी के क्षेत्रों से संबंधित नौ प्रयोगशालाएं हैं। चरण–II में पेट्रोकेमिकल्स और पॉलिमर, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ल्यूब्स, संक्षारण अध्ययन, नोवेल सेपरेशन, रेसिड उन्नयन, इंजन और बैटरी अनुसंधान के क्षेत्रों से संबंधित सात प्रयोगशालाएं हैं।

अप्रैल, 22 से दिसम्बर, 22 की अवधि के दौरान 11 उत्पादों/प्रौद्योगिकियों का विकास और शुभारंभ किया गया। अप्रैल 22–दिसंबर 2022 की अवधि के दौरान, एचपीजीआरडीसी ने 53 पेटेंट दायर किए, जिससे संचयी भारतीय और अंतरराष्ट्रीय पेटेंट अनुप्रयोग 406 हो गए हैं। वर्ष के दौरान, एचपीजीआरडीसी को 24 पेटेंट प्रदान किए गए, जिससे 31 दिसंबर, 2022 तक की स्थिति के अनुसार एचपीजीआरडीसी को 148 संचयी पेटेंट प्रदान किए गए हैं। दिसंबर, 22 तक एचपीजीआरडीसी द्वारा विभिन्न अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में 62 पत्रिकाएं (संचयी रूप से) प्रकाशित किए गए थे।

**14.1.5.7. प्राकृतिक गैस:**

एचपीसीएल की प्राकृतिक गैस कारोबार के संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में भागीदारी है।

एचपीसीएल एक सहायक कंपनी एचपीसीएल एलएनजी लिमिटेड (एचएलएल) के माध्यम से गुजरात के छारा बंदरगाह (गिर सोमनाथ जिले में) में 5 एमएमटीपीए एलएनजी पुनः गैसीकरण टर्मिनल का निर्माण कर रहा है। वित्त वर्ष 2023–24 में टर्मिनल के शुरू होने की उम्मीद है।

एचपीसीएल संयुक्त उद्यम कंपनियों अर्थात जीएसपीएल इंडिया गैसनेट लिमिटेड (जीआईजीएल) और जीएसपीएल इंडिया ट्रांसको लिमिटेड (जीआईटीएल) के माध्यम से तीन अंतर–देशीय प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों (गेहसाणा से बठिंडा, बठिंडा से श्रीनगर और मल्लावरम से भीलवाड़ा) के विकास कार्य भी कर रही है।

दिसंबर 2022 तक 1,290 खुदरा व्यापार केन्द्रों पर सीएनजी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

**14.1.5.8. नगर गैस वितरण:**

नगर गैस वितरण (सीजीडी) में एचपीसीएल की उपस्थिति बढ़ाने के लिए एचपीसीएल हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, बिहार और झारखंड राज्यों में स्टैंडअलोन आधार पर 13 जीए में सीजीडी नेटवर्क स्थापित कर रहा है। एचपीसीएल अहमदाबाद में सीएनजी नेटवर्क का परिचालन भी स्टैंडअलोन आधार पर कर रही है।

इसके अतिरिक्त एचपीसीएल संयुक्त उद्यम कंपनी एचपीओआईएल गैस प्राइवेट लिमिटेड (एचओजीपीएल) के माध्यम से अंबाला–कुरुक्षेत्र (हरियाणा) और कोल्हापुर (महाराष्ट्र) जिलों के जीए में सीजीडी नेटवर्क स्थापित कर रही है।

एचपीसीएल संयुक्त उद्यम कंपनियों अर्थात अवंतिका गैस लिमिटेड (एजीएल), भाग्यनगर गैस लिमिटेड (बीजीएल) और गोदावरी गैस प्राइवेट लिमिटेड (जीजीपीएल) के माध्यम से आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और मध्य प्रदेश राज्यों में 8 भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) में नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क भी संचालित कर रहा है।

**14.1.5.9 अन्वेषण और उत्पादन:**

एचपीसीएल अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अर्थात प्राइज पेट्रोलियम कंपनी लिमिटेड (पीपीसीएल) के माध्यम से हाइड्रोकार्बन की अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी) करता है। एचपीसीएल के पास भारत के गुजरात में सीबी–ओएनएन–2002/3 नामक एक उत्पादक क्षेत्र में 15% भागीदारी हित (पीआई) है और एचपीसीएल ने अप्रैल से दिसंबर 2022 के दौरान इस ब्लॉक से 2,605 बैरल कच्चे तेल के उत्पादन में हिस्सेदारी प्राप्त की है।

पीपीसीएल की एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जिसका नाम प्राइज पेट्रोलियम इंटरनेशनल पीटीई लिमिटेड (पीपीआईपीएल) है, जिसे सिंगापुर में निगमित किया गया है। पीपीआईपीएल के ऑस्ट्रेलिया में दो ईएंडपी ब्लॉकों अर्थात टी/एल1 और टी/18पी में क्रमशः 11.25% और 9.75% भागीदारी हित हैं। अप्रैल–दिसम्बर, 22 के दौरान पीपीआईपीएल ने आस्ट्रेलिया के योला उत्पादन क्षेत्र (टी/एल1) से 83,358 बीओई (तेल समतुल्य बैरल) के उत्पादन का अपना हिस्सेदारी प्राप्त की है।

**14.1.5.10 वैकल्पिक ऊर्जा:**

**नवीकरणीय ऊर्जा**

एचपीसीएल मूल्य श्रृंखला में कार्बन संबंधी छाप और विद्युत की लागत को कम करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का लाभ उठा रहा है और पवन और सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमताओं का लगातार विस्तार कर रहा है।

दिसंबर 2022 तक एचपीसीएल की कुल सौर स्थापित विद्युत संयंत्र क्षमता लगभग 73.8 एमडब्ल्यूपी है। ये सौर संयंत्र देश भर में विस्तारित कंपनी के विभिन्न विपणन/प्रचालन स्थलों में संस्थापित किए गए हैं।

इसके अतिरिक्त, एचपीसीएल के पास महाराष्ट्र और राजस्थान में 100.90 मेगावाट पवन ऊर्जा संयंत्र भी है। ये पवन विद्युत परियोजनाएं राजस्थान की डिस्कॉम को और राजस्थान में मुद्रा–दिल्ली पाइपलाइन और एलपीजी स्थानों के लिए कैप्टिव स्थानों और महाराष्ट्र में मुंबई पुणे सोलापुर पाइपलाइन स्थान के लिए कैप्टिव स्थानों के लिए भी उत्पादित बिजली बेचती हैं। वित्त वर्ष 22–23 में इन पवन संयंत्रों से 15.675 करोड़ किलोवाट बिजली उत्पादन हुआ था।

**जैव ईंधन**

अप्रैल 22–दिसंबर 22 की अवधि के दौरान एचपीसीएल ने मोटर स्पिरिट (एमएस) में 92.76 करोड़ लीटर एथेनॉल मिश्रण करके 10.11% एथेनॉल मिश्रण प्राप्त किया।

परिवहन क्षेत्र में वैकल्पिक ईंधन में छाप रखने के लिए, एचपीसीएल संपीड़ित जैव गैस (सीबीजी) को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की एसएटीएटी (किफायती परिवहन हेतु संधारणीय विकल्प) पहल में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। एचपीसीएल सीबीजी संयंत्रों की स्थापना के लिए संभावित निवेशकों और उद्यमियों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित कर रहा है और खुदरा नेटवर्क के माध्यम से विपणन के लिए एचपीसीएल को सीबीजी की पेशकश कर रहा है। दिसंबर, 2022 तक एचपीसीएल ने 940 टीएमटीपीए की अनुमानित उत्पादन क्षमता वाले 474 सीबीजी संयंत्रों की स्थापना के लिए आशय पत्र (एलओआई) जारी किए और 17 टीपीडी (टन प्रति दिन) की कुल सीबीजी उत्पादन क्षमता वाले 4 सीबीजी संयंत्र शुरू किए गए हैं।

एचपीसीएल पंजाब के बठिंडा में बायोमास से 100 किलोलीटर प्रति दिन एथेनॉल उत्पादन क्षमता वाली दूसरी पीढ़ी की एथेनॉल बायो रिफाइनरी का निर्माण कर रहा है। एचपीसीएल उत्तर प्रदेश के बदायूं में 14 एमटी/दिन क्षमता वाली संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र भी स्थापित कर रहा है। संयंत्र से उत्पादित सीबीजी एचपीसीएल के खुदरा व्यावसाय केन्द्र के माध्यम से बेचा जाएगा। ये दोनों परियोजनाएं कार्यान्वयनाधीन हैं।

'ग्रामीण भारत–गोवर्धन में अपशिष्ट से ऊर्जा' के लिए भारत सरकार के परिदृश्य के अनुरूप, एचपीसीएल पाठमेडा, सांचोर राजस्थान में सीएसआर मार्ग के माध्यम से प्रतिदिन 1.5–2 मीट्रिक टन सीबीजी क्षमता वाली गोबर आधारित सीबीजी संयंत्र स्थापित कर रहा है।

**14.1.5.11 संधारणीय विकास:**

एचपीसीएल स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल तरीके से संसाधनों को विकसित करने का प्रयास करते हुए, लोगों और अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा करने के लिए ऊर्जा समाधानों का जिम्मेदार प्रदाता होने के लिए प्रतिबद्ध है। रिफाइनरियों और प्रमुख विपणन स्थानों को आईएसओ –14001 मानकों के आधार पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत 'पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली' के साथ कार्यान्वित किया गया है। संसाधन तीव्रता को कम करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए रिफाइनरियों और विपणन स्थानों को ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, बहिस्त्रावों के पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण, जीएचजी उत्सर्जन की निगरानी और शमन आदि के लिए संधारणीय पहलों के कार्यान्वयन जोर दे रही हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम, जागरूकता सत्र, संधारणीय प्रश्नोत्तरी, समाचार पत्र और तकनीकी बुलेटिन संधारणीयता पर जागरूकता बढ़ाने जैसी संधारणीय हेतु सभी क्षमता निर्माण पहलों के लिए निरंतर आधार पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

एचपीसीएल का मानना है कि आने वाला भविष्य बहु ऊर्जा और कम कार्बन का होगा। कंपनी 2070 तक कार्बन तटस्थ बनने के देश के लक्ष्य के अनुरूप कई डीकार्बोनाइजेशन पहल कर रही है। कंपनी ने 2040 तक निवल–शून्य क्षेत्र–1 और 2 उत्सर्जन प्राप्त करने के अपने लक्ष्य की घोषणा की है।

एचपीसीएल जीएचजी में कमी के लिए उन्नत जैव ईंधन, एच–सीएनजी, सीओ2 कैप्चर के लिए नवीन अधिशोषक जैसी प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करने के लिए अनुसंधान कर रहा है। कंपनी अपने अनुसंधान एवं विकास केंद्र में हाइड्रो प्रोसेसिंग पायलट संयंत्रों और बैच रिएक्टरों के संचालन के लिए हरित हाइड्रोजन का उपयोग कर रही है और रिफाइनरियों में हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए इलेक्ट्रोलाइजर स्थापित कर रही है।

रिफाइनरियों के परिचालन निष्पादन के लिए ऊर्जा दक्षता एक महत्वपूर्ण पहलू है जो कच्चे तेल को पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल उत्पादों में विभाजित करता है। एचपीसीएल अपनी रिफाइनरियों में ऊर्जा दक्षता के लिए फ्लेयर गैस पुनःप्राप्ति/समानांतर रिफॉर्मर, एचपीआरटी, वीडीयू का एकीकरण; हेलिकॉल/पैकिनॉक्स हीट एक्सचेंजर्स; वीडीयू में वैक्यूम पंप; मेम्ब्रेन एच2 पुनःप्राप्ति; ऑनलाइन हिट एक्सचेंजर क्लिनिंग; हाइड्रोकॉम क्षमता नियंत्रण जैसी प्रौद्योगिकियों को अपना रहा है।

पेट्रोलियम उत्पादों को न्यूनतम कार्बन छाप सहित सुरक्षित रूप से दूर के स्थानों तक पहुंचाने के लिए, उत्पाद पाइपलाइन नेटवर्क का लगातार विस्तार किया जा रहा है और साजोसामान योजना और नेटवर्क अनुकूलन हेतु तकनीकी समाधानों का लाभ उठाया जा रहा है। कंपनी एमएस, एचएसडी, एसकेओ, एलपीजी और एटीएफ के परिवहन के लिए 5,000 किलोमीटर से अधिक अंतर–देशीय पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन नेटवर्क का संचालन करती है। पाइपलाइन प्रचालनों में बेहतर उत्पादकता और सुरक्षा के लिए ओएफसी (ऑप्टिकल फाइबर केबल) पर आधारित पाइपलाइन अतिक्रमण पहचान प्रणाली (पीआईडीएस) का लाभ उठाया जा रहा है।

एचपीसीएल ने समग्र अवसंरचना की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए अपने टर्मिनलों, एलपीजी संयंत्रों और खुदरा बिक्री केन्द्रों का आधुनिकीकरण और स्वचालन भी शुरू कर दिया है। कंपनी ने 'स्मार्ट नॉब' प्रौद्योगिकी का मार्ग प्रशस्त किया है, जिसमें एक एलपीजी स्टोव है तथा जिसमें एम फेल उपकरण है, जो स्टोव नॉब के अनजाने में चालू हो जाने या खाना पकाने के दौरान ली बंद हो जाने की स्थिति में गैस रिसाव को रोकता है। इससे सुरक्षा में काफी सुधार होगा। कंपनी ने एलपीजी स्टोव के ऐसी रूपरेखा भी शुरू की हैं जो वर्तमान रुपरेखा के 68% थर्मल दक्षता की तुलना में 73% तक थर्मल दक्षता रखते है। एचपीसीएल प्लास्टिक पैकेजिंग के बजाय स्नेहक के विपणन के लिए पुनर्नवीनीकरण योग्य टिन पैकेजिंग का उपयोग कर रहा है और परिक्रामी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए ल्यूब तेलों में घटक के रूप में पुनः परिष्कृत तेलों का भी उपयोग कर रहा है।

गतिशील व्यापार परिदृश्यों में व्यावसायिक जरूरतों को पूरा करने के लिए उभरती हुई डिजिटल प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाया जा रहा है। प्रमुख पहलों में वीडियो विश्लेषिकी, डेटा और विश्लेषिकी आधारित मांग पूर्वानुमान समाधान, ग्राहक सहभागिता और अनुभव मंच, आभासी कर्मचारी सहभागिता कार्यान्वयनाधीन हैं।

एचपीसीएल वित्तपोषण, परामर्श और मार्गदर्शन के माध्यम से स्टार्टअप के जरिए पर्यावरणीय संधारणीयता को भी बढ़ावा दे रहा है। इसके अतिरिक्त इन स्टार्टअप्स को बड़े पैमाने पर शुरू करने से पहले परियोजनाओं की व्यवहार्यता और व्यावहारिक विचारों को समझने के लिए कंपनी के एसबीयू के माध्यम से इस क्षेत्र में काम करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है; इस दिशा में कुछ उदाहरण निम्नानुसार हैं:

1. सौर स्टोव नामक ठोस थर्मल भंडारण–आधारित समाधान, जिसका उद्देश्य गैस और इलेक्ट्रिक कुकटॉप की तुलना में बेहतर अनुभव और निष्पादन सहित घरेलू खाना पकाने के लिए सभी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करना है।
2. अधिशेष बायोमास के सुनिश्चित और दक्षतापूर्ण एकत्रीकरण और आपूर्ति के लिए कृषि आपूर्ति श्रृंखला का पुनर्निर्माण।
3. पत्तेदार स्ट्रॉ के रूप में प्लास्टिक स्ट्रॉ का विकल्प प्रदान करना जो गिरे हुए सूखे ताड़ के पत्तों से बने 100% जैविक, बायोडिग्रेडेबल पीने योग्य स्ट्रॉ हैं।
4. मकई के कोब, चावल की भूसी, डकवीड आदि जैसी कृषि बायोमास से 2 जी बायोएथेनॉल का विकास।

### 14.1.5.13. परियोजनाएं:

एचपीसीएल अपने संयुक्त उद्यमों के साथ रिफाइनरियों और विपणन अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण और विस्तार की दिशा में विभिन्न परियोजनाओं को निष्पादित कर रहा है।

#### पूरी की गई परियोजनाएं

एचपीसीएल बेंगलुरु में ग्रीन आर एंड डी केन्द्र (एचपीजीआरडीसी) ने अतिरिक्त भूमि के अधिग्रहण के साथ क्षमताओं का विस्तार किया और आर एंड डी क्षमताओं का लाभ उठाने के लिए 7 नई प्रयोगशालाओं को जोड़ा।

आपूर्ति के अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में, तीन अंतर–देशीय पाइपलाइन परियोजनाएं अर्थात विजयवाड़ा–धर्मपुरी पाइपलाइन, हसन–चेरलापल्ली एलपीजी पाइपलाइन और बाड़मेर पालनपुर पाइपलाइन पूरी हो चुकी हैं। इन दो अंतर–देशीय पाइपलाइनों को जोड़ने से, एचपीसीएल के पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन नेटवर्क में 1,563

किलोमीटर की वृद्धि होगी, जिससे उत्पाद पाइपलाइन नेटवर्क 5,348 किलोमीटर हो जाएगा। संवर्धित पाइपलाइन नेटवर्क एचपीसीएल साजोसामान क्षमता को और मजबूत करेगा और उत्पाद अभियान के अन्य तरीकों से जुड़े उच्च कार्बन छापों को कम करके पर्यावरण में सुधार करने में सकारात्मक योगदान देगा।

पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तमिलनाडु के धर्मपुरी में एक हरित क्षेत्र विपणन टर्मिनल (विजयवाड़ा–धर्मपुरी पाइपलाइन से जुड़ा) और उत्तराखंड के सितारगंज में एक पीओएल डिपो शुरू किया गया।

देश में एलपीजी की बढ़ती मांग को पूरा करने की दिशा में एचपीसीएल ने महाराष्ट्र राज्य के पातालगंगा में नए 180 टीएमटीपीए एलपीजी संयंत्र और झारखंड राज्य के बरही में 120 टीएमटीपीए एलपीजी संयंत्र को शुरू करते हुए अपने एलपीजी आपूर्ति अवसंरचना को मजबूत किया है।

जटनी, जबलपुर, मांगलिया, हजीरा, गांधीनगर, औरंगाबाद और मदुरै एलपीजी संयंत्रों में अतिरिक्त जुड़ा हुआ भंडारण पात्र (एमएसवी) के पूरा होने से एचपीसीएल की समग्र एलपीजी भंडारण क्षमता में 7,700 मीट्रिक टन की वृद्धि हुई है।

**सतत परियोजनाएं**

**रिफाइनरी से संबंधित परियोजनाएं**

रिफाइनिंग क्षमता को 83 एमएमटी से बढ़ाकर 150 एमएमटी करने के लिए विशाख रिफाइनरी आधुनिकीकरण परियोजना (वीआरएमपी) पूरा होने के अंतिम चरण में है। एक बार शुरू होने के बाद, अतिरिक्त क्षमता एचपीसीएल रिफाइनिंग और विपणन पोर्टफोलियो को और अधिक संरेखित करेगी। वीआरएमपी के अंश के रूप में अवशिष्ट उन्नयन सुविधाओं (आरयूएफ) का निष्पादन कार्य भी अच्छी तरह से प्रगति कर रहा है।

इसके अतिरिक्त, एचपीसीएल संयुक्त उद्यम कंपनी एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआरआरएल) के माध्यम से राजस्थान के बाड़मेर जिले में एक नया 9 एमएमटीपीए क्षमता वाली हरित क्षेत्र रिफाइनरी–सह पेट्रोरसायन परिसर स्थापित कर रहा है जो अच्छी तरह से प्रगति कर रहा है।

एचपीसीएल संयुक्त उद्यम कंपनी रत्नागिरी रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (आरआरपीसीएल) के माध्यम से महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में 60 एमएमटीपीए एकीकृत हरित क्षेत्र रिफाइनरी–सह पेट्रोरसायन कॉम्प्लेक्स की स्थापना भी कर रहा है।

**विपणन परियोजनाएं**

देश में पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ती मांग को लागत प्रभावी और पर्यावरण अनुकूल तरीके से पूरा करने के लिए एचपीसीएल ने कई पाइपलाइन परियोजनाएं शुरू की हैं। एचपीसीएल की प्रमुख सतत पाइपलाइन अवसंरचना परियोजनाओं में निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) बठिंडा संगरूर पाइपलाइन

(ii) हल्दिया पानागढ़ एलपीजी पाइपलाइन

देश में एलपीजी की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने और आयात क्षमताओं को बढ़ाने के लिए मंगलौर में 80 टीएमटी एलपीजी कैवर्न का निर्माण कार्य प्रगति पर है। सितारगंज (उत्तराखंड), आबू रोड (राजस्थान) और वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में नए एलपीजी संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं। रायपुर (छत्तीसगढ़), वाशी (महाराष्ट्र), इंदौर (मध्य प्रदेश), इलाथुर (केरल) में पीओएल डिपो/टर्मिनल का पुनरुद्धार/संवर्धन विपणन अवसंरचना को और सुदृढ़ बनाने के लिए कार्य प्रगति पर है।

**14.1.5.14. प्रमुख पुरस्कार और सम्मान:**

वर्ष 2022–23 के दौरान, एचपीसीएल को विभिन्न मंचों पर कई पुरस्कारों और सम्मानों से सम्मानित किया गया। वर्ष 2022–23 के दौरान एचपीसीएल द्वारा प्राप्त पुरस्कारों की सूची निम्नानुसार है:

1. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एंड एनजी) की ओर से हिंदी के क्षेत्र में असाधारण योगदान देने के लिए **'राजभाषा शील्ड प्रथम पुरस्कार'**।
2. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एंड एनजी) द्वारा स्थापित **'स्वच्छता पखवाड़ा 2022 पुरस्कार'**।
3. डन एंड ब्रैडस्ट्रीट पीएसयू और सरकारी शिखर सम्मेलन 2022 के दौरान डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन श्रेणी में **'पीएसयू अवार्ड्स 2022'**।
4. निम्नलिखित श्रेणियों में **सीआईआई डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन (डीएक्स) पुरस्कार 2022:**

क. **'डिजिटाइज़ मैक्सिमाइज़' डिजिटल ऑल अलॉन्ग** में सर्वश्रेष्ठ अभिनव कार्यप्रणाली

ख. **'एआई/एमएल आधारित मांग पूर्वानुमान समाधानों'** में सर्वश्रेष्ठ कार्यप्रणाली

5. **सार्वजनिक 'खरीद नीति पर सीपीएसई सम्मेलन में तीन प्रतिष्ठित पुरस्कार'**

क. वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान एससी–एसटी एमएसई से महारत्न सीपीएसई के बीच खरीद मूल्य के संदर्भ में अधिकतम खरीद।

ख. वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान एससी–एसटी एमएसई से महारत्न सीपीएसई के बीच कुल खरीद के प्रतिशत के संदर्भ में अधिकतम खरीद।

ग. वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान महिला उद्यमियों से महारत्न सीपीएसई के बीच खरीद मूल्य के संदर्भ में अधिकतम खरीद।

6. **एचपी ग्रीन आर एंड डी केन्द्र ने आईईएसए द्वारा स्थापित प्रतिष्ठित नवाचार पुरस्कार जीता।**

7. **ज़ी डिजिटल की ओर से एचपी स्नेहक्स को 'ज़ी नेशनल अवीवर्स पुरस्कार'।**

8. **एचपीविट्रान ऐप की 'नवोन्मेष उत्पाद और सेवा पुरस्कार' श्रेणी में एचपी गैस को गोल्डन पीकॉक अवार्ड 2022।**

9. निम्नलिखित के लिए भारतीय जन संपर्क संस्था से **'पीआरएसआई राष्ट्रीय पुरस्कार 2022'**। (i) सीएसआर संचार अभियान, (ii) आंतरिक संचार अभियान, (iii) वार्षिक रिपोर्ट, (iv) गृह पत्रिका (अंग्रेजी), (v) गृह पत्रिका (हिन्दी), (vi) संधारणीयता रिपोर्ट।

10. एएसएएसओसीएचएएम के अपने 14 वें अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन सम्मेलन में "सर्वश्रेष्ठ विमानन ईंधन प्रदाता" पुरस्कार।

## 14.2. नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम

### 14.2.1. ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल)

#### 14.2.1.1. प्रस्तावना

ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल), भारत सरकार का एक उद्यम है और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक कार्यढांचे के अंतर्गत एक नवरत्न कंपनी है जो देश और विदेशों दोनों में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के अन्वेषण, उत्पादन और परिवहन से संबंधित व्यवसाय में कार्य कर रही है। ओआईएल की अधिकृत पूंजी ₹ 2,000 करोड़ और प्रदत्त पूंजी ₹ 1,084.41 करोड़ है। दिनांक 31.12.2022 तक की स्थिति के अनुसार, भारत सरकार की शेयरधारिता ओआईएल की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी का 56.66% है।

#### 14.2.1.2 घरेलू पोर्टफोलियो:

कंपनी का घरेलू प्रचालन असम, अरुणाचल प्रदेश और राजस्थान राज्यों में तटवर्ती पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस (पीईएल) और पेट्रोलियम खनन लीज (पीएमएल) के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में विस्तारित है। ओआईएल के घरेलू क्षेत्रफल में 2 (दो) पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस (पीईएल) शामिल है जो नामांकन के आधार पर लगभग 136.75 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को शामिल करते हैं और 25 (पच्चीस) पेट्रोलियम खनन लीज (पीएमएल) शामिल हैं जो असम (21 नग), अरुणाचल प्रदेश (2 नग) और राजस्थान (2 नग) में स्थित लगभग 4,810 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैले हुए हैं।

कंपनी के पास एनईएलपी के अंतर्गत प्रचालक के रूप में 3,909 वर्ग किमी के क्षेत्र सहित 4 (चार) तटवर्ती ब्लॉक क्षेत्रफल हैं जो असम, मिज़ोरम और आंध्र प्रदेश/पुडुचेरी राज्यों में स्थित है। ओआईएल के पास गुजरात–कच्छ (ऊपरी अपतटीय), पश्चिम बंगाल (तटवर्ती) में 5,301 वर्ग किलोमीटर की गैर–प्रचालक के रूप में एनईएलपी के अंतर्गत 2 (दो) ब्लॉक हैं। ओआईएल के पास गैर–प्रचालक के रूप में अर्थात खरसांग पीएससी (पीआई –40%) और ब्लॉक एएपी–ओएन–94/1 (डिरोक–पीआई–44.086%) पूर्व–एनईएलपी संयुक्त उद्यमों के अंतर्गत असम और अरुणाचल प्रदेश में 85.88 वर्ग किमी की 2 (दो) ब्लॉक हैं। कंपनी के पास डीएसएफ–I बोली दौर के अंतर्गत प्रदान किए गए एए/ओएनडीएसएफ/खेरेम/2016 में गैर–प्रचालन भागीदारी हित (40%) भी है।

कंपनी के पास प्रचालक के रूप में ओएएलपी–I से VII बोली दौर क्षेत्रफल भी है, जिसमें असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, नागालैंड, ओडिशा, राजस्थान राज्यों और अंडमान और केरल–कॉकण के ऊपरी अपतटीय भागों में 53,859 वर्ग किमी के विस्तार क्षेत्र सहित 29 (उनतीस) ब्लॉक शामिल हैं। ओआईएल को प्रचालक के रूप में 3 (तीन) ब्लॉक प्रदान किया गया है, जिसमें डीएसएफ दौर–II के माध्यम से त्रिपुरा तटवर्ती क्षेत्र में 01 और कृष्णा–गोदावरी अपतटीय में 01 और डीएसएफ दौर–III के माध्यम से राजस्थान में 01 है जो 208 वर्ग किमी. क्षेत्रफल में फैला हुआ है ।

#### 14.2.1.3. अन्वेषण संबंधी कार्यकलाप:

ओआईएल असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, ओडिशा और राजस्थान के तटवर्ती क्षेत्रों में 28 (अट्ठाईस) ओएएलपी ब्लॉकों में तथा अंडमान और केरल–कॉकण घाटियों में ऊपरी अपतटीय क्षेत्रों में अन्वेषण कार्यकलापों में कार्यरत है। यह त्रिपुरा और राजस्थान तटवर्ती और केजी अपतटीय के 3 (तीन)

डीएसएफ ब्लॉकों में भी काम कर रहा है। इसके अतिरिक्त, ओआईएल को डीजीएच के राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम (एनएसपी) अभियान के अंतर्गत 2 डी भूकंपीय डेटा के अधिग्रहण, प्रसंस्करण और निर्वचन (एपीआई) के लिए 6,032 एलकेएम (भूकंपीय आंकड़ों का 5,162 एलकेएम और हवाई भूभौतिकीय सर्वेक्षण (एजीएस) का 870 एलकेएम) का संशोधित आवंटन प्रदान किया गया था। ओआईएल ने मई 2022 तक 5,245.80 एलकेएम (5,162 एलकेएम के संशोधित लक्ष्य का 101.62%) का भूकंपीय एपीआई पूरा किया। 2डी भूकंपीय एपीआई लक्ष्यों और उपलब्धियों का क्षेत्र–वार/राज्य–वार ब्यौरा नीचे सारणीबद्ध किया गया है।

| क्षेत्रफल/क्षेत्र | क्षेत्र का नाम | एलकेएम में संशोधित लक्ष्य | एलकेएम में उपलब्धि |
|---|---|---|---|
| क्षेत्र-1, क्षेत्रक-I | असम-अरुणाचल प्रदेश | 2,414 | 2,416.20 |
| क्षेत्र-1, क्षेत्रक-II | असम-अरुणाचल प्रदेश | 738 | 743.70 |
| क्षेत्र-2, क्षेत्रक-IV | मिजोरम-त्रिपुरा | 0 | 1,143.48 |
| क्षेत्र-2, क्षेत्रक-II | मणिपुर* | 885 | 4.74 |
| क्षेत्र-2, क्षेत्रक-III | एनसी पहाड़ी | 1,125 | 937.68 |
| **कुल** | | **5,162** | **5,245.80** |

*मणिपुर द्वारा निर्धारित लक्ष्य एजीजी और जीएम सर्वेक्षण द्वारा प्राप्त किया जाएगा।

**14.2.1.4. भौतिक निष्पादन**

| मापदंड | इकाई | 2021-22 (वास्तविक) | 2022-23 | |
|---|---|---|---|---|
| | | | लक्ष्य (ब.अ.) | वास्तविक (दिसम्बर, 22 तक) |
| **भूकंपीय सर्वेक्षण** | | | | |
| 2डी | जीएलकेएम | 2,105.21 | 1,389 | 1047.44 |
| 3डी | एसक्यूकेएम | 1,097.59 | 680.13 | 525.37 |
| **ड्रिलिंग** | | | | |
| अनुसंधानमूलक | '000मी. | 50,253 | 1,16,923 | 43,234 |
| | कूपों | 7 | 35 | 13 |
| विकास | '000मी. | 94,452 | 1,08,019 | 63,301 |
| | कूपों | 31 | 38 | 19 |
| कुल (व्यय+अंतर) | '000मी. | 1,44,705 | 2,24,942 | 106,535 |
| | कूपों | 38 | 73 | 32 |
| **कच्चे तेल का उत्पादन*** | | | | |
| असम | एमएमटी | 2.957 | 3.498 | 2.333 |
| अरुणाचल प्रदेश | | 0.021 | 0.061 | 0.016 |
| राजस्थान (भारी तेल) | | 0.009 | 0.012 | 0.011 |
| **कुल** | | **2.987** | **3.571** | **2.360** |
| **प्राकृतिक गैस उत्पादन*** | | | | |
| असम | एमएमएससीएम | 2620 | 3388 | 2,120.33 |
| अरुणाचल प्रदेश | | 53 | 90 | 37.261 |
| राजस्थान | | 219 | 240 | 137.056 |
| **कुल** | | **2893** | **3718** | **2,294.644** |
| **एलपीजी उत्पादन** | '000टी | **30.487** | **30.000** | **23.631** |

*जे वी शेयर को छोड़कर

**14.2.1.5. दिनांक 01.04.2022 तक की स्थिति के अनुसार आरक्षित स्थिति (2पी):**

अन्वेषण और विकास कार्यकलापों के परिणामस्वरूप, दिनांक 01.04.2022 तक की स्थिति के अनुसार ओआईएल ने घरेलू क्षेत्र में 806.67 एमएमटी (तेल) और 407.26 बीसीएम (गैस) (1161.82 एमएमटीओई ओ + ओईजी) की 2 पी / बीई की स्थापना की है। कंपनी का 2पी / बीई शेष उत्पादन योग्य तेल और गैस की मात्रा क्रमशः 70.86 एमएमटी और 138.31 बीसीएम (191.31 एमएमटीओई ओ + ओईजी) है।

**14.2.1.6. कच्चे तेल का परिवहनः**

ओआईएल कुल 1,243 किलोमीटर के कच्चे तेल के पाइपलाइन नेटवर्क का संचालन करता है जो असम, पश्चिम बंगाल और बिहार राज्यों से होकर गुजरता है। ओआईएल की कच्चे तेल की पाइपलाइन की क्षमता 6.0 एमएमटीपीए है। पाइपलाइन का उपयोग असम और अरुणाचल प्रदेश में उत्पादित तेल के कच्चे तेल को असम के रिफाइनरियों में ले जाने के लिए किया जाता है। यह पाइपलाइन ओएनजीसी द्वारा उत्पादित कच्चे तेल का परिवहन भी करती है। बरौनी बोंगाईगांव खंड वाला पाइपलाइन आईओसीएल के आयातित कच्चे तेल को बरौनी से आईओसी बोंगाईगांव रिफाइनरी तक पहुंचाता है। वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान पाइपलाइन का कुल प्रवाह क्षमता 6.02 एमएमटी और वर्तमान वित्त वर्ष 2021–22 में 6.184 एमएमटी और वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान 31 दिसंबर 2022 तक 5.05 एमएमटी थी।

ओआईएल नुमालीगढ़ रिफाइनरी (एनआरएल) से पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी टर्मिनल तक कुल 1.72 एमएमटीपीए उत्पादों के खाली करने के लिए 654.3 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन भी संचालित करती है। वित्त वर्ष 2020–21 में ओआईएल ने नुमालीगढ़–सिलीगुड़ी उत्पाद पाइपलाइन (एनएसपीएल) के माध्यम से 1.699 एमएमटी और वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान 1.516 एमएमटी और वर्तमान वित्त वर्ष 2022–23 (दिसंबर, 2022 तक) के दौरान 1.112 एमएमटी परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का परिवहन किया। असम में उत्पादित प्राकृतिक गैस विभिन्न ग्राहकों अर्थात् बीवीएफसीएल, बीसीपीएल, एजीसीएल, एपीजीसीएल, नीपको, आईओसी (एओडी), और एपीएल और आसपास के चाय बागानों को बेची जाती है। मार्च, 2011 से ओआईएल नुमालीगढ़ रिफाइनरी को गैस की आपूर्ति कर रही है। राजस्थान में ओआईएल द्वारा उत्पादित गैर संबद्ध गैस राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) को बेची जाती है। ओआईएल दुलियाजान, असम के अपने संयंत्र में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) का भी उत्पादन करती है।

**14.2.1.7. नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियोः**

ओआईएल ने अपने कार्यनीतिक अभिप्राय के अंश के रूप में, पिछले कुछ वर्षों में नवीकरणीय (वैकल्पिक) ऊर्जा डोमेन में, विशेष रूप से पवन और सौर खंडों में विविधता लाई है और 188.10 मेगावाट की वाणिज्यिक प्रकृति नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) परियोजनाओं की स्थापना की है जिसमें 174.10 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजनाएं और 14 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजनाएं शामिल हैं।

जबकि प्रचालित पवन ऊर्जा विद्युत परियोजनाएं राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात राज्यों में फैली हुई हैं, प्रचालित सौर ऊर्जा विद्युत परियोजनाएं राजस्थान और असम में स्थापित की गई हैं।

**14.2.1.8. विविधताः**

ओआईएल ने मुख्य रूप से अनुप्रवाह कारोबार में हिस्सेदारी प्राप्त करके अपने पोर्टफोलियो का चयनात्मक विविधीकरण किया है। ओआईएल की नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड में 69.63% हिस्सेदारी, ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलीमर लिमिटेड में 10% हिस्सेदारी और डीएनपीएल (दुलियाजान नुमालीगढ़ पाइपलाइन लिमिटेड) में 23% हिस्सेदारी है। ओआईएल ने असम पेट्रोकेमिकल लिमिटेड की 500 टीपीडी मेथनॉल और 200 टीपीडी फॉर्मलाडेहाइड परियोजना में 49% इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण प्राप्त किया है।

ओआईएल ने मैसर्स एचपीसीएल के साथ सहायता संघ में नगर गैस वितरण (सीजीडी) के क्षेत्र में भी कदम रखा है। सीजीडी बोली के 8 वें दौर के अंतर्गत प्रस्तुत निविदाओं के आधार पर पीएनजीआरबी ने अंबाला–कुरुक्षेत्र और कोल्हापुर के भौगोलिक क्षेत्र में सीजीडी नेटवर्क के विकास के लिए एचपीसीएल और ओआईएल के सहायता संघ को प्राधिकरण के लिए पत्र जारी किया है। एक संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी), नामत एचपीआईएल गैस प्राइवेट लिमिटेड (एचओजीपीएल) को निगमत किया गया है और दोनों जीए में क्षेत्र निष्पादन कार्य प्रगति पर है। जेवीसी ने प्रत्येक जीए में 10 नग सीएनजी केन्द्र शुरू किया है। अंबाला–कुरुक्षेत्र जीए में 483 इंच–किमी और कोल्हापुर जीए में 431 इंच–किमी की स्टील पाइपलाइन पूरी हो गई है।

अंबाला–कुरुक्षेत्र जीए और कोल्हापुर जीए में प्रदान किए गए डीपीएनजी कनेक्शन संख्या क्रमशः 1,227 और 128 है।

असम गैस कंपनी लिमिटेड (एजीसीएल), ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) और गेल गैस लिमिटेड (गेल गैस) के सहायता संघ ने सीजीडी बोली के 9 वें दौर के अंतर्गत कामरूप और कामरूप मेट्रोपॉलिटन जिलों जीए और कछार, हैलाकांडी और करीमगंज जिलों में सीजीडी नेटवर्क के विकास के लिए बोली जीती है। एजीसीएल, ओआईएल और गेल गैस के भागीदारी हित क्रमशः 48%:26%:26% हैं। पीएनजीआरबी से प्राधिकरण प्रदान करने के लिए पत्र सितंबर, 2018 में प्राप्त हुआ। जुलाई, 2019 में संयुक्त उद्यम करार पर हस्ताक्षर किए गए। पूर्व भारती गैस प्राइवेट लिमिटेड (पीबीजीपीएल) नामक एक संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी) को निगमित किया गया है और दोनों जीए में क्षेत्र निष्पादन कार्य पहले ही शुरू कर दिया गया है। कछार जीए में 290 घरों को डीपीएनजी कनेक्शन पहले ही प्रदान किए जा चुके हैं।

### 14.2.1.9. विदेशी पोर्टफोलियो:

दिनांक 31 मार्च 2022 तक की स्थिति के अनुसार कंपनी का विदेशी ईएंडपी पोर्टफोलियो रूस, वेनेजुएला, मोजाम्बिक, नाइजीरिया, बांग्लादेश, लीबिया और गैबॉन को शामिल करने वाले 07 देशों में फैला हुआ है। पोर्टफोलियो में रूस (3) और वेनेजुएला (1) में फैली 4 (चार) उत्पादन परिसम्पत्तियां, मोजाम्बिक और नाइजीरिया में 2 (दो) खोजी और विकासात्मक परिसम्पत्तियां और लीबिया, गैबॉन और बांग्लादेश (2) में 4 (चार) अनुसंधानमूलक परिसम्पत्ति शामिल हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में शेल तेल और गैस परिसम्पत्ति को वर्ष 2021–22 के दौरान बेच दिया गया है।

कंपनी के मुख्य उत्पाद में एलपीजी, मोटर स्पिरिट, सुपीरियर केरोसिन, एविएशन टर्बाइन फ्यूल, हाई स्पीड डीजल, नेफ्था, बिटुमेन, ल्यूब बेस स्टॉक, पैराफिन वैक्स, फ्यूल ऑयल, हेक्सेन, पेट्रोरसायन फीड स्टॉक और पेट्रोलियम कोक शामिल हैं। सीपीसीएल लिनीयर एल्काइल बेंजीन के निर्माण के लिए अनुप्रवाह इकाई को लिनीयर एल्किल बेंजीन फीडस्टॉक (एलएबीएफएस) की आपूर्ति भी करता है।

नागपट्टिनम में स्थित सीपीसीएल की दूसरी रिफाइनरी को सन 1993 में शुरू किया गया था। यह कावेरी बेसिन रिफाइनरी (सीबीआर) पास के ओएनजीसी क्षेत्रों, रावा कच्चे तेल और केजी–डी 6 कच्चे तेल से कच्चे तेल का प्रसंस्करण करने वाली एक छोटी स्त्रोत रिफाइनरी थी। सीबीआर को मौजूदा समाकृति के उत्पाद विनिर्देशों को पूरा न कर पाने के कारण दिनांक 01.04.2019 से बंद कर दिया गया है। पेट्रोरसायन सुविधा के साथ–साथ 9.0 एमएमटीपीए क्षमता की एक नई रिफाइनरी का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

**2. शेयरधारिता पैटर्न:**

| दिनांक 31.12.2022 तक की स्थिति के अनुसार सीपीसीएल की शेयरधारिता पैटर्न | |
|---|---|
| **विवरण** | **शेयर की %** |
| इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लि. | 51.89 |
| नेपतीरन इंटर–ट्रेड निगम लि. | 15.40 |
| सार्वजनिक (कर्मचारी सहित) | 22.02 |
| एनबीएफसी | 0.00 |
| निकाय निगम | 0.91 |
| बैंक | 0.00 |
| म्युचुअल फंड और यूटीआई | 1.28 |
| विदेशी संस्थानिक निवेशक | 0.00 |
| पात्र संस्थानिक क्रेता | 1.90 |
| वैकल्पिक निवेश निधि | 0.07 |
| आईईपीएफ | 0.34 |
| अनिवासी भारतीय / ओसीबी / विदेशी पोर्टफोलिओ–निगम / अनिवासी भारतीय (अप्रत्यावर्तनीय) / विदेशी नागरिक | 6.19 |
| **कुल** | **100** |

**3. दिनांक 31 दिसंबर, 2022 तक इस मंत्रालय के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/संगठनों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, पीडब्ल्यूबीडी से संबंधित बैकलॉग रिक्तियों का विवरण**

| सीपीसीएल | समूह क | | | | समूह ख | | | | समूह ग | | | | समूह घ | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अजा | अजजा | अपिव | दिव्यांग जन | अजा | अजजा | अपिव | दिव्यांग जन | अजा | अजजा | अपिव | दिव्यांग जन | अजा | अजजा | अपिव | दिव्यांग जन |
| | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | 1$ | शून्य | शून्य | 1 | शून्य | 2 | 6 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

$ - दिव्यांगजन के लिए भी आरक्षित (भर्ती पूरी की गई है, अभ्यर्थी के शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है)

**4. महिला कर्मचारी:**

दिनांक 31 दिसंबर, 2022 तक की स्थिति के अनुसार सीपीसीएल में महिला कर्मचारियों की कुल संख्या की तुलना में कर्मचारियों की कुल संख्या नीचे दी गई है:

| कर्मचारियों की कुल संख्या | महिला कर्मचारियों की कुल संख्या |
|---|---|
| 1,455 | 76 |

**5. निष्पादित आंकड़े**

**i) भौतिक निष्पादन**

कंपनी ने वर्ष 2021–22 में 9,040 टीएमटी (हजार मीट्रिक टन) कच्चे तेल का प्रसंस्करण किया था और अप्रैल से दिसंबर, 2022 की अवधि में 8,364 टीएमटी कच्चे तेल का प्रसंस्करण किया था।

सीपीसीएल ने वर्ष 2022–23 (दिसंबर, 2022 तक) में 75.93% का कुल आसवन प्राप्त किया है।

सीपीसीएल ने वर्ष 2022–23 (दिसंबर, 2022 तक) में 75.93% का कुल आसवन प्राप्त किया है।

| मापदंड | 2021–22 वास्तविक | 2022–23 (दिसम्बर 22 तक) |
|---|---|---|
| कच्चे तेल की प्रवाह क्षमता (एमएमटी) | 9.040 | 8.364 |
| आवसन उपज (%) | 74.93 | 75.93 |

**ii) वित्तीय निष्पादन**

वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, सीपीसीएल ने वर्तमान वित्त वर्ष 2022–23 में 60,402 करोड़ रुपये का कारोबार किया, दिसंबर 2022 तक का कारोबार 69,464 करोड़ रुपये है। वित्तीय निष्पादन का विवरण निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

| मापदंड | 2021-22 वास्तविक | 2022-23 (दिसम्बर 22 तक) |
|---|---|---|
| कारोबार | 60,402 | 69,464 |
| कर पूर्व लाभ | 1,832 | 3,421 |
| कर पश्चात लाभ | 1,342 | 2,530 |

**iii) परियोजनाएं**

**क. पूरी की गई प्रमुख परियोजनाएं**

**क) आरएलएनजी परियोजना:**

इस परियोजना का उद्देश्य एचजीयू में फीड (नेफ्था के स्थान पर) के रूप में आरएलएनजी का हाइड्रोजन रिफॉर्मर, जीटी, यूटिलिटी बॉयलर और प्रसंस्करण तापक में ईंधन के रूप में उपयोग करना है।

- हाइड्रोजन उत्पादन इकाई–एचजीयू–214 में आरएलएनजी रूपांतरण मार्च 2019 में पूरा हुआ।
- हाइड्रोजन उत्पादन इकाई–एचजीयू–205 में आरएलएनजी रूपांतरण अक्टूबर 2021 में पूरा हुआ।
- अगस्त 2021 तक सभी पांच जीटी और छह बॉयलरों में से पांच आरएलएनजी रूपांतरण को प्रगामी रूप से पूरा कर लिया गया है।
- यूटिलिटी बॉयलर–बॉयलर–5 में आरएलएनजी रूपांतरण जनवरी 2022 में पूरा किया गया।

आरएलएनजी परियोजनाओं की स्वीकृत लागत ₹ 421 करोड़ है। अनुमानित परियोजना लागत के संबंध में दिसंबर 2021 तक वित्तीय प्रगति ₹ 315 करोड़ था जो लगभग 95% है।

**ख. कार्यान्वयनाधीन प्रमुख परियोजनाएं**

**क) सीबीआर में रिफाइनरी का विस्तार:**

चेन्नई पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल) भारतीय तेल के साथ मिलकर ₹ 31,580 करोड़ की अनुमानित लागत से नागपट्टिनम में 90 एमएमटीपीए कावेरी बेसिन रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स प्रोजेक्ट (सीबीआरपीएल) कार्यान्वित कर रहा है। यह परियोजना सीपीसीएल और आईओसीएल के साथ संयुक्त उद्यम (जेवी) मोड में शुरू की जाएगी, जिसमें प्रत्येक का इक्विटी हिस्सेदारी 25% होगा और शेष 50% कार्यनीतिक / वित्तीय भागीदारों द्वारा होगा।

इस रिफाइनरी में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल और बीएस–VI के विनिर्देशों को पूरा करने के लिए एटीएफ और पॉलीप्रोपाइलीन का मूल्य वर्धित उत्पाद के रूप में उत्पादन किया जाएगा। यह परियोजना देश के आत्मनिर्भर भारत के परिदृश्य के अनुरूप इंडमैक्स, ऑक्टामैक्स आदि जैसी कई स्वदेशी तकनीकों का उपयोग करती है।

परियोजना की आधारशिला माननीय प्रधान मंत्री द्वारा दिनांक 17–फरवरी–2021 को रखी गई थी। यह परियोजना न केवल भारत की ऊर्जा सुरक्षा में वृद्धि करेगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी सृजन करेगी (परियोजना निर्माण चरण के दौरान 25,000 लोगों सहित प्रतिदिन12,000 कार्यबल और 600 प्रत्यक्ष रोजगार और परियोजना के संचालन चरण के दौरान 2,000 अप्रत्यक्ष रोजगार) और क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी।

अभियांत्रिकी, खरीद, निर्माण और प्रबंधन (ईपीसीएम) सलाहकारों (इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड, मैकडरमॉट और टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स) को तैयार किया गया है और विस्तृत अभियांत्रिकी, निविदा और खरीद संबंधी कार्यकलाप प्रगति पर हैं। मौजूदा रिफाइनरी का निराकरण कार्य पूरा कर लिया गया है और स्थल ग्रेडिंग, निर्माण विद्युत और निर्माण जल कार्यों जैसे कार्य जमीनी स्तर पर गति पकड़ रहे हैं। टाउनशिप बनाने के लिए वास्तुकला संबंधी कार्य भी प्रगति पर है।

वर्तमान में, सभी प्रमुख उपस्करों, कार्य संविदाओं (एलएसटीके और बीओओ सहित), पैकेजों के लिए

अन्वेषण जारी है और ये निविदा, मूल्यांकन और अधिनिर्णय के विभिन्न चरणों में हैं। परियोजना के लिए टीएन–सरकार द्वारा अतिरिक्त भूमि का अधिग्रहण उन्नत चरण में है। भूमि अधिग्रहण पूरा होने के बाद परियोजना को वर्ष 2026 के मध्य तक पूरा किया जाना है।

संयुक्त उद्यम कंपनी के निगमन का प्रमाण पत्र दिनांक 06 जनवरी 23 को कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय से प्राप्त हुआ था और संयुक्त उद्यम की पहली बोर्ड बैठक दिनांक 16 जनवरी 23 को आयोजित की गई थी।

**ग) भावी परियोजनाएं**

सीपीसीएल बेहतर एलओबीएस उत्पादन के लिए समूह–2 ल्यूब ऑयल बेस स्टॉक के उत्पादन के लिए परियोजना लागू करने की योजना बना रही है। सीपीसीएल/आईओसीएल बोर्डों से प्रथम चरण का अनुमोदन प्राप्त हो गया है और बीडीईपी तैयारी जैसी परियोजना–पूर्व कार्यकलाप संबंधी कार्य प्रगति पर हैं।

**6. कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व और संधारणीय विकास:**

**1. स्वास्थ्य देखभाल**

क) **सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र:** एक बाह्य एजेंसी अर्थात मेसर्स वॉकहार्ट फाउंडेशन के माध्यम से रिफाइनरी के आसपास की जनता को आंख, दंत चिकित्सा, फिजियोथेरेपी और हेमेटोलॉजी विश्लेषण से संबंधित मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए सीपीसीएल द्वारा मनाली और चेन्नई में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन और अनुरक्षण किया जा रहा है।

ख) **मोबाइल चिकित्सा इकाई (एमएमयू):** एक बाह्य एजेंसी अर्थात मैसर्स हेल्पेज इंडिया के माध्यम से मनाली और तमिलनाडु के रामनाथपुरम (आकांक्षी जिले) के लगभग 10 गांवों में और उसके आसपास सामान्य स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए सीपीसीएल द्वारा मोबाइल चिकित्सा इकाई (एमएमयू) का संचालन किया जा रहा है।

**2. कोविड वैश्विक महामारी के दौरान सहायता**

क) ₹ 500.19 लाख की लागत से केरल और कर्नाटक में पीएसए ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित किया गया।

ख) सीपीसीएल ऑक्सीजन संयंत्र से चिकित्सा ऑक्सीजन की निरंतर आपूर्ति सहित मनाली रिफाइनरी परिसर में अनुसंधान एवं विकास केंद्र में 60 बिस्तरों की सुविधा के साथ मेक शिफ्ट कोविड देखभाल केंद्र की स्थापना की गई।

**3. स्वच्छ भारत**

क) सरकारी अस्पतालों, सरकारी संस्थानों, महाविद्यालयों आदि में सार्वजनिक उपयोगिताओं का निर्माण किया गया।

ख) सर्व शिक्षा विभाग के माध्यम से विद्यालयों में शौचालयों का निर्माण किया गया।

ग) गांवों में पेयजल की व्यवस्था की गई।

**4. शिक्षा और कौशल विकास**

क) मनाली रिफाइनरी के आसपास के गरीबों और जरूरतमंदों के लाभ के लिए शिक्षा न्यास की स्थापना और उसका संचालन।

ख) युवाओं के ग्राफिक कौशल विकास हेतु जरूरतमंद लड़कियों/महिलाओं के लिए दर्जी से संबंधित कौशल और दृष्टि दिव्यांगों के लिए कंप्यूटर कौशल में योगदान दिया।

## 14.3.3. मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल)

**14.3.3.1. कंपनी का संक्षिप्त विवरण:**

मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) श्रेणी–1 मिनीरत्न, "अनुसूची–क" सीपीएसई है और यह तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) की एक सहायक कंपनी है।

रिफाइनरी में 24 से 46 एपीआई गुरुत्वाकर्षण सहित कच्चे तेल को संसाधित करने की उच्च लचीलेपन सहित बहुमुखी प्रतिभा है और इसमें उच्च स्तर की स्वचालन प्रक्रिया है। एमआरपीएल भारत की एकमात्र रिफाइनरी है जिसमें प्रीमियम डीजल (हाई सेटेन) का उत्पादन करने वाले 2 हाइड्रोक्रैकर हैं और हाई ऑक्टेन के अनलेडेड पेट्रोल का उत्पादन करने वाले 2 सीसीआर हैं।

रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 15 एमएमटीपीए है। एमआरपीएल ने पिछले वर्ष 2020–21 के दौरान 11.47 एमएमटी कच्चे तेल की प्रवाह क्षमता की तुलना में वर्ष 2021–22 के दौरान 14.87 एमएमटी की अब तक की सबसे अधिक कच्चे तेल की प्रवाह क्षमता प्राप्त किया है, जिसमें 29.64% की वृद्धि दर्ज की गई है। एमआरपीएल पे वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान ₹ 761.17 करोड़ की हानि की तुलना में वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान ₹ 2,955.27 करोड़ का कर पश्चात लाभ (पीएटी) प्राप्त किया है।

एमआरपीएल कर्नाटक और आसपास के राज्यों में पेट्रोलियम उत्पादों बाजार के प्रत्यक्ष बिक्री खंड का प्रमुख हिस्सा है। एमआरपीएल बिटुमेन, ईंधन तेल, डीजल, सल्फर, पेटकोक, जाइलोल (जाइलीन) आदि जैसी प्रत्यक्ष बिक्री उत्पादों के अपने विपणन क्षेत्र में अग्रणी बना हुआ है। एमआरपीएल ने अपने नेटवर्क को विकसित करने के दौरान नए रेलवे

उपभोक्ता डिपो को सीधे डीजल की आपूर्ति करना शुरू कर दिया है। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान सभी उत्पादों की कुल घरेलू बिक्री मात्रा ₹ 11,033 करोड़ के बिक्री मूल्य सहित 1,988 टीएमटी रही है, जो पिछले वर्ष की बिक्री मूल्य ₹ 7,207 करोड़ से लगभग 53.08% अधिक है।

एमआरपीएल नए और विशिष्ट ग्रेड की पेशकश करते हुए पॉलीप्रोपाइलीन की अपनी बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि करना जारी रखा है। जुलाई, 2021 के दौरान 43,111 टीएमटी उत्पादन की तुलना में अक्टूबर, 2021 के महीने में 43,267 टीएमटी का उच्चतम पीपी उत्पादन प्राप्त किया गया। 440 टीएमटी की विनिर्दिष्ट क्षमता की तुलना में वित्त वर्ष 2021–22 में 460 टीएमटी का अब तक का सर्वोत्तम पॉलीप्रोपाइलीन उत्पादन प्राप्त किया गया।

एमआरपीएल ने 828 टीएमटी की बिक्री मात्रा सहित लगातार आधार पर पेटकोक के अपने संपूर्ण उत्पादन का सफलतापूर्वक विपणन किया है। कंपनी ने अपने विपणन क्षेत्र में लगभग 191 टीएमटी सल्फर की बिक्री की है और अधिशेष सल्फर को बड़े आकार के पार्सल के रूप में निर्यात किया जा रहा है।

एमआरपीएल लगातार कर्नाटक और केरल राज्यों में अपने खुदरा बिक्री केन्द्रों के विस्तार पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और अब तक सफलतापूर्वक 32 खुदरा बिक्री केन्द्र शुरू कर चुका है और अन्य 20 खुदरा बिक्री केन्द्र के निर्माण कार्य प्रक्रियाधान हैं। अगले 5–10 वर्षों में प्रति वर्ष 50 नए खुदरा बिक्री केन्द्र खोलने और निकटतम मध्यम अवधि में तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के नए भौगोलिक क्षेत्रों में प्रवेश करने की योजना है।

मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) के साथ ओएनजीसी मैंगलोर पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (ओएमपीएल) के समामेलन को कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली ने अपने अंतिम आदेश दिनांक 01/04/2021 के साथ 14/04/2022 को नियत तिथि के रूप में अनुमोदित किया था और ओएमपीएल और एमआरपीएल के समामेलन की योजना की प्रभावी तिथि दिनांक 01/05/2022 है।

शेल एमआरपीएल एविएशन फ्यूल एंड सर्विसेज लिमिटेड (एमआरपीएल का संयुक्त उद्यम) ने भारतीय हवाई अड्डों पर एविएशन टर्बाइन इंधन (एटीएफ) की बिक्री में तेजी से कारोबार किया है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष 2020–21 में ₹ 260.50 करोड़ के कारोबार की तुलना में वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान ₹ 673.19 करोड़ का कारोबार किया है।

### 14.3.3.2. परियोजनाएं

#### बीएस–VI का उन्नयन

ऑटो ईंधन नीति और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी) के निदेशों के अनुसार, संपूर्ण देश एमएस और एचएसडी के लिए बीएस–VI गुणवत्ता विनिर्देशों की ओर बढ़ है। इस परियोजना में नई इकाइयों और अतिरिक्त सुविधाओं की स्थापना शामिल है। इस कार्य के लिए मेसर्स इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड अभियांत्रिकी, खरीद और निर्माण प्रबंधन सलाहकार था। मुख्य इकाई–एफजीटीयू को दिनांक 11.07.2021 को शुरू किया गया, जिसके परिणामस्वरूप अतिरिक्त 25 टीएमटी/माह बीएस–VI एमएस प्राप्त हुआ। शेष दो इकाइयां अर्थात नाइट्रोजन संयंत्र और एसआरयू–7 को क्रमशः दिनांक 16.03.2022 और 28.03.2022 को शुरू किया गया था।

#### विलवणीकरण संयंत्र

गर्मी/कमजोर मानसून के दौरान रिफाइनरी के निरंतर संचालन को सुनिश्चित करने और नेत्रावती नदी के ताजे पानी का एकमात्र स्रोत होने के जोखिम को कम करने के लिए 30 एमएलडी क्षमता (पैमाना 70 एमएलडी तक) का विलवणीकरण संयंत्र स्थापित किया गया है।

न्यू मैंगलोर पोर्ट ट्रस्ट से पट्टे पर ली गई भूमि पर मैंगलोर के थन्नीरभावी में अरब सागर के तट पर संयंत्र स्थापित किया गया है। मैसर्स फिच्टनर इंडिया परियोजना प्रबंधन सलाहकार था और मैसर्स वीए टेक वबाग लिमिटेड एलएसटीके का संविदाकार था। संयंत्र को दिनांक 30.12.2021 को शुरू किया गया था और यह तैयार की गई रूपरेखा के आधार पर लगातार काम कर रहा है, जबकि परमीएट (विलवणीकृत पानी) आवश्यक विनिर्देशों के अनुसार है।

#### देवनगोंठी में विपणन टर्मिनल

मुख्य रूप से कर्नाटक राज्य में व्यवसाय को पूरा करने के लिए देवनगोंठी, बेंगलुरु में विपणन टर्मिनल का निर्माण किया जा रहा है। यह टर्मिनल एमआरपीएल से मौजूदा पीएमएचबी पाइपलाइन के माध्यम से तैयार पेट्रोलियम उत्पाद (एमएस, एचएसडी और एटीएफ) प्राप्त करेगा। खुदरा बिक्री केन्द्र/ग्राहकों/विमानन स्टेशनों को पेट्रोलियम

उत्पादों की आपूर्ति सड़क टैंकरों के माध्यम से की जाएगी। मैसर्स नौवता इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड परियोजना का सलाहकार है। टैंकेज और संबंधित सिविल, यांत्रिक, पाइपिंग, विद्युत, इंस्ट्रूमेंटेशन और अग्निशमन के लिए एलएसटीके निविदाकार मैसर्स विशाल स्ट्रक्चरल्स प्राइवेट लिमिटेड है और सिविल और संरचनात्मक कार्यों के लिए मैसर्स एसआरआर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड संविदाकार है। निर्माण से संबंधित कार्यकलाप शुरू हो गई हैं और यह टर्मिनल वित्त वर्ष 2023–24 की तीसरी तिमाही तक पूरा हो जाएगा।

**2जी एथेनॉल**

कर्नाटक राज्य में 2जी एथेनॉल परियोजना स्थापित करने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा एमआरपीएल को मंजूरी दी गई है। इसके लिए भूमि कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) द्वारा हरिहर, दावणगेरे में आवंटित की गई है। परियोजना के लिए प्रौद्योगिकी का चयन कर लिया गया है और विस्तृत व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। एमआरपीएल ने भारत सरकार से व्यवहार्यता अंतर निधियन के लिए आवेदन किया है और परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रतीक्षित है।

**प्राकृतिक गैस फायरिंग के लिए गैस टर्बाइन का संशोधन**

एमआरपीएल के पास दो गैस टर्बाइन हैं। वर्तमान में, जीटी–1 को लाइट साइकिल ऑयल और जीटी –2 को रिफाइनरी ईंधन गैस द्वारा निकाला जाता है। दोनों गैस टर्बाइनों को प्राकृतिक गैस के साथ संचालित करने के लिए तैयार किया गया है। परियोजना में प्राकृतिक गैस फायरिंग के लिए गैस टर्बाइन में संशोधन शामिल है। मैसर्स एलएंडटी–एसएल परियोजना प्रबंधन सलाहकार थे और मैसर्स बीजीजीटीएस को परियोजना के निष्पादन के लिए संविदा दिया गया था। इस परियोजना को दिनांक 24.12.2021 को शुरू किया गया था।

**सीसीआर –1 पुर्नोत्थान**

सीसीआर–1 गैसोलीन मिश्रण के लिए भारी नेफ्था फीडस्टॉक को उच्च ऑक्टेन रिफॉर्मेट में परिवर्तित करता है और हाइड्रो ट्रीटींग / हाइड्रोक्रैकिंग के लिए हाइड्रोजन का उत्पादन करता है। रीजनरेटर कोक बर्न क्षमता को बढ़ाने के लिए सीसीआर–1 के रीजनरेटर सेक्शन का पुर्नोत्थान किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप समग्र क्षमता में 80 एम3 / घंटा (वर्तमान 75 एम3 / घंटा से) की वृद्धि हो सकती है। मैसर्स ट्राइयून एनर्जी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड परियोजना का अभियांत्रिकी, खरीद और निर्माण प्रबंधन सलाहकार है। प्रमुख कार्य पूरा हो चुका है और स्थल पर उपकरण वितरण शुरू हो गई है। परियोजना का यांत्रिक संबंधी कार्य वित्त वर्ष 2023–24 की पहली तिमाही में समाप्त होने की संभावना है।

**पीएफसीसी स्टैक वेट गैस स्क्रबर प्रणाली**

पेट्रोकेमिकल फ्लूइडाइज्ड कैटेलिटिक क्रैकिंग (पीएफसीसी) इकाई हाइड्रोक्रैकर इकाइयों से अपरिवर्तित तेल को संसाधित करती है, सीधे कम सल्फर वैक्यूम गैस तेल और हाइड्रो शोधित भारी कोकर गैस तेल चलाती है और प्रोपलीन, एलपीजी और गैसोलीन जैसे मूल्य वर्धित उत्पादों में परिवर्तित हो जाती है। इस प्रक्रिया के दौरान, उत्प्रेरक पर कार्बन जमा होता है जो क्रैकिंग प्रक्रिया की सहायता के लिए उत्प्रेरक की क्षमता को कम करता है। कार्बन को फिर जला दिया जाता है और उत्प्रेरक को पुनर्जीवित किया जाता है। पुनर्जनन प्रक्रिया फ्लू गैस का उत्पादन करती है जो उत्प्रेरक फाइन को हटाने के लिए चक्रवातों और विभाजकों की एक प्रणाली से गुजरती है। इस परियोजना की परिकल्पना प्रदूषण नियंत्रण उपाय के रूप में पीएफसीसी की फ्लू गैस में एसपीएम सीमा को कम करने के लिए की गई है। मैसर्स थिसेनक्रुप इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड परियोजना प्रबंधन सलाहकार है और मैसर्स कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड परियोजना के लिए एलएसटीके संविदाकार है। इस परियोजना का यांत्रिक संबंधी कार्य वित्त वर्ष 2023–24 की दूसरी तिमाही में समाप्त होने की संभावना है।

**पीएफसीसी एलपीजी+प्रोपलीन अमाइन स्क्रबर**

पेट्रोकेमिकल फ्लूइडाइज्ड कैटेलिटिक क्रैकिंग (पीएफसीसी) में उच्च सल्फर सामग्री के साथ फीड को संसाधित करते समय, एलपीजी और प्रोपलीन प्रवाह में उच्च हाइड्रोजन सल्फाइड (एच2 एस) होने की उम्मीद होती है। एलपीजी और प्रोपलीन उत्पाद में एच2 एस को पूरा करने के लिए वर्तमान प्रणाली कास्टिक वॉश है। अमाइन स्क्रबर प्रणाली कास्टिक वॉश पर निर्भरता को काफी हद तक कम करती है। यह प्रणाली एलपीजी और प्रोपलीन प्रवाहों में एच2 एस को हटा देती है और मौजूदा कास्टिक शोधन प्रणाली में व्यय किए गए कास्टिक उत्पादन को कम करती है। मैसर्स ट्राइयून एनर्जी सर्विसेज प्राइवेट

लिमिटेड परियोजना का अभियांत्रिकी, खरीद और निर्माण प्रबंधन सलाहकार है। इस परियोजना का यांत्रिक संबंधी कार्य वित्त वर्ष 2023–24 की दूसरी तिमाही में समाप्त होने की संभावना है।

**मौजूदा बिटुमेन ब्लोइंग यूनिट के विस्तार के अंश के रूप में नई बिटुमन ब्लोइंग ट्रेन**

इस परियोजना में बाजार की मांग का लाभ उठाने के लिए वीजी–30 और वीजी–40 ग्रेड के बिटुमेन की समकालिक मांग को पूरा करने के लिए मौजूदा बिटुमेन ब्लोइंग इकाई के विस्तार के अंश के रूप में 144 केटीपीए की क्षमता वाली अतिरिक्त बिटुमेन ब्लोइंग ट्रेन की स्थापना की परिकल्पना की गई है। मैसर्स इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड परियोजना का अभियांत्रिकी, खरीद और निर्माण प्रबंधन सलाहकार है। इस परियोजना का यांत्रिक संबंधी कार्य वित्त वर्ष 2023–24 की तीसरी तिमाही में समाप्त होने की संभावना है।

### 14.3.3.3. मानव संसाधन:

- वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, आपकी कंपनी ने सभी कर्मचारियों के साथ सौहार्दपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण संबंध बनाए रखा और इसके प्रमाण के रूप में किसी भी औद्योगिक गड़बड़ी के कारण एक भी कार्य–घंटे का नुकसान नहीं हुआ।
- दिनांक 31 दिसंबर 2026 तक की अवधि के लिए एमआरपीएल कर्मचारी संघ के साथ दीर्घावधि समझौता वर्तमान वित्त वर्ष में किया गया था।
- कुल कर्मचारियों की संख्या 2,100 थी जिसमें 146 महिला कर्मचारी, 322 अनुसूचित जाति/जनजाति के कर्मचारी और 37 दिव्यांग कर्मचारी शामिल थे। 923 कर्मचारी प्रबंधन संवर्ग के हैं जबकि 1,177 कर्मचारी गैर–प्रबंधन संवर्ग के हैं।
- दिनांक 31/03/2022 तक की स्थिति के अनुसार एरोमैटिक कॉम्प्लेक्स में कुल कर्मचारियों की संख्या 472 थी। जिसमें से 179 कर्मचारी प्रबंधन संवर्ग के थे और 293 कर्मचारी गैर–प्रबंधन संवर्ग के थे। इसमें 297 परियोजना विस्थापित परिवार (पीडीएफ) अभ्यर्थी शामिल थे। एरोमैटिक कॉम्प्लेक्स में कार्यरत 83 महिला कर्मचारियों की संख्या कुल कार्यबल का 18 प्रतिशत से भी अधिक है।

### 14.3.3.4. उर्जा संरक्षण:

वर्ष के दौरान लागू किए गए प्रमुख ऊर्जा संरक्षण उपाय निम्नानुसार हैं:

- महत्वपूर्ण डैम्पर्स के प्रतिस्थापन के माध्यम से स्टैक तापमान अनुकूलन द्वारा सीडीयू1 हीटर (बीए 1001 और वीडीयू–हीटर (बीए 1101) की थर्मल दक्षता में सुधार।
- सीडीयू–2/वीडीयू–2 सीएपीएच (कास्ट आयरन एयर प्री–हीटर) प्रतिस्थापन।
- पीएचटी (प्री–हीट ट्रेन) में ताप पुनः प्राप्ति के लिए सीडीयू–1/2 केरो–अंतरसंबंध।
- इकोनोमाइजर के निष्पादन में सुधार–(इंटर आइस ब्लास्टिंग यूबी–3 और 4)।
- पीएफसीसी–एनएसयू (नेफ्था स्प्लिटर इकाई) स्टॉपेज।
- एचजीयू–3 (हाइड्रोजन उत्पादन इकाई–3) में नेफ्था को आरएलएनजी से बदलना।
- वीडीयू–III (वैक्यूम डिस्टिलेशन इकाई–3) में वैक्यूम कॉलम के अधिकतम दबाव को कम करना।
- सीएचटी फीड चार्ज पंप जीए 34101 क/ख, उसी ढक्कन के साथ पंप को बड़ी क्षमता वाले पंप में बदलें।
- टीजीटीयू में शमन कॉलम बॉटम पंप को रोकना।
- डीसीयू में डब्ल्यूजीसी एंट सर्ज कंट्रोलर ट्यूनिंग।
- टीडीएलएस विश्लेषण ईआर/सीडीयू–2 हीटर आर्क भाग पर आधारित अतिरिक्त 02 का अनुकूलन।
- वीडीयू–2 हीटर का तार एमपी भाप को कम करना।
- वीडीयू–2 हीटर कॉइल्स में एमपी भाप को कम करते हुए 297 एमटीओई ऊर्जा की बचत हुई है जो 2,970 जीसीएएल/वर्ष के बराबर है।
- एच2 को रोकना, योजनाओं को लागू करके पीपीयू में स्पिल बैक के माध्यम से कंप्रेसर सक्शन के लिए हाइड्रोजन के आंतरिक पुनर्चक्रण द्वारा जगमगाना, प्राप्त निवल ऊर्जा बचत 19,214 मीट्रिक टन तेल समकक्ष (एमटीओई)/वर्ष है जो 1,92,140 जीसीएएल/वर्ष के बराबर है।

### 14.3.3.5. सुरक्षा से संबंधित निष्पादन:

- एमआरपीएल ने वित्त वर्ष 2021–22 में सफलतापूर्वक शून्य आरएलटीआई प्राप्त किया है।

- दिनांक 31.03.2022 तक की स्थिति के अनुसार एमआरपीएल में कर्मचारी और संविदा श्रमिकों के मामले में क्रमशः 2,120 और 638 दिन तक कोई रिपोर्टेबल लॉस्ट टाइम इंजरी (आरएलटीआई) दर्ज नहीं हुई हैं।
- एमआरपीएल ने वर्ष 2021 में कारखाना, बॉयलर विभाग औद्योगिक सुरक्षा और स्वास्थ्य विभाग, केरल सरकार से 2 राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त किए हैं।
- तेल उद्योग श्रेणी के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ सुरक्षित उद्योग पुरस्कार।
- कोजेन बॉयलर श्रेणी के अंतर्गत सुरक्षित संचालन, अनुरक्षण और विश्वसनीय बॉयलर।
- दिनांक 31.03.2022 तक की स्थिति के अनुसार, एमआरपीएल के कर्मचारियों ने 29.4 सुरक्षित मिलियन कार्य घंटे हासिल किए।
- एसआरयू–7, ऑफसाइट सुविधा और जेटी के लिए एचएसडी लाइन हेतु ओआईएसडी शुरूआत पूर्व सुरक्षा लेखा–परीक्षा आयोजित किया गया।

**14.3.3.6. पर्यावरण प्रबंधन:**

- बीएस–VI परियोजना नामतः एफजीटीयू और एसआरयू–7 और ऑफसाइट सुविधाओं और शुरू करने के लिए केएसपीसीबी द्वारा संचालन हेतु सहमति (सीएफओ) प्रदान की गई।
- तन्नेरुवावी गांव में 30एमएलडी डिसेलिनेशन इकाई और इसे शुरू करने के लिए केएसपीसीबी द्वारा संचालन हेतु सहमति (सीएफओ) प्रदान की गई।
- देवनगोंठी, बैंगलोर में विपणन टर्मिनल स्थापित करने के लिए स्थापना सहमति (सीएफई) प्राप्त की गई।
- दावणगेरे में प्रस्तावित 2जी–एथेनॉल परियोजना के लिए राज्यिक पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एसईआईएए), केरल सरकार द्वारा पर्यावरण समाशोधन के लिए संस्तुति की गई थी। पीसीसीएफ–डब्ल्यूएल, बैंगलोर से वन्यजीव संरक्षण योजना प्रमाणीकरण कार्य प्रगति पर है।
- प्रस्तावित पेट्रो एडिशन एंड कैपेसिटी इनहांसमेंट परियोजना (पेस) का पर्यावरण प्रभाव आकलन संबंधी आधारभूत निगरानी अध्ययन पूरा हो गया है।
- एसपीसीबी अधिकृत सीमेंट उद्योगों में 81.43 एमटी ऑयली स्लज, 208.99 एमटी पीएफसीसी स्पेंट कैटेलिस्ट और 183.8 एमटी स्पेंट क्ले को सह–संस्करण किया गया है।
- एसपीसीबी अधिकृत रिसाइकलर्स/रिप्रोसेसरों के माध्यम से 846.5 एमटी व्यय किए गए कैटेलिस्ट का निपटान किया गया है।
- एसपीसीबी अधिकृत भस्मीकरण सुविधा के माध्यम से 7.31 मीट्रिक टन अपशिष्ट सफेद तेल का निपटान किया जा चुका है।
- 304.19 मीट्रिक टन गैर–पुनर्चक्रण/गैर–पुनः प्रयोज्य खतरनाक अपशिष्ट सुरक्षित लैंडफिल (टीएसडीएफ) को सौंप दिया गया।
- वित्त वर्ष 21–22 के दौरान मैंगलोर शहर से 65,87,079 एम³ टर्शियरी शोधित नगरपालिका का मलजल एमआरपीएल में उपयोग किया गया।
- एमआरपीएल ने उच्च प्रौद्योगिकी केन्द्र (सीएचटी), एमओपीएनजी के सहयोग से पर्यावरण और जल प्रबंधन पर कार्यकलाप समिति की बैठक (एसीएम) की मेजबानी की। एसीएम का उद्देश्य रिफाइनरियों द्वारा सर्वोत्तम परिचालन कार्यप्रणालियों, मामला अध्ययन, संशोधनों और समस्या निवारण को साझा करना है।
- इंडिया ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग चैलेंज 2020–21 के लिए इंटरनेशनल रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर मैन्युफैक्चरिंग (आईआरआईएम) ने एमआरपीएल को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया

**14.3.3.7. कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व पहल:**

- सीएसआर उद्देश्य कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची-VII और डीपीई दिशानिर्देशों के अनुरूप है और इसे संरक्षण के नाम से संवर्धित किया जाता है। यह हमारे व्यवसाय के क्षेत्र में और उसके आसपास सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विरासत और धन की सुरक्षा, संरक्षण और संवर्धन और सतत विकास की शुरूआत करने की भावना और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
- की गई कुछ सीएसआर पहलें निम्नानुसार हैं: पुनर्वास कॉलोनी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन, ओवरहेड पानी की टंकी का निर्माण, कर्नाटक राज्य अग्निशमन सेवा के लिए शीट छत वाली प्रशिक्षण बैरक का निर्माण, सभागार, सामुदायिक केन्द्र, सार्वजनिक उद्यान का विकास, आंगनवाड़ियों का निर्माण, अतिरिक्त कक्षाओं का निर्माण, महिला विश्राम कक्ष, समुद्र तट विकास, अवसंरचना विकास, बोरवेल और सबमर्सिबल पंप की खुदाई, पाइपलाइन, ओपीडी ब्लॉक का निर्माण, सरकारी स्कूलों में प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षा का विस्तार, मैंगलोर में कृत्रिम अंग शिविर का आयोजन, सीएसआर बजट की

उपलब्धता के आधार पर संरक्षण कार्यकलाप के अंश के रूप में प्रधान मंत्री स्वच्छ भारत अभियान के अनुसार सरकारी स्कूलों में शौचालयों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है।

**14.3.3.8. पुरस्कार और सम्मान:**

वर्ष के दौरान, कंपनी को निम्नलिखित पुरस्कारों और सम्मानों से सम्मानित किया गया है:

- एमआरपीएल को इंडिया ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग चैलेंज 2020–21 के लिए अंतरराष्ट्रीय विनिर्माण अनुसंधान संस्थान (आईआरआईएम) द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है।
- एमआरपीएल ने वर्ष 2021 में कारखाना, बॉयलर विभाग, औद्योगिक सुरक्षा और स्वास्थ्य, केरल सरकार से 2 राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त किए हैं।
- एमआरपीएल ने तेल और गैस उद्योग में सर्वोत्तम सुरक्षा कार्यप्रणाली का पुरस्कार जीता है।

**14.3.3.9. वित्तीय निष्पादन संबंधी विशेषताएं**

| अवधि | | वि.व. 2018-19 | वि.व.2019-20 | वि.व.2020-21 | वि.व.2021-22 |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रवाह क्षमता | एमएमटी | 16.43 | 14.14 | 11.50 | 15.05 |
| कारोबार (सकल) | ₹ करोड़ | 72,283 | 60,728 | 50,796 | 86,064 |
| ईबीआईटीडीए | ₹ करोड़ | 1,809 | (2,430) | 797 | 5,003 |
| पीबीटी | ₹ करोड़ | 581 | (3,955) | (915) | 2,708 |
| पीएटी | ₹ करोड़ | 332 | (2,708) | (761) | 2,955 |
| जीआरएस | $/बीबीएल | 4.06 | (0.23) | 3.90 | 8.73 |




एमआरपीएल एचआईक्यू–प्रथम खुदरा व्यापारी सम्मेलन



चिकित्सा ग्रेड ऑक्सीजन का उद्घाटन



सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2021

### 14.3.4. ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल)

ओएनजीसी विदेश लिमिटेड, भारत की प्रमुख राष्ट्रीय तेल कंपनी (एनओसी) ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक और विदेशी शाखा है। कंपनी का प्राथमिक व्यवसाय विदेशों में तेल और गैस के एकरवार क्षेत्रफल तलाशना है, जिसमें विदेशी क्षेत्रों में तेल और गैस से संबंधित क्षेत्रों का अधिग्रहण और साथ ही तेल और गैस की खोज, उत्पादन, परिवहन और बिक्री शामिल है। दिनांक 01 अप्रैल 2022 तक की स्थिति के अनुसार, ओएनजीसी विदेश के पास दुनिया भर में फैले आरक्षित के 2 पी के 494.865 एमएमटीओई और 2 सी आकस्मिक संसाधनों के 120.049 एमएमटीओई हैं। आरक्षित और उत्पादन के संदर्भ में, ओएनजीसी विदेश भारत की दूसरी सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी है, जिसका स्थान इसकी मूल कंपनी ओएनजीसी के बाद है। ओएनजीसी विदेश ने वर्ष 2021–22 में भारत के घरेलू उत्पादन का लगभग 27.3% तेल और 19.4% तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन किया। (स्रोत: पीपीएसी)

वर्तमान में, ओएनजीसी विदेश की 15 देशों में 32 तेल और गैस परियोजनाओं में हिस्सेदारी है, अर्थात् अज़रबैजान (2 परियोजनाएं), बांग्लादेश (2 परियोजनाएं), ब्राजील (2 परियोजनाएं), कोलंबिया (4 परियोजनाएं), ईरान (1 परियोजना), इराक (1 परियोजना), लीबिया (1 परियोजना), मोजाम्बिक (1 परियोजना), म्यांमार (6 परियोजनाएं), रूस (3 परियोजनाएं), दक्षिण सूडान (2 परियोजनाएं), सीरिया (2 परियोजनाएं), संयुक्त अरब अमीरात (1 परियोजना), वेनेजुएला (2 परियोजनाएं), और वियतनाम (2 परियोजनाएं)।

ओएनजीसी विदेश संतुलित पोर्टफोलियो दृष्टिकोण अनुकूलित करता है और उत्पादन, अभिनिश्चित, अन्वेषण और पाइपलाइन परिसंपत्तियों के संयोजन को बनाए रखता है। वर्तमान में, ओएनजीसी विदेश को 14 परिसंपत्तियों से तेल और गैस का उत्पादन प्राप्त हो रहा है, इसमें से 04 परिसंपत्तियों में हाइड्रोकार्बन अभिनिश्चित की गई है और इस संबंध में विकास कार्य विभिन्न चरणों में हैं, 11 परिसंपत्तियां अन्वेषण के विभिन्न चरणों में हैं और 3 परियोजनाएं पाइपलाइन परियोजनाएं हैं।

ओएनजीसी विदेश तेल और गैस क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ उद्योग के साथ प्रतिस्पर्धा करके अत्यधिक प्रतिस्पर्धी अंतरराष्ट्रीय तेल और गैस क्षेत्र में काम करता है। पिछले कुछ वर्षों में ओएनजीसी विदेश ने अपने परिचालन क्षेत्रों में अंतर्निहित क्षमताओं और विशेषज्ञता का सृजन किया है। ओएनजीसी विदेश ने एक्सॉनमोबिल, ब्रिटिश पेट्रोलियम, शेल, ईएनआई, टोटलएनर्जीज, रेपसोल, इक्विनोर, एमओएल, पेट्रोब्रास, सोडेको, एजेडएसीजी, रोसनेफ्ट, एडीएनओसी, पॉरको इंटरनेशनल, पेट्रो वियतनाम, सीएनपीसी, सिनोपेक, पीडीवीएसए, पेट्रोनास और इकोपेट्रोल सहित कई आईओसी और एनओसी के साथ मजबूत साझेदारी गठबंधन विकसित किया है।

ओएनजीसी विदेश में उत्कृष्ट तकनीकी और प्रबंधन क्षमताओं सहित अत्यधिक कुशल मानव संसाधन है। कंपनी ने तेल और गैस परियोजनाओं के मूल्यांकन, प्रस्तुतिकरण, आर्थिक मॉडलिंग, फीड, रूपरेखा और निष्पादन संबंधी सुविधाओं का सृजन किया है और ओएनजीसी से तकनीकी और मानव संसाधन समर्थन प्राप्त किया है। ओएनजीसी विदेश ने सम्यक उद्यम,प्रौद्योगिकी वाणिज्यिक मूल्यांकन, बोली वार्ता और लेन–देन प्रलेखन में मुख्य विशेषज्ञता विकसित की है।

ओएनजीसी विदेश अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों, ओएनजीसी नील गंगा बी.वी., ओएनजीसी अमेजन अलकनंदा लिमिटेड, इम्पीरियल एनर्जी लिमिटेड, कारबोबो वन एबी और ओएनजीसी विदेश सिंगापुर पीटीई लिमिटेड के साथ तेल और तेल समतुल्य गैस (ओ + ओईजी) के उत्पादन में वित्त वर्ष 2022 के दौरान 12.330 एमएमटीओई हिस्सेदारी थी। वर्ष 2022–23 के दौरान, वित्त वर्ष 2023 के प्रथम छमाही तक ओएनजीसी विदेश की अपनी परियोजनाओं से तेल और गैस उत्पादन में हिस्सेदारी 4.951 मिलियन मैट्रिक टन है।

### 14.3.5. नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल)

#### 14.3.5.1. प्रस्तावना

नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) की स्थापना 22 अप्रैल, 1993 को हुई थी। एनआरएल की स्थापना 15 अगस्त, 1985 को भारत सरकार द्वारा हस्ताक्षरित "असम समझौते" में निहित है। एनआरएल, ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) की सहायक कंपनी है और असम के गोलाघाट जिले के नुमालीगढ़ में 3.0 एमएमटीपीए पेट्रोलियम रिफाइनरी का संचालन करती है। एनआरएल श्रेणी–1 मिनीरत्न पीएसयू है। दिनांक 31.03.2021 तक की स्थिति के अनुसार, एनआरएल की शेयरधारिता में ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) की 80.16% हिस्सेदारी, असम सरकार (जीओए) की 15.47% हिस्सेदारी और इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) की 4.37% हिस्सेदारी थी। दिनांक 31.03.2021 को कंपनी की कुल परिसंपत्ति ₹ 5,596 करोड़ थी।

एनआरएल की रिफाइनरी में उन्नत माध्यमिक प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों के कारण उच्च मिश्रिता कारक है जिसने उच्च डिस्टिलेट उपज की उपलब्धि

को सक्षम बनाया है। एनआरएल के उत्पाद सूची में एलपीजी, नेफ्था, मोटर स्पिरिट (एमएस), एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ), उत्कृष्ट केरोसिन तेल (एसकेओ) मिनरल तारपीन तेल (एमटीओ), हाई स्पीड डीजल (एचएसडी), कच्चा / कैल्सीन्ड पेट्रोलियम कोक (आरपीसी / सीपीसी), सल्फर और पैराफिन मोम शामिल हैं।

एनआरएल का नुमालीगढ़ में 42 टीएमटीपीए क्षमता वाला एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र है। कंपनी के दो विरणन टर्मिनल हैं– पहला नुमालीगढ़, असम में और दूसरा सिलीगुड़ी, बंगाल में जहां से उत्पाद सड़क और रेल द्वारा भेजे जाते हैं। एमएस, एसकेओ और एचएसडी जैसी अतिरिक्त व्हाइट ऑयल उत्पाद भी ऑयल इंडिया लिमिटेड के स्वामित्व और संचालित नुमालीगढ़–सिलीगुड़ी उत्पाद पाइपलाइन (एनएसपीएल) के माध्यम से नुमालीगढ़ से सिलीगुड़ी तक पहुंचाए जाते हैं।

एनआरएल गुणवत्ता प्रबंधन के लिए आईएसओ 9001, पर्यावरण प्रबंधन के लिए आईएसओ 14001, व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए ओएचएसएएस 18001, सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ 27001 और ऊर्जा प्रबंधन के लिए आईएसओ 50001 के अंतर्गत प्रमाणित है।

### 14.3.5.2. निष्पादन

एनआरएल प्रतिवर्ष निरंतर लाभप्रदता के साथ काम कर रहा है। एनआरएल देश में सभी पीएसयू तेल रिफाइनरियों में उच्चतम डिस्टिलेट उपज प्राप्त करने में सफल रहा है। एनआरएल की विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत (एसईसी) और सकल रिफाइनिंग मार्जिन (जीआरएम) उद्योग में सर्वश्रेष्ठ स्थान रखता है।

पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वित्त वर्ष के अप्रैल–दिसंबर 22 के दौरान एनआरएल के भौतिक और वित्तीय निष्पादन संकेतक निम्नानुसार हैं:

**भौतिक निष्पादन:**

| मापदंड | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 (अप्रैल–दिस.) |
|---|---|---|---|---|
| कच्चे तेल प्राप्ति (टीएमटी) | 2,409 | 2,612 | **2,661** | **2,187** |
| कच्चे तेल की प्रवाह क्षमता (टीएमटी) | 2,383 | 2,707 | **2,624** | **2,358** |
| क्षमता उपयोगिता (%) | 79.00 | 90.24 | **87.47** | **104.8** |
| आसुत उपज (%) | 83.0 | 86.36 | **85.69** | **88.07** |
| विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत (एमबीएन)* | 65.0 | 64.37 | **63.51** | **61.66** |
| ऊर्जा तीव्रता सूचकांक (ईआईआई) | 86.3 | 86.99 | **84.68** | **82.61** |

**वित्तीय निष्पादन**

| मापदंड | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 |
|---|---|---|---|---|
| बिक्री कारोबार (₹/करोड) | 18,511 | **14,072** | **18,543** | **23,546** |
| पीबीटी (₹/करोड) | 3,052 | **1,735** | **4,083** | **4,848** |
| पैट (₹/करोड) | 1,968 | **1,381** | **3,036** | **3,562** |
| जीआरएम ($/बीबीएल) | 11.80 | **7.99** | **4.09** | **14.33** |
| निवल मूल्य | 5,551 | **5,240** | **5,596** | **8,388** |

### 14.3.5.3. परियोजनाएं

**कार्यान्वयनाधीन परियोजनाएं**

**क) 3 एमएमटीपीए से 9 एमएमटीपीए तक रिफाइनरी का विस्तार:**

एनआरएल वर्तमान में संबंधित पाइपलाइनों के साथ अपनी विस्तार परियोजना को क्रियान्वित कर रहा है। मैसर्स एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड, मुंबई को रिफाइनरी विस्तार परियोजना के लिए ₹ 15,102 करोड़ के ऋण सिंडिकेशन के लिए नियुक्त किया गया है।

एकीकृत रिफाइनरी विस्तार परियोजना का विवरण निम्नानुसार है:

क) नुमालीगढ़, गोलाघाट, असम में 6 एमएमटीपीए रिफाइनरी:

- एनआरएल ने परियोजना के निष्पादन के लिए पीएमसी और ईपीसीएम परामर्शदाताओं को नियुक्त किया है।
- सांविधिक स्वीकृतियां:
  - दिनांक 27.07.2020 को एनआरएल की क्षमता को 3 एमएमटीपीए से 9 तक विस्तार करने के लिए पर्यावरणीय मंजूरी दी गई है।

- साइट पर पूर्व–परियोजना समर्थकारी कार्यकलाप प्रगति पर हैं।
- एसआरयू, डीएचडीटी, जीडीएस, एमएसयू, पीएफसीसी, आरपीटीयू और एलपीजीटीयू के लिए लाइसेंसर चयन संबंधी प्रमुख प्रक्रिया पूरी हो गई हैं।
- भौतिक प्रगति:
  - उपलब्धि: 23.8%
- परियोजना की वित्तीय प्रगति:
  - व्यय–सह: ₹ 3,200 करोड़
  - प्रतिबद्धता लागत–सह: ₹ 15,938 करोड़

ख) कच्चे तेल का आयात टर्मिनल और पारादीप नुमालीगढ़ कच्चे तेल पाइपलाइन:

- ईआईएल को ईपीसीएम परामर्शदाता के रूप में नियुक्त किया गया है
- पाइपलाइन की लंबाई: 1,630 कि.मी. (ओडिशा के पारादीप पत्तन से असम के गोलाघाट के नुमालीगढ़ तक)
- कच्चे तेल की पाइपलाइन ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार और असम राज्यों से होकर गुजरेगी।
- पारादीप पोर्टट्रस्ट (पीपीटी) से 234 एकड़ जमीन पट्टे पर ली गई।
- एसपीसीबी (ओडिशा) से कच्चे तेल के आयात टर्मिनल (सीओआईटी) की स्थापना के लिए सहमति प्राप्त हो गई है।
- असम, बिहार, झारखंड के लिए सीएएलए को एमओपीएनजी द्वारा नियुक्त किया गया है।
- अभियांत्रिकी:
  - रूपरेखा आधारित प्रक्रिया (पीडीबी) और अभियांत्रिकी रूपरेखा आधार (ईडीबी) पूरा किया गया
  - पी एंड आईडी को अंतिम रूप दे दिया गया है
- भौतिक प्रगति:
  - उपलब्धि: 33.7%
- परियोजना की वित्तीय प्रगति:
  - व्यय–सह: ₹ 4,317 करोड़
  - प्रतिबद्धता लागत–सह: ₹ 6,665 करोड़

**ख) भारत–बांग्ला पाइपलाइन:**

एनआरएल पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से बांग्लादेश के पार्बतीपुर तक 130 किलोमीटर लंबी और 1 एमएमटीपीए क्षमता की उत्पाद पाइपलाइन का निर्माण कर रही है। सिलीगुड़ी से पार्बतीपुर (बांग्लादेश) तक भारत–बांग्ला मैत्री पाइपलाइन (आईबीएफपीएल) के निर्माण की कुल परियोजना लागत ₹ 377.08 करोड़ है। उपर्युक्त में से, भारतीय पाइपलाइन भाग के लिए परियोजना में एनआरएल का निवेश ₹ 91.84 करोड़ होगा। बांग्लादेश पाइपलाइन भाग के लिए ₹ 285.24 करोड़ की शेष राशि भारत सरकार द्वारा सहायता अनुदान के रूप में वित्त पोषित की जाएगी। परियोजना का यांत्रिक कार्य दिनांक 19 दिसंबर, 2022 को पूरा हो चुका है। इस परियोजना का मार्च, 2023 तक शुरू होने का लक्ष्य रखा गया है।

**ग) जैव–रिफाइनरी परियोजना:**

एनआरएल ने नुमालीगढ़ में एक जैव रिफाइनरी स्थापित करने के लिए एक संयुक्त उद्यम (जेवी) कंपनी का गठन किया है, जिसमें एनआरएल और फिनलैंड के मैसर्स चेमपोलिसोय (22%) और नीदरलैंड के मैसर्स फोर्टम 3 बीवी (28%) के बीच 50:50 की इक्विटी साझेदारी है। परियोजना की अनुमानित लागत ₹ 3,250 करोड़ है। संयंत्र को वर्ष 2022–23 की तीसरी तिमाही तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सीएचटी की उच्चाधिकार प्राप्त समिति द्वारा एबीआरपीएल को ₹ 150 करोड़ के वित्तीय अनुदान की सिफारिश की गई है। इस परियोजना को अक्टूबर, 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। दिनांक 31.12.2022 तक, समग्र वास्तविक प्रगति 78.3% है और वित्तीय प्रगति 62.83% है।

**घ) पूर्वोत्तर क्षेत्र गैस ग्रिड:**

पूर्वोत्तर क्षेत्र में पीएनजी और सीएनजी की आपूर्ति के लिए सभी राज्यों की राजधानियों को जोड़ने वाले गैस ग्रिड का निर्माण किया जा रहा है। बरौनी से गुवाहाटी तक ट्रंक गैस पाइपलाइन पूर्वोत्तर क्षेत्र गैस ग्रिड को राष्ट्रीय गैस ग्रिड से जोड़ेगी। आईओसीएल, गेल, ओएनजीसी, ओआईएल और एनआरएल की समान इक्विटी भागीदारी के साथ एक संयुक्त उद्यम कंपनी को "इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड" के रूप में निगमित किया गया है। एनआरएल के रिफाइनरी विस्तार को एक प्रमुख ग्राहक के रूप में विचार किया जाता है, जो पाइपलाइन ग्रिड के कुल क्षमता प्रवाह का लगभग 50% है। परियोजना को व्यवहार्य बनाने के लिए व्यवहार्यता अंतर निधियन के रूप में सरकार द्वारा ₹ 5,559 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है जो ₹ 9,265 करोड़ की कुल परियोजना लागत का 60% है। इस परियोजना को मार्च, 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

**14.3.5.4. एनआरएल द्वारा की गई नीतिगत पहल**

एनआरएल ने कंपनी के विकास और परिचर्या के लिए कई नीतिगत पहल की हैं। इस तरह की पहलों में रिफाइनरी को 9.0 एमएमटीपीए तक विस्तार करना, पड़ोसी देशों, विशेष रूप से बांग्लादेश और नेपाल को निरंतर उत्पाद निर्यात, एक जैव रिफाइनरी की स्थापना आदि शामिल हैं।

**14.3.5.5. अजा/अजजा/अपिव/दिव्यांगों का कल्याण**

दिनांक 31 दिसंबर, 2022 तक की स्थिति के अनुसार एनआरएल की स्वीकृत कार्यबल की संख्या 978 थी, जिनमें से संघीकृत श्रेणी के 435 और कार्यकारिणी संवर्ग के 543 कर्मचारी थे। कुल कर्मचारियों में से 110 कर्मचारी अनुसूचित जाति (एससी), 102 अनुसूचित जनजाति (एसटी), 303 अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और 20 दिव्यांग श्रेणी के थे।

**14.3.5.6. महिला कर्मचारी**

दिनांक 31.12.2022 तक की स्थिति के अनुसार महिला कर्मचारियों का श्रेणी–वार विवरण निम्नानुसार है:

| समूह | महिला कर्मचारियों की संख्या | कर्मचारी की कुल संख्या | कुल के प्रतिशत के रूप में महिला कर्मचारी |
|---|---|---|---|
| क | 53 | 543 | 9.76% |
| ग | 14 | 435 | 3.22% |
| घ | 0 | 0 | - |
| **कुल** | **67** | **978** | **6.85%** |

**टिप्पणी:** एनआरएल में कोई समूह ख कर्मचारी नहीं है।

**14.3.5.7. राजभाषा का कार्यान्वयन**

एनआरएल, राजभाषा विभाग, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली के निदेशों के अनुसार राजभाषा के रूप में 'हिंदी' को निरंतर आधार पर बढ़ावा दे रही है और इसे कार्यान्वित कर रही है। भारत सरकार, राजभाषा विभाग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित वार्षिक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हिन्दी कार्यशाला, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें समय–समय पर आयोजित की जाती हैं। कर्मचारियों के लिए "आज का शब्द" और "आज का सुविचार" के माध्यम से हिंदी शिक्षण प्रतिदिन डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित किया जा रहा है। प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत वर्ष 2021–22 के दौरान सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रयोग करने वाले 317 कर्मचारियों को नकद प्रोत्साहन के रूप में ₹ 5.61 लाख की राशि का भुगतान किया गया। 'हिंदी पखवाड़ा' दिनांक 14 सितंबर, 2021 से 28 सितंबर, 2021 तक मनाया गया, जिसमें हिंदी के प्रति रूचि बढ़ाने और हिंदी का प्रचार–प्रसार करने के लिए कर्मचारियों, उनके परिवार के सदस्यों, स्कूली बच्चों और केंओसुब कर्मिकों को शामिल करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ–साथ कोविड–19 दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन किया गया। दिनांक 14 सितंबर, 2021 को निदेशक (तकनीकी) द्वारा एक विशेष हिंदी ई–बुलेटिन जारी किया गया और दिनांक 28 सितंबर, 2021 को निदेशक (वित्त) द्वारा एक वार्षिक हिंदी पत्रिका "प्रयास" (11वां संस्करण) जारी किया गया। ई–मेल के माध्यम से हिन्दी पत्राचार को बढ़ावा देने के लिए वर्ष के दौरान प्रत्येक तिमाही में कर्मचारियों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

नुमालीगढ़ रिफाइनरी ने दिनांक 07.12.2021 को टोलिक (पीएसयू), गुवाहाटी द्वारा सर्वोत्तम राजभाषा कार्यान्वयन के लिए 'राजभाषा चल वैजयंती शील्ड' और तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया है और हिंदी पत्रिका "प्रयास" (11वां संस्करण) के प्रकाशन के लिए दूसरा पुरस्कार भी जीता है।

**14.3.5.8. आर एंड डी संबंधी कार्यकलाप**

कंपनी का विशेष रासायनिक प्रभाग अकादमिक और अनुसंधान संगठनों के साथ साझेदारी के माध्यम से संगठन की अनुसंधान और विकास क्षमता को सुदृढ़ करने में सक्रिय रूप से आवश्यक भूमिका निभा रहा है। विस्तृत विवरण अध्याय–8 में उपलब्ध है।

**14.3.5.9. ऊर्जा संरक्षण**

नुमालीगढ़ रिफाइनरी ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण को बनाए रखने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। रिफाइनरी विशिष्ट ऊर्जा खपत (एसईसी) और ऊर्जा तीव्रता सूचकांक (ईआईएल) जैसी कई परिचालन मापदंडों में से प्रमुख ऊर्जा निष्पादन माप संकेतकों की बारीकी से निगरानी

करती है। इकाई निष्पादन को निरंतर आधार पर मापा जाता है और सर्वोत्तम श्रेणी की प्रौद्योगिकी और वैश्विक सर्वोत्तम कार्यप्रणाली को शामिल करने के प्रयास किए जाते हैं। एसईसी में 64 एमबीएन और ईआईआई में 86.0% के लक्ष्य की तुलना में क्रमशः 63.5 एमबीएन और 84.68% प्राप्त किया गया जो पिछले वर्ष की तुलना में 1% से अधिक का सुधार दर्शाता है।

नुमालीगढ़ रिफाइनरी का पोर्टफोलियो 1.05 मेगावाट सौर फोटोवोल्टिक क्षमता का है, जो कुल कैप्टिव बिजली उत्पादन का 0.4% है। वर्ष 2021–22 में परियोजना से कुल उत्पादन 1,083 मेगावाट हुआ है, जो वैश्विक तापन क्षमता को 10 लाख पाउंड सीओ2 तक कम करता है।

वर्ष 2021–22 में शुरू की गई एनकॉन योजनाओं से ऊर्जा बचत हुई है जो आंतरिक पहल के साथ–साथ बाह्य लेखा–परीक्षा से त्वरित जीत की सिफारिश के परिणाम को दर्शाती है। 7,400 एसआरएफटी की कुल प्रत्यक्ष ऊर्जा बचत हुई है और ₹ 25 करोड़ की मौद्रिक बचत हुई है। इसके अतिरिक्त, ऊर्जा संरक्षण परियोजनाओं से लगभग 0.27 लाख टन सीओ2 की कमी हुई है और पाइपलाइन परिवहन के माध्यम से उत्सर्जन में 20 टन सीओ2 की कमी हुई है।

### 14.3.5.10. सीएसआर से संबंधित कार्यकलाप

एनआरएल की सीएसआर और संधारणीय कार्यकलापों को कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची-VII के अंतर्गत निर्दिष्ट कार्यकलापों के अनुसार अनुकरण किया जाता है। एनआरएल ने कंपनी अधिनियम 2013, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय और डीपीई द्वारा जारी सीएसआर और संधारणीयता पर लागू दिशानिर्देशों द्वारा जारी सीएसआर नियमावली के अनुरूप 'सीएसआर और संधारणीय नीति' तैयार की है। इसके अतिरिक्त, एनआरएल ने स्वयं का दरंग जिले के जिला प्रशासन के साथ निकटतम संबंध बनाया है, जिसे नीति आयोग द्वारा कंपनी को आकांक्षी जिले के रूप में आवंटित किया गया है।

एनआरएल ने अपनी सीएसआर नीति के अनुरूप निम्नलिखितों पर विशेष जोर दिया है क) स्वास्थ्य देखभाल, ख) शिक्षा और कौशल विकास, ग) स्वच्छता कार्य योजना, घ) आजीविका सृजन, ङ) अवसंरचना का विकास, च) कला, खेल, साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देना। इसके अतिरिक्त, एनआरएल सीएसआर ने कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची–VII के अंतर्गत विनिर्दिष्ट कार्यकलापों के अनुरूप महिलाओं को सशक्त बनाने, पर्यावरण संधारणीयता सुनिश्चित करने और पशु कल्याण आदि जैसे अन्य क्षेत्रों में भी योगदान दिया है।

**क. स्वास्थ्य देखभाल:**

मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, वित्त वर्ष 2021–22 में 'स्वास्थ्य और पोषण' सीएसआर कार्यकलापों का विषयगत क्षेत्र होने के नाते, एनआरएल ने इस क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा में सुधार पर बड़े पैमाने पर ध्यान केंद्रित किया था। कुछ उल्लेखनीय परियोजनाएं निम्नानुसार हैं:

- एनआरएल ने स्वयं को बरपेटा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कैंसर का बेहतर कारण का पता लगाने के लिए स्थापित रेडिएशन ब्लॉक से संबंधित असम कैंसर देखभाल संघ (एसीसीएफ) के साथ जोड़ा है, जिसका औपचारिक उद्घाटन दिनांक 28 अप्रैल, 2022 को भारत के माननीय प्रधान मंत्री द्वारा किया गया था।
- सीएसआर के अंतर्गत प्रमुख परियोजना के रूप में, नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड ने एक महीने की अवधि के भीतर जोरहाट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (जेएमसीएच), जोरहाट में 120 बिस्तरों वाला अस्थायी कोविड अस्पताल स्थापित किया। 120 बिस्तरों वाले अस्पताल में 20 आईसीयू बिस्तर हैं जिनमें वेंटिलेटर, कार्डियक मॉनिटर, ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर और आईसीयू से संबंधित अन्य उपकरण शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, माजुली के श्री श्री पीतांबर देव गोस्वामी सिविल अस्पताल में पांच (5) बिस्तरों वाला आईसीयू वार्ड भी स्थापित किया गया। एनआरएल ने ब्लॉक के नवीनीकरण के लिए भी समर्थन दिया जिसमें सिविल और विद्युत कार्य शामिल हैं।
- वीकेएनआरएल अस्पताल के माध्यम से समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को रियायती उपचार प्रदान करने के अतिरिक्त वीकेएनआरएल अस्पताल और नेत्र शिविरों के माध्यम से आयोजित मोबाइल चिकित्सा स्वास्थ्य शिविरों को जारी रखा गया।
- कैंसर, फेफड़े और हृदय रोग, गुर्दे की समस्या आदि जैसी गंभीर बीमारियों के लिए अपनी चिकित्सा सहायता योजना सहित एनआरएल स्वास्थ्य सेवा के मामले में समाज के जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को लगातार समर्थन दे रहा है।
- वर्ष के दौरान दूर–दराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुँचने के लिए विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों, पीएचसी, पीएमएचसी को सात एंबुलेंस प्रदान की गईं।

**ख. शिक्षा और कौशल विकास:**

वर्ष के दौरान समाज को प्रभावित करने वाली कुछ परियोजनाएं निम्नानुसार हैं:

- वित्त वर्ष के दौरान 25 विद्यालयों के निर्माण एवं जीर्णोद्धार का कार्य पूरा किया गया।
- दसवीं और बारहवीं कक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना 'ज्ञानदीप' तथा विगत 12 वर्षों से विशेष छात्रवृत्ति 'प्रेरणा' जारी है। सतत 'ज्ञानदीप छात्रवृत्ति' योजना के अंतर्गत, 230 विद्यार्थियों को दसवीं और बारहवीं कक्षा में उनके प्रदर्शन के आधार पर लाभान्वित किया गया। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सातवीं से दसवीं कक्षा की शीर्ष तीन बालिकाओं को कुल 288 "प्रेरणा छात्रवृत्ति" प्रदान की गई है। संविदा कर्मियों के मेधावी बच्चों को दसवीं कक्षा की परीक्षा में अच्छे परिणाम के लिए 29 मेधावी बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त 26 विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए "प्रतिभा" योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्रदान की गई। छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए कुल ₹ 74.27 लाख व्यय किया गया।
- एनआरएल ने सेंटर फॉर सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड लीडरशिप, नई दिल्ली के माध्यम से आस–पास के स्कूलों के कक्षा IX और X के छात्रों के लिए अनुशिक्षण केन्द्र का समर्थन करना जारी रखा है। यह अनुशिक्षण छात्रों को अभियांत्रिकी और चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए स्वयं को पात्र बनाने के लिए है।
- एनआरएल ने विवेकानंद केंद्र विद्यालय, मंगलदोई में कक्षाओं के निर्माण के लिए विवेकानंद केंद्र रॉक मेमोरियल और विवेकानंद केंद्र का समर्थन किया।
- गोलाघाट आईटीआई के माध्यम से वेल्डिंग, फिटर और आतिथ्य क्षेत्र में किए गए कौशल विकास की पहल को जारी रखा जा रहा है और वर्तमान में कुल पांच शाखाओं में 93 छात्र हैं।
- वीकेएनआरएल स्कूल ऑफ नर्सिंग ने जनवरी, 2022 से जीएनएम पाठ्यक्रम के लिए 40 छात्रों के 5वें बैच को दाखिला दिया। वर्तमान में, स्कूल में 118 लडकियां पढ़ रही हैं और अब तक 2 बैच उत्तीर्ण हुए है।
- गोलाघाट जिले के उपायुक्त के नेतृत्व में बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदा के दौरान लोगों को बचाने के लिए आशा कर्मी और अन्य सामाजिक रूप से सक्रिय महिलाओं को प्रशिक्षित करने के लिए आपदा प्रबंधन संबंधी परियोजना 'आपदा प्रतिरोधी समाज के लिए सखी महिला अभियान' जारी है।

**ग. स्वच्छता कार्य योजना:**

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा अधिशेष इस कार्यक्रम के अंतर्गत व्यय के विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत ₹ 5.50 करोड़ के लक्ष्य के स्थान पर ₹ 5.91 करोड़ की राशि व्यय की गई थी।

- 'परिच्छन्नता' परियोजना के अंतर्गत 5 वर्षों के अनुरक्षण सहित स्कूल शौचालयों के निर्माण का कार्य शुरू किया गया है। इसके अतिरिक्त, एनआरएल सीएसआर ने विभिन्न स्थानों में सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण के लिए सहायता प्रदान की है।
- परियोजना 'जीवनधारा' गांवों, स्कूलों और अन्य सामुदायिक स्थानों पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने पर ध्यान केंद्रित है। वर्ष के दौरान, एनआरएल ने गोलाघाट जिले के अंतर्गत आस–पास के गांवों और सामुदायिक स्थानों में एटीएम सुविधा के साथ 14 नग सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल शोधन संयंत्रों की स्थापना की है। इन सभी संयंत्रों को 3 वर्ष के वार्षिक अनुरक्षण संविदा के प्रावधान के साथ स्थापित किया गया था।
- एनआरएल ने प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन और उपचार हेतु स्वयं को सुसज्जित करने के लिए निम्नलिखित नगर पालिकाओं/नगर समितियों और गैर सरकारी संगठनों को 5 मिनी अपशिष्ट टिपर वाहन प्रदान किए हैं।
- एनआरएल ने असम चाय जनजाति कल्याण समिति और गोलाघाट शाखा साहित्य सभा को मौजूदा पेयजल प्रणालियों के नवीनीकरण और निर्माण के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की है।

**घ. आजीविका सृजन:**

परियोजना 'स्वनिर्भर' गांव के लोगों की आजीविका सृजन के लिए शुरू की गई प्रतिष्ठित परियोजना है। यह परियोजना ग्रामीणों को अपनी आजीविका के लिए सुअर पालन फार्म, बकरी फार्म, निर्माण इकाइयों, किराने की दुकानों, चावल मिलों, कपड़े की दुकानों, डेयरी फार्मों आदि जैसी छोटी परियोजनाओं को शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करती है। गांवों की महिलाओं को भी इस तरह की पहल से प्रेरित किया गया था और इससे वे अपने परिवार को छोटी–मोटी योगदान भी कर सकती थीं।

**च.अवसंरचना विकास:**

वित्त वर्ष के दौरान एनआरएल में और उसके आसपास कई विकासात्मक कार्य किए गए जिनमें ग्राम सड़क निर्माण और नवीकरण, सौर स्ट्रीट लाइटों की स्थापना और शुरूआत के साथ–साथ घरेलू रोशनी, पुलों/पुलियाओं का निर्माण और ग्रामीण क्षेत्रों में अन्य अवसंरचना के विकास कार्य आदि शामिल हैं।

- फुलनीबारी–मधापुर रोड, गुटीबाड़ी लिंक रोड, एनएच–37 से ज्योति एकेडमी स्कूल और हलुआ गाँव रोड, बरचापरी (एडब्ल्यूसी से पीडब्ल्यूडी पूल) और राजाबाड़ी–ओउगुरी–अहोम गाँव सड़क के लिए पक्की सड़कें विकसित की गईं। फुलनीबारी मधापुर सड़क और बरचापरी (पीडब्ल्यूडी पूल से एडब्ल्यूसी) और राजाबाड़ी–ओउगुरी–अहोम गांव सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और अन्य दो सड़कों का कार्य प्रगति पर है।
- ग्रामीण अवसंरचना को विकसित करने और ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोत को बढ़ावा देने के उपाय के रूप में, एनआरएल ने पोंका मौंडल गांव और कुछ महत्वपूर्ण सामुदायिक स्थानों सहित आस–पास के इलाके के गांव की सड़कों में 220 नग सौर स्ट्रीट लाइटों की स्थापना और शुरूआत के लिए परियोजनाएं शुरू की हैं। बोकाखाट में बाढ़ प्रभावित गांव चिनाकॉन गांव में कुल 275 नग सौर घरेलू रोशनी प्रदान की गई।

**ङ. कला, खेल, साहित्य और संस्कृति का संवर्धन:**

- एनआरएल लंबे समय से खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यकलापों को बढ़ावा दे रहा है और इस वर्ष भी मौजूदा परियोजनाओं से इतर कुछ नई परियोजनाओं को शुरू किया गया। कला और सांस्कृतिक कार्यकलापों के माध्यम से, एनआरएल सीएसआर ने नई पीढ़ियों के बीच पारंपरिक कला के रूपों को संरक्षित करने और इसे आगे बढ़ाने का प्रयास किया।
- एनआरएल निरंतर आधार पर एनआरएल फुटबॉल अकादमी चला रहा है। कोविड वैश्विक महामारी के बाद, एनआरएल ने नवंबर, 2021 से फिर से अकादमी का संचालन शुरू कर दिया है। वर्तमान में, इसमें अंडर 13, अंडर 15 और अंडर 18 श्रेणियों में खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या 69 है।

सीएसआर कार्यकलापों का विवरण एनआरएल की वेबसाइट www.nrl.co.in पर निरंतर आधार पर प्रकाशित किया जाता है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान और अप्रैल–दिसंबर 22 के दौरान सीएसआर कार्यकलापों पर एनआरएल द्वारा व्यय की गई राशि निम्नानुसार है:

(राशि ₹ करोड़ में)

| | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 (अप्रैल–दिस.) |
|---|---|---|---|---|
| सीएसआर परिव्यय | 62.25 | 52.80 | 59.13 | 71.11 |
| वास्तविक व्यय | 62.60 | 53.19 | 74.14 | 27.91 |

**14.3.5.11. डिजिटल भारत**

एनआरएल ने विश्वसनीय, परिपक्व और समय सिद्ध एसएपी ईसीसी 6.0 ईआरपी से एस/4 हाना ईआरपी में प्रव्रजन करने के लिए बहुत ऊंची छलांग लगाई है। इस परियोजना को समय और बजट के भीतर सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया और दिनांक 07 फरवरी, 2022 से शुरू किया गया। इसके शुरूआत से एनआरएल ने तेल और गैस संबंधित पीएसयू में पहला और अनुप्रवाह क्षेत्र में पहला स्थान प्राप्त किया। कार्यान्वयन एजेंसी की पूर्ण रिमोट मोड भागीदारी सहित परियोजना को पूरी की गई थी। परियोजना की समय पर पूरा करना, एनआरएल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है जिसके लिए समय पर उपलब्धि को पूरा करने के लिए उचित परियोजना निगरानी और संसाधनों के प्रणालीकरण की आवश्यकता होती है।

एस/4 हाना, एसएपीहाना इन–मेमोरी डेटाबेस पर आधारित ईआरपी व्यापार अनुकूल कंपनियों को लेनदेन करने और वास्तविक समय पर व्यावसायिक डेटा का विश्लेषण करने की अनुमति देता है। एस 4 हाना को अनुकूलन करके, एनआरएल ने डिजिटल दिशा–निर्देशों की अपनी व्यवस्था को समृद्ध किया है जो ईसीसी 6.0 के लिए लेनदेन के तेजी से प्रसंस्करण और सूचना निर्माण में मदद करेगा और इसमें निर्णय समर्थन प्रणाली को बढ़ाने के लिए विश्लेषणात्मक सूचना विकसित करने का प्रावधान है।

एस/4 हाना के प्रव्रजन से, संगठन की कार्यात्मक क्षमताओं को बढ़ाने और रिफाइनरी विस्तार और नए व्यवसाय में प्रवेश करने के लिए अतिरिक्त सुविधाओं को भी कार्यान्वित किया गया, जैसे कि 'वित्तीय समापन कॉकपिट' को केंद्रीकृत करने और महीने के अंत को निर्बाध और द्रुत बनाना और डीएएस 116 लेखा मानक आवश्यकताओं के भीतर पूर्ण अनुपालन हेतु 'संविदा पट्टा प्रबंधन'।

एडीएनओसी और आईएसपीआरएल के बीच की गई करार के अनुसार दिसंबर 2019 में एचपीसीएल, विजाग को अपनी पहली वाणिज्यिक खेप सफलतापूर्वक भेज दी गई थी। इसके पश्चात एडीएनओसी मैंगलोर एसपीआर से विभिन्न भारतीय रिफाइनरियों को नियमित रूप से कच्चे तेल की खेप बेच रहा है और संविदात्मक शर्तों के अनुसार फिर से क्षतिपूर्ति कर रहा है।

### 14.4.13.2. व्यावसायीकरण : एमआरपीएल और एचपीसीएल द्वारा आईएसपीआरएल से क्रूड का उत्थान

मंत्रिमंडल ने 8 जुलाई, 2021 को कार्यनीतिक पेट्रोलियम भंडार (एसपीआर) के चरण–1 के अंतर्गत तैयार किए गए पेट्रोलियम भंडार के अंश का उपयोग व्यावसायीकरण संचालन के लिए करने के प्रस्तावों पर विचार किया है।

आईएसपीआरएल ने अगस्त 2021 से राज्य आधारित रिफाइनरों एचपीसीएल और एमआरपीएल को कच्चा तेल निर्गमन करना शुरू कर दिया है। आईएसपीआरएल ने भारत सरकार के भारतकोष खाते में ₹ 4,900.60 करोड़ की राशि जमा की, जिसे कच्चे तेल की बिक्री से राजस्व के रूप में प्राप्त किया गया था।




मैंगलोर की बड़ी गुफा पोर्टल स्थल पर संयुक्त सचिव (रिफाइनरी), एमओपीएनजी का दौरा



आईएसपीआरएल विशाखापत्तनम इकाई संयंत्र का दृश्य

**आईएसपीआरएल चरण–II**

दिनांक 08 जुलाई 2021 को, मंत्रिमंडल सचिवालय ने चांदीखोल, ओडिशा (4 एमएमटी) और पदुर–II, कर्नाटक (2.5 एमएमटी) और समर्पित एसपीएम और पीपीपी मोड के अंतर्गत रूपरेखा, निर्मित, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) आधार पर संबद्ध पाइपलाइन के चरण–II के अंतर्गत वाणिज्यिक सह सामरिक पेट्रोलियम भंडार के विकास के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। वित्त वर्ष 2019–20 की खपत के आंकड़ों के अनुसार इससे भारत की ऊर्जा सुरक्षा में और 12 दिनों की वृद्धि होने की उम्मीद है।

दोनों स्थानों पर चरण–II के लिए आईएसपीआरएल भारत सरकार से बजटीय सहायता के माध्यम से भूमि का अधिग्रहण करेगा और भूमि अधिग्रहण हो जाने के बाद, इसे एकल चरण बोली के माध्यम से सफल बोलीदाता को सौंप दिया जाएगा। रियायतग्राही कच्चे तेल का निर्माण करेगा, उसे भरेगा और उसका संचालन करेगा।

दोनों स्थानों चांदीखोल, ओडिशा और पदुर–II, कर्नाटक की भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है। पादुर में एसपीएम के लिए समुद्री सर्वेक्षण किया गया है। नीरी ने दोनों स्थानों में ईआईए किया है। आईएसपीआरएल देश में एसपीआर क्षमता बढ़ाने के लिए और गुफाएं जोड़ने की व्यवहार्यता भी तलाश रहा है।

### 14.4.13.3. यूएस ऊर्जा विभाग के अधिकारियों द्वारा आईएसपीआरएल विशाखापत्तनम का दौरा

कार्यनीतिक भंडार से निपटने वाले ऊर्जा विभाग (डीओई) के एक वरिष्ठ अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने दिनांक 14 और 15 नवंबर 2022 को नोएडा के आईएसपीआरएल कार्यालय और विशाखापत्तनम के उत्पादन केंद्रों का दौरा किया। यूएस प्रतिनिधिमंडल ने नमक की गुफा के संचालन संबंधी अनुभव साझा किए। दोनों पक्षों ने गुफाओं के संचालन से संबंधित चुनौतियों पर चर्चा की।


आईएसपीआरएल ने अमेरिका द्वारा समन्वित निर्गमन घोषणा के दौरान एसपीआर से कच्चा तेल निर्गमन किया था।




आईएसपीआरएल विशाखापत्तनम गुफा पोर्टल में ऊर्जा विभाग के यूएस ऊर्जा विभाग के कार्मिकों का दौरा



आईएसपीआरएल मुख्यालय में ऊर्जा विभाग के कार्मिकों के साथ यूएस के ऊर्जा विभाग के अधिकारी



अध्याय 15



# एकीकृत वित्त प्रभाग

# 15 एकीकृत वित्त प्रभाग

अपर सचिव एवं वित्त सलाहकार के नेतृत्व में आईएफडी को प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग के सचिव को सहायता प्रदान करने के साथ-साथ वित्त मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करने की दोहरी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वित्तीय सलाहकारों से प्रशासनिक सचिवों को निम्नलिखित पर सलाह देने की अपेक्षा की जाती है:–

i) नीति के वित्तीय प्रभावों पर ध्यान देने के साथ नीति निर्माण और

ii) वित्त मंत्रालय द्वारा निर्धारित समग्र मैक्रो–फ्रेमवर्क में विभागीय लक्ष्यों और उद्देश्यों के अनुसार सिफारिशें करना।

इसके कारण, आईएफडी को मंत्रालय/विभाग की नीतियों और प्राथमिकताओं की पूरी समझ होना और दैनिक आधार पर लेन–देन संबंधी निर्णय लेने में सचिव का मार्गदर्शन करना अपेक्षित है। वित्त मंत्रालय द्वारा परिभाषित वित्तीय औचित्य के दायरे में, इस प्रभाग को बजटीय सत्यनिष्ठा से समझौता किए बिना क्षेत्रीय प्राथमिकताओं/लक्ष्यों/उद्देश्यों/परिणामों को ध्यान में रखना चाहिए।

इस उत्तरदायित्व का निर्वहन निम्नलिखित कार्य आबंटन के अनुसार दो अनुभागों के माध्यम से किया जाता है:–

i) मंत्रालय के मुख्य बजट को तैयार करने और इसे अंतिम रूप देने के संबंध में बजट संबंधी कार्य।

ii) नीतिगत सलाह

iii) संसद से संबंधित कार्य

iv) अन्वेषण संबंधी नीतिगत मामलों पर सलाह

v) लेखा परीक्षा मामले

vi) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक, स्थापना और व्यक्तिगत मामलों की वित्तीय सहमति/पुनरीक्षण।

vii) सीपीएसई से संबंधित नीतिगत मामलों पर सलाह

viii) अन्य नीतिगत मामलों पर सलाह



एमआरपीएल की मैंगलोर रिफाइनरी का चित्र

## पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट 2022–23 के लिए इनपुट (बजट अनुमान)

(₹ करोड़ में)

| योजना/मद का नाम | वास्तविक व्यय 2021-22 | बजट अनुमान 2022–23 | वास्तविक व्यय 2022-23 (31.1.2023 तक) |
|---|---|---|---|
| **राजस्व** | | | |
| सचिवालय–आर्थिक सेवाएं | 36.86 | 49.16 | 34.11 |
| एलपीजी के लिए डीबीटी | 177.06 | 4000.00 | 10.95 |
| पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित अन्य देय राजसहायता (घरेलू प्राकृतिक गैस) | 391.00 | 811.00 | 744.29 |
| परियोजना प्रबंधन व्यय | 241.65 | 64.00 | 9.88 |
| केरोसिन के लिए डीबीटी | 1.53 | 0.0 | 0.00 |
| पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित देय अन्य राजसहायता (मिट्टी का तेल) | 0.00 | 0.0 | 0.00 |
| बीसीपीएल/असम को फीडस्टॉक राजसहायता गैस क्रैकर कॉम्प्लेक्स | 1,042.92 | 137.5 | 116.88 |
| गरीब परिवारों को एलपीजी कनैक्शन की योजना (पीएमयूवाई) | 1,568.44 | 800.00 | 680.00 |
| इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड को भुगतान (ओ एंड एम) | 129.49 | 210.58 | 123.27 |
| गेल अथोरिटी ऑफ इंडिया– फूलपुर धामरा हल्दिया पाइपलाइन परियोजना | 589.55 | 0.00 | 0 |
| इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड (आईजीजीएल) पूर्वोत्तर प्राकृतिक गैस पाईपलाइन ग्रिड का हिस्सा | 850.00 | 1,798.27 | 1,528.53 |
| प्रधान मंत्री जी–वन योजना | 151.50 | 314.36 | 0.00 |
| राष्ट्रीय जैव–ईंधन निधि | 0.00 | 1.00 | 0.00 |
| पेट्रोलियम नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2. सोसाइटी फॉर पेट्रोलियम लेबोरेट्री | 1.69 | 2.88 | 0.00 |
| भारतीय पेट्रोलियम ऊर्जा संस्थान (आईआईपीई) विशाखापत्तनम की स्थापना | 23.75 | 150.00 | 0 |
| राजीव गांधी पेट्रोलियम और प्रौद्योगिकी संस्थान (आरजीआईपीटी) असम की स्थापना | 100.00 | 0.00 | 0.00 |
| ऊर्जा उत्कृष्टता केन्द्र, बैंगलोर की स्थापना | 100.00 | 0.00 | 0.00 |
| राज्य सरकारों को विभेदक रॉयल्टी का भुगतान | 0.88 | 1.11 | 1.11 |
| घरेलू एलपीजी परिचालन में कम वसूली के लिए तेल विपणन | 0 | 0 | 22,000.00 |
| नुमालीगढ़ रिफाइनरी विस्तार परियोजना | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| भारत में मर्चेन्ट शिप की शुरुआत के संवर्धन के लिए योजना | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| **कुल** | **5,406.32** | **8,339.86** | **25,249.02** |
| **पूंजी** | | | |
| इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड (आईएसपीआरएल) को भुगतान | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| कावेर्न्स चरण–II के निर्माण के लिए आईएसपीआरएल को भुगतान | 210.00 | 600.00 | 0.00 |
| तेल विपणन कंपनियों के लिए पूंजीगत समर्थन | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| बीको–लॉरी को ब्याज मुक्त ऋण | | | |
| सचिवालय–आर्थिक सेवाएं | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम | 137.31 | 0.00 | 0 |
| **कुल** | **347.31** | **600.00** | **0.00** |
| **कुल योग (राजस्व+पूंजी)** | **5,753.63** | **8,939.86** | **25,249.02** |

## 16.2. राजस्व पूंजी प्राप्तियां*

(₹ हज़ार में)

| छः माह की कुल प्राप्तियां | | विस्तृत शीर्षों तक | कुल प्राप्तियां | | | 2022-2023 | | 2023-2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अप्रैल–सितंबर | अप्रैल–सितंबर | | | | | | | |
| 2021-2022 | 2022-2023 | | 2019-2020 | 2020-2021 | 2021-2022 | बजट अनुमान | संशोधित अनुमान | बजट अनुमान |
| 43374786 | 50347606 | लाभ पेट्रोलियम | 44777421 | 37458596 | 86749572 | 60334434 | 96655918 | 90406807 |
| 28597449 | 49895403 | रॉयल्टी | 56259001 | 35585349 | 57194897 | 57114446 | 77547598 | 81533062 |
| 102300 | 100000 | पीईएल शुल्क | 142133 | 330000 | 204600 | 175584 | 150000 | 150000 |
| 13100 | 13500 | पीएलपी | 40829 | 30200 | 26200 | 25400 | 27000 | 27000 |
| **7,20,87,635** | **10,03,56,509** | कुल | **10,12,19,384** | **7,34,04,145** | **14,41,75,269** | **11,76,49,864** | **17,43,80,516** | **17,21,16,869** |

*दिनांक 30.11.2022 तक ली गयी जानकारी/डाटा



## राजस्व प्राप्तियां–लाभांश (दिनांक 30.11.2022 तक)

(₹ हज़ार में)

| क्र. सं. | सीपीएसई/बैंक का नाम | दिनांक 31.3.2022 की स्थिति के अनुसार पीपंकालिक उधारियां | दिनांक 31.3.2022 की स्थिति के अनुसार ऋण इक्विटी अनुपात | 2021-2022 के लिए सरकार को संदत्त लाभांश | | 2021-22 के लिए संदत्त कुल लाभांश (कॉलम क+ख का योग) | 2021-22 में संदत्त/ भुगतान किया जाने वाला 2021-22 के लिए अन्तरिम लाभांश | 2021-22 के दौरान संदत्त कुल लाभांश (कॉलम ख+घ का योग) | 31.03.22 की स्थिति के अनुसार नगदी/ नगदी समकक्ष | 31.03.22 की स्थिति के अनुसार सामान्य आरक्षिती | 2022-23 के दौरान पूंजीगत व्यय | 2023-24 के लिए अनुमानित पूंजीगत व्यय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2021-2022 में अंतरिम लाभांश | 2021-2022 में संदत्त/ भुगतान किया जाने वाला अंतिम लाभांश | | | | | | | |
| | | | | क | ख | ग=क+ख | घ | ङ | | | | |
| 1 | ओएनजीसी | 63969020 | 0.03:1 | 55097161 | 24078818 | 79175979 | 75851593 | 99930411 | 501050 | 2166081370 | 299500037 | 301250046 |
| 2 | ओआईएल इंडिया लि. | 116356435 | 0.43 | 5682984 | 307188 | 5990172 | 9200000 | 9507188 | 6567109 | 258941166 | 43020000 | 44500000 |
| 3 | आईओसीएल | 633158400 | 0.84:1 | 43632900 | 17453280 | 61086180 | 0 | 17453280 | 8829800 | 1024788900 | 285490000 | 284761900 |
| 4 | एचपीसीएल | 349769261 | 0.90:1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1072195 | 0 | 145000000 | 120000000 |
| 5 | बीपीसीएल | 154819725 | 0.49:1 | 11491836 | 6895102 | 18386938 | 0 | 6895102 | 7675379 | 327755617 | 100000000 | 100000000 |
| 6 | ईआईएल | 0 | 0 | 576917 | 288459 | 865376 | 576917 | 865376 | 13202317 | 16440253 | 160000 | 980000 |
| 7 | बीएलआईएल | 0 | 0 | 0 | 1111525 | 1111525 | 0 | 1111525 | 469425 | 2990369 | 264924 | 400000 |
| 8 | गेल | 48300866 | 0.15 | 20561311 | 2258387 | 22819697 | 10287588 | 12545974 | 13675625 | 35054938 | 76500000 | 77500000 |
| | कुल | **1,31,80,72,841** | | **11,64,81,798** | **5,01,34,372** | **16,66,16,170** | **8,56,28,510** | **13,57,62,882** | **3,83,17,275** | **3,79,69,97,675** | **87,34,34,961** | **85,18,91,946** |

## पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय
### सीएस बजट आवंटन और रुझान विश्लेषण

वित्त वर्ष 2021–22 में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का वास्तविक व्यय भारत सरकार के वास्तविक व्यय का 0.15% था। वित्त वर्ष 2022–23 में, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के बजट का 97.7% केंद्रीय क्षेत्र की 11 योजनाओं के लिए आवंटित किया गया है।


**मंत्रालय संबंधी व्यय 2010-21**
एमओपीएनजी

रुपये में ₹




*टिप्पणी: वर्ष 2021-22 के लिए आंकड़े बजट अनुमान* है और वर्ष 2022-23 के लिए आंकड़े बजट अनुमान^ है।*
*स्रोत: केन्द्रीय बजट 2021-22; पी आर एस*

**अनुदानों की मांगे 2022-23**
एमओपीएनजी





*शून्य बजट योजनाओं को योजनाओं की गिनती में शामिल नहीं किया गया।
*स्रोत: अनुदानों की मांगे, बजट (2022-23)*

## पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय
### सीएस बजट आवंटन और रुझान विश्लेषण

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के 2022–23 के सीएस बजट आवंटन में शीर्ष 4 योजनाओं का योगदान 85% से अधिक है

**अनुदानों की मांगे 2022-23**
एमओपीएनजी | उपयोजनाए




- केन्द्रीय योजना 2022–23 बजट आवंटन में शीर्ष 03 योजनाए अर्थात एलपीजी के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित देय अन्य राजसहायता और इन्द्रधनुष गैस लिमिटेड 78% का आवंटन करते हैं।

**सीएस बजट रुझान (वि.व.19-23)**
एमओपीएनजी | 5 वर्षों का रुझान | उप योजनाए

करोड़ रुपये में




- प्रत्यक्ष लाभ अंतरण–एलपीजी वि.व. 22–23 बा.अ. पर बजट वित्त वर्ष 21–22 वास्तविक की तुलना में 22 गुणा बढ़ाया गया है।
- वित्त वर्ष 22–23 में अन्य योजनाओं अर्थात् पीपीसीएल/असम जीसीसी और राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम के लिए फीडस्टॉक राजसहायता पर व्यय काफी कम किया गया है।
- पीपीसीएल/असम जीसीसी को फीडस्टॉक राजसहायता हाल ही में रसायन और उर्वरक मंत्रालय से पीएनजी मंत्रालय को अंतरित की गई थी।
- इन्द्रधनुष गैस ग्रीड लिमिटेड का बजट वि.व. 21–22 वास्तविक की तुलना में वि.व. 22–23 बा.अ. में 2 गुणा बढ़ा गया है।

*बा.अ.–संशोधित अनुमान, ब.अ.–बजट अनुमान | स्रोत–अनुदानों की मांगे, बजट (2018–19, 19–20, 20–21, 21–22, 22–23)*

## वर्ष 2022–23 से कार्रवाई मदें

**घरेलू अन्वेषण में तेजी लाना**

- 09 डीएसएफ बोली राउंड–84 संविदा क्षेत्र
- ओपन एकरेज पॉलिसी (ओएएलपी) के 07 बोली राउंड हुए–134
- विशेष सीबीएम बोली राउंड–2021 और 2022 – 04 सीबीएम ब्लॉक एवार्ड किए गए और एक ब्लॉक ऑफर के अधीन।
- नो–गो क्षेत्र होने वाले 99% क्षेत्र में अन्वेषण गतिविधियों को खोल दिया गया।

**गैस अर्थव्यवस्था का संवर्धन**

- अतिरिक्त ~13,029 किमी पाइपलाइन निर्माणाधीन, गैस को पूरा करने के लिए 2026–27 तक आगामी और बिछाए जाने का प्रस्ताव
- विभिन्न प्रवेशों द्वारा अतिरिक्त 22.3 एमएमटीपीए एलएनजी आयात क्षमता निर्माणाधीन है

**रिफाइनिंग**

- नुमालीगढ़ रिफाइनरी का 3.0 एमएमटीपीए से 9.0 एमएमटीपीए तक क्षमता विस्तार

**एथेनॉल मिश्रण**

- वित्त वर्ष 2022–23 में 10% एथेनॉल मिश्रण हासिल किया गया और अब 20% मिश्रण लक्ष्य अधिसूचित किया गया
- 6 वाणिज्यिक 2जी पपरियोजना–3 डेमो परियोजनाओं के लिए कुल ₹ 895 करोड़ की वित्तीय सहायता अनुमोदित

**सुधार**

- हरित हाइड्रोजन मिशन
- स्कोप 1 और स्कोप 2 उत्सर्जन
- डबल बर्नर सोलर कुकटॉप
- ई20 ईंधन वितरण
- एकल उपयोग प्लास्टिक का पुनर्चक्रण
- नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना


**दीर्घावधिक आपूर्ति सुरक्षा**

- वैकल्पिक ईंधनों पर ध्यान केंद्रित कर कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस स्रोतों के आयात को कम करने के लिए कदम उठाना
- पेट्रोरसायन का निवल निर्यातक बनना

**सामान्य**

- गोबरधन (गेलवेनाइजिंग) ऑर्गेनिक बायो–एग्रो रिसोर्सेज चेन) के तहत 500 नए "वेस्ट वेल्थ" संयंत्र
- ऊर्जा के भंडारण और 24x7 उपयोग के लिए इन–हाउस बैटरी इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा समर्थित खाना पकाने के लिए रूफ टॉप सोलर का लाभ उठाने के लिए एक हाइब्रिड मॉडल की संभावना तलाशना


ट्रोलियम और प्राकृतिक गैस
की
हिन्दी सलाहकार समिति की




अध्याय 16

# सामान्य

# 16 सामान्य

## सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रगामी प्रयोग

**16.1.1.** मंत्रालय और इसके उपक्रमों में आधिकारिक कामकाज में राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने हिंदी के उपयोग को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इन कदमों में हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन, मंत्रालय और उसके उपक्रमों के अनुभागों का मौके पर निरीक्षण, हिंदी पखवाड़े का आयोजन, हिंदी सलाहकार समिति, राजभाषा कार्यान्वयन समिति आदि की बैठकें आयोजित करना शामिल है।

**16.1.2.** मंत्रालय में माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री की अध्यक्षता में एक हिंदी सलाहकार समिति कार्यरत है। माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री इस समिति के उपाध्यक्ष हैं। समिति में छह संसद सदस्य, नौ गैर–सरकारी सदस्य हैं, इसके अलावा मंत्रालय और मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारी इसके आधिकारिक सदस्य हैं। समिति का कार्य सरकारी कामकाज में राजभाषा को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय को सलाह प्रदान करना है। इस समिति की बैठक दिनांक 25.11.2022 को नई दिल्ली में आयोजित की गयी थी।

**16.1.3.** मंत्रालय ने इसके अधीन सार्वजनिक उपक्रमों के लिए एक राजभाषा शील्ड योजना शुरू की थी ताकि ये अपने–अपने संगठनों में आधिकारिक कामकाज में हिंदी के उपयोग के लिए एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकें। माननीय मंत्री जी द्वारा 25 नवम्बर 2022 को पुरस्कार वितरण किया गया।

**16.1.4.** इसी प्रकार मंत्रालय में संयुक्त सचिव (सामान्य एवं प्रशासन) की अध्यक्षता में एक राजभाषा कार्यान्वयन समिति भी कार्य कर रही है। इस समिति का कार्य मंत्रालय और इसके उपक्रमों में राजभाषा की प्रगति की समीक्षा करना और इसके प्रचार–प्रसार के लिए सुझाव देना है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान समिति की नियमित बैठकें आयोजित की गईं और समिति के सुझावों पर अनुवर्ती कार्रवाई की गई।

**16.1.5.** संसदीय राजभाषा समिति ने हमारे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लगभग 41 कार्यालयों का दौरा किया जिसमें ओआईएल, ओएनजीसी, आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल, गेल, बामर लॉरी, ओएनजीसी विदेश लिमिटेड, सीएचटी और ईआईएल आदि के कार्यालय शामिल हैं और इन कार्यालयों में राजभाषा की प्रगति की समीक्षा की। समिति ने अनेक अवसरों पर हिंदी के प्रचार–प्रसार



के लिए इन कार्यालयों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। इन कार्यालयों द्वारा समिति को दिए गए आश्वासनों पर अनुवर्ती कार्रवाई की गई है। इन बैठकों में मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

**16.1.6.** समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, मंत्रालय ने राजभाषा नियम, 1976 के नियम 10(4) के तहत हमारे पीएसयू के कुछ कार्यालयों को अधिसूचित किया। हमारे पीएसयू में राजभाषा की प्रगति का आकलन करने और निर्धारित लक्ष्यों के अनुसरण में राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2022–23 में मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हमारे पीएसयू के 35 से अधिक कार्यालयों का निरीक्षण किया और इन कार्यालयों में हिंदी की प्रगति की समीक्षा की। मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को कमियों को दूर करने के सुझाव दिए गए।

**16.1.7.** अधिकारियों को हिंदी में अधिक से अधिक कार्य करने में सहायता करने और ऐसा करने में उनके संकोच को दूर करने के लिए मंत्रालय में नियमित हिंदी कार्यशालाएं आयोजित की गईं। इन कार्यशालाओं में बड़ी संख्या में अधिकारियों ने भाग लिया और इन कार्यशालाओं में दिए गए सुझावों से लाभान्वित हुए। इसके परिणामस्वरूप मंत्रालय में हिंदी पत्राचार का प्रतिशत काफी बढ़ गया है।

**16.1.8.** राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार मंत्रालय में दिनांक 14 सितम्बर से 28 सितम्बर 2022 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस अवसर पर, हमारे सभी अधिकारियों के साथ–साथ सभी पीएसयू को माननीय मंत्री जी का एक संदेश जारी किया गया। इस पखवाड़े के दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में मंत्रालय के अधिकारियों ने भाग लिया और सफल उम्मीदवारों को पुरस्कार दिए गए।

**16.1.9.** दिनांक 09.09.2022 को नई दिल्ली में संयुक्त सचिव (सामान्य एवं प्रशासन) की अध्यक्षता में तीसरा पेट्रोलियम राजभाषा सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन सभी पीएसयू/संगठनों के कई राजभाषा अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

**16.1.10.** मंत्रालय के विभिन्न दस्तावेजों का अनुवाद करना मंत्रालय के हिंदी प्रभाग को सौंपे गए महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है। हिंदी प्रभाग ने इन दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। संसद प्रश्न, कैबिनेट नोट और संसदीय स्थायी समिति संबंधी सामग्री, एमओयू आदि सहित विभिन्न दस्तावेजों का अनुवाद समय पर किया गया।

## 16.2. सूचना का अधिकार

भारत सरकार की दिनांक 15 जून, 2005 की राजपत्र अधिसूचना के अनुसार पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम–2005 लागू किया गया है। आरटीआई अधिनियम अन्य बातों के साथ–साथ लोक प्राधिकरणों के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है।

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के प्रावधान के अनुसार, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में अवर सचिव/सहायक निदेशक को उनके कार्य आबंटन के संबंध में केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) के रूप में नामित किया गया है। तदनुसार, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में निदेशक/उप सचिव/आर्थिक सलाहकार को प्रथम अपीलीय प्राधिकारी (एफएए) के रूप में नामित किया गया है। कार्य के आबंटन में परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए इस मंत्रालय के सीपीआईओ/एफएए की सूची को नियमित रूप से अद्यतन किया जा रहा है।

आरटीआई अधिनियम 2005 की धारा 4(2) के तहत सूचना अर्थात जनता को स्वतः संज्ञान लेकर नियमित अंतराल पर सूचना प्रदान करने के लिए मंत्रालय की वेबसाइट को नियमित रूप से अद्यतन किया जा रहा है।

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा आरटीआईएमआईएस नामक एक ऑनलाइन प्रणाली शुरू की गई है। इस ऑनलाइन प्रणाली की सहायता से जनता से प्राप्त आवेदनों एवं अपीलों का निर्धारित समय–सीमा में निस्तारण किया जा रहा है। नागरिकों को समयोचित और परेशानी मुक्त तरीके से जानकारी प्रदान करने और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए, इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन सभी तेल और गैस सार्वजनिक उपक्रम और अन्य संगठन अब डीओपीटी के ऑनलाइन आरटीआईएमआईएस पोर्टल पर हैं।

अभिलेखों का डिजिटलीकरण सुनिश्चित करने के लिए, त्वरित और समय पर निपटान के लिए भौतिक रूप में प्राप्त आरटीआई आवेदनों और अपीलों को स्कैन, अपलोड और मंत्रालय के संबंधित सीपीआईओ और एफएए को अग्रेषित किया जा रहा है।

जनवरी से दिसंबर 2022 के दौरान, मंत्रालय में आरटीआई अधिनियम, 2005 के तहत 1,820 आवेदन/प्राप्तियां और 94 अपीलें प्राप्त हुई हैं।

## 16.3. स्टार्ट–अप इंडिया

तेल और गैस क्षेत्र की स्टार्ट–अप इंडिया पहल के तहत, वित्त पोषण और सलाह के लिए व्यक्तिगत सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा खुले विज्ञापनों के माध्यम से प्रस्ताव/आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। प्रस्तावों के विषयों में तेल पीएसयू के अपस्ट्रीम/मिडस्ट्रीम/डाउनस्ट्रीम कार्यों में सामाजिक प्रासंगिकता के विषयों के अलावा, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) का लाभ उठाना, बिजनेस प्रोसेस का डिजिटलीकरण, हरित ईंधन, वैकल्पिक ऊर्जा, हाइड्रोकार्बन उद्योग के लिए बेहतर प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। स्टार्ट–अप आवेदन प्राप्त करने के दौर से पहले, तेल पीएसयू भी समय–समय पर स्टार्ट–अप के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने और नवीन विचार प्रदान करने के लिए हैकथॉन/ आइडिएशन चैलेंज का आयोजन करते हैं।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ने ₹ 405 करोड़ का स्टार्टअप फंड तैयार किया है। वर्तमान में तेल और गैस पीएसयू द्वारा लगभग 208 करोड़ रुपये के संवितरित कोष मूल्य के साथ 232 स्टार्टअप को वित्त पोषित किया जा रहा है। तेल और गैस पीएसयू द्वारा समर्थित कुछ स्टार्टअप पहले ही परिपक्व हो चुके हैं।

## 16.4. कौशल विकास

कौशल भारत पहल के तहत, दिनांक 26.04.2016 को सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के तहत हाइड्रोकार्बन क्षेत्र कौशल परिषद (एचएसएससी) की स्थापना की गई थी। कौशल विकास के क्षेत्र में सहयोग के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के बीच 28 नवंबर, 2016 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक (एनओएस)/योग्यता पैक (क्यूपी) विकास के लिए उद्योग सदस्यों के परामर्श से कई उच्च प्राथमिकता वाले ट्रेडों की पहचान की गई। अब तक, 20 क्यूपी को राष्ट्रीय



कौशल योग्यता समिति (एनएसक्यूसी) द्वारा अनुमोदित किया गया है। हाइड्रोकार्बन क्षेत्र के लिए छह शहरों अर्थात भुवनेश्वर, विजाग, कोच्चि, अहमदाबाद, गुवाहाटी और रायबरेली में कौशल विकास संस्थान (एसडीआई) स्थापित किए गए हैं। सितंबर 2022 तक, इन एसडीआई में 23,000 से अधिक प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। कौशल विकास संस्थान (एसडीआई), भुवनेश्वर का स्थायी परिसर, जो एक उद्योग के लिए तैयार प्रतिभा पूल बनाने के लिए अत्याधुनिक अवसंरचना और प्रौद्योगिकी का उपयोग करके विश्व स्तरीय उद्योग आधारित कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने की परिकल्पना करता है, 20 अगस्त, 2021 को राष्ट्र को समर्पित किया गया था।

## 16.5. मेक इन इंडिया

इस मंत्रालय ने उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग के सार्वजनिक क्रय (मेक इन इंडिया को वरीयता) आदेश, 2017 के अनुरूप तेल और गैस क्षेत्र में सार्वजनिक खरीद को संरेखित किया है।

## 16.6. लोक शिकायत

मंत्रिमंडल सचिवालय, भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में लोक शिकायत प्रकोष्ठ कार्यशील है। यह प्रकोष्ठ इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र की तेल और गैस कंपनियों और अन्य संगठनों के विरुद्ध जन सदस्यों की शिकायतों को संभालता है।


लोक शिकायत विभाग, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग और सरकार के अन्य विभागों के साथ–साथ जनता के सदस्यों के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।


जून, 2008 में "केन्द्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली" (सीपीग्राम्स) नामक एक ऑनलाइन प्रणाली शुरू की गई है। सीपीग्राम्स की सहायता से, जनता और अन्य लोगों से लोक शिकायतों को तेजी से प्राप्त किया जाता है, इसके विषय के अनुसार तुरंत विश्लेषण किया जाता है और शीघ्र निवारण के लिए संबंधितों को अग्रेषित किया जाता है।

इसके अलावा, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में एक व्यवस्थित तंत्र भी विकसित किया गया है ताकि लोक शिकायतों का त्वरित और शीघ्र निवारण सुनिश्चित किया जा सके। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय और तेल एवं गैस पीएसयू में लंबित लोक शिकायतों की समीक्षा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से की जाती है।

जनवरी से दिसंबर 2022 के दौरान प्राप्त कुल 17,843 लोक शिकायतों में से 31 दिसंबर, 2022 तक 95% का निपटान हो चुका है।







अध्याय 17

# आजादी का अमृत महोत्सव

# 17 आजादी का अमृत महोत्सव

1. आज़ादी का अमृत महोत्सव प्रगतिशील भारत और इसके लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास के 75 साल को मनाने और स्मरणोत्सव के लिए भारत सरकार की एक पहल है। आजादी का अमृत महोत्सव, भारत की सामाजिक–सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक पहचान के बारे में वह सब जो प्रगतिशील है, की अभिव्यक्ति है। "आजादी का अमृत महोत्सव" की आधिकारिक यात्रा भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के लिए 75 सप्ताह की अवधि शेष रहते हुए 12 मार्च, 2021 से शुरू हुई। यह 15 अगस्त, 2023 को समाप्त होगी।

2. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय और इसके प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन संगठन आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों/गतिविधियों का आयोजन कर रहे हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के तेल संबंधी उपक्रमों (ओपीएसयू) ने दिसंबर, 2022 तक 257 गतिविधियों का संचालन किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन (ओपीएसयू) द्वारा आयोजित कार्यक्रमों/गतिविधियों का विवरण नियमित आधार पर निर्दिष्ट अकाम वेबसाइट (amritmahotsav.nic.in) पर समय पर अद्यतन किया जा रहा है।

3. पेट्रोलियम उत्पादों की जागरूकता, प्रभाव, विकास और सुरक्षा पर जोर देते हुए विभिन्न जनसांख्यिकी के लोगों को शामिल करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम/गतिविधियां आयोजित की गईं। ये गतिविधियां निम्नलिखित पर आधारित हैं:

   - रिफाइनरी, एलपीजी संयंत्र और अन्य तेल प्रतिष्ठानों के अध्ययन दौरे में छात्रों को शामिल करना।
   - उज्ज्वला, एलपीजी सुरक्षा, पीएनजी, सीएनजी, सीजीडी पर जागरूकता कार्यक्रम।
   - जैव–ईंधन, सतत आदि पर प्रदर्शनियां।

   इन गतिविधियों ने भारत को बदलने में मंत्रालय के योगदान और भारत की भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को उजागर किया।

   इस अवधि के दौरान पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जो इस प्रकार हैं:

## इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

i. मथुरा में 16 से 28 मार्च, 2022 तक स्वतंत्रता के 75 वर्ष मनाने की योजना बनाई गई थी।

   16 से 28 मार्च, 2022 तक की अवधि के लिए मथुरा के स्थानीय स्कूलों के 25 छात्रों के 5 समूहों के दौरे की योजना बनाई गई थी। उन्हें संयंत्र की सुरक्षा संबंधी वीडियो दिखाए गए और उन्हें बॉटलिंग संयंत्र के सुरक्षित संचालन के बारे में शिक्षित किया गया। छात्रों के समूह के साथ ईंधन संरक्षण के संबंध में चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान संयंत्र का दौरा किया गया और उन्हें संयंत्र संचालन, सिलेंडर भरने की प्रक्रिया, एसक्यूसी, सिलेंडर के प्रकार और कंपोजिट सिलेंडर आदि के बारे में भी शिक्षित किया गया।

ii. इंफाल, मणिपुर में दिनांक 25.04.2022 को पूर्वोत्तर भारत के लिए जैव ईंधन परिप्रेक्ष्य पर प्रदर्शनी

   ओएमसीएस ने दिनांक 25.04.2022 को इंडियनऑयल के इंफाल डिपो में पूर्वोत्तर भारत के लिए जैव ईंधन परिप्रेक्ष्य पर एक प्रदर्शनी की मेजबानी की। प्रदर्शनी में जैव ईंधन क्षेत्र में भारत की यात्रा और उपलब्धियों, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वावधान में की गई तकनीकी प्रगति और नई परियोजनाओं पर प्रकाश डाला गया।

   इस कार्यक्रम में ओएमसीएस के वरिष्ठ अधिकारियों, संबंधित उद्यमियों, स्थानीय मीडिया, ट्रांसपोर्टरों, स्थानीय आरओ डीलरों और आम लोगों की भी सक्रिय भागीदारी देखी गई। इंडियनऑयल के अधिकारियों ने प्रतिभागियों के साथ बातचीत की और बायोडीजल, संपीड़ित बायोगैस, बायोडीजल और एथेनॉल संयंत्रों की स्थापना के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों और हमारे पर्यावरण की रक्षा करने और जीवाश्म ईंधन पर आयात निर्भरता को कम करने के लिए जैव ईंधन कैसे आवश्यक हैं, इस बारे में जागरूकता स्तर बढ़ाया।

iii. आईओसीएल डिगबोई, असम में दिनांक 29.04.2022 को जैव ईंधन पर प्रदर्शनी और एम–15 मिश्रित एमएस की पहली खेप की रवानगी

   डिगबोई ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि 19वीं शताब्दी के अंत में यहां कच्चे तेल की खोज की गई थी और एशिया का पहला तेल कूप वर्ष 1866 में यहां खोदा गया था। यह वर्ष 1901 की शुरुआत में हमारी पहली रिफाइनरी का स्थान भी है। इंडियनऑयल द्वारा दिनांक 28.04.2022 को एम–15 मेथनॉल मिश्रित एमएस ट्रक के अपने पहले बैच की लोडिंग और संप्रेषण के साथ डिगबोई में एक अन्य उपलब्धि हासिल की गयी। दिनांक 29.04.2022 को आईओसीएल डिगबोई डिपो, असम में जैव ईंधन पर एक प्रदर्शनी आयोजित की गई।

iv. बरौनी रिफाइनरी, बिहार में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा की गई गतिविधियाँ

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 11.03.2022 | डिप्टी सीएलसी, पटना द्वारा संविदा श्रमिकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम। |
| 2 | 01.05.2022 | ईपीएफओ, मुजफ्फरपुर द्वारा संविदाकारों के लिए जागरूकता कार्यक्रम |
| 3 | 16.06.2022 | बेगसराय के गांवों और बेगुसराय करबे के निवासियों के बीच जिज्ञासा क्विज के संबंध में जागरूकता सृजन के लिए जिज्ञासा रथ |
| 4 | 10–11.06.2022 | जन वृक्षारोपण |

v. दोईमुख (ईटानगर) अरुणाचल प्रदेश में दिनांक 05.05.2022 को जैव ईंधन पर प्रदर्शनी,

दिनांक 05.05.2022 को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के दोईमुख (ईटानगर) डिपो, अरुणाचल प्रदेश में आयोजित जैव ईंधन प्रदर्शनी के साथ एनईआर में अकाम का प्रतिष्ठित कार्यक्रम समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्री ओपेक गाओ, सचिव एफसीएस, अरुणाचल प्रदेश सरकार द्वारा किया गया और सरकारी अधिकारियों, ओएमसी के वरिष्ठ अधिकारियों, ट्रांसपोर्टरों, स्थानीय आरओ डीलरों और आम लोगों ने इसमें भाग लिया।



vi. हल्दिया रिफाइनरी द्वारा दिनांक 31.05.2022 को "जिज्ञासा क्विज रथ" की रवानगी

आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए, इंडियनऑयल ने संस्कृति मंत्रालय तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के साथ 'जिज्ञासा: अकाम क्विज' शुरू किया है, जिसमें विजेताओं को 55 लाख रुपये की छात्रवृत्ति की पेशकश की गयी है। 13 से 18 आयु वर्ग के प्रतिभागी प्री–क्वालिफायर राउंड खेलने के पात्र हैं। प्रौद्योगिकी, नवाचार और समावेशी शिक्षा के माध्यम से भारतीय विरासत के बारे में जागरूकता पैदा करने और ज्ञान को आगे बढ़ाने के लिए अप्रैल 2022 में जिज्ञासा क्विज शुरू किया गया है।

राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नोत्तरी में भाग लेने के लिए 13 से 18 आयु वर्ग के बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए हल्दिया रिफाइनरी लगभग 650 स्कूलों के साथ लगातार संवाद और समन्वय कर रही है। भारत द्वारा आयोजित इस सबसे बड़ी क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए व्यापक प्रचार और पूर्व मेदिनीपुर जिले के अधिकतम प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह पहल भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, सभ्यता, साहित्य, वास्तुकला और विरासत में मिले ज्ञान, जिसका मूल प्राचीन भारत में है, के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने पर लक्षित करना है।




vii. हल्दिया रिफाइनरी ने दिनांक 10.06.2022 को हल्दिया में स्कूली छात्रों के लिए अध्ययन दौरा किया

आजादी का अमृत महोत्सव के भाग के रूप में, असेंबली ऑफ गॉड चर्च स्कूल–हल्दिया के छात्रों के लिए महामारी–सामान्य स्थिति के बाद समावेशी शिक्षा के लिए ऑफलाइन प्रयास करते हुए, हल्दिया रिफाइनरी का एक अध्ययन दौरा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार आसपास के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों के कई समूहों को विभिन्न बैच में रिफाइनरी स्थानों के अध्ययन दौरे के लिए शामिल किया गया।

viii. 3 जून, 2022 को लेह में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत एलपीजी जागरूकता कार्यक्रम

लेह एलपीजी बीपी में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत एलपीजी पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें एडवोकेट ताशी ग्यालसन, अध्यक्ष/सीईसी, एलएएचडीसी लेह, श्री जामयांग त्सोरिंग नामग्याल, एमपी लद्दाख, श्री अरविंद नाथ झा, उप सचिव (सामान्य), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, आईओसीएल के वरिष्ठ और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

सीईसी ताशी ग्यालसन ने एमपी लद्दाख के साथ कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आईओसीएल की सराहना की और ऐसे लोगों के लिए अतिरिक्त तनाव और लागत को कम करने के लिए लद्दाख के दूरदराज के क्षेत्रों में रिफिलिंग के दौरान एलपीजी सिलेंडरों के परिवहन के लिए एक प्रभावी योजना की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने लद्दाख को कार्बन–तटस्थ बनाने के माननीय प्रधानमंत्री जी के विजन के बारे में भी बात की और लद्दाख में भीषण सर्दियों के मौसम के दौरान हीटिंग सिस्टम के लिए प्रभावी ईंधन के विकल्प खोजने में आईओसीएल जैसे हितधारकों से सहायता का अनुरोध किया।

श्री अरविंद नाथ झा, उप सचिव (सामान्य), पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में लाभार्थियों के साथ विस्तृत बातचीत की।




## ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी)

i. दिनांक 5 जनवरी, 2022 को पूर्वोत्तर में अगरतला, त्रिपुरा में ओएनजीसी गैस प्रतिष्ठान/कूप में केंद्रीय विद्यालय के छात्रों का अध्ययन दौरा।

केंद्रीय विद्यालय (ओएनजीसी नॉर्थ कॉलोनी, अगरतला) के छात्रों ने आजादी के 75 साल के महोत्सव के लिए नियोजित कार्यक्रमों की आजादी का अमृत महोत्सव श्रृंखला के अध्ययन दौरा कार्यकलाप के भाग के रूप में दिनांक 05.01.2022 को त्रिपुरा एसेट्स एडीबी प्रतिष्ठान का दौरा किया। दौरे के दौरान कोविड उपयुक्त व्यवहार का सख्ती से पालन किया गया।

ii. 28 फरवरी–4 मार्च, 2022 के दौरान राजामुंदरी एसेट, आंध्र प्रदेश में तेल प्रतिष्ठान/रिग के लिए छात्रों का अध्ययन दौरा।

ओएनजीसी राजमुंदरी एसेट ने तातीपाका मिनी रिफाइनरी और केसनपल्ली जीसीएस में 35–50 छात्रों के पांच समूहों के लिए एक अध्ययन दौरे का आयोजन किया। यह दौरा 28 फरवरी–4 मार्च 2022 को आंध्र प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी गोदावरी जिले और कृष्णा जिले के छात्रों के लिए आयोजित किया गया था।



iii. 23 मार्च, 2022 को कॉमर्स कॉलेज, शिवसागर के छात्रों का ओएनजीसी असम एसेट में गेलेकी फील्ड के उत्पादन प्रतिष्ठान और ड्रिलिंग रिग का अध्ययन दौरा।

भारत की आजादी के 75 साल के महोत्सव को जारी रखते हुए, दिनांक 23.03.2022 को शिवसागर कॉमर्स कॉलेज, शिवसागर असम से संबंधित छात्रों के लिए एसडीसी, ओएनजीसी असम एसेट द्वारा अध्ययन दौरे की व्यवस्था की गई। तीन अलग–अलग स्तरों जैसे बी.ए., बी.कॉम और एम.कॉम से संबंधित 125 छात्रों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

iv. 11 और 12 अप्रैल, 2022 को पूर्वोत्तर में जोरहाट एसेट, असम में ओएनजीसी के तेल/गैस प्रतिष्ठान और फायर स्टेशन और 21 और 22 अप्रैल, 2022 के दौरान ओएनजीसी मेहसाणा, गुजरात में भारत/75 के महोत्सव के लिए छात्रों के अध्ययन दौरे का आयोजन किया गया।

## गेल (इंडिया) लिमिटेड

i. 15 मार्च 2022 को देहरादून में पीएनजी/सीजीडी पर जागरूकता कार्यक्रम/सेमिनार

गेल ने दिनांक 15.03.2022 को आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के भाग के रूप में शहर गैस संवितरण पर जागरूकता कार्यक्रम (पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वावधान में) का आयोजन किया। शिव नादर विश्वविद्यालय, आरजीआईपीटी, आईआईपीई और यूपीईएस जैसे विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र समुदाय के बीच गेल के विभिन्न सीजीडी ग्राहकों ने कार्यक्रम में भाग लिया। "शहर गैस संवितरण– सुरक्षा पहलू" पर सत्र आयोजित किया गया था।

ii. 27 मई 2022 को जम्मू में संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) पर जागरूकता कार्यक्रम

गेल ने दिनांक 27.05.2022 को आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के भाग के रूप में शहर गैस संवितरण पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जम्मू में किया गया। कार्यक्रम में आईआईटी, जम्मू और आईआईएम, जम्मू के छात्रों ने भाग लिया।

iii. गेल ने दिनांक 28.07.2022 को लखनऊ में आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के भाग के रूप में शहर गैस संवितरण पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन टीम गेल प्रशिक्षण संस्थान, नोएडा और सीएसआर द्वारा किया गया था। जागरूकता अभियान का आयोजन 25 ऑटो रिक्शा का उपयोग करते हुए किया गया और ऑटो रिक्शा पर सीएनजी जागरूकता पर जागरूकता कार्यक्रम का विषय प्रदर्शित किया गया था, साथ ही प्रत्येक ऑटो रिक्शा चालक को स्थानीय जनता को वितरण के लिए कैलेंडर के साथ सीएनजी की जानकारी और उपयोग वाले 200 पैम्फलेट दिए गए थे।


AAS PAAS / CITY FOCUS

INBRIEF

## सीएनजी के प्रयोग को लेकर फैलाई जागरूकता

**LUCKNOW:** भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के अवसर पर देश भर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वाधान में गेल इंडिया लिमिटेड, लखनऊ कार्यालय से सीएनजी जागरूकता अभियान का आयोजन गेल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, नोएडा एवं सीएसआर विभाग द्वारा किया गया। जिसके अंतर्गत ऑटो चालकों ने सीएनजी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए पूरे लखनऊ शहर में पत्रक वितरित किये। इस अवसर पर संजय गुप्ता (वरिष्ठ प्रबंधक, गेल) ने मुख्य अतिथि अमित कुमार सिंह (मुख्य महाप्रबंधक, गेल) एवं उपस्थित सभी का स्वागत किया। मुख्य अतिथि अमित कुमार सिंह ने ऑटो रिक्शा की कतार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर संजय गुप्ता (महाप्रबंधक, गेल) एवं वसीम खत्री (उप महाप्रबंधक, गेल) के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव तथा सीएनजी जागरूकता अभियान पर चर्चा की गई।

iv. गेल ने 4 राज्यों अर्थात् उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और पंजाब में विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य और स्वच्छता पर जागरूकता अभियान के साथ वंचित जनता को मोबाइल चिकित्सा इकाइयों के माध्यम से मुफ्त स्वास्थ्य जांच और दवाओं के वितरण सहित स्वास्थ्य और कल्याण अभियान का आयोजन किया।


गेल की फर्स्ट लेडी द्वारा स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ

सभी कार्यक्रमों और पहलों से 13 स्थानों पर 700 से अधिक लाभार्थी लाभान्वित हुए। लाभार्थियों को न केवल अमृत काल के अर्थ का सार समझाया गया बल्कि उन्हें उनके दरवाजे पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान की गईं।


पत्रिका

आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में शिविर लगाकर की स्वास्थ्य की जांच

18.11.2022


शिविर में छात्रों की जांच करते डॉक्टर।

गुना: आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में गुरुवार को गेल स्किल इंस्टिट्यूट गुना में अध्ययनरत 150 छात्रों की कैंप लगाकर स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर डॉ. कपिल सिंह और उनकी टीम द्वारा गेल के सीएसआर प्रोजेक्ट आरोग्य के अंतर्गत आयोजित किया गया था। इसमें छात्रों की सामान्य बीमारियों का उपचार करते हुए दवाईया दी गई और उनके स्वास्थ्य की भी जांच की गई। इस स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ गेल के दिल्ली स्थित कार्यालय से आए मुख्य महाप्रबंधक (प्रशिक्षण) संजय अग्रवाल ने किया। आज ही के दिन मुख्य अतिथि अग्रवाल ने यहां के छात्रावास में रह रहे बच्चों की सुविधा के लिए कैफेटेरिया का लोकार्पण भी किया। ज्ञात हो कि आज ही गेल स्किल इंस्टीट्यूट गुना में सीएनजी ट्रेड के दूसरे बैच की शुरूआत की गई तथा उससे संबंधित 35 लाभार्थियों को एजुकेशन किट भी प्रदान किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम की कड़ी में अपने उद्बोधन में गेल–दिल्ली से आए उच्च अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने प्रशिक्षणार्थियों का मनोबल बढ़ाया तथा उनके आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन में गेल विजयपुर के डीजीएम सीएसआर ए एम त्रिपाठी गेल की अधिकारी नमिता तथा कार्यप्रदायी संस्था के रीजनल मैनेजर यशोधर सिंह मौजूद रहे।

## हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल)

i. एचपीसीएल नागपुर एलपीजी क्षेत्रीय कार्यालय ने 4 मार्च 2022 को नागपुर में एलपीजी सुरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया। रिसाव के मामले में आपातकालीन उपाय, एलपीजी सुरक्षा और संरक्षण युक्तियाँ, उज्ज्वला–2.0 योजना का संक्षिप्त विवरण, एलपीजी संस्थापन के लिए क्या करें और क्या न करें, बुकिंग और रिफिल के भुगतान के लिए विभिन्न डिजिटल तरीके, टोल फ्री रिसाव शिकायत संख्या और ग्राहक शिकायत नम्बर, रिफिल पोर्टेबिलिटी पर सूचना, एक्रोस दि काउंटर कनेक्शन (माध्यमिक) आदि, भावी संदर्भ के लिए ग्राहकों को सुरक्षा पैम्फलेट का वितरण आदि जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में 200 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया। 10 अन्य स्थानों पर भी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 350 से अधिक प्रतिभागियों ने वर्चुअल माध्यम से सेमिनार में भाग लिया। उक्त कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ नीचे उल्लिखित है:

ii. 06 अप्रैल 2022 को झुंझुनू जिले के सुल्ताना ग्राम में एलपीजी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एचपीसीएल के अधिकारियों, वितरकों, ग्रामीणों और ग्राम पंचायत सुल्ताना के पदाधिकारियों और लगभग 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

iii. हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में एचपीसीएल शिमला रिटेल आरओ द्वारा दिनांक 28.10.2022 को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत छात्रों के लिए ऊर्जा संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षकों सहित 250 से अधिक छात्र–छात्राएं उपस्थित थे। ऊर्जा संरक्षण विषय पर चित्रकला, भाषण, प्रश्नोत्तरी एवं नारा लेखन प्रतियोगिता में लगभग 60 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुरस्कार व प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

iv. हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने दिनांक 16.09.2022 को आजादी का अमृत महोत्सव के भाग के रूप में विशाख रिफाइनरी में केंद्रीय विद्यालय के छात्रों का फील्ड दौरा आयोजित किया। कार्यक्रम में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने ऊर्जा संरक्षण के विशेष पहलुओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का विस्तार होगा।



## मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल)

एमआरपीएल ने मैंगलोर नगर निगम के साथ मिलकर दिनांक 14.05.2022 को 'आजादी का अमृत महोत्सव' के बैनर तले तटीय कर्नाटक के स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति और सम्मान के लिए एक कार्यक्रम और भारत के संविधान पर एक वार्ता का आयोजन किया। भारतीय संविधान के वास्तविक मूल्यों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए कन्नड़ और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में भारत के संविधान पर पुस्तकें वितरित की गईं।

## चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल)

i. वेलाम्मल इंजीनियरिंग कॉलेज, चेन्नई के छात्रों का अध्ययन समूह दौरा–27 मई 2022

सीपीसीएल ने वेलाम्मल इंजीनियरिंग कॉलेज, चेन्नई के 45 इंजीनियरिंग छात्रों के लिए पहला अध्ययन दौरा आयोजित किया। छात्रों को क्रूड रिफाइनिंग में शामिल विभिन्न प्राथमिक और माध्यमिक प्रक्रियाओं और रिफाइनरी से उत्पादित उत्पादों की श्रेणी के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में सीपीसीएल की भूमिका से भी अवगत कराया गया, जिससे राष्ट्र निर्माण में योगदान मिला। इसके पश्चात, प्रक्रिया इकाइयों के वास्तविक समय नियंत्रणों पर एक्सपोजर प्रदान करने के लिए छात्रों को एक नियंत्रण कक्ष का दौरा कराया गया।




ii. श्री वेंकटेश्वर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, चेन्नई के छात्रों का अध्ययन समूह दौरा–7 जून 2022।

सीपीसीएल ने दो बैचों में श्री वेंकटेश्वर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, चेन्नई के 75 इंजीनियरिंग छात्रों के लिए दूसरे और तीसरे अध्ययन दौरे का आयोजन किया, जिसमें एक बैच में स्नातक छात्र और दूसरे बैच में स्नातकोत्तर छात्र शामिल थे। छात्रों को कच्चे तेल की रिफाइनिंग में शामिल विभिन्न रिफाइनरी प्रक्रियाओं और रिफाइनरी से उत्पादित पेट्रोलियम और मूल्य वर्धित उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला के बारे में जानकारी प्रदान की गई। छात्रों को सीपीसीएल की स्थापना के बाद से इसकी यात्रा और कुटीर उद्योगों से लेकर रक्षा क्षेत्र तक इसके विभिन्न योगदानों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में इसके योगदान से अवगत कराया गया।

iii. राष्ट्र निर्माण और सीपीएसई पर अकाम–प्रदर्शनी, 9–12 जून 2022

सीपीसीएल ने आज़ादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में डीपीई स्कोप द्वारा आयोजित "राष्ट्र–निर्माण और सीपीएसई" पर प्रदर्शनी में गर्व से भाग लिया। सीपीसीएल ने आज़ादी के बाद से राष्ट्र निर्माण में अपने योगदान को प्रदर्शित किया और अपनी तरह की पहली पहल का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का आयोजन 9 से 12 जून, 2022 के बीच महात्मा मंदिर सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र, गांधी नगर, गुजरात में 4 दिवसीय कार्यक्रम के रूप में किया गया था।

iv. अध्ययन समूह दौरा–एसएसएन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, चेन्नई–10 जून 2022

सीपीसीएल ने एसएसएन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, चेन्नई के 75 इंजीनियरिंग छात्रों के लिए चौथा अध्ययन दौरा आयोजित किया। छात्रों को रिफाइनरी के बारे में जानकारी दी गई, जिसके बाद रिफाइनरी का निर्देशित दौरा कराया गया। छात्र ने संवाद किया और सीपीसीएल ने पेट्रोलियम उद्योग के भविष्य और जैव ईंधन और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे वैकल्पिक ईंधन सहित ऊर्जा क्षेत्र में नई तकनीकों के प्रभाव पर एक झलक प्रदान की। पेट्रोलियम उत्पादों का उपयोग करने के दौरान कार्यस्थल और घर पर सुरक्षा के महत्व पर भी जोर दिया गया।

## ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल)

i. केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने 21 और 22 मार्च, 2022 को मधुबन, असम में ओआईएल के सेकेंडरी टैंक फार्म का दौरा किया

ओआईएल ने केंद्रीय विद्यालय, दुलियाजान के ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों के चार बैचों के लिए अपने सेकेंडरी टैंक फार्म (एसटीएफ), मधुबन, असम में अध्ययन दौरे का आयोजन किया, जिसका उद्घाटन श्री नरेंद्र मोदी, माननीय प्रधानमंत्री ने 22 फरवरी 2021 को किया था। ओआईएल का एसटीएफ, एक एकीकृत संयंत्र है, जहां बिजली उत्पादन, जल निकासी, और उपचार, भाप उत्पादन आदि जैसी अधिकांश उपयोगिता आवश्यकताओं को घर में ही पूरा किया जाता है। यह दौरा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत चल रहे समारोहों के एक भाग के रूप में 21 और 22 मार्च 2022 के दौरान आयोजित किया गया था।

इस दौरे के दौरान, छात्रों को एसटीएफ का दौरा कराया गया और उन्हें एसटीएफ संयंत्र के प्राथमिक उद्देश्य अर्थात् कच्चे तेल को निर्जलित करना और आधार तलछट और पानी की मात्रा को कम करना, के बारे में जानकारी दी गई है। इंस्टालेशन इंजीनियरों ने छात्रों को उस प्रक्रिया के बारे में बताया जिसके माध्यम से कच्चे तेल को निर्जलित किया जाता है और इसे एफ्लुएंट ट्रीटमेंट संयंत्र (ईटीपी) में शोधित किया जाता है ताकि इसे जल निस्तारण कूपों और जल अंतःक्षेपण कूपों में निस्तारण के लिए उपयुक्त बनाया जा सके।

ii. आईटीआई लाहोवाल के छात्र ने 26.04.2022 को ओआईएल के फील्ड इंजीनियरिंग विभाग का दौरा किया

ओआईएल ने आईटीआई लाहौल के छात्रों के लिए ओआईएल के फील्ड इंजीनियरिंग विभाग में एक अध्ययन दौरे का आयोजन किया। ये दौरे भारत की आजादी के 75 साल के महोत्सव के भाग के रूप में आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) अभियान के तहत ओआईएल द्वारा आयोजित किए जा रहे छात्रों के विभिन्न अध्ययन दौरों में से एक है।

इन दौरों के दौरान, छात्रों को उद्योग में उपयोग की जाने वाली विभिन्न प्रकार की मशीनरी के बारे में जानकारी देने के लिए विभिन्न विभागों का दौरा कराया गया, ओआईएल के इंजीनियरों ने छात्रों को इन मशीनरी के विभिन्न पहलुओं और प्रकार्यों के बारे में जानकारी दी। छात्रों ने ओआईएल की कर्मशाला (वर्कशॉप) का भी दौरा किया। यह दौरा छात्रों के लिए ज्ञानार्जन अनुभव था।



## भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल)

i. बीपीसीएल मुंबई रिफाइनरी ने आजादी का अमृत महोत्सव के भाग के रूप में कॉलेज के छात्रों के लिए रिफाइनरी के अध्ययन दौरे का आयोजन किया। विभिन्न कॉलेज/स्कूलों के 313 छात्रों और चेंबूर के स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के 192 छात्रों के लिए अध्ययन दौरे का आयोजन किया गया था। अध्ययन दौरे के दौरान, छात्रों को दौरे के उद्देश्य से परिचित कराया गया, सुरक्षा के महत्व पर प्रस्तुति दी गई, प्रक्रियाओं और उत्पादों के साथ रिफाइनरी का अवलोकन, विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी, रिफाइनरी का निर्देशित दौरा, प्रत्येक छात्र को अध्ययन सामग्री की प्रस्तुति दी गई।

छात्र–छात्राएं इस दौरे से अभिभूत हुए और उन्होंने आभार व्यक्त किया। रिफाइनिंग और पेट्रोलियम के क्षेत्र में देश द्वारा किए गए विकास से वे आश्चर्यचकित थे।

ii. बीपीसीएल के बरेली क्षेत्र ने दिनांक 16.03.2022 को "आजादी का अमृत महोत्सव" के तहत लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश में "एलपीजी सुरक्षा संगोष्ठी" का आयोजन किया। 350 प्रतिभागियों की उपस्थिति में उज्जवला कार्यक्रम आयोजित किया गया और लगभग 600 प्रतिभागी यूट्यूब/वर्चुअल मोड के माध्यम से लाइव रूप से शामिल हुए। उज्जवला के संबंध में उज्ज्वला–2.0 योजना, रिसाव के मामले में आपातकालीन उपाय, एलपीजी संरक्षण युक्तियाँ, एलपीजी संस्थापन के लिए क्या करें और क्या न करें आदि पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल)

i. 27 मई, 2022 को रिफाइनरी में छात्रों का अध्ययन दौरा

एनआरएल ने एनआरएल में रिफाइनरी प्रक्रियाओं का अध्ययन करने के लिए आठवीं से बारहवीं कक्षा के 25 छात्रों के 5 समूहों का एक अनुभव दौरा आयोजित किया। यह कार्यक्रम 27 मई, 2022 को आयोजित किया गया और गोलाघाट जिला (असम) के अधीन 4 विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने इसमें भाग लिया। स्थल के दौरे के बाद, एनआरएल के अधिकारियों ने श्रव्य–दृश्य प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया।


ii. स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने के लिए पहल

दिसंबर, 2022 माह में, एनआरएल ने स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अरुणाचल प्रदेश के 2 जिलों अर्थात् कुरुंग कुमे जिला और लोअर सियांग जिला में 2 सुसज्जित एम्बुलेंस वाहन प्रदान किए। सुचारू संचालन और प्रबंधन के लिए, वाहनों को कुरुंग कुमे जिले के जिला अस्पताल और लोअर सियांग जिले के अंतर्गत कांगकू सर्किल को सौंप दिया गया।


केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री, श्री किरेन रिजिजू ने 30 दिसंबर 2022 को अरुणाचल प्रदेश के नाहरलागुन में दोनों एम्बुलेंस को रवाना किया।











अध्याय 18

# परिशिष्ट

# 18 परिशिष्ट

## परिशिष्ट-I

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**(पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय)**

1. प्राकृतिक गैस और कोल बेड मीथेन, गैस हाइड्रेट्स और शेल गैस सहित पेट्रोलियम संसाधनों का अन्वेषण और दोहन।
2. प्राकृतिक गैस, कोल बेड मीथेन और पेट्रोलियम उत्पादों सहित पेट्रोलियम का उत्पादन, आपूर्ति, वितरण, विपणन और मूल्य निर्धारण।
3. ल्यूब संयंत्रों सहित तेल रिफाइनरियां।
4. पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के लिए योजक।
5. जैव–ईंधन के लिए मिश्रण और मिश्रण निर्देश के साथ–साथ इस तरह के मिश्रण के लिए मानक निर्धारित करना।
6. जैव ईंधन और उसके मिश्रित उत्पादों का विपणन, वितरण और खुदरा बिक्री।
7. जैव–ईंधन से संबंधित समग्र समन्वय, जैव–ईंधन संबंधी राष्ट्रीय नीति, जैव–ईंधन की नीति, जैव–ईंधन के निर्माण में सहायता के लिए नीति/योजना, राष्ट्रीय जैव–ईंधन विकास बोर्ड की स्थापना और मौजूदा संस्थागत तंत्र को मजबूत करना और जैव–ईंधन के परिवहन, स्थैतिक और अन्य अनुप्रयोगों पर अनुसंधान, विकास और प्रदर्शन।
8. ल्यूब मिश्रण और ग्रीस।
9. पेट्रोलियम उत्पादों का संरक्षण।
10. मंत्रालय के तहत सभी उद्योगों की योजना, विकास, नियंत्रण और सहायता।
11. विदेशों में तेल और गैस की इक्विटी हासिल करके और अंतरराष्ट्रीय तेल और गैस पाइपलाइन परियोजनाओं में भागीदारी करके ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना।
12. इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड (आईएसपीआरएल) के माध्यम से कार्यनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व का निर्माण और नियंत्रण।
13. पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी)।
14. हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच), उच्च प्रौद्योगिकी केंद्र (सीएचटी), तेल उद्योग विकास बोर्ड (ओआईडीबी), पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ सहित सूची में निर्दिष्ट किसी भी विषय से संबंधित सभी संबद्ध या अधीनस्थ कार्यालय या अन्य संगठन (पीसीआरए), आदि।
15. तेल क्षेत्र सेवाओं की योजना, विकास और विनियमन।
16. भारत के इंजीनियरों का प्रशासन, उनकी सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यम शामिल हैं।
17. इस सूची में शामिल विषय के अंतर्गत आने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की परियोजना, ऐसी परियोजनाओं को छोड़कर जो किसी अन्य मंत्रालय/विभाग को विशेष रूप से आवंटित की गई हैं।
18. तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1948 (1948 का 53)।
19. तेल और प्राकृतिक गैस आयोग (उपक्रम का अंतरण और निरसन) अधिनियम, 1993 (1993 का 65)।
20. पेट्रोलियम पाइपलाइन (भूमि में उपयोगकर्ता के अधिकार का अधिग्रहण) अधिनियम, 1962 (1962 का 50)।
21. ईएसएसएसओ (भारत में उपक्रम का अधिग्रहण) अधिनियम, 1974 (1974 का 4)।
22. तेल उद्योग (विकास) अधिनियम, 1974 (1974 का 47)।
23. बर्मा–शैल (भारत में उपक्रम का अधिग्रहण) अधिनियम, 1976 (1976 का 2)।
24. कैलटेक्स (कैल्टेक्स ऑयल रिफाइनिंग (इंडिया) लिमिटेड और भारत में कैलटेक्स (इंडिया) लिमिटेड के उपक्रम के शेयरों का अधिग्रहण अधिनियम, 1977।
25. पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 (1934 का 30) और उसके अधीन बनाए गए नियमों का प्रशासन।
26. बामर लॉरी इन्वेस्टमेंट लिमिटेड और बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड का प्रशासन।
27. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड अधिनियम, 2006।
28. ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलीमर लिमिटेड से संबंधित मामले।
29. सतत (सतत) पहल से संबंधित मामले।
30. गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) से संबंधित मामले।
31. प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों से संबंधित मामले।
32. एलएनजी टर्मिनलों से संबंधित मामले।
33. राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान (आरजीआईपीटी) अधिनियम, 2007।
34. भारतीय पेट्रोलियम और ऊर्जा संस्थान (आईआईपीई), अधिनियम 2017 (2018 का 3) से संबंधित मामले।
